राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक

# समृद्धि न्यूज

समृद्ध समाज का आधार

वर्ष- 13 अंक- 116
लखनऊ, शनिवार 27 दिसंबर 2025
पृष्ठ- 12 मूल्य- रू 3.00
लखनऊ से प्रकाशित

samradhinewslko@gmail.com, www.samriddhisamachar.com, info@samriddhinews.com



धर्म की रक्षा के लिए सिख गुरुओं का बलिदान सर्वोच्च : योगी 03

बांग्लादेश में हिन्दुओं पर हो रहे अत्याचार से आक्रोश 10

प्रधानमंत्री मोदी ने डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी, पंडित उपाध्याय व अटल बिहारी वाजपेयी की विशाल प्रतिमाओं से युक्त राष्ट्र प्रेरणा स्थल को राष्ट्र को समर्पित करते हुए कहा

# विकसित भारत के संकल्प को सिद्ध करेगा सबका प्रयास



समृद्धि न्यूज

**लखनऊ।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने गुरुवार को डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी, पंडित दीनदयाल उपाध्याय और अटल बिहारी वाजपेयी की विशाल प्रतिमाओं से युक्त राष्ट्र प्रेरणा स्थल को राष्ट्र को समर्पित किया। उन्होंने कहा कि राष्ट्र प्रेरणा स्थल उस सोच का प्रतीक है जिसने भारत को आत्मसम्मान, एकता और सेवा का मार्ग दिखाया है। स्थापित प्रतिमाएं राष्ट्र निर्माण के लिए सतत प्रेरणा देती हैं। यह स्थल संदेश देता है कि हमारा हर कदम, हर प्रयास और हर संकल्प राष्ट्र निर्माण के लिए समर्पित होना चाहिए। सबका प्रयास विकसित भारत के संकल्प को सिद्ध करेगा।

प्रधानमंत्री ने राष्ट्र प्रेरणा स्थल का लोकार्पण करने के साथ ही यहां बने संग्रहालय का भ्रमण किया। उन्होंने कहा कि भाजपा की डबल इंजन सरकार का फायदा उत्तर प्रदेश को हो रहा है। उत्तर प्रदेश 21वीं सदी के भारत में अपनी अलग पहचान बना रहा है। मेरा सौभाग्य है कि मैं यूपी से सांसद हूं। आज मैं बहुत गर्व से कह सकता हूं कि उत्तर प्रदेश के मेहनतकश लोग एक नया भविष्य लिख रहे हैं। कभी यूपी की चर्चा खराब कानून व्यवस्था को लेकर होती थी, आज यूपी की चर्चा विकास के लिए होती है। प्रधानमंत्री मोदी ने देश और दुनिया को क्रिसमस की शुभकामनाएं देते हुए कहा कि क्रिसमस का यह उत्सव सभी के जीवन में खुशियां लेकर आए। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने उत्तर प्रदेश की सराहना करते हुए कहा कि आज यूपी देश के पर्यटन मानचित्र पर तेजी से उभर रहा है। अयोध्या में भव्य राम मंदिर और काशी विश्वनाथ धाम दुनिया में उत्तर प्रदेश की नई पहचान के प्रतीक बन रहे हैं। राष्ट्र प्रेरणा स्थल जैसे आधुनिक निर्माण उत्तर प्रदेश की नई छवि को और अधिक रोशन बनाते हैं। प्रधानमंत्री ने कहा कि हमारा उत्तर प्रदेश सुशासन, समृद्धि और सच्चे सामाजिक न्याय के मॉडल के रूप में और बुलंदी हासिल करे। प्रधानमंत्री ने इस पावन अवसर पर महामना मालवीय, अटल जी और महाराजा बिजली पासी को श्रद्धापूर्वक नमन किया। डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी ने भारत की अखंडता के लिए निर्णायक भूमिका निभाई। उन्होंने दो विधान, दो निशान और दो प्रधान की व्यवस्था को सिरे से खारिज किया। आजादी के बाद जम्मू कश्मीर में भारत की अखंडता एक बड़ी चुनौती थी। भाजपा को गर्व है कि उसकी सरकार को अनुच्छेद 370 की दीवार गिराने का अवसर मिला और आज जम्मू कश्मीर में भारत का संविधान पूरी तरह लागू है। स्वतंत्र भारत के पहले उद्योग मंत्री के रूप में डॉ. मुखर्जी ने औद्योगिक नीति देकर आत्मनिर्भर भारत की नींव रखी। प्रधानमंत्री मोदी के अनुसार, पंडित दीनदयाल उपाध्याय ने अंत्योदय का सपना देखा था।




▸ उत्तर प्रदेश ने विकास व सुशासन की नई पहचान बनाई, बदली सोच और छवि, यूपी को मिल रहा है डबल इंजन सरकार का फायदा : नरेन्द्र मोदी



प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी का अभिवादन करते अवध क्षेत्र के सह मीडिया प्रभारी/पार्षद प्रतिनिधि दीपक तिवारी

## महापुरुषों ने भारत की एकता अस्मिता व गौरव की रक्षा की

प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि 25 दिसंबर भारत के इतिहास और मूल्यों से जुड़ा अत्यंत प्रेरक दिन है। इसी दिन भारत रत्न अटल बिहारी वाजपेयी और महामना मदन मोहन मालवीय का जन्म हुआ था। इन महापुरुषों ने भारत की अस्मिता, एकता और गौरव की रक्षा की और राष्ट्र निर्माण में अमिट छाप छोड़ी। उन्होंने कहा कि 25 दिसंबर को ही महाराजा बिजली पासी की जन्म जयंती भी है। लखनऊ के समीप स्थित प्रसिद्ध बिजली पासी किला उनकी वीरता, सुशासन और समावेशी विरासत का प्रतीक है। प्रधानमंत्री मोदी ने स्मरण कराया कि वर्ष 2000 में अटल बिहारी वाजपेयी ने महाराजा बिजली पासी के सम्मान में डाक टिकट जारी किया था।

## अटल जी का उद्घोष था अंधेरा छंटेगा, सूरज निकलेगा, कमल खिलेगा : सीएम

**लखनऊ।** पूर्व प्रधानमंत्री 'भारत रत्न' अटल बिहारी वाजपेयी के जन्मदिवस पर राष्ट्र प्रेरणा स्थल पर लोगों को संबोधित करते हुए मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि डा. श्यामा प्रसाद मुखर्जी, पं. दीन दयाल उपाध्याय और अटलजी की विरासत ने भारत को नई दृष्टि दी। आज उनके सपने साकार हैं जिसे देख हर भारतवासी प्रफुल्लित है।

इससे पहले प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने डा. मुखर्जी, पं. दीनदयाल व भारत रत्न अटलजी की 65-65 फिट ऊंची कांस्य प्रतिमा और डिजिटल म्यूजियम का लोकार्पण किया। उन्होंने कहा, डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी ने स्वतंत्र भारत में एक विधान, एक निशान, एक प्रधान का उद्घोष किया था और आज ऐसा हो चुका है वहीं पं. दीनदयाल उपाध्याय के सपनों के भारत में अंतिम पायदान पर बैठे व्यक्ति के जीवन में भी नया परिवर्तन दिखाई दे रहा है। पिछले 11 वर्ष में 25 करोड़ लोग गरीबी रेखा से ऊपर उठकर सामान्य नागरिक के रूप में जीवनयापन कर रहे हैं।

सीएम योगी ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का स्वागत करते हुए कहा कि अंत्योदय के स्वप्न को साकार करने वाले अटल जी के सुशासन को मूर्त रूप देने वाले आत्मनिर्भर व आधुनिक भारत के शिल्पकार, 'एक भारत-श्रेष्ठ भारत' के स्वप्न दृष्टा प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के करकमलों से लखनऊ में राष्ट्र प्रेरणा स्थल, तीनों महापुरुषों की प्रतिमा व म्यूजियम का लोकार्पण हो रहा है। सीएम योगी ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में आत्मनिर्भर व विकसित भारत का जो वर्तमान स्वरूप देख रहे हैं, उसमें डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी, पं. दीनदयाल उपाध्याय व अटल बिहारी वाजपेयी का मार्गदर्शन प्रेरणा के रूप में है। सीएम योगी ने कहा कि यह अटल बिहारी वाजपेयी का जन्म शताब्दी महोत्सव का वर्ष है। अटल जी कहते थे कि 'अंधेरा छंटेगा, सूरज निकलेगा, कमल खिलेगा', यह केवल आशा नहीं, बल्कि भारत के उज्ज्वल भविष्य को लेकर उनके अडिग विश्वास, दूरदृष्टि व दृढ़ संकल्प का उद्घोष था। अटल जी ने कवि, पत्रकार, राष्ट्रवादी विचारक व भारत के सच्चे सपूत के रूप में देश को जो विजन-नेतृत्व दिया।

## सशक्त व स्वावलंबी भारत बनाने के लिए सतत प्रयत्नशील हैं पीएम



**लखनऊ।** रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने कहा कि एक दशक में देश जिन मंत्रों के साथ आगे बढ़ा है, उनमें 'अपने महापुरुषों-विरासत पर गौरव की अनुभूति करना, उनका सम्मान व संरक्षण करना' भी है जिसे पीएम मोदी ने दिया है। इस सोच से प्रभावित होकर राष्ट्र प्रेरणा स्थल में भारत के तीन महापुरुषों पं. श्यामा प्रसाद मुखर्जी, पं. दीनदयाल उपाध्याय व अटल बिहारी वाजपेयी की भव्य प्रतिमा स्थापित की गई है, जो प्रेरणा के मूर्त स्वरूप हैं। इन्होंने आजाद भारत को सम्मान, स्वाभिमान व नई पहचान दिलाने का कार्य किया। रक्षा मंत्री ने मूर्तिकार रामसुतार के प्रति श्रद्धांजलि और दो प्रतिमा बनाने वाले मांटू राम के प्रति सम्मान प्रकट किया। रक्षा मंत्री ने शानदार प्रेरणा स्थल लखनऊ में स्थापित करने पर मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ को बधाई दी। रक्षा मंत्री ने पं. श्यामा प्रसाद मुखर्जी, पं. दीनदयाल उपाध्याय, पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी के प्रति श्रद्धा निवेदित की। उन्होंने पं. महामना मदन मोहन मालवीय का भी स्मरण किया। डॉ. मुखर्जी ने भारत की एकता व अखंडता को सुनिश्चित करने के लिए लंबा संघर्ष किया। जम्मू-कश्मीर को धारा-370 के तहत विशेष दर्जा मिला था, उसे समाप्त करने के लिए डॉ. मुखर्जी ने प्राणों की आहुति दी।

## -: सर्राफा बाजार भाव :-

| सोना | प्रति 10 ग्राम |
|---|---|
| 24 कैरेट | = 1,40,170/ |
| 22 कैरेट | = 1,28,500/ |
| 18 कैरेट | = 1,05,170/ |
| **चांदी** | **प्रति किलो** |
| | = 2,40,000/ |



## संक्षिप्त समाचार

### पूर्व पीएम मनमोहन की पुण्यतिथि पर नेताओं ने दी श्रद्धांजलि

**नई दिल्ली।** पूर्व प्रधानमंत्री डॉ. मनमोहन सिंह की पहली पुण्यतिथि पर कांग्रेस सहित विभिन्न राजनीतिक दलों के नेताओं ने उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की और देश के आर्थिक व सामाजिक विकास में उनके योगदान को याद किया। कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने एक्स पोस्ट में कहा कि डॉ. मनमोहन सिंह भारत के राष्ट्र निर्माण में एक परिवर्तनकारी नेता रहे। उन्होंने आर्थिक सुधारों के जरिए देश की आर्थिक दिशा बदली और करोड़ों लोगों को गरीबी से बाहर निकालने में अहम भूमिका निभाई। उनकी विनम्रता, सत्यनिष्ठा और समावेशी विकास की सोच सदैव प्रेरणास्रोत रहेगी। लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी ने श्रद्धांजलि देते हुए कहा कि डॉ. मनमोहन सिंह के दूरदर्शी नेतृत्व ने भारत को आर्थिक रूप से सशक्त बनाया। वंचितों व गरीबों के लिए किए गए उनके ऐतिहासिक प्रयासों और साहसिक निर्णयों से भारत को वैश्विक मंच पर नई पहचान मिली।

### 2026 में सरकारी बैंकों के एकीकरण को मिलेगी गति

**नई दिल्ली।** सार्वजनिक क्षेत्र के बैंकों में एकीकरण की प्रक्रिया आने वाले वर्ष में तेज हो सकती है, क्योंकि सरकार ने 2047 तक विकसित भारत के अपने लक्ष्य के तहत देश में अधिक बड़े और विश्वस्तरीय बैंक बनाने की इच्छा जताई है। वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने पिछले महीने कहा था कि भारत को कई बड़े, विश्वस्तरीय बैंकों की जरूरत है और इस दिशा में काम पहले ही शुरू हो चुका है। उन्होंने कहा था कि सरकार ने इस संबंध में भारतीय रिजर्व बैंक और सार्वजनिक क्षेत्र के बैंकों के साथ चर्चा शुरू कर दी है, जिससे सार्वजनिक क्षेत्र में एकीकरण के स्पष्ट संकेत मिले हैं। इस समय देश में 12 सार्वजनिक क्षेत्र के बैंक हैं। परिसंपत्तियों के आधार पर दुनिया के शीर्ष 50 बैंकों में देश से सिर्फ भारतीय स्टेट बैंक ही शामिल है।

## मुख्य स्नान पर्वों पर नहीं मिलेगा वीआईपी प्रोटोकॉल

▸ मुख्यमंत्री योगी ने माघ मेला को लेकर दिए निर्देश

बैठक में मंडलायुक्त प्रयागराज ने बताया कि माघ मेला-2026 का आयोजन 3 जनवरी से 15 फरवरी 2026 तक कुल 44 दिनों तक होगा। इस दौरान पौष पूर्णिमा, मकर संक्रांति, मौनी अमावस्या, बसंत पंचमी, माघी पूर्णिमा और महाशिवरात्रि जैसे प्रमुख स्नान पर्व पड़ेंगे। पूरे मेला काल में 12 से 15 करोड़ श्रद्धालुओं के आने का अनुमान है, जबकि मौनी अमावस्या जैसे प्रमुख पर्व पर एक ही दिन में साढ़े तीन करोड़ से अधिक श्रद्धालुओं के संगम स्नान की संभावना को देखते हुए व्यवस्थाएं उसी अनुरूप की जा रही हैं।

समृद्धि न्यूज

**लखनऊ।** मां गंगा, यमुना और सरस्वती के पावन संगम तट पर प्रयागराज में आयोजित होने वाले माघ मेला-2026 की तैयारियों की योगी ने शुक्रवार को विस्तृत समीक्षा की।

मुख्यमंत्री ने कहा कि माघ मेला केवल आस्था का आयोजन नहीं, बल्कि भारत की सनातन परंपरा, सामाजिक अनुशासन और प्रशासनिक दक्षता का सजीव उदाहरण है। उन्होंने निर्देश दिए कि देश-विदेश से आने वाले श्रद्धालुओं को सुरक्षित, स्वच्छ और सुव्यवस्थित वातावरण मिले, यह सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकता है। मुख्यमंत्री ने कहा कि संगम पर कल्पवास, स्नान और साधना की परंपरा भारतीय सांस्कृतिक चेतना की आत्मा है। इस वर्ष 15 से 25 लाख श्रद्धालु केवल कल्पवासी होंगे। उन्होंने निर्देशित किया कि व्यवस्थाओं में आध्यात्मिक गरिमा बनी रहे, लेकिन किसी भी स्तर पर अव्यवस्था या असुविधा न हो। गृह विभाग को निर्देश दिए कि प्रमुख स्नान पर्वों पर किसी तरह का वीआईपी प्रोटोकॉल न दिया जाए।

## सपा ने घोसी से सुधाकर के बेटे को बनाया प्रत्याशी

**लखनऊ।** समाजवादी पार्टी ने पूर्व विधायक स्वर्गीय सुधाकर सिंह के बेटे सुजीत सिंह को आगामी विधानसभा उपचुनाव का टिकट देने का निर्णय ले लिया है। घोसी विधानसभा के लिए सपा ने उपचुनाव का टिकट दिया है। घोसी ब्लॉक के सुजीत सिंह ब्लॉक प्रमुख रह चुके हैं। क्षेत्र के लिए नए नहीं है। सपा ने बहुत सोच समझकर फैसला लिया है। सुधाकर सिंह की लोकप्रियता और सहानुभूति का लाभ उनके पुत्र को मिलने की प्रबल संभावना है। वैसे सुजीत सिंह स्वयं काफी सरल एवं मृदभासी स्वभाव के हैं।

## सेंगर की सजा पर रोक के खिलाफ महिलाओं ने दिल्ली हाई कोर्ट के सामने किया प्रदर्शन

एजेंसी

**नई दिल्ली।** उन्नाव दुष्कर्म मामले में पूर्व विधायक कुलदीप सिंह सेंगर को ट्रायल कोर्ट की ओर से मिली उम्रकैद की सजा को निलंबित करने के फैसले से नाराज महिलाओं ने शुक्रवार को दिल्ली उच्च न्यायालय के समक्ष प्रदर्शन किया।

महिलाओं ने कहा कि उच्च न्यायालय का ये फैसला सरासर गलत है। इस प्रदर्शन में दुष्कर्म पीड़िता की मां और कई महिला संगठनों के कार्यकर्ता शामिल थे। प्रदर्शनकारियों ने हाथों में तख्तियां लेकर अपनी आवाज बुलंद की। इस दौरान पुलिस भी चाक चौबंद थी और महिला प्रदर्शनकारियों को हटने की अपील कर रही थी।दिल्ली उच्च न्यायालय ने कुलदीप सिंह सेंगर को ट्रायल कोर्ट की ओर से मिली उम्रकैद की सजा पर रोक लगाते हुए 23 दिसंबर को जमानत दे दी थी। जस्टिस सुब्रमण्यम प्रसाद की अध्यक्षता वाली बेंच ने ट्रायल कोर्ट के आदेश को चुनौती देने वाली याचिका के लंबित रहने के दौरान सजा को निलंबित रखने का आदेश दिया था। कोर्ट ने सेंगर को जमानत के दौरान दिल्ली में ही रहने और पीड़िता के निवास से पांच किलोमीटर दूर रहने का आदेश दिया है।




## बांग्लादेश में अल्पसंख्यकों को निशाना बनाना चिंताजनक

एजेंसी

**नई दिल्ली।** भारत ने बांग्लादेश में हिंदुओं, ईसाइयों और बौद्धों सहित अल्पसंख्यकों के खिलाफ चरमपंथियों के लगातार अत्याचार की घटनाओं पर गंभीर चिंता व्यक्त की है।

विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता ने शुक्रवार को बांग्लादेश में हाल ही में एक हिंदू युवक की हत्या की निंदा की और उम्मीद जताई कि अपराधियों को न्याय के कटघरे में लाया जाएगा। साप्ताहिक पत्रकार वार्ता में आज प्रवक्ता रणधीर जायसवाल ने पड़ोसी देश से जुड़े कई प्रश्नों का उत्तर दिया। प्रवक्ता ने कहा कि बांग्लादेश में हो रहे घटनाक्रमों पर भारत करीब से नज़र रख रहा है। बांग्लादेश में अल्पसंख्यकों के खिलाफ हिंसा की घटनाओं को मीडिया की अतिश्योक्ति या राजनीतिक हिंसा कह कर नज़रअंदाज़ नहीं किया जा सकता। अंतरिम सरकार के कार्यकाल में स्वतंत्र स्रोतों द्वारा बांग्लादेश में अल्पसंख्यकों के खिलाफ हिंसा की 2,900 से अधिक घटनाएं दर्ज की गईं। प्रवक्ता ने कहा कि बांग्लादेश पर हमारा रुख शुरू से बहुत स्पष्ट और सुसंगत रहा है। भारत, बांग्लादेश के लोगों के साथ संबंधों को मजबूत करने के पक्ष में है। हम बांग्लादेश में शांति और स्थिरता चाहते हैं। हम बांग्लादेश में शांतिपूर्ण माहौल में होने वाले स्वतंत्र, निष्पक्ष, समावेशी और भागीदारी वाले चुनावों के पक्ष में हैं। चुनाव से पहले 17 साल बाद बीएनपी नेता तारिक रहमान की बांग्लादेश वापसी पर उन्होंने कहा कि हम बांग्लादेश में स्वतंत्र और निष्पक्ष चुनाव का समर्थन करते हैं।

### सिलीगुड़ी के होटलों में बांग्लादेशी नागरिकों के प्रवेश पर रोक

**सिलीगुड़ी।** बांग्लादेशी नागरिकों के लिए सिलीगुड़ी के होटलों के दरवाजे बंद कर दिए गए है। शहर के विभिन्न होटलों में इस संबंध में पोस्टर टांग दिए गए है। बांग्लादेश की मौजूदा स्थिति को ध्यान में रखते हुए यह निर्णय सिलीगुड़ी होटल ओनर्स एसोसिएशन की ओर से लिया गया है। गौरतलब है कि, बांग्लादेश में जारी हिंसा का असर अब भारत में भी देखने को मिल रहा है। सिलीगुड़ी में लगातार विरोध-प्रदर्शन हो रहे हैं। इसी स्थिति को देखते हुए शहर के होटलों में बांग्लादेशी नागरिकों के प्रवेश पर पूरी तरह से रोक लगा दी गई है। शुक्रवार सुबह से ही कई होटलों में पोस्टर लगाकर बांग्लादेशी नागरिकों के प्रवेश पर प्रतिबंध लागू कर दिया गया है।

## 30 करोड़ की संपत्ति व पाक कनेक्शन, शम्सुल हुदा खान पर ईडी ने कसा शिकंजा

**नई दिल्ली।** प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने शुक्रवार को बताया कि उसने ब्रिटेन में रह रहे उत्तर प्रदेश के इस्लामी उपदेशक शम्सुल हुदा खान के खिलाफ धनशोधन का मामला दर्ज किया है। अधिकारियों के अनुसार, खान पर पाकिस्तानी संगठन सहित कट्टरपंथी संगठनों से संबंध होने के आरोप हैं। उन्होंने बताया कि धनशोधन निवारण अधिनियम के तहत दर्ज यह मामला उत्तर प्रदेश आतंकवाद निरोधक दस्ते (एटीएस) की प्राथमिकी पर आधारित है।

## लगातार पांचवें दिन चांदी की रिकॉर्ड उछाल 2.40 लाख के ऐतिहासिक स्तर पर पहुंची

एजेंसी

**नई दिल्ली।** वायदा कारोबार में चांदी की कीमत शुक्रवार को 8,951 रुपये बढ़कर 2,40,741 रुपये प्रति किग्रा की नई रिकॉर्ड ऊंचाई पर पहुंच गई।

यह लगातार पांचवां कारोबारी सत्र है जब वायदा बाजार में चांदी मजबूत हुई है। यह बढ़ोतरी वैश्विक बाजार में चांदी के 75 डॉलर प्रति औंस के स्तर को पार करने के कारण हुई। मल्टी कमोडिटी एक्सचेंज में मार्च 2026 अनुबंध के लिए चांदी वायदा 8,951 रुपये यानी चार प्रतिशत उछलकर 2,32,741 रुपये प्रति किलोग्राम के सर्वकालिक उच्च स्तर पर पहुंच गई। 18 दिसंबर के बाद से चांदी की कीमतों में 29,176 रुपये यानी 14.33 प्रतिशत की बढ़ोतरी हुई है। इसके अलावा जिंस बाजार में सोने की कीमतें पहली बार 1.39 लाख रुपये प्रति 10 ग्राम के पार पहुंच गई। चौथे सत्र में तेजी के साथ फरवरी के आपूर्ति वाले सोने का भाव 1,119 रुपये यानी 0.81 प्रतिशत उछलकर 1,39,216 रुपये प्रति 10 ग्राम के नए उच्चतम स्तर पर पहुंच गया।

## साल 2030 तक 48 प्रमुख शहरों में ट्रेनों की प्रारंभिक क्षमता होगी दोगुनी

समृद्धि न्यूज

**नई दिल्ली।** यात्रियों की मांग में तेज़ और लगातार हो रही वृद्धि को देखते हुए भारतीय रेलवे ने बड़ी क्षमता विस्तार योजना तैयार की है। इसके तहत अगले पांच वर्षों में 48 प्रमुख शहरों में ट्रेनों की प्रारंभिक क्षमता को मौजूदा स्तर से दोगुना करने का लक्ष्य रखा गया है। यह योजना वर्ष 2030 तक पूरी की जानी है, जबकि इसके लाभ चरणबद्ध तरीके से पहले ही मिलने लगेंगे।



रेल मंत्रालय के अनुसार, क्षमता दोगुनी करने के लिए मौजूदा बुनियादी ढांचे का व्यापक विस्तार किया जाएगा। इसके तहत टर्मिनलों पर अतिरिक्त प्लेटफॉर्म, स्टेबलिंग लाइन, पिट लाइन और पर्याप्त शंटिंग सुविधाओं का निर्माण किया जाएगा। साथ ही शहरी क्षेत्रों में नए टर्मिनल की पहचान और निर्माण, मेगा कोचिंग कॉम्प्लेक्स सहित रखरखाव सुविधाओं का विकास तथा सिग्नलिंग उन्नयन, ट्रैफिक सुविधा कार्यों और मल्टी-ट्रैकिंग के जरिए सेक्शन क्षमता बढ़ाई जाएगी। टर्मिनल क्षमता बढ़ाने की योजना बनाते समय आसपास के स्टेशनों को भी शामिल किया जाएगा, ताकि क्षमता का संतुलित विकास हो सके।

सम्मान

मुर्मु ने 20 बहादुर बच्चों को प्रतिष्ठित प्रधानमंत्री राष्ट्रीय बाल पुरस्कार प्रदान किये

## बच्चों ने अपनी वीरता से पूरे देश को किया गौरवान्वित

एजेंसी

**नई दिल्ली।** राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु ने विभिन्न क्षेत्रों में 18 राज्यों के 20 साहसी बच्चों को उनकी असाधारण उपलब्धियों के लिए प्रधानमंत्री राष्ट्रीय बाल पुरस्कार से सम्मानित किया है।

श्रीमती मुर्मु ने शुक्रवार को यहां विज्ञान भवन में एक समारोह में इन बच्चों के उनके असाधारण कार्यों के लिए प्रतिष्ठित राष्ट्रीय पुरस्कार प्रदान किये। राष्ट्रपति ने पुरस्कार पाने वाले बच्चों को बधाई देते हुए कहा कि पुरस्कार विजेता बच्चों ने अपने परिवारों, अपने समुदायों और पूरे देश को गौरवान्वित किया है। उन्होंने उम्मीद जताई कि सम्मान पाने वाले इन बच्चों से देश के अन्य सभी बच्चे प्रेरित होंगे। राष्ट्रपति ने कहा कि लगभग 320 वर्ष पूर्व, सिख पंथ के दसवें गुरु और सभी भारतवासियों के लिए पूजनीय गुरु गोबिन्द सिंह जी और उनके चारों बेटों ने सत्य और न्याय के पक्ष में युद्ध और संघर्ष करते हुए बलिदान दिया था। इस दिन हम सब उनके दो सबसे छोटे साहिबज़ादों का स्मरण करते हैं जिनकी वीरता का सम्मान देश-विदेश में किया जाता है। श्रीमती मुर्मु ने कहा मुझे यह जानकर बहुत खुशी हुई है कि सभी पुरस्कार विजेता बच्चों ने अलग-अलग क्षेत्रों में असाधारण योगदान दिये हैं। वीरता, कला एवं संस्कृति, पर्यावरण, नवोचार, विज्ञान तथा तकनीकी, समाज-सेवा और खेल-कूद जैसे विभिन्न क्षेत्रों में आपकी असाधारण बाल-प्रतिभा का परिचय प्राप्त हुआ है। उन्होंने खुशी व्यक्त करते हुए कहा कि पुरस्कार पाने वाले बच्चों ने वीरता, कला एवं संस्कृति, पर्यावरण, नवाचार, विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी, सामाजिक सेवा और खेल जैसे विभिन्न क्षेत्रों में अपनी असाधारण प्रतिभा का प्रदर्शन किया है।




### सैनिकों को भोजन देने वाले बालक शवण सिंह को पुरस्कार

**चंडीगढ़।** ऑपरेशन सिंदूर के दौरान अदम्य साहस का परिचय देने वाले शवण सिंह को सामाजिक सेवा के क्षेत्र में पुरस्कार दिया गया। पाकिस्तान की सीमा से लगे जिला फिरोजपुर के गांव चकतारण में ऑपरेशन सिंदूर के दौरान जब ड्रोन से हमले हो रहे थे। ममदोट के सिटी हार्ट स्कूल का छात्र शवण सिंह अपने घर से दूध, रोटी व लस्सी लेकर सैनिकों को देने जाता था। शवण सिंह ने अपने परिवार तथा समुदाय के लोगों को भी सैनिकों की मदद करने के लिए भी प्रेरित किया। शवण न केवल चर्चा का केंद्र बना बल्कि कई लोगों के लिए प्रेरणा भी बना। केंद्रीय मंत्री पीयूष गोयल ने इसे सम्मानित कर चुके हैं। मेजर जनरल रणजीत सिंह मनराल ने भी इस बच्चे को भारतीय सेना की ओर से प्रशंसा पत्र प्रदान किया और एक लाख 11 हजार रुपये का पुरस्कार भी दिया।

# पांच वर्ष तक के बच्चों को मिलेगा विटामिन ए सुरक्षा कवच

## बचपन को कुपोषण और अन्य बीमारियों से सुरक्षित करने के लिए गुरुवार को बाल स्वास्थ्य पोषण माह अभियान का शुभारंभ





समृद्धि न्यूज

**बहराइच।** बचपन को कुपोषण और अन्य रोकी जा सकने वाली बीमारियों से सुरक्षित करने के लिए, गुरुवार को बाल स्वास्थ्य पोषण माह अभियान का शुभारंभ किया गया। कार्यक्रम का उद्घाटन मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ संजय कुमार ने विकास खंड चित्तौरा के आयुष्मान आरोग्य मंदिर जगतापुर से किया।

इस अवसर पर सीएमओ ने कहा कि बाल स्वास्थ्य पोषण माह केवल एक अभियान नहीं, बल्कि बच्चों के स्वस्थ भविष्य की नींव है। उन्होंने बताया कि 9 माह से 5 वर्ष तक की आयु के बच्चों को विटामिन ए की खुराक पिलाना इस अभियान का मुख्य उद्देश्य है। विटामिन ए बच्चों को रतौंधी से बचाने के साथ-साथ उनकी रोग प्रतिरोधक क्षमता को मजबूत करता है। इससे उन्हें बार-बार होने वाले संक्रमणों से सुरक्षा मिलती है। जिला प्रतिरक्षण अधिकारी डॉ एस के सिंह ने अभियान की रणनीति पर प्रकाश डालते हुए बताया कि विटामिन ए की खुराक ग्राम स्वास्थ्य, स्वच्छता एवं पोषण दिवस सत्रों के माध्यम से दी जाएगी, ताकि उन सेवा बच्चों के घर के नजदीक और समय पर उपलब्ध हो सके। उन्होंने स्वास्थ्य कार्यकर्ताओं से यह सुनिश्चित करने का आह्वान किया कि कोई भी पात्र बच्चा इस अभियान से वंचित न रहे। कार्यक्रम में चित्तौरा के अधीक्षक डॉ. तबरेज ने कहा कि बाल्यावस्था में पोषण की कमी का सीधा असर बच्चे के शारीरिक और मानसिक विकास पर पड़ता है। बचपन के शुरुआती वर्षों में सही पोषण और आवश्यक सूक्ष्म पोषक तत्व मिल जाएं, तो बच्चा न केवल स्वस्थ रहता है बल्कि उसकी सीखने की क्षमता भी बेहतर होती है। अभियान की सफलता सुनिश्चित करने के लिए एएनएम, आशा और आंगनवाड़ी कार्यकर्ताओं को विशेष जिम्मेदारी सौंपी गई है, जो घर-घर जाकर अभिभावकों को जागरूक करेंगी और पात्र बच्चों तक विटामिन ए की खुराक दिलाना सुनिश्चित करेंगी।

सीएमओ ने अभिभावकों से अपील की कि वे अपने 5 वर्ष तक के बच्चों को नजदीकी टीकाकरण सत्र पर अवश्य ले जाएं और विटामिन ए की खुराक दिलवाएं। सामूहिक प्रयासों से ही स्वस्थ बच्चों और सशक्त समाज का निर्माण संभव है। इस मौके पर एआरओ. दीपक पाण्डेय, डबल्यूएचओ . के एसएमओ डॉ विपिन लिखोरे., यूनिसेफ के डीएमसी दिलीप मिश्रा सहित बीसीपीएम, बीएमसी व बड़ी संख्या में स्वास्थ्य विभाग के अधिकारी व कर्मचारी मौजूद रहे।

# सड़क बनने से दर्जनों गांव की आम जनता को मिलेगा लाभ : राम निवास वर्मा



समृद्धि न्यूज

**बहराइच।** शिवपुर ब्लॉक क्षेत्र में सड़कों का जाल बिछाने के क्रम में शुक्रवार को नानपारा विधायक राम निवास वर्मा ने बेहडा से रखौना, बरद हा,इमामगंज होते हुए गाड़ीघाट तक जाने वाली सड़क का चौड़ीकरण एवं सुदृढ़ीकरण के लिए पूजा अर्चना के साथ शिलान्यास किया।

यह मार्ग बेहडा, रखौना, कमहरिया, मटेरा कला, सेमरिया, पाठक पुरवा, बरदहा कला सहित दर्जनों गांव को जोड़ने का काम करेगा। विधायक राम निवास वर्मा ने कहा कि सड़क का चौड़ीकरण एवं सुदृढ़ीकरण होने से दर्जनों गांव की आम जनता को मुख्य रूप से लाभ मिलेगा। साथ ही उन्होंने अपने कार्यकाल में कराए गए कार्यों को विस्तार से बताया। उन्होंने केंद्र और राज्य सरकार को धन्यवाद भी ज्ञापित किया। उन्होंने कहा मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने हमारी मांग को स्वीकार किया। बेहडा ग्राम प्रधान सूर्य प्रकाश सिंह उर्फ बुछू ने रखौना मार्ग पर एक पुल निर्माण की मांग की। ब्लाक प्रमुख प्रतिनिधि सुधीर यज्ञसैनी ने ललई पुरवा मोड से सरयू नदी घाट तक सीसी सड़क निर्माण की मांग की। विधायक श्री वर्मा ने आश्वस्त करते हुए कहा कई काम प्रस्तावित हैं। भाजपा सरकार में सड़कों का जाल बिछाया जा रहा है। इस दौरान प्रमुख प्रतिनिधि सुधीर याज्ञसेनी,भाजपा मंडल अध्यक्ष राकेश पाण्डेय, रविंद्र नाथ मिश्रा, हरिहर वर्मा सहित क्षेत्र के तमाम लोग मौजूद रहे।

## खबरें एक नजर में

### एएसपी ने किया थाना विशेश्वरगंज का निरीक्षण

**विशेश्वरगंज, बहराइच समृद्धि न्यूज।** शुक्रवार को अपर पुलिस अधीक्षक अशोक कुमार सिंह ने थाना विशेश्वरगंज का औचक निरीक्षण किया। थाना पहुंचने पर पुलिसकर्मियों द्वारा उन्हें सलामी दी गई। निरीक्षण के दौरान अपर पुलिस अधीक्षक ने थाना परिसर, कार्यालय, मालखाना, हवालात, सीसीटीएनएस कक्ष, अभिलेखों एवं साफ–सफाई की स्थिति का जायजा लिया। उन्होंने लंबित विवेचनाओं, अपराध रजिस्टर, बीट व्यवस्था तथा शिकायतों के निस्तारण की समीक्षा की। अपर पुलिस अधीक्षक ने थाना प्रभारी राजकुमार पाण्डेय को कानून–व्यवस्था मजबूत बनाए रखने, जनता की शिकायतों का समयबद्ध निस्तारण करने तथा महिला संबंधी मामलों में विशेष संवेदनशीलता बरतने के निर्देश दिए। रात्रि गश्त को और प्रभावी करने व वांछित अभियुक्तों की गिरफ्तारी में तेजी लाने पर जोर दिया। निरीक्षण के दौरान पाई गई कमियों को शीघ्र दूर करने के निर्देश देते हुए उन्होंने पुलिसकर्मियों को अनुशासन व जनसेवा को प्राथमिकता देने की बात कही। इस मौके पर थाना प्रभारी राजकुमार पाण्डेय सहित समस्त पुलिसकर्मी मौजूद रहे।

### प्रेमी ने मंगेतर के पास भेजी युवती की अश्लील फोटो

**बहराइच, समृद्धि न्यूज।** जिले के दरगाह थाना क्षेत्र में एक युवती ने जहरीला पदार्थ खा लिया। परिजनों ने उसे इलाज के लिए जिला अस्पताल में भर्ती कराया है, जहां उसकी हालत स्थिर बताई जा रही है। यह घटना उसकी शादी टूटने के बाद हुई, जब उसके प्रेमी ने होने वाले पति को युवती के साथ की तस्वीरें भेज दी थीं। दरगाह इलाके की रहने वाली युवती का पड़ोस के गांव के एक गैर समुदाय के युवक के साथ प्रेम प्रसंग चल रहा था। युवती के परिजनों ने उसकी शादी श्रावस्ती जनपद के रहने वाले राजकुमार नामक युवक से तय कर दी थी। दोनों का विवाह फरवरी में होना था। जब युवती के प्रेमी को इस शादी के बारे में पता चला, तो उसने युवती के होने वाले पति राजकुमार के फोन पर अपनी और युवती की एक साथ की तस्वीरें भेज दीं। इन तस्वीरों को देखने के बाद राजकुमार ने शादी से इनकार कर दिया। शादी टूटने को लेकर युवती के घर में विवाद हुआ। युवती ने जहरीला पदार्थ खा लिया।

### पेड़ से लटकता हुआ शव मिला

**झझरी/गोंडा, समृद्धि न्यूज।** नगर कोतवाली क्षेत्र के बूढ़ा देवर सोनी गुमटी ग्राम के बगिया में बृहस्पतिवार की देर शाम को एक अज्ञात 28 वर्षीय युवक का शव पेड़ से लटकता हुआ मिला है। शव मिलने से क्षेत्र में हड़कम मच गया। उस की पहचान नहीं हो सकी है। मौके पर चौकी प्रभारी शुभांशु विश्वकर्मा पहुंचे और शव को पेड़ से उतरवा कर अपने कब्जे में लिया। घटना स्थल पर फॉरेंसिक टीम भी पहुंची और घटना स्थल की जांच किया। शव पेड़ से लटकने की जानकारी क्षेत्र में फैलते ही गांव के तमाम लोगो की भीड़ इकट्ठा हो गई। इस के बाद भी युवक की पहचान नहीं हो सकी है। पुलिस ने शव को अपने कब्जे में लेकर पोस्ट मार्टम को भेजा है ।

### चोरी के माल के साथ तीन गिरफ्तार

**गोंडा, समृद्धि न्यूज।** कटरा बाजार थाना की पुलिस ने चोरी के माल के साथ तीनो युवकों को गिरफ्तार किया है। इनके पास से चोरी का सामान बरामद किया है कटरा थाना के प्रभारी राजेश सिंह ने बताया कि राजेश कुमार सिंह ने बताया कि चांद बाबू चांद अली उस्मान निवासी तिवारीपुरवा बहराइच रोड तथा सैफी (20) निवासी महाराजगंज काशीराम कॉलोनी, थाना कोतवाली नगर को रेलवे क्रासिंग के पास पुलिया के पास से गिरफ्तार किया है। इनके पास से तार कटर, पिलास, पेचकस, लोहे की ब्लेड, रॉड, चाभियों का गुच्छा, टॉर्च, 8000 रुपये नकद और मारुति स्विफ्ट कार बरामद किया है।

### 4 लेबर कोड लागू करने के विरोध में सीटू ने सौपा ज्ञापन

**गोंडा, समृद्धि न्यूज।** आप सबको जैसा कि मालूम है कि 4 लेबर कोड केन्द्र की मोदी सरकार द्वारा 21 नवम्बर 2025 से प्रभावी कर दिया गया है जो देश के मजदूर और कर्मचारियों के हितों के खिलाफ तथा पूरी तरह से मालिकों के हित में है। अत: सीटू के आव्हान दिनांक 26/12 दिन शुक्रवार को विरोध प्रदर्शन कर प्रधानमंत्री/ राष्ट्रपति को ज्ञापन दिया जाना है। गोण्डा में उपरोक्त कार्यक्रम उप श्रमायुक्त देवीपाटन मण्डल कार्यालय, कचेहरी रोड गोण्डा में 11 बजे पूर्वाह्न से एकत्रित होकर 1 पीएम बजे अपराह्न तक प्रदर्शन करने के बाद ही ज्ञापन दिया गया।

### नौकरी दिलाने का झांसा देकर ठगी करने के जालसाज गिरफ्तार

**गोंडा, समृद्धि न्यूज।** 19 जुलाई 2024 को वादी अजय कुमार पुत्र अयोध्या प्रसाद निवासी ग्राम रानी पुरवा (नयी कालोनी) जानकी नगर, थाना कोतवाली नगर, जनपद गोण्डा द्वारा थाना को0 नगर में लिखित तहरीर दी गयी कि विपक्षी मुकेश कुमार सिंह पुत्र प्रताप नारायण सिंह उर्फ राम प्रताप सिंह जो कि मेडिकल कॉलेज गोण्डा में इण्टरलकिंग का कार्य करते हैं के द्वारा मेडिकल कॉलेज गोण्डा में कम्प्यूटर ऑपरेटर की नौकरी दिलाने का झांसा देकर वादी से रु0 2,87,000/– (दो लाख सत्तासी हजार रुपये) की ठगी की गयी है। वादी की तहरीर के आधार पर थाना को0 नगर में नामजद अभियुक्तगण के विरुद्ध सम्बन्धित धाराओं में अभियोग पंजीकृत हुआ था।

# मनाया गया कलाम फाउंडेशन का स्थापना दिवस

**वार्षिक पत्रिका बहराइच स्मारिका का भी प्रकाशन व विमोचन**




समृद्धि न्यूज

**बहराइच।** सामाजिक सरोकारों से जुडी हुई सामाजिक संस्था कलाम फाउंडेशन का स्थापना दिवस गत 25 दिसम्बर महामना मदन मोहन मालवीय एवं भारत रत्न, पूर्व प्रधानमंत्री पं. अटल बिहारी बाजपेई के जन्मदिवस के अवसर पर बहराइच स्थित किसान महाविद्यालय में एक भव्य समारोह के रुप में मनाया गया। इस अवसर पर फाउंडेशन के द्वारा प्रकाशित की जाने वाली वार्षिक पत्रिका बहराइच स्मारिका का भी प्रकाशन एवं विमोचन किया गया।

कलाम फाउंडेशन की अध्यक्षा दिव्या पोरवाल नें बताया की इस बार का संस्करण उन सभी मातृ शक्तियों पर आधारित है जिन्होंने समाज में संघर्ष करके खुद को स्थापित किया है और समाज की अन्य महिलाओं के लिए प्रेरणा बनी हैं। कार्यक्रम में जनपद के प्रसिद्ध भजन गायक पंडित धर्मेंद्र शास्त्री एवं उनकी टीम आस्था मिश्रा, चंदन चंचल तथा सूरज तिवारी द्वारा गाये गए गीतों एवं भजनों नें आये हुए अतिथियों का मन मोह लिया। पूर्व विधायक राम अचल सिंह सेंगर, नगर विधायक प्रतिनिधि अशोक जायसवाल, अध्यक्ष अधिवक्ता संघ राजेश शुक्ल, सामाजिक समरसता प्रमुख राजकिशोर,पूर्व अध्यक्ष अधिवक्ता संघ पं रामजी बाजपेई, देवेश चन्द्र मिश्र, अध्यक्ष प्रमुख संघ अजीत प्रताप सिंह बबलू, माध्यमिक शिक्षक संघ के जिलाध्यक्ष राजेंद्र प्रसाद, क्षत्रिय महासभा जिलाध्यक्ष डॉ जितेंद्र कुमार सिंह, जितेन्द्र सिंह जीतू,पं योगेन्द्र मणि त्रिपाठी, अजय त्रिपाठी, साहित्यकार रमेश तिवारी, शिक्षाविद पंडित पुंडरीक पाण्डेय, रईस सिद्दीकी,अमित शर्मा, जीतेन्द्र बाजपेई, इं. सौरभ शर्मा, जसवीर सिंह समेत भारी संख्या में समजासेवी एवं साहित्य प्रेमी उपस्थित रहे। कार्यक्रम के स्थगन के अवसर पर कलाम फाउंडेशन के संस्थापक अमर सिंह विसेन, उपाध्यक्ष आकाश सिंह, जिलाध्यक्ष राम अचल मांझी, उपाध्यक्ष बृजेश मिश्र, उपाध्यक्ष अभय प्रताप सिंह प्रिंस नें संयुक्त रुप से सभी अतिथियों का आभार एवं धन्यवाद ज्ञापित किया।

### उज्ज्वला 3.0 के तहत निःशुल्क गैस कनेक्शन वितरण

**पयागपुर, बहराइच।** शिवनहा इंडेन ग्रामीण वितरक परिसर में प्रधानमंत्री उज्ज्वला योजना (उज्ज्वला 3.0) के अंतर्गत पात्र लाभार्थियों को निःशुल्क गैस कनेक्शन वितरित किए गए। इस अवसर पर आयोजित कार्यक्रम में बड़ी संख्या में लाभार्थियों की उपस्थिति रही। कार्यक्रम में फील्ड ऑफिसर विवेक कुमार शुक्ला, अपर पुलिस अधीक्षक बहराइच अशोक कुमार सिंह, थाना अध्यक्ष हुजूरपुर शमशेर बहादुर सिंह, जिला पूर्ति अधिकारी बहराइच नरेंद्र तिवारी, खाद्य आपूर्ति निरीक्षक बहराइच कौशलेंद्र प्रताप तथा गैस एजेंसी के प्रोपराइटर विनोद कुमार सिंह की गरिमामयी उपस्थिति रही। अतिथियों ने लाभार्थियों को गैस कनेक्शन वितरित करते हुए उज्ज्वला योजना के उद्देश्यों पर प्रकाश डाला। वक्ताओं ने कहा कि यह योजना महिलाओं के स्वास्थ्य संरक्षण, स्वच्छ ईंधन के उपयोग तथा ग्रामीण क्षेत्रों में जीवन स्तर सुधार की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। निःशुल्क गैस कनेक्शन मिलने से महिलाओं को धुएं से राहत मिलेगी और रसोई में स्वच्छता आएगी।

# विशेश्वरगंज में विवाहिता की रहस्यमयी मौत, कमरे में फंदे से लटकता मिला शव

समृद्धि न्यूज

**विशेश्वरगंज,बहराइच।** थाना विशेश्वरगंज क्षेत्र के ग्राम पंचायत कंछर के मजरा हरदेव पुरवा में शुक्रवार को एक विवाहिता की संदिग्ध हालात में मौत से इलाके में सनसनी फैल गई। घर के कमरे के भीतर 25 वर्षीय महिला का शव फांसी के फंदे से लटकता मिलने के बाद पूरे गांव में हड़कंप मच गया। मृतका की पहचान गुड़िया देवी (25 वर्ष) पत्नी मनोज कुमार गोस्वामी के रूप में हुई है।

अचानक हुई इस घटना से परिजनों में चीख-पुकार मच गई, वहीं ग्रामीणों की भारी भीड़ घटनास्थल पर जमा हो गई। परिजनों के अनुसार गुड़िया देवी लंबे समय से बीमारी से जूझ रही थी और वर्ष 2016 में शादी होने के बावजूद संतान न होने को लेकर वह मानसिक तनाव में रहती थी। हालांकि जिस तरह विवाहिता की मौत संदिग्ध परिस्थितियों में हुई है, उसने कई गंभीर सवाल खड़े कर दिए हैं। मामला आत्महत्या का है या इसके पीछे कोई और वजह, यह जांच का विषय बना हुआ है। घटना की सूचना मिलते ही विशेश्वरगंज पुलिस मौके पर पहुंची और कमरे को सील कर जांच शुरू की। फोरेंसिक टीम ने घटनास्थल का बारीकी से निरीक्षण कर साक्ष्य जुटाए। आवश्यक कार्रवाई के बाद शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया।

इस संबंध में थानाध्यक्ष राजकुमार पाण्डेय ने बताया कि फिलहाल किसी भी पक्ष की ओर से कोई लिखित तहरीर प्राप्त नहीं हुई है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही मौत के वास्तविक कारणों का खुलासा हो सकेगा, उसी आधार पर आगे की विधिक कार्रवाई की जाएगी। बताया गया कि मृतका का मायका ग्राम पचरन नाथ, थाना खरगूपुर, जनपद गोण्डा में स्थित है। घटना की सूचना मिलते ही मायके पक्ष में भी मातम छा गया। फिलहाल पुलिस हर एंगल से मामले की गंभीरता से जांच कर रही है।

# विकास कार्यों को समयबद्ध ढंग से पूर्ण किया जाना आवश्यक : डीएम

समृद्धि न्यूज

**गोण्डा।** जिलाधिकारी गोण्डा प्रियंका निरंजन ने जनहित से जुड़े कार्यों में तेजी लाने के उद्देश्य से गोण्डा-बहराइच मार्ग स्थित मिश्रौलिया ओवरब्रिज के बगल में प्रस्तावित सर्विस लेन के निर्माण को लेकर औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने मौके की वास्तविक स्थिति का जायजा लिया तथा संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए।

जिलाधिकारी ने निरीक्षण के समय पाया कि ओवरब्रिज के बगल सर्विस लेन का निर्माण न होने के कारण स्थानीय नागरिकों, राहगीरों एवं व्यापारियों को आवागमन में असुविधा का सामना करना पड़ रहा है। इस स्थिति को गंभीरता से लेते हुए उन्होंने नगर मजिस्ट्रेट, ब्रिज कॉरपोरेशन के अधिकारियों एवं अधिशासी अभियंता (एक्सईएएन) निर्माण खण्ड प्रथम को निर्देशित किया कि सर्विस लेन निर्माण में आ रही बाधाओं को प्राथमिकता के आधार पर दूर किया जाए। जिलाधिकारी ने स्पष्ट निर्देश दिए कि संबंधित भूमि स्वामियों के साथ शीघ्र बैठक आयोजित कर नियमानुसार कार्यवाही सुनिश्चित की जाए, ताकि किसी भी प्रकार का विवाद उत्पन्न न हो और निर्माण कार्य में अनावश्यक विलंब न हो। उन्होंने कहा कि शासन की मंशा के अनुरूप विकास कार्यों को समयबद्ध ढंग से पूर्ण किया जाना अत्यंत आवश्यक है तथा जनता की सुविधा सर्वोपरि है। निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी ने अधिकारियों को यह भी निर्देशित किया कि निर्माण कार्य प्रारंभ करने से पूर्व सभी तकनीकी औपचारिकताओं को पूर्ण कर लिया जाए और गुणवत्ता मानकों का विशेष ध्यान रखा जाए। उन्होंने कहा कि सर्विस लेन के निर्माण से स्थानीय लोगों को सुगम यातायात की सुविधा मिलेगी। जिलाधिकारी ने अधिकारियों को चेतावनी दी कि कार्य में किसी प्रकार की लापरवाही अथवा शिथिलता बर्दाश्त नहीं की जाएगी। उन्होंने नियमित मॉनिटरिंग करते हुए प्रगति रिपोर्ट प्रस्तुत करने के निर्देश भी दिए।

# प्रेमी ने लगाई फांसी, प्रेमिका ने ट्रेन के आगे कूदकर दी जान

समृद्धि न्यूज





**गोंडा।** कर्नलगंज कोतवाली क्षेत्र के पिपरी ग्राम में प्रेमी प्रेमिका ने आत्म हत्या कर लिया। प्रेमी ने फांसी लगा लिया तो प्रेमिका ने ट्रेन के आगे कूद कर आत्महत्या कर लिए। पुलिस ने दोनो शवों को अपने कब्जे में लेकर पोस्ट मार्टम को भेजा है।

बहराइच जनपद के विशेश्वर गंज थाना क्षेत्र के गुलरिहा गांव निवासी 20 वर्षीय लक्ष्मी मौर्य पुत्री लल्लन प्रसाद मौर्या गोंडा जिले के कौड़ियां थाना क्षेत्र के बखरिया झाला के ग्राम प्रधान पुष्पा देवी के पुत्र 25 वर्षीय नीरज मौर्य पुत्र राधेश्याम मौर्या से प्रेम-प्रसंग चल रहा था। जिस का विरोध घर वाले कर रहे थे। मृतक नीरज मौर्या पहले से शादीशुदा था। 21 दिसंबर को लक्ष्मी को अपने साथ भगा ले गया था। लक्ष्मी के पिता लल्लन प्रसाद ने विशेश्वरगंज थाने में नीरज मौर्य के खिलाफ बेटी को भगा ले जाने का मुकदमा दर्ज कराया था। पुलिस ने मामले को गंभीरता से लेते हुए 24 दिसंबर को प्रेमी-प्रेमिका दोनों को बरामद कर जिला न्यायालय बहराइच में पेश किया। न्यायालय में दोनों का 164 के तहत बयान दर्ज कराए गए। बयान में लक्ष्मी मौर्य ने नीरज मौर्य के साथ रहना स्वीकार किया। इसके बाद पुलिस ने दोनों को नीरज मौर्य की मां पुष्पा को सौप दिया।24 घंटे भी नहींबीते थे कि दोनों की लाश कर्नलगंज के पिपरी गांव के समीप पाया गया। ट्रेन से कटने की सूचना लोको पायलट ने पुलिस को दिया था। परिजनों ने बताया कि मृतका लक्ष्मी मौर्या मृतक नीरज मौर्या के दूर की रिश्तेदारी में आती है । मृतक नीरज मौर्या के छोटे भाई पंकज मौर्या से उस की शादी तय हो रही थी। दोनों का आना जाना था। मृतक नीरज मौर्या की शादी हो चुकी थी। मृतक नीरज मौर्या ने इंटरमीडिएट तक पढ़ाई की थी और वह प्रधान प्रतिनिधि के तौर पर अपनी मां के कार्यों को देख रहा था। लक्ष्मी ने भी इंटर की पढ़ाई की थी। दोनों के बीच करीब पांच साल से प्रेम-प्रसंग चल रहा था। बहराइच के गुलरिहा गांव स्थित एक इंटर कॉलेज में पढ़ाई के दौरान दोनों के बीच बातचीत शुरू हुई थी। जिस की जानकारी घर वालो को नहीं थी। दूर की रिश्तेदारी होने की वजह से दोनो के घर वाले भी आते जाते थे।

### सुसाइड करने से पहले दोनों ने वीडियो बनाया था

प्रेमी नीरज मौर्या और लक्ष्मी ने मरने से पहले दोनों ने वीडियो बनाया और कहा कि हम दोनों के घर वाले राजी नहीं है। इस का विरोध कर रहे है इस लिए हम दोनों आत्महत्या कर लेंगे। प्रेमी ने फांसी लगाई तो प्रेमिका ने ट्रेन के आगे कूद कर अपनी जान दे दिया।

### मृतक नीरज मौर्या की पत्नी थी गर्भवती

मृतक नीरज मौर्या ने भले ही अपनी जान दे दिया लेकिन उस की मौत से उसका परिवार बिखर गया। उसकी पत्नी गर्भवती थी। बच्चे से पिता का साया भी उठ गया।

### परिजनों ने दोनों को घर से भगाया था

मृतक नीरज मौर्या और उसकी प्रेमिका लक्ष्मी को बीते 24 दिसंबर को घर से भगा दिया था। कहा था कि घर पर नहीं आना है। मृतक नीरज मौर्या लक्ष्मी को अपने घर ले कर चला आया था जिस का विरोध उस की गर्भवती पत्नी ने भी किया था।

# उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले छात्र-छात्राओं को प्रमाण पत्र प्रदान कर डीएम व सीडीओ ने किया सम्मानित

**विभिन्न विद्यालयों के छात्र-छात्राओं लगाए गए स्टॉलों का डीएम व सीडीओ ने किया अवलोकन**

समृद्धि न्यूज



**गोण्डा।** राजकीय बालिका इंटर कॉलेज, गोंडा में वीर बाल दिवस के अवसर पर भव्य एवं प्रेरणादायी कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य छात्र-छात्राओं में राष्ट्रभक्ति, आत्मविश्वास, सृजनात्मकता तथा सामाजिक दायित्व की भावना को प्रोत्साहित करना रहा। इस अवसर पर जिलाधिकारी गोंडा प्रियंका निरंजन एवं मुख्य विकास अधिकारी गोंडा अंकिता जैन ने कार्यक्रम में प्रतिभाग किया तथा विभिन्न विद्यालयों के छात्र-छात्राओं द्वारा लगाए गए स्टलों का अवलोकन किया।

कार्यक्रम में विद्यार्थियों ने शिक्षा, स्वास्थ्य, स्वच्छता, पर्यावरण संरक्षण, विज्ञान, हस्तशिल्प एवं नवाचार से संबंधित आकर्षक स्टल लगाए, जिनकी जिलाधिकारी एवं मुख्य विकास अधिकारी ने भूरी-भूरी प्रशंसा की। उन्होंने बच्चों से संवाद कर उनके विचारों, रचनात्मक प्रयासों एवं सीखने की प्रक्रिया के बारे में जानकारी प्राप्त की और उन्हें निरंतर आगे बढ़ने के लिए प्रेरित किया। अधिकारियों ने कहा कि इस प्रकार के आयोजन बच्चों के सर्वांगीण विकास में सहायक होते हैं तथा उनमें नेतृत्व क्षमता और आत्मनिर्भरता का भाव उत्पन्न करते हैं। इस अवसर पर उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले विद्यालयों एवं छात्र-छात्राओं को प्रमाण पत्र प्रदान कर सम्मानित किया गया। जिलाधिकारी ने अपने संबोधन में कहा कि आज के बच्चे ही देश का भविष्य हैं और ऐसे मंच उन्हें अपनी प्रतिभा को पहचानने व निखारने का अवसर प्रदान करते हैं। मुख्य विकास अधिकारी ने भी विद्यार्थियों के प्रयासों की सराहना करते हुए कहा कि शिक्षा के साथ-साथ व्यावहारिक ज्ञान और सामाजिक चेतना अत्यंत आवश्यक है। कार्यक्रम का अत्यंत संवेदनशील व सराहनीय पहलू यह रहा कि कोविड-19 महामारी के दौरान जिन बच्चों के माता, पिता अथवा दोनों का निधन हो गया था, ऐसे कुल 19 बच्चों को लैपटॉप वितरित किए गए। यह पहल बच्चों की शिक्षा को निरंतर बनाए रखने तथा उन्हें डिजिटल संसाधनों से जोड़ने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है।

**समापन कार्यक्रम** — खेल प्रतिभाओं को प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से आयोजित सांसद खेल महोत्सव का समापन

# खेल न केवल शारीरिक बल्कि मानसिक विकास का भी माध्यम

**जगदंबा शरण सिंह महाविद्यालय बेलसर में सांसद खेल महोत्सव समापन के दौरान खिलाड़ियों को सांसद कैसरगंज, विधायक गोण्डा सदर तथा डीएम व सीडीओ एवं एमएलसी ने किया सम्मानित**

समृद्धि न्यूज






**गोंडा।** जनपद में खेल प्रतिभाओं को प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से आयोजित सांसद खेल महोत्सव का समापन कार्यक्रम अत्यंत उत्साह एवं गरिमामय वातावरण में संपन्न हुआ। कार्यक्रम जवाहर लाल नेहरू स्टेडियम, गोंडा व जगदम्बा शरण सिंह महाविद्यालय, बेलसर में आयोजित किया गया, जिसमें जिले एवं आसपास के क्षेत्रों से आए खिलाड़ियों ने विभिन्न खेल प्रतियोगिताओं में भाग लिया।

अतिथि सांसद गोंडा एवं केन्द्रीय विदेश राज्यमंत्री कीर्ति वर्धन सिंह रहे तथा जगदंबा शरण सिंह महाविद्यालय बेलसर में आयोजित सांसद खेल महोत्सव समारोह के मुख्य अतिथि सांसद कैसरगंज करण भूषण सिंह रहे। इस अवसर पर विधायक गोंडा सदर प्रतीक भूषण सिंह, जिलाधिकारी प्रियंका निरंजन, मुख्य विकास अधिकारी अंकिता जैन तथा एमएलसी अवधेश कुमार सिंह उर्फ मन्जू सिंह एवं अन्य जनप्रतिनिधिगण व विशिष्ट अतिथिगण के रूप में उपस्थित रहे। समारोह के दौरान विभिन्न खेल प्रतियोगिताओं में प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले खिलाड़ियों को अतिथियों द्वारा नगद पुरस्कार चेक, मेडल एवं प्रमाण पत्र प्रदान कर सम्मानित किया गया। अतिथियों ने खिलाड़ियों की कड़ी मेहनत, अनुशासन और खेल भावना की सराहना करते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएं दीं। मुख्य अतिथि कीर्ति वर्धन सिंह ने अपने संबोधन में कहा कि खेल न केवल शारीरिक एवं मानसिक विकास का माध्यम हैं, बल्कि युवाओं में नेतृत्व, अनुशासन और टीम भावना का भी विकास करते हैं। उन्होंने कहा कि सांसद खेल महोत्सव जैसे आयोजन ग्रामीण एवं शहरी क्षेत्रों की छिपी प्रतिभाओं को सामने लाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। सांसद करण भूषण सिंह ने कहा कि सरकार खेलों के विकास के लिए निरंतर प्रयासरत है और युवाओं को बेहतर अवसर उपलब्ध कराने के लिए ऐसे आयोजन आगे भी जारी रहेंगे। विधायक प्रतीक भूषण सिंह ने खिलाड़ियों को नियमित अभ्यास करने तथा खेलों को अपने जीवन का अभिन्न हिस्सा बनाने के लिए प्रेरित किया। जिलाधिकारी प्रियंका निरंजन ने आयोजन की सफलता पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए कहा कि प्रशासन भविष्य में भी खेल गतिविधियों को बढ़ावा देने के लिए हर संभव सहयोग प्रदान करेगा। मुख्य विकास अधिकारी अंकिता जैन एवं एमएलसी अवधेश कुमार सिंह ने भी खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन किया। कार्यक्रम में आयोजकों द्वारा सभी अतिथियों, अधिकारियों, प्रशिक्षकों एवं प्रतिभागी खिलाड़ियों के प्रति आभार व्यक्त किया गया। समापन समारोह राष्ट्रगान के साथ संपन्न हुआ।

# प्रदेश सरकार का लक्ष्य : कोई भी वर्ग मूलभूत सुविधाओं से न रहे वंचित

## अनुसूचित जाति बाहुल्य 12,492 गांवों में बुनियादी सुविधाओं की सौगात, प्रधानमंत्री आदर्श ग्राम योजना, सामाजिक समावेशन को नई मजबूती

समृद्धि न्यूज

**लखनऊ।** सीएम योगी के नेतृत्व में उत्तर प्रदेश सरकार प्रदेश के प्रत्येक जरूरतमंद तक सरकारी योजनाओं का लाभ पहुंचाने की दिशा में निरंतर प्रभावी प्रयास कर रही है। प्रदेश सरकार का लक्ष्य है कि समाज के अंतिम पायदान पर खड़े व्यक्ति तक विकास की रोशनी पहुंचे और कोई भी वर्ग मूलभूत सुविधाओं से वंचित न रहे।

इसी क्रम में राज्य सरकार द्वारा अनुसूचित जाति बाहुल्य ग्रामों में आधारभूत ढांचे के सुदृढ़ीकरण पर विशेष ध्यान दिया जा रहा है, जिससे सामाजिक समावेशन को मजबूती मिल सके। वर्ष 2025-26 तक 40 प्रतिशत से अधिक अनुसूचित जाति जनसंख्या वाले 12,492 ग्रामों का चयन किया गया है। चयनित ग्रामों की न्यूनतम जनसंख्या 500 निर्धारित की गई है, ताकि योजनाओं का लाभ अधिक से अधिक लोगों तक प्रभावी रूप से पहुंच सके। इन ग्राम पंचायतों में पेयजल एवं स्वच्छता व्यवस्था, विद्यालयों और आंगनबाड़ी केंद्रों में शौचालयों का निर्माण, सोलर लाइट व स्ट्रीट लाइट की स्थापना, बोरवेल, डिजिटल लाइब्रेरी, ट्रांसफॉर्मर, मोटर शेड, शवदाह गृह तथा पाइपलाइन एक्सटेंशन जैसे महत्वपूर्ण विकास कार्य कराए जा रहे हैं। इन सुविधाओं के माध्यम से ग्रामीणों को बेहतर जीवन स्तर, शिक्षा और स्वच्छ वातावरण उपलब्ध कराने का प्रयास किया जा रहा है। उत्तर प्रदेश अनुसूचित जाति वित्त एवं विकास निगम के प्रबंध निदेशक शिव प्रसाद ने बताया कि समाज कल्याण की कार्यदायी संस्था यूपी सिडको के माध्यम से अब तक 2562 ग्रामों में विकास कार्य स्वीकृत किए गए हैं। इनमें से 910 ग्रामों में कार्य पूर्ण हो चुका है, जबकि शेष ग्रामों में कार्य तेजी से प्रगति पर है। योजना के टर्मिनल वर्ष को ध्यान में रखते हुए विकास कार्यों की गति बढ़ाने के लिए विकेंद्रीकृत व्यवस्था लागू की गई है। प्रधानमंत्री आदर्श ग्राम योजना के माध्यम से योगी सरकार न केवल गांवों में बुनियादी ढांचे को मजबूत कर रही है, बल्कि अनुसूचित जाति समुदाय को मुख्यधारा से जोड़ने की दिशा में भी ठोस और दूरदर्शी पहल कर रही है।

**2025-26 तक 40 प्रतिशत से अधिक अनुसूचित जाति जनसंख्या वाले 12,492 ग्रामों का चयन किया गया है। चयनित ग्रामों की न्यूनतम जनसंख्या 500 निर्धारित की गई है, ताकि योजनाओं का लाभ अधिक से अधिक लोगों तक प्रभावी रूप से पहुंच सके।**

### अटल जयंती पर हुए विभिन्न कार्यक्रम

**लखनऊ।** पर्यटन मंत्री जयवीर सिंह के मार्गदर्शन में राष्ट्र एवं प्रदेश के प्रति अद्वितीय योगदान और आजीवन समर्पण करने वाली भारत तथा उत्तर प्रदेश की महान विभूतियों एवं महापुरुषों के त्याग, तपस्या एवं राष्ट्रनिर्माण में उनके ऐतिहासिक योगदान का स्मरण करते हुए, उनकी दूरदर्शी सोच, मानवीय मूल्यों के साथ नई दिशा प्रदान करने वाले महापुरुषों की याद में अंतर्राष्ट्रीय बौद्ध शोध संस्थान संस्कृति विभाग, यूपी द्वारा भारत रत्न अटल बिहारी जयंती के अवसर पर 25 दिसंबर को भारत रत्न श्रद्धेय अटल बिहारी वाजपेयी : राष्ट्र निर्माण में योगदान विषय पर निबंध, चित्रकला, भाषण प्रतियोगिता एवं परिचर्चा जय प्रकाश नारायण सर्वोदय बालिका विद्यालय, मोहान रोड, लखनऊ में आयोजित की गई।

## राष्ट्र प्रेरणा स्थल से कार-स्कूटी वाले गमले चुरा ले गए, होगी एफआईआर

समृद्धि न्यूज

**लखनऊ।** लखनऊ में राष्ट्र प्रेरणा स्थल से कार और स्कूटी सवार गमले चुरा ले गए। अब इनके खिलाफ एफआईआर दर्ज की जाएगी। लखनऊ विकास प्राधिकरण ने गमलों की सुरक्षा के लिए 30 कर्मचारी तैनात कर दिए हैं। पुलिस भी तैनात है।

लखनऊ विकास प्राधिकरण गमलों को हटवा भी रहा है। बावजूद इसके लोग गमला चुराकर ले जा रहे हैं। पुलिस उन्हें रोकने की कोशिश कर रही है, लेकिन लोग मान नहीं रहे हैं। बच्चे भी गमला चुराकर भाग रहे हैं। हालांकि, पुलिस अब सख्ती दिखा रही है। किसी को भी गमलों के पास रुकने नहीं दे रही है। दरअसल, गुरुवार को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने राष्ट्र प्रेरणा स्थल का उद्घाटन किया। इस मौके पर प्रेरणा स्थल और उसके आसपास के इलाके को फूलों से सजाया गया। पीएम के जाने के कुछ घंटे बाद ही लोगों ने सजावट में लगे गमले चोरी कर लिए। मौके पर पुलिसवाले भी मौजूद थे, लेकिन उन्होंने किसी को रोका नहीं और मुस्कुराते हुए खड़े नजर आए। एक गमले की कीमत करीब 100 रुपए बताई जा रही है। 1 महीने पहले सीएम योगी ने जी-20 के बाद चोरी हुए गमलों को लेकर लोगों को चेताया था।

## खबरें एक नजर में

### बांग्लादेशी हिंदुओं को भारत में पनाह देने की मांग

**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।** राजधानी लखनऊ में बांग्लादेश के खिलाफलगातार विरोध प्रदर्शन जारी है। विधान सभा के सामने अखिल भारतीय हिंदू महासभा के साथ मिलकर लखनऊ विश्वविद्यालय के छात्रों ने बांग्लादेश के राष्ट्रपति का पुतला दहन किया। इस दौरान प्रदर्शनकारियों ने जमकर हंगामा और नारेबाजी किया। बांग्लादेश में अल्पसंख्यक समुदाय पर होने वाली हिंसा का जमकर विरोध किया। प्रदर्शन कर रहे अंशुमान त्रिवेदी ने कहा कि भारत सरकार से हमारी मांग है कि तत्काल इस मामले में हस्तक्षेप करें और बांग्लादेश के प्रत्येक हिंदू को सुरक्षित महसूस करवाए।हम लोग सड़कों पर उतरकर संघर्ष कर रहे हैं बांग्लादेशी हिंदुओं को न्याय दिलाने के लिए हर संभव कोशिश करेंगे। यह लड़ाई हिंदुओं के अस्तित्व को बचाने के लिए है। बांग्लादेश में खुलेआम पुरुषों की हत्या की जा रही है महिलाओं के साथ दुष्कर्म हो रहा है। यह सरासर मानवता के खिलाफघिनौना अपराध है। भारत सरकार बांग्लादेशी हिंदुओं के लिए हिंदुस्तान के दरवाजे खोल दे ताकि वह यहां आकर अपनी जान बचा सके। पदर्शनकारियों ने कहा कि बांग्लादेशी हिंदुओं को बचाने के लिए जो भी कदम उठाना पड़े सरकार उठाये। एयर स्ट्राइक भी करना पड़े तो सरकार को संकोच नहीं करना चाहिए।

### नवविवाहिता की संदिग्ध हालत में मौत, दो माह पहले हुई थी शादी

**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।** राजधानी के पारा थाना क्षेत्र की नई काशीराम कॉलोनी में गुरुवार दोपहर एक नवविवाहित महिला की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई। परिजनों के अनुसार, महिला ने फांसी लगाई थी। उसे गंभीर हालत में अस्पताल ले जाया गया, जहां डॉक्टरों ने इलाज के दौरान उसे मृत घोषित कर दिया। घटना गुरुवार दोपहर करीब 12 बजे की है। मृतका की पहचान नई काशीराम कॉलोनी, पारा निवासी 22 वर्षीय सामीन पत्नी समीर के रूप में हुई है। उसे अचेत अवस्था में पहले एक निजी अस्पताल ले जाया गया। हालत गंभीर होने पर उसे लखनऊ स्थित एरा मेडिकल कॉलेज रेफर किया गया, जहां इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई। मलिहाबाद निवासी सामीन की शादी करीब दो माह पहले 5 अक्टूबर को काशीराम कॉलोनी थाना पारा निवासी समीर से हुई थी। पति समीर वेटर का काम करता है। घटना के समय घर में कोई मौजूद नहीं था। सूचना मिलने पर पति मौके पर पहुंचा और पत्नी को इलाज के लिए अस्पताल ले गया। मृतका के ससुर जमील और सास रहसून हैं। घटना की सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची।

### पुलिस लिखी कार की टक्कर से कारोबारी की मौत, ड्राइवर फरार

**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।** राजधानी के बिजनौर थाना क्षेत्र में गुरुवार देर शाम सड़क हादसे में 23 वर्षीय युवक की मौत हो गई। पुलिस लिखी तेज रफ्तार कार ने उसकी बाइक को टक्कर मार दी, जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया। युवक को ट्रॉमा सेंटर ले जाया गया, जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। पुलिस के अनुसार, मृतक की पहचान बिजनौर के परवर पश्चिम निवासी अमर सिंह के अविवाहित बेटे अनुराग सिंह के रूप में हुई है। अनुराग टेंट हाउस का कारोबार करता था। गुरुवार शाम करीब 5.30 बजे वह अपनी बाइक से घर से कुछ दूरी पर स्थित एक निजी फैक्ट्री में काम कर रहे अपने दोस्त को समोसा देने जा रहा था। घर से थोड़ी दूर सड़क पर एक तेज रफ्तार स्विफ्ट डिजायर कार ने उसकी बाइक में जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर इतनी भीषण थी कि अनुराग गंभीर रूप से घायल हो गया। घटना के बाद कार चालक गाड़ी छोड़कर फरार हो गया। इस मामले में मृतक के पिता अमर सिंह ने बिजनौर थाने में तहरीर दी है। उन्होंने आरोप लगाया है कि राहगीरों से पता चला कि कार चालक काफी तेज रफ्तार में आ रहा था। कार में 4 लोग सवार थे। कार को मोहनलालगंज थाना क्षेत्र के डेहवा निवासी जितेंद्र लोधी चला रहा था। घटना के बाद सभी कार छोड़कर सभी फरार हो गए। आरोपियों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की जा रही है।

### फॉर्च्यूनर की टक्कर से युवक की मौत, ड्राइवर फरार

**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।** लखनऊ-रायबरेली हाईवे पर गुरुवार शाम निगोहां के हरवंश खेड़ा नर्सरी मोड़ के पास एक तेज रफ्तार फॉर्च्यूनर कार ने बाइक सवार मजदूर कुलदीप (25) को टक्कर मार दी। टक्कर इतनी भीषण थी कि फॉर्च्यूनर डिवाइडर तोड़कर दूसरी पटरी पर चली गयी। गंभीर रूप से घायल कुलदीप को एनएचएआई की एम्बुलेंस से ट्रॉमा सेंटर भेजा गया, जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। यह हादसा तब हुआ जब कुलदीप निगोहां कस्बे से अपनी बाइक से टिकरा गांव स्थित घर लौट रहा था।

### ट्रैफिक डायवर्जन पर पुलिस ने रोका तो किन्नर ने काटा हंगामा

**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के गुरुवार को राष्ट्र प्रेरणा स्थल पर आयोजित कार्यक्रम के कारण शहर में ट्रैफिक डायवर्जन रहा। इसकी वजह से लोगों को जाम से जूझना पड़ा। इस दौरान ट्रैफिक में फंसी एक किन्नर की पुलिसकर्मियों से नोकझोंक हुई। इसके बाद किन्नर ने कपड़े उतार दिए। करीब 15 मिनट तक अर्धनग्न होकर सड़क पर हंगामा काटा। पुलिसकर्मियों के समझाने के बाद वह शांत हुई। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी करीब दोपहर 2 बजे लखनऊ पहुंचे। वह एयरपोर्ट से हेलिकॉप्टर से प्रेरणा स्थल पहुंचे। करीब 5.00 बजे उन्होंने जनता को संबोधित करना शुरू किया। इस दौरान एसपीजी और पुलिस ने सुरक्षा के लिहाज से ट्रैफिक रोक दिया। प्रेरणा स्थल जाने वाले सभी रास्तों को बंद कर दिया गया। हुसैनाबाद स्थित बड़ा इमामवाड़ा के पास भी ट्रैफिक को रोका गया। इससे लोग जाम में फंस गए।

### कैथेड्रल चर्च के सामने हरे रामा-हरे कृष्णा, बैंड ने गाए फिल्मी गाने

**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।** राजधानी लखनऊ में क्रिसमस के कई रंग देखने को मिले। यहां यूथ के ग्रुप बैंड ने फिल्मी गाने गाए तो इस्कॉन से पहुंचे भक्तों ने हरे रामा-हरे कृष्णा संकीर्तन किया। शाम के बाद हजरतगंज में कैथेड्रल चर्च पर मानो पूरा शहर इकट्ठा हो गया। एक लाख से भी ज्यादा लोग पहुंच गए। पूरा हजरतगंज चोक नजर आया। अंधेरा होते ही हजरतगंज चौराहे से लेकर हलवासिया चौराहे तक पूरा इलाका चोक हो गया। कैथेड्रल चर्च को खूबसूरत लाइटों से सजाया गया था। चर्च की दीवारों पर यीशु का संदेश लिखा हुआ था। साथ ही डिजिटल झांकियां भी जगमगा रही थीं। लोगों ने यीशु की प्रतिमा के सामने कैंडल जलाकर प्रेयर की।

### इंस्टीट्यूट ऑफ लीगल स्टडीज में मंजरी को मिली पीएचडी उपाधि



**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।** शुक्रवार को श्री रामस्वरूप मेमोरियल यूनिवर्सिटी, लखनऊ के इंस्टीट्यूट ऑफ लीगल स्टडीज में शोधार्थी मंजरी चंद्रा को विधि विषय में पीएचडी की उपाधि प्रदान की गई। उनका शोध कार्य **Recognition and Protection of Indian Traditional Knowledge: Issues and Challenges** विषय पर आधारित रहा। मंजरी चंद्रा वर्तमान में रक्षा विश्वविद्यालय, लखनऊ के विधि विभाग में कार्यरत हैं। उनका शोध कार्य प्रो. डॉ. रोहित पी. शाबरान, पूर्व निदेशक, आईएलएस, एसआरएमयू के निर्देशन में पूर्ण हुआ। शोध के एक्सटर्नल एग्ज़ामिनर के रूप में डॉ. दीपक कुमार श्रीवास्तव, हिदायतुल्ला नेशनल लॉ यूनिवर्सिटी, रायपुर उपस्थित रहे।

### मुख्यमंत्री ने सिख गुरु गोबिन्द सिंह के साहिबजादों के बलिदान दिवस को वीर बाल दिवस के रूप में मनाया

# धर्म की रक्षा के लिए सिख गुरुओं का बलिदान सर्वोच्च

▸ मुख्यमंत्री आवास पर आयोजित हुआ वीर बाल दिवस का कार्यक्रम

समृद्धि न्यूज



**लखनऊ।** सिख गुरु गोबिन्द सिंह के साहिबजादों के बलिदान दिवस को वीर बाल दिवस के रूप में मुख्यमंत्री आवास पर मनाया गया। शुक्रवार को मुख्यमंत्री आवास पर कीर्तन समागम का आयोजन हुआ।

इस अवसर पर सिख गुरुओं के साथ गुरु गोबिन्द सिंह के साहिबजादों बाबा अजित सिंह, बाबा जुझार सिंह, बाबा जोरावर सिंह और बाबा फतेह सिंह को नमन किया गया। मुख्यमंत्री ने कहा कि हमे अपनी गति को प्रगति की ओर लेकर जाना है, दुर्गति की ओर लेकर नहीं जाना है। मुख्यमंत्री योगी ने कहा कि सिख गुरुओं का इतिहास भारत के अंदर भक्ति और शक्ति का एक अदभुत तेज का इतिहास है। उन्होंने जो उस समय मानवता को लेकर कार्य किये, पाखंड के खिलाफ आवाज उठाई थी। तब साधन नही थे, लेकिन साधन के अभाव में साधना से सिद्धि का प्रभाव दिखाया था। धर्म रक्षा के लिए उनका सर्वोच्च बलिदान है। मुख्यमंत्री योगी ने कहा कि आज का यह वीर बाल दिवस का कार्यक्रम ऐसे ही गुरु परम्परा के प्रति कृतज्ञता ज्ञापित करने का अवसर है।

#### प्रधानमंत्री मोदी ने देश के सिखों की आवाज को सुना

योगी ने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी ने देश के सिखों की आवाज को सुना। उनके योगदान के प्रति कृतज्ञता ज्ञापित करने के लिए वीर बाल दिवस को राष्ट्रीय समारोह के रूप में शुरू किया। बाबा अजीत सिंह, बाबा जुझार सिंह, बाबा जोरावर सिंह और बाबा फतेह सिंह के इतिहास पर चर्चा कर नयी पीढ़ी को प्रेरणा देने का कार्य किया है। उन्होंने उस समय पाखंड के खिलाफ आवाज उठाई, मानवता के लिए कार्य किया। देश और दुनिया में प्रचार किया। उस समय प्रचार के माध्यम नहीं थे। वे सब जगह पहुंचे। उन्होंने समाज, स्वदेश और स्वधर्म के लिए कार्य करना चुना। मुख्यमंत्री योगी ने कहा कि जिस दुष्ट औरंगजेब ने गुरुतेगबहादुर जी को चुनौती दी थी। उसने उन्हें सामान्य मनुष्य समझा था। यह उसकी भूल थी। याद कीजिए आज 140 करोड़ का हिन्दुस्तान और दुनियाभर में जहां भी सनातनी और सिख रह रहे हैं, गुरुतेग बहादुर के प्रति कृतज्ञता ज्ञापित कर रहे हैं। दुष्ट औरंगजेब को याद करने वाला कोई नहीं बचा है। आज भारत के हर क्षेत्र में यह कार्यक्रम हो रहा है।

### प्राकृतिक पर्यटन को मिलेगा नया बढ़ावा : जयवीर सिंह

**लखनऊ।** दुधवा राष्ट्रीय उद्यान में हाल ही में जन्मे एक सींग वाले गैंडे के शावक इन दिनों पर्यटकों के लिए खास आकर्षण बने हुए हैं, जिससे बच्चों सहित बड़ों में भी यहां आने को लेकर रुची काफी बढ़ती जा रही है। दुधवा नेशनल पार्क व आसपास के क्षेत्रों में प्रकृति-आधारित पर्यटन को बढ़ावा देने के उद्देश्य से लखनऊ के कैसरबाग बस स्टेशन से चलने वाली विशेष एसी बस सेवा को अब दुधवा से आगे अंतरराष्ट्रीय सीमा के निकट स्थित गौरीफंटा तक विस्तारित कर दिया गया है। पहले यह बस सेवा केवल दुधवा तक सीमित थी। मुख्य रूप से नेचर, वाइल्डलाइफ प्रेमियों के लिए संचालित होती थी।

## भाजपा राज में बाटी-चोखा नहीं, सिर्फ माटी-धोखा मिला : अखिलेश यादव

समृद्धि न्यूज



**लखनऊ।** समाजवादी पार्टी (सपा) अध्यक्ष अखिलेश यादव ने शुक्रवार को कहा कि भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) राज में आम जनता को विकास और सम्मान नहीं, बल्कि केवल माटी-धोखा ही मिला है।

उन्होंने कहा कि अब स्थिति हाता नहीं भाता से बहुत आगे निकल चुकी है और उपेक्षा तिरस्कार में बदल चुकी है, जिसे कोई भी स्वाभिमानी समाज सह नहीं सकता। यादव ने एक्स पर लिखा जब किसी समाज के सामने केवल दो विकल्प सत्ता या सम्मान बचे रह जाते हैं, तब स्वाभिमानी समाज हमेशा सम्मान को ही चुनता है। यह सच्चाई किसी एक समाज तक सीमित नहीं, बल्कि हर वर्ग और समुदाय पर समान रूप से लागू होती है। भाजपा किसी की सगी नहीं है और आज भाजपाई कहलाना एक नकारात्मक सामाजिक पहचान बनता जा रहा है। उन्होंने कहा कि भाजपा से जुड़े लोग अपने स्वार्थ के लिए पर्यावरण जैसी संवेदनशील धरोहरों से खिलवाड़ करते हैं, दोष-सिद्ध अपराधियों को संरक्षण और महिमामंडन देते हैं।

### मानक विहीन छटनी के विरोध में होगा सत्याग्रह

**लखनऊ ।** विद्युत संविदा मजदूर संगठन, उत्तर प्रदेश द्वारा श्रम कानूनों एवं वर्ष 2017 के निर्धारित मानकों का उल्लंघन कर की जा रही संविदा कर्मचारियों की निरंतर छंटनी के विरोध में 6 जनवरी 2026 को प्रदेश के सभी जनपदों में एकदिवसीय सत्याग्रह आयोजित किए जाने का निर्णय लिया गया है। मीडिया प्रभारी विमल चंद्र पांडे इस संबंध में संगठन की ओर से अध्यक्ष, उत्तर प्रदेश पावर कारपोरेशन लिमिटेड को विधिवत आंदोलन की नोटिस सौंप दी गई है। संगठन का कहना है कि बीते दो वर्षों में लगभग 25 हजार संविदा कर्मचारियों की छंटनी की जा चुकी है, जबकि कार्य का बोझ लगातार बढ़ता जा रहा है।

### नकारात्मक राजनीति का शिकार न बनें बीजेपी के जनप्रतिनिधि : पंकज

**लखनऊ।** भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष पंकज चौधरी ने भाजपा जनप्रतिनिधियों को आगाह किया है कि वे नकारात्मक राजनीति का शिकार न बनें। मीडिया में कथित रूप से प्रसारित भाजपा जनप्रतिनिधियों के संबंध में एक समाचार को लेकर भाजपा प्रदेश अध्यक्ष ने कहा है कि इस तरह का कोई भी कृत्य भाजपा के संविधान एवं आदर्शों के अनुरूप नहीं माना जाना चाहिये। भारतीय जनता पार्टी सिद्धांतों और आदर्शों पर आधारित राजनीतिक दल है। भाजपा और उसके कार्यकर्ता परिवार या वर्ग विशेष को लेकर राजनीति करने में विश्वास नहीं करते हैं। भाजपा प्रदेश अध्यक्ष पंकज चौधरी ने कहा कि पिछले दिनों विधानसभा सत्र के दौरान कुछ जनप्रतिनिधियों द्वारा विशेष भोज का आयोजन किया गया था जिसमें अपने समाज को लेकर चर्चा की गई।

### पंकज चौधरी ने की विधानसभा अध्यक्ष से भेंट



**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।** केंद्रीय वित्त राज्यमंत्री और भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष पंकज चौधरी कल विधानसभा पहुंचे। उन्होंने यूपी असेम्बली के स्पीकर सतीश महाना से भेंट की। लखनऊ स्थित विधान भवन में विधान सभा के अध्यक्ष सतीश महाना से शिष्टाचार भेंट करने के साथ ही विधानसभा का अवलोकन किया। पंकज चौधरी ने कहा कि स्पीकर के साथ हुए विचार-विमर्श में विधान सभा की ऐतिहासिक, लोकतांत्रिक एवं कार्यप्रणाली गत विशेषताओं को नजदीक से जानने का अवसर मिला। उत्तर प्रदेश विधान सभा न केवल लोकतंत्र का सशक्त मंदिर है बल्कि जनआकांक्षाओं, संवाद और निर्णयों का केंद्र भी है।

## क्रिसमस पर प्राणि उद्यान में उमड़ी भीड़, 7000 से अधिक दर्शकों ने किया भ्रमण

समृद्धि न्यूज

**लखनऊ।** क्रिसमस के अवसर पर प्राणि उद्यान में बड़ी संख्या में दर्शक पहुंचे। इस दिन 7000 से अधिक लोगों ने उद्यान का भ्रमण किया और उत्साहपूर्वक इस पर्व को मनाया।प्राणि उद्यान प्रशासन ने क्रिसमस के लिए विशेष व्यवस्थाएं की थीं।

मीडिया प्रभारी अनूप चतुर्वेदी ने बताया कि दोनों प्रवेश द्वारों पर पुरुष और महिला पुलिसकर्मी तैनात थे। प्रत्येक वन्यजीव बाड़े पर सुरक्षाकर्मी मौजूद थे। पीने के पानी और साफ-सफाई पर भी विशेष ध्यान दिया गया। निदेशक अदिति शर्मा, उप निदेशक डॉ. उत्कर्ष शुक्ला और क्षेत्रीय वनाधिकारी दिनेश बड़ोला ने स्वयं व्यवस्थाओं का जायजा लिया। उन्होंने कर्मचारियों को यह सुनिश्चित करने के निर्देश दिए कि दर्शकों को किसी प्रकार की असुविधा न हो। बच्चों और अन्य दर्शकों ने प्राणि उद्यान की बाल रेल का खूब आनंद लिया। बच्चे विभिन्न वन्यजीवों को देखकर उत्साहित हुए और बाल रेल की सैर को मनोरंजक बताया। पर्यटन विभाग के सहयोग से चिल्ड्रेन पार्क में लगाए गए नए झूलों पर भी बच्चों ने मस्ती की। इसके अतिरिक्त, दर्शकों ने बोटिंग पॉन्ड में पैडल बोटिंग का भी लुत्फ उठाया।मुख्य प्रवेश द्वार और डालीबाग प्रवेश द्वार के पास स्थित प्राणि उद्यान की पार्किंग पूरी तरह भरी हुई थी। दर्शकों ने दोनों गेटों पर पार्किंग सुविधा उपलब्ध होने पर संतोष व्यक्त किया। फूड कोर्ट में लोगों ने विभिन्न प्रकार के व्यंजनों का स्वाद चखा। शेर, जेब्रा, जिराफ और हिरण के मॉडलों के साथ तस्वीरें खिंचवाने का भी दर्शकों ने आनंद लिया।



## सर्व समाज उद्योग व्यापार मंडल के प्रतिनिधिमंडल व समाचार पत्र वितरक समिति ने रक्षा मंत्री से मुलाकात

समृद्धि न्यूज



**लखनऊ।** सर्व समाज उद्योग व्यापार मंडल के प्रतिनिधिमंडल व समाचार पत्र वितरक समिति के अध्यक्ष की रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह से भेंट की लखनऊ सर्व समाज उद्योग व्यापार मंडल के प्रतिनिधिमंडल ने समाचार पत्र वितरक समिति के अध्यक्ष के साथ रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह से शिष्टाचार भेंट की। यह भेंट महानगर प्रभारी सैयद फैजी के प्रयासों से संपन्न हुई।

प्रदेश अध्यक्ष आसिम मार्शल के नेतृत्व में प्रतिनिधिमंडल ने अकबरी गेट उद्योग व्यापार मंडल के शपथ ग्रहण समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में सम्मिलित होने का आमंत्रण पत्र सौंपा तथा समाचार पत्र वितरक समिति के अध्यक्ष प्रदीप वर्मा ने चौक क्षेत्र में बंद पड़े डिपो के निर्माण में आ रही बाधाओं का मुद्दा उठाया, जिस पर रक्षा मंत्री ने शीघ्र समाधान का आश्वासन दिया। रक्षा मंत्री ने बाहर होने के कारण कार्यक्रम में स्वयं उपस्थित होने में असमर्थता जताते हुए अपने प्रतिनिधिमंडल को शपथ ग्रहण समारोह में भेजने के निर्देश दिए तथा महानगर अध्यक्ष आनंद द्विवेदी को विशेष रूप से उपस्थित रहने को कहा।

इस अवसर पर संगठन के प्रतिनिधि मंडल में प्रदेश अध्यक्ष आसिम मार्शल, समाचार पत्र वितरक समिति के अध्यक्ष प्रदीप वर्मा, महानगर प्रभारी सैय्यद फैजी, महामंत्री राजेंद्र शर्मा पप्पू, साबिहा फातिमा, नूरुल हुदा, सत्यदेव राजपूत, रवि वर्मा, कृष्ण सिंह, अकबरीगेट के नव निर्वाचित अध्यक्ष फजल व अन्नू रहे ।

### उपलब्धि | नेशनल ग्रीवांस वर्कशॉप में साचीज को मिला सम्मान, मजबूत सॉफ्टवेयर सिस्टम से बढ़ी पारदर्शिता

# आयुष्मान के भुगतान व शिकायतों के निस्तारण में यूपी ने मारी बाजी

समृद्धि न्यूज



**लखनऊ।** मुख्यमंत्री योगी के नेतृत्व में प्रदेश स्वास्थ्य सेवाओं के क्षेत्र में लगातार नई उपलब्धियां हासिल कर रहा है। डबल इंजन सरकार की महत्वाकांक्षी योजना आयुष्मान भारत प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना के प्रभावी क्रियान्वयन में प्रदेश ने एक बार फिर देशभर में अपनी मजबूत उपस्थिति दर्ज कराई है।

प्रदेश ने योजना के दावों के त्वरित भुगतान, गंभीर बीमारियों के इलाज पर बढ़ते खर्च और शिकायतों के समयबद्ध निस्तारण में उल्लेखनीय प्रगति की है। इस उपलब्धि के लिए नेशनल ग्रीवांस वर्कशॉप में स्टेट हेल्थ एजेंसी साचीज को सम्मानित किया।साचीज की सीईओ अर्चना वर्मा ने बताया कि आयुष्मान भारत प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना दुनिया की सबसे बड़ी स्वास्थ्य बीमा योजना है। पात्र लाभार्थियों को प्रति परिवार प्रति वर्ष 5 लाख रुपये तक का कैशलेस इलाज उपलब्ध कराया जा रहा है। योजना को केवल एक सरकारी कार्यक्रम नहीं, बल्कि गरीबों और जरूरतमंदों के लिए जीवन रक्षक कवच के रूप में लागू किया गया है। एजेंसी में कार्यरत कोर टीम की संख्या भी बढ़ाई गई है, जिससे दावों की जांच और स्वीकृति में लगने वाला समय कम हुआ है। इसका सीधा लाभ मरीजों और अस्पतालों दोनों को मिल रहा है। गंभीर और उच्च-स्तरीय बीमारियों के इलाज में भी प्रदेश ने बड़ी प्रगति की है। 2024-25 में कार्डियोलॉजी, न्यूरोसर्जरी, ऑन्कोलॉजी, यूरोलॉजी, प्लास्टिक सर्जरी जैसी विशेषज्ञ सेवाओं के लिए कुल 894.1 करोड़ रुपये का भुगतान किया गया था।

#### सूचीबद्ध अस्पतालों को लगभग 2200 करोड़ का भुगतान

वर्तमान वित्तीय वर्ष जुलाई 2025 से अब तक प्रदेश में आयुष्मान योजना के तहत सूचीबद्ध अस्पतालों को लगभग 2200 करोड़ रुपये का भुगतान किया जा चुका है जबकि पिछले वित्तीय वर्ष 2024-25 में यह भुगतान करीब 1300 करोड़ रुपये था। एक वर्ष के भीतर दावों के भुगतान में लगभग दो गुनी वृद्धि दर्ज की गई है। यह वृद्धि न केवल योजना के बेहतर क्रियान्वयन को दर्शाती है, बल्कि यह भी साबित करती है कि अधिक से अधिक जरूरतमंद लोग योजना का लाभ उठा रहे हैं। योगी सरकार ने अस्पतालों को समय पर भुगतान सुनिश्चित करने के लिए अनुपूरक बजट में 1500 करोड़ रुपये की अतिरिक्त व्यवस्था भी की है। योगी सरकार के स्पष्ट निर्देश हैं कि स्वीकृत दावों का भुगतान 30 दिनों की निर्धारित समय-सीमा के भीतर किया जाए, ताकि निजी और सरकारी अस्पतालों को किसी प्रकार की वित्तीय परेशानी न हो और मरीजों को निर्बाध इलाज मिलता रहे। ऐसे में भुगतान प्रक्रिया को और अधिक तेज एवं पारदर्शी बनाने के लिए स्टेट हेल्थ एजेंसी साचीज द्वारा सॉफ्टवेयर सिस्टम को मजबूत किया गया है।

### अखण्ड आर्यावर्त आर्य महासभा के राष्ट्रीय अध्यक्ष ऋषि त्रिवेदी होंगे शामिल

**लखनऊ।** चेन्नई से शुरू हुई छतरी यात्रा का समापन कल शनिवार को रामनगरी अयोध्या में हो रहा है। इस यात्रा में अखण्ड आर्यावर्त आर्य त्रिदंडी महासभा के राष्ट्रीय अध्यक्ष ऋषि त्रिवेदी सहित संगठन के सैकड़ों कार्यकर्ता शामिल होंगे। संगठन मुख्यालय के कार्यालय प्रभारी प्रमोद त्रिवेदी के मुताबिक राष्ट्रीय अध्यक्ष ऋषि त्रिवेदी सहित कार्यकर्ताओं का दल कल सुबह सात बजे बिड़ला धर्मशाला अयोध्या के लिए रवाना होगा, जहां से हनुमान गढ़ी तक छतरी यात्रा निकाली जाएगी। पिछले कई सालों से निकाली जा रही यह यात्रा इस वर्ष भी चेन्नई से शुरू होकर वाराणसी होते हुए आज शुक्रवार देर शाम अयोध्या पहुंची, जो कल अपने अन्तिम पड़ाव में बिड़ला धर्मशाला से हनुमान गढ़ी पहुंच कर समाप्त होगी।

# हिन्दू संगठनों ने दी मजार हटा लेने की चेतावनी, नहीं तो होगा उग्र आंदोलन

- हिन्दू युवा संगठन के प्रदेश संरक्षक ने तीन दिन का दिया अल्टीमेटम
- पुवायां के गांव मरेना में एक वर्ष से चल रहा दो समुदायों के बीच विवाद
- हिन्दूवादी नेताओं के पहुंचने पर हरकत में आया पुलिस व प्रशासन



**पुवायां-शाहजहांपुर, समृद्धि न्यूज।**

एक वर्ष पूर्व मजार की जगह पर मुस्लिम समुदाय के लोगों ने मस्जिद बनाने के लिए दीवारेंजिसका हिन्दू संगठनों ने विरोध किया तो प्रशासन ने निर्माण कार्य रुकवा दिया था। उसके बाद गुरुवार को दोबारा मुस्लिम समुदाय के लोगों ने निर्माण कार्य शुरू कर दिया। जिसकी जानकारी पुलिस को हुई तो आनन फानन मौके पर पहुँचकर कार्य बंद करा दिया।

बाद में हिन्दू युवा संगठन उत्तर प्रदेश आ के प्रदेश संरक्षक राजेश अवस्थी को जानकारी हुई तो वहाँ सेकड़ो कार्यकर्ताओं के साथ मौके पर पहुँचे विवाद बढ़ता देख मौके पर सीओ, एसडीएम व तीन थानों की पुलिस मौके पर पहुँच गई। मामला शांत होने पर राजेश अवस्थी ने कहा कि तीन दिन में दीवारें तोड़ दे अन्यथा उग्र आंदोलन किया जाएगा।

बता दे की पिछले वर्ष मुस्लिम समाज के लोगो ने हिन्दू समाज की जगह पर जबरन मस्जिद की दीवार उठाकर उस पर लिंटर डाल दिया। जब छत्तरपाल श्रीवास्तव ने इसका विरोध किया तो निर्माण कार्य पुलिस ने बंद करा दिया गया था। जिसके बाद लगभग एक वर्ष बाद फिर से लिंटर खोलने व निर्माण कार्य की योजना बनाने लगे जब जानकारी छत्तर पाल श्रीवास्तव को हुई तो उसने विश्व हिन्दू परिषद के लोगो को सूचना दी जिसके बाद विश्व हिंदू परिषद के सदस्यों ने पुलिस को सूचना देकर हिंदू मुस्लिम विवाद होने की आंशका को लेकर पुलिस को सूचित किया इसके बाद पुलिस ने मौके पर पहुंचकर सीसीटीवी कैमरा लगवाये। जिसके चलते किसी भी प्रकार की घटना को रोका जा सके। लेकिन शुक्रवार की सुबह हिन्दू युवा संगठन उत्तर प्रदेश आ के प्रदेश संरक्षक राजेश अवस्थी मौके पर पहुँचे उनके पहुँचने के बाद एसडीएम चित्रा निर्बाल, सीओ प्रवीण मालिक, पुवायां कोतवाल रवि करन सिंह मौके पर पहुँचकर गए विवाद बढ़ता देख सीओ ने बण्डा, सिंधौली पुलिस को सूचना देकर घटना स्थल पर बुला लिया उसके बाद दोनों पक्षों को शांत किया। बाद में हिन्दू युवा संगठन के प्रदेश संरक्षक राजेश अवस्थी ने एसडीएम को चेतावनी दी कि तीन दिन में मजार तोड़वाई जाए अन्यथा मंगलवार को इसी जगह पर सुंदरकांड पाठ करके उग्र आंदोलन करेंगे जिसकी जिम्मेदारी शासन प्रशासन की होगी।

## अखंड हिन्दू वाहिनी ने बांग्लादेश के प्रधानमंत्री को फूंका पुतला

**पुवायां-शाहजहांपुर, समृद्धि न्यूज़।**



बांग्लादेश में हिंदू समुदाय पर हो रहे अत्याचारों एवं दीपू दास की निर्मम हत्या के विरोध में अखंड हिंदू वाहिनी संगठन ने इटौली चौराहे पर पुतला दहन किया गया। संगठन के जिला अध्यक्ष विमल मिश्रा ने बांग्लादेश मुर्दाबाद के नारे लगाएं। गुरुवार को अखण्ड हिन्दू वाहिनी के कार्यकर्ता पेट्रोल पंप, मोहम्मदी रोड, इटौली पर एकत्रित हुए, जहाँ से संगठित होकर इटौली चौराहे तक पहुंचे। इसके पश्चात बांग्लादेश सरकार के विरोध में प्रतीकात्मक पुतला दहन किया गया। इस अवसर पर वक्ताओं ने कहा कि बांग्लादेश में हिंदुओं पर हो रहे अत्याचार मानवाधिकारों का गंभीर उल्लंघन हैं और दीपू दास की हत्या अत्यंत निंदनीय है। अखंड हिंदू वाहिनी ने केंद्र सरकार एवं अंतर्राष्ट्रीय समुदाय से इस विषय में संज्ञान लेकर दोषियों के विरुद्ध कठोर कार्रवाई की मांग की। इस अवसर पर जिला उपाध्यक्ष प्रशांत मिश्रा जी, जिला मंत्री ब्रजेश पांडेय जी, संजीव कुमार, विपिन पंडित, विपुल मिश्रा, नितेश सचिन, अमित, अंशु, प्रमोद, सिद्धार्थ, लक्ष्मीकांत, मोहन, प्रांशु, केशव देव, गुड्डू आदि कार्यकर्ता उपस्थित है।

## खबरें एक नजर में

### संदिग्ध परिस्थितियों में फंदे से लटका मिला युवती का शव

**पुवायां-शाहजहांपुर, समृद्धि न्यूज।** क्षेत्र के गांव मरेना में एक युवती का शव कमरे में फंदे पर लटका मिला। जिसकी सूचना परिजनों ने पुलिस को दी सूचना पाकर पुलिस मौके पर पहुँची और शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। गुरुवार को दोपहर गांव मरेना निवासी राजाराम की 21 वर्षीय पुत्री लक्ष्मी देवी का शव कमरे के अंदर पंखे पर दुपट्टे से लटका मिला। काफी देर से कमरे से बाहर नही आई तो परिजनों ने कमरे में देखा कि लक्ष्मी का शव फंदे पर लटका देखा तो परिजन चीख पुकार करने लगे चीख पुकार सुनकर गांव के लोग एकत्रित हो गए। जिसके बाद परिजनों ने पुलिस को सूचना दी सूचना पाकर मौके पर पहुँची पुलिस ने शव को फंदे से नीचे उतरवाया। ओर शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। परिजनों से पुलिस ने मामले की जानकारी ली। ग्रामीणों में प्रेम प्रसंग की बाते चल रही है। कोतवाली प्रभारी रवि करन सिंह ने बताया है शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। मामले की जानकारी जांच की जा रही है।

### शिकायतों पर प्राथमिकता के आधार पर हो कार्रवाई : एसपी सिटी

**शाहजहांपुर, समृद्धि न्यूज।** एसपी राजेश द्विवेदी के निर्देशन में एसपी सिटी देवेंद्र कुमार द्वारा साइबर क्राइम सेल की समीक्षा की गई। उन्होंने समीक्षा के दौरान साइबर अपराधों की रोकथाम, प्राप्त शिकायतों के त्वरित एवं गुणवत्तापूर्ण निस्तारण, तकनीकी संसाधनों के प्रभावी उपयोग किए जाने के संबंध में चर्चा की। साइबर क्राइम सेल के अधिकारी व कर्मचारियों को निर्देशित किया कि आमजन से प्राप्त ऑनलाइन धोखाधड़ी एवं अन्य साइबर अपराधों से संबंधित शिकायतों पर प्राथमिकता के आधार पर त्वरित कार्यवाही सुनिश्चित की जाए। साथ ही साइबर अपराधों की रोकथाम को जनजागरूकता बढ़ाने एवं समन्वय के साथ कार्य करने के लिए भी आवश्यक दिशा–निर्देश दिए।

### थाना सेहरामऊ उत्तरी की चौकी सुल्तानपुर प्रभारी का तबादला

**सेहरामऊ उत्तरी, पीलीभीत, समृद्धि न्यूज।** कोतवाली पूरनपुर के थाना सेहरामऊ उत्तरी की सुल्तानपुर चौकी प्रभारी धर्मपाल सिंह का तबादला कर दिया गया है। पुलिस अधीक्षक ने चौकी प्रभारी धर्मपाल सिंह का पुलिस लाइन में तबादला किया है। और उनकी जगह अनिल कुमार सिद्धू को नए चौकी प्रभारी के रूप में नियुक्त किया गया है। पुलिसकर्मियों ने नए चौकी प्रभारी को बधाई दी है और उनके कार्यकाल में बेहतर काम करने की उम्मीद जताई है। नए चौकी प्रभारी अनिल कुमार सिद्धू का स्वागत करते हुए पुलिसकर्मियों ने कहा कि वे अपने अनुभव और ज्ञान का उपयोग करके क्षेत्र में कानून व्यवस्था बनाए रखने में मदद करेंगे। उन्होंने कहा कि नए चौकी प्रभारी के नेतृत्व में क्षेत्र में अपराध नियंत्रण और अपराधियों के खिलाफ कार्रवाई में और अधिक प्रभावी ढंग से काम किया जाएगा। पुलिस अधीक्षक ने कहा कि नए चौकी प्रभारी की नियुक्ति से क्षेत्र में पुलिस की कार्यप्रणाली में और अधिक सुधार होगा। उन्होंने कहा कि पुलिस विभाग का उद्देश्य क्षेत्र में शांति और सुरक्षा बनाए रखना है और नए चौकी प्रभारी इस दिशा में काम करेंगे।

### चार साहबजादों की शहीदी यादगार में भंडारे का आयोजन

**पूरनपुर, पीलीभीती, समृद्धि न्यूज।** गुरु गोबिंद सिंह जी के चार साहबजादों की शहीदी की याद में रधांवा मोबाइल शॉप पर भंडारे का आयोजन किया गया। इस अवसर पर बड़ी संख्या में श्रद्धालु उपस्थित हुए और साहबजादों की शहीदी को याद किया।गुरु गोबिंद सिंह जी के चार साहबजादे अजीत सिंह, जुझार सिंह, जोरावर सिंह और फतेह सिंह ने मुगलों के अत्याचार के खिलाफ धर्म और न्याय के लिए अपनी जान न्योछावर कर दी। बड़े साहबजादे (अजीत और जुझार) चमकौर के युद्ध में वीरगति को प्राप्त हुए, जबकि छोटे साहिबजादों (जोरावर और फतेह) को वज़ीर खान ने इस्लाम कबूल न करने पर दीवार में चुनवा दिया था। भंडारे में बड़ी संख्या में श्रद्धालु उपस्थित हुए और साहबजादों की शहीदी को याद किया। इस अवसर पर श्रद्धालुओं ने लांगर और प्रसाद ग्रहण किया और साहबजादों की याद में श्रद्धांजलि अर्पित की।

### शादी का झांसा देकर दुष्कर्म का आरोप, रिपोर्ट दर्ज

**खुटार, शाहजहांपुर, समृद्धि न्यूज।** खुटार थाना क्षेत्र के एक गांव निवासी युवती ने शादी का झांसा देकर शारीरिक संबंध बनाने और गर्भवती करने का आरोप लगाते हुए युवक के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराई है। पुलिस ने मामले को गंभीरता से लेते हुए जांच शुरू कर दी है।युवती ने पुलिस को दिए गए प्रार्थना पत्र में बताया कि मेरे गांव के एक व्यक्ति के मौसेरे साले का उसके घर आना–जाना था। इसी दौरान युवक ने उससे नजदीकी बढ़ाई और शादी करने का वादा किया। आरोप है कि पिछले करीब छह माह से युवक ने शादी का आश्वासन देकर उसके साथ शारीरिक संबंध बनाए।पीड़िता के अनुसार आरोपी युवक जनपद पीलीभीत के कस्बा पूरनपुर स्थित एक का गांव निवासी नीरज है। युवती का कहना है कि वह गर्भवती हो गई है, लेकिन आरोपी ने शादी करने से साफ इनकार कर दिया। घटना से आहत युवती 24 दिसंबर को अपने परिजनों के साथ खुटार थाने पहुंची और पुलिस को प्रार्थना पत्र देकर कार्यवाही की मांग की। गुरुवार को पुलिस ने प्रार्थना पत्र के आधार पर आरोपी नीरज के खिलाफ संबंधित धाराओं में अभियोग पंजीकृत कर दिया। पुलिस का कहना है कि मामले की जांच कर आवश्यक कार्रवाई की जाएगी।

### क्रिसमस डे का पर्व हर्ष व उल्लास के साथ मनाया

**रोजा–शाहजहांपुर, समृद्धि न्यूज।** रोजा जंक्शन चर्च कॉलोनी रेलवे कॉलोनी प्रेम नगर कॉलोनी आदि क्षेत्रों में क्रिसमस डे का पर्व हर्ष और उल्लास से मनाया गया। रोजा जंक्शन थाना क्षेत्र के चर्च कॉलोनी स्थित चर्च में सुबह से ही प्रार्थना के लिए लोगों की भीड़ एकत्र होने लगी थी। 10 :00 बजे चर्च के पादरी ने मुल्क के लिए दुआ की। प्रभु ईसा मसीह के संदेश पढे। इससे पूर्व बीती रात 12 :00 बजे पटाखे दगाकर कर लोगों ने खुशियां जाहिर की और जुलूस निकाला आया है। लोगों ने एक दूसरे को गले लगा कर बधाई दी और केक वितरित किया। बच्चों ने झूलों का लुफ्त उठाया और खेल खिलौने खरीदे महिलाओं ने चार्ट पकौड़ी का लुफ्त उठाया।

## महापौर ने पशु प्रजनन नियंत्रण केन्द्र व श्वान गृह का किया निरीक्षण

**शाहजहांपुर, समृद्धि न्यूज।**




महापौर अर्चना वर्मा व नगर आयुक्त डा.बिपिन कुमार मिश्रा द्वारा पशु प्रजनन नियंत्रण केन्द्र एवं श्वान गृह का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान केन्द्र की समस्त व्यवस्थाओं का अवलोकन किया गया। जिसमें स्वच्छता व्यवस्था, पशुओं के उपचार एवं देखभाल की सुविधाएं, चिकित्सकीय संसाधन, ऑपरेशन प्रक्रिया तथा समग्र संचालन प्रणाली शामिल रही। केन्द्र में उपचाराधीन पशुओं की स्थिति की समीक्षा की गई तथा उनके स्वास्थ्य, रख-रखाव, नियमित टीकाकरण एवं नसबंदी कार्यक्रम की प्रगति पर विशेष ध्यान दिया गया। पशुओं के साथ मानवीय एवं संवेदनशील व्यवहार किया जा रहा है या नही। महापौर ने इस संबंधित अधिकारियों को केन्द्र की कार्यप्रणाली को और अधिक प्रभावी, सुव्यवस्थित एवं पारदर्शी बनाने हेतु आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। स्वच्छता मानकों का पालन, दवाओं की उपलब्धता, प्रशिक्षित स्टाफ की उपस्थिति तथा पशुओं की निरंतर स्वास्थ्य निगरानी सुनिश्चित करने पर जोर दिया। पशु प्रजनन नियंत्रण कार्यक्रम को निर्धारित मानकों के अनुसार संचालित किया जाए, जिससे आवारा श्वानों की संख्या को वैज्ञानिक एवं मानवीय दृष्टिकोण से नियंत्रित किया जा सके और आमजन को सुरक्षित एवं स्वस्थ वातावरण उपलब्ध हो।

## गुरुद्वारे में बच्चों को साहिबजादों की वीरता का सुनाया गया इतिहास

- वीर बाल दिवस के अवसर पर प्रेरणादायी बाल पथ संचलन का आयोजन

**पुवायां-शाहजहांपुर, समृद्धि न्यूज।**



वीर बाल दिवस के अवसर पर राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ द्वारा एक प्रेरणादायी एवं देशभक्ति से ओत-प्रोत बाल पथ संचलन का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम का उद्देश्य साहिबज़ादों की वीरता, बलिदान एवं राष्ट्रभक्ति से नई पीढ़ी को अवगत कराना है। कार्यक्रम का शुभारंभ दीप प्रज्वलन एवं भारत माता की वंदना के साथ शुरू हुआ। इस अवसर पर मुख्य अतिथि बलदेव सिंह ने अपने संबोधन में कहा कि ÷वीर बाल दिवस हमें कम उम्र में भी अद्वितीय साहस, दृढ़ संकल्प और देश के लिए सर्वोच्च बलिदान देने की प्रेरणा देता है।÷बाल पथ संचलन कार्यक्रम के दौरान स्वयंसेवकों द्वारा नगर भ्रमण किया गया। सभी बाल स्वयंसेवकों ने पूरी ऊर्जा के साथ पूरे नगर में भ्रमण किया। सभी स्वमसेवकों ने साहिबज़ादों के शौर्य और त्याग को प्रभावशाली रूप में प्रस्तुत किया गया। जिला संघचालक गोपीनाथ ने कहा कि ऐसे कार्यक्रम बच्चों में नैतिक मूल्यों, देशप्रेम एवं कर्तव्यबोध को विकसित करने में सहायक होते हैं।कार्यक्रम के अंत में सभी ने राष्ट्र की एकता और अखंडता बनाए रखने का संकल्प लिया। इस बीच गुरुद्वारे के सेवादारों द्वारा वीर बाल दिवस का इतिहास बताया जिसमें कहा कि गुरु गोबिंद सिंह जी सिख धर्म के महान गुरु थे. उन्होंने खालसा पंथ की स्थापना की और अन्याय के खिलाफ खड़े होने का संदेश दिया। उनके चार पुत्र थे- साहिबजादा अजित सिंह, साहिबजादा जुझार सिंह, साहिबजादा जोरावर सिंह और साहिबजादा फतेह सिंह।

### वीर बाल दिवस का महत्व

वीर बाल दिवस हमें यह सिखाता है कि साहस उम्र का मोहताज नहीं होता. गुरु गोबिंद सिंह जी के साहिबजादों ने यह दिखा दिया कि सच्चाई और आत्मसम्मान के लिए खड़े होना सबसे बड़ा धर्म है. यह दिन केवल सिख समाज के लिए नहीं, बल्कि पूरे देश के लिए प्रेरणा का प्रतीक है. यह बच्चों को ईमानदारी, निडरता और बलिदान का महत्व समझाता है.कार्यक्रम में गुरुद्वारा कमेटी के पदाधिकारी उपकार सिंह, गुरुमीत सिंह, रणजीत सिंह, गुरुदेव सिंह, हरजीत सिंह, भूपिंदर सिंह, हरभजन सिंह इसके अलावा राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के कार्यकर्ताओं में सह जिला व्यवस्था प्रमुख कमलेश,नगर कार्यवाह संतोष,नगर प्रचार प्रमुख राजीव शर्मा,सह कार्यवाह अंकुर ,नगर प्रचारक विश्वजीत एवं पंच प्यारे के रूप में सजे बाल स्वयंसेवक, शिक्षकगण, विद्यार्थी, अभिभावक एवं गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे।

## संकल्प संस्था ने अटल जी को किया याद

**शाहजहांपुर, समृद्धि न्यूज।**



संकल्प भारत शोध न्यास द्वारा पूर्व प्रधानमंत्री भारत रत्न अटल बिहारी वाजपेयी के जन्म शताब्दी के अवसर पर पुष्पांजलि सभा का आयोजन किया गया। संस्था के सभी पदाधिकारियों ने अटल जी के चित्र पर पुष्प अर्पित कर अटल जी को श्रद्धांजलि दी। संस्था की जिलाध्यक्ष काजल यादव ने कहा कि अटल जी का जीवन स्वयं में युवाओं के लिए प्रेरणा का श्रोत है। विपक्ष में रहते हुए भी देश के आम जन मानस के हृदय में जगह बनाना और फिर देश का तीन बार नेतृत्व करना विरले ही कर पाते हैं।

राजनैतिक नैतिकता और मर्यादाओं को समझने वाले व्यक्ति थे अटल जी।पोखरण में परमाणु परीक्षण उनके काल का स्वर्णिम अध्याय था। सचिव ललित हरि मिश्रा ने बताया कि वर्ष 1977 में संयुक्तराष्ट्र में हिंदी में भाषण देना और परमाणु निशस्त्रीकरण और आतंकवाद जैसे मुद्दे पर दुनिया को आगाह करना अटल जी के महान व्यक्तित्व को दिखाता है।

संस्था के संस्थापक डॉ. स्वप्निल यादव ने बताया कि एक कवि हृदय व्यक्ति जब राजनीति में आता है तो वह कोमल हृदय वाला व्यक्तित्व होता है और दिल का साफ भी। अटल जी का जीवन कुछ ऐसा ही था जिसने सभी विरोधियों के हृदय में जगह बनाई, व्यक्ति चाहे किसी पार्टी का हो लेकिन उसके हृदय में एक कोना अटल जी का जरूर होता था। कार्यक्रम में जाहिद आलम, शिवम कुमार, सुमित कुमार, विनय कुमार, नासिर खान, रोहन सक्सेना, अजय वर्मा, शोभित, ओमेंद्र आदि उपस्थित रहे।

### प्रशिक्षण प्रमुख ने एकल विद्यालय का रखा स्वरूप

**पुवायां-शाहजहांपुर, समृद्धि न्यूज।** शुक्रवार को उद्घाटन सत्र में मुख्य वक्ता के रुप में रामदास भाग प्रशिक्षण प्रमुख ने एकल विद्यालय का स्वरूप रखा। जिसमें उपस्थित मुख्य अतिथि के रूप में अभिनव जिला प्रचारक ने एकल विद्यालय के आचार्य भाई, बहनो की बड़ी सराहना की और सभी आचार्य भाई बहनों का उत्साह वर्धन करते हुए समाज मे समरसता बढ़ाने व ग्रामीण क्षेत्र में शिक्षा को अग्रसर करने के लिए सभी आचार्य भाई बहनों का मार्गदर्शन किया। अंचल अभियान राजकुमार अंचल गतिविधि प्रमुख ज्योतिष संच निगोही संच समिति अध्यक्ष राजा भैया, सर्वोदय इंटर कॉलेज के प्रधानाचार्य वीरपाल सिंह ने सभी आचार्यों को एकल अभियान को आगे बढ़ाये और आशीर्वाद दिया। अंचल कार्यालय प्रमुख अमित कुमार ने वर्ग का संचालन किया एवं संच प्रशिक्षक सुशील कुमार, राजकुमार, अवनीश व समस्त आचार्य भाई बहन उपस्थित रहे।

## महान स्वतन्त्रता संग्राम सेनानी व क्रान्तिकारी थे ऊधम सिंह



**शाहजहांपुर, समृद्धि न्यूज।**

सरदार पटेल हिंदू इंटर कॉलेज में शहीद उधम सिंह की 126वीं जयंती पर गोष्ठी का आयोजन किया गया। गोष्ठी को संबोधित करते हुए प्रधानाचार्य संजय कुमार कपूर ने कहा कि ऊधम सिंह भारत के महान स्वतन्त्रता संग्राम सेनानी एवं क्रान्तिकारी थे जिन्होंने जलियांवाला बाग कांड के समय पंजाब के गर्वनर जनरल रहे माइकल ओ' ड्वायर को लन्दन में जाकर गोली मारी थी। इतिहास प्रवक्ता राम सिंह ने कहा कि सरदार उधमसिंह देश में सर्वधर्म समभाव के प्रतीक थे और इसीलिए उन्होंने अपना नाम बदलकर 'राम मोहम्मद सिंह आजाद' रख लिया था जो भारत के तीन प्रमुख धर्मों का प्रतीक है।

अंग्रेजी प्रवक्ता ज्वाला प्रसाद ने कहा कि 13 मार्च 1940 को उधम सिंह ने लंदन के कैक्स्टन हाल में जलियांवाला बाग हत्याकांड का बदला लिया गोष्ठी में प्रवक्ता बुधपाल सिंह, विजय मस्ताना, कृष्ण कुमार गंगवार हर्षित, नितिन आदि मौजूद रहे।

## सड़क के किनारे गड्ढों से हादसे की आशंका



**मदनापुर-शाहजहांपुर समृद्धि न्यूज।**

मदनापुर बुधवाना मार्ग पर गांव सिकंदरपुर कलां के नजदीक रोड़ पर स्थित बनी पक्के पुलिया के पास सड़क के दोनों किनारे की मिट्टी धंस जाने से वहां करीब 3 फुट से ज्यादा गहरे गड्ढे हो गए हैं। गड्ढों का भराव नहीं किए जाने से वहां कभी भी कोई हादसा हो सकता है। बता दें कि सड़क के आसपास बसे तमाम गांवों के लोग मदनापुर से गढ़िया रंगीन और जलालाबाद जाने के लिए इसी मार्ग का प्रयोग करते हैं। रात में में सड़क दिखाई नही देती। ऐसे में यह गड्ढे वाहनो के पलटने की वजह बन सकते हैं। क्षेत्रवासियों ने प्रशासन से पुलिया के पास सड़क के गड्ढे जल्द बंद कराने की मांग की है।

### सीएम योगी से मिले रचित व विनायक



**शाहजहांपुर, समृद्धि न्यूज।** पुवायां के कैम्ब्रिज कान्वेंट स्कूल के निदेशक डा. रचित अग्रवाल और विनायक अग्रवाल मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से उनके लखनऊ स्थित आवास 5 कालिदास मार्ग पर शिष्टाचार भेंट कर उनका स्नेह, आशीर्वाद एवं मार्गदर्शन प्राप्त किया। उन्होंने बताया यह उनके जीवन का एक प्रेरणादायक क्षण रहा। इस अवसर पर राज्य मंत्री संजय सिंह गंगवार का भी सानिध्य प्राप्त हुआ।

## चेकिंग के दौरान फर्जी नंबर की कार से तमंचा बरामद, रिपोर्ट दर्ज

**खुटार, शाहजहांपुर समृद्धि न्यूज।**



खुटार बुधवार शाम वाहन चेकिंग के दौरान खुटार बंडा रोड स्थित फ्लाई ओवर सौंफरी गांव के पहले। थाना खुटार के पुलिस कर्मियों के द्वारा चेकिंग की जा रही थी जिसमें पुलिस को वैगनआर कार आती हुई दिखाई दे जिसको रोक कर खुटार पुलिस ने द्वारा सघन चेकिंग की गई तो वाहन चालक कोई भी सही कागजात नहीं दिखा पाया सही कागजात न होने के चलते खुटार पुलिस के द्वारा कार्रवाई करते हुए कार को सीज कर दिया गया। कार की तलाशी लेने पर उसमें से अवैध 315 बोर का तमंचा मय दो जिंदा कारतूस बरामद हुआ। पूछताछ में कार चालक ने अपना नाम लव भदोरिया निवासी गांव मलिका बताया पुलिस के द्वारा गहनता से जब जांच की गई तो पता चला कि कार का नंबर भी फर्जी है जो की 14 साल से फर्जी नंबर प्लेट लगाकर चलाया जा रहा था। साथ ही साथ फर्जी नंबर प्लेट पर उत्तर प्रदेश सचिवालय भी लिखाया गया था उसके बाद खुटार पुलिस के द्वारा कार चालक लव भदोरिया को थाना खुटार लाकर जब कड़ाई से पूछताछ की गई तो उसने बताया कि कर के नंबर प्लेट में सचिवालय इसलिए लिखवाया गया था कि वाहन चेकिंग के दौरान उसकी कार को रोका न जाए। पुलिस ने कार को सीज की कार्यवाही करते हुए कार चालक पर गंभीर धाराओं में अभियोग पंजीकृत कर गुरुवार को माननीय न्यायालय के समक्ष पेश किया जहां से उसे जेल भेज दिया गया।

## राष्ट्रीय गौ रक्षक संघ ने बांग्लादेश के प्रधानमंत्री का फूंका पुतला

- मौन रखकर दीपू चंद्रदास को दी श्रद्धांजलि

**तिलहर – शाहजहांपुर, समृद्धि न्यूज।**



कोतवाली क्षेत्र के नेशनल हाईवे स्थित द कपिल वे होटल से पदयात्रा निकालकर राष्ट्रीय गौ रक्षक संघ ने शहीद कुटी पर बांग्लादेश का विरोध जताते हुए प्रधानमंत्री मो युनुस का पुतला दहन किया किया ।

विरोध प्रदर्शन में महिला शक्ति की भी खासी सहभागिता रही। गुरुवार दोपहर नेशनल हाईवे स्थित द कपिल वे पर राष्ट्रीय गौ रक्षक संघ के प्रदेश अध्यक्ष पंडित अजीत शर्मा के नेतृत्व में तमाम समर्थक बांग्लादेश में हिंदुओं के साथ हो रहे अत्याचार के विरोध में एकत्र हुए। यहां से पदाधिकारियों व कार्यकर्ताओं की विरोध पद यात्रा शुरू हुई । जो कोतवाली के सामने स्थित शहीद कुटी पहुंचकर एक सभा में परिवर्तित हो गई। और बंगलादेश के खिलाफ जमकर नारेबाजी करते हुए आक्रोशित गौ रक्षकों ने बांग्लादेश के प्रधानमंत्री मो युनुस के पुतले को पीटते हुए आग के हवाले कर दिया। प्रदेश अध्यक्ष ने इस दौरान बांग्लादेश में हिंदुओं के साथ हो रहे अत्याचार पर नाराजगी जताते हुए कहा कि बांग्लादेशी सरकार कट्टरपंथियों को संरक्षण देने से बाज आए। संघ की महिला प्रकोष्ठ की प्रदेश उपाध्यक्ष अमृता सिंह ने भारत सरकार से बांग्लादेश में कट्टरपंथियों के द्वारा किए जा रहे हिंदू समुदाय पर हमले तत्काल रुकवाने की मांग की। उन्होंने कहा कि मोदी सरकार विश्व पटल पर बांग्लादेश में हो रहे अत्याचारों को उठाएं। इस मौके पर संघ के मंडल उपाध्यक्ष अमर सिंह , मंडल मीडिया प्रभारी प्रमोद गंगवार, जिला महामंत्री अनुज द्विवेदी, नगर अध्यक्ष कृष्णा गंगवार, नगर उपाध्यक्ष अभिजीत सिंह, महिला प्रकोष्ठ प्रदेश उपाध्यक्ष अमृता सिंह, मंडल उपाध्यक्ष रीना सक्सेना, जिला अध्यक्ष मालती राठौर, सूर्या शर्मा, प्रीति खत्री समेत तमाम कार्यकर्ता मौजूद रहे।

## बहुत जल्द संगठन को मिलेगी मान्यता : मंगरे

- बेसिक शिक्षक संघ की त्रैमासिक बैठक संपन्न

**शाहजहांपुर, समृद्धि न्यूज।**

पूर्व निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार प्रांतीय अनुसूचित जाति, जनजाति बेसिक शिक्षक संघ जनपद शाहजहांपुर की कार्य समिति की त्रैमासिक बैठक संयोगिता मैरिज लॉन लोधीपुर में आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता जिला अध्यक्ष अजय वर्मा ने की तथा संचालन जिला महामंत्री विनोद कुमार ने किया।

बैठक को संबोधित करते हुए प्रांतीय बरिष्ठ मगरे लाल ने बताया संगठन को मजबूत करने के लिए प्रत्येक ब्लॉक से अध्यक्ष और मंत्री को बैठक में प्रतिभाग करना बहुत ही आवश्यक है।

प्रदेश महामंत्री विश्राम सिंह ने कहा जिले की कार्य समिति की बैठक तीन माह में प्रत्येक दशा में होनी आवश्यक है। जिसमें ब्लॉक के अध्यक्ष मंत्री तथा जनपद के समस्त पदाधिकारी की उपस्थिति अति आवश्यक है और यह भी बताया कि संगठन को मान्यता दिलवाने का प्रयास जारी है बहुत ही शीघ्र शासन द्वारा संगठन को मान्यता दिलवाने का कार्य किया जाएगा। प्रांतीय मीडिया प्रभारी ब्रजेश कुमार जी ने बताया किसी भी संगठन को ऊंचाई पर ले जाने के लिए अनुशासन और समयबद्धता बहुत जरूरी है। जिस संगठन के अंतर्गत अनुशासन और समयबद्धता नहीं है वह संगठन कभी आगे नहीं बढ़ सकता, अमर सिंह ने ब्लॉक स्तर पर मासिक बैठक लगाने का सुझाव दिया जिसमें जनपद से प्रतिनिधि के रूप में कम से कम दो पदाधिकारियों की ब्लॉक की बैठक में उपस्थिति होनी चाहिए। लालमन गौतम ने बताया संगठन को मजबूती प्रदान करने के लिए आपसी तालमेल बहुत आवश्यक है यदि आपस में तालमेल नहीं है तो संगठन मजबूती से कार्य नहीं कर सकता तथा मार्च माह में एक बड़ी बैठक आयोजित करने का सुझाव दिया। उक्त बैठक में मगरेलाल, विश्राम सिंह, सियाराम दिनकर, ब्रजेश कुमार, हरिशंचंद्र आनंद, अजय वर्मा, विनोद सम्राट, अमर सिंह, विनोद कुमार, लालमान गौतम, डेगपाल, राम औतार, नरोत्तम सिंह, संतोष कुमार, जय करन, महेंद्रपाल कठेरिया, नीरज वर्मा, संजीव कुमार, मलखान सिंह, सुधीर, कुमार, धर्मेंद्र कुमार, राजीव वर्मा, योगेश कुमार दिनेशपाल सिंह, कमलेश निगम, अशोक, सुधीर कुमार त्रिभुवन नाथ, रमेश चंद अखिलेश गौरव, अरविंद वर्मा, व्यास मुनि, रमेश चंद्र, खुशीराम, वेदपाल सुमन, अतुल कुमार, गौरव कुमार त्रिलोकचंद्र, जागेश्वर लाल, रितेन्द्र कुमार, कमलेश निगम आदि लोग उपस्थित रहे।

# कैफे-रेस्टोरेंट व ढाबों में बंद केबिन, कमरे बनाने व पर्दे लगाने पर होगा एक्शन : डीएम

शाहजहांपुर, समृद्धि न्यूज।

- डीएम ने दिए किचन में गंदगी पाए जाने पर प्रतिष्ठान सीज़ करने के निर्देश
- 15 जनवरी तक दुकानों पर अनिवार्य रूप से सीसीटीवी लगाने का आदेश




जिला स्तरीय सतर्कता समिति की त्रैमासिक बैठक डीएम धर्मेन्द्र प्रताप सिंह की अध्यक्षता में बिस्मिल सभागार कलेक्ट्रेट में सम्पन्न हुई। सहायक आयुक्त खाद्य द्वारा विभागीय संरचना, खाद्य सुरक्षा एवं मानक अधिनियम के अंतर्गत गत एवं वर्तमान वर्ष की उपलब्धियों पर जानकारी दी गई। साथ ही आमजन को सुरक्षित एवं शुद्ध खाद्य एवं पेय पदार्थ उपलब्ध कराए जाने को आवश्यक बिंदुओं पर विचार-विमर्श किया गया।

डीएम द्वारा वित्तीय वर्ष 2025-26 के अंतर्गत सितंबर एवं अक्टूबर माह में खाद्य सुरक्षा अधिकारियों द्वारा किए गए निरीक्षण, छापों एवं नमूना संग्रह की समीक्षा की गयी। निरीक्षण एवं छापों की संख्या में और वृद्धि की जाए। रेस्टोरेंट, ढाबा, मिठाई एवं बेकरी प्रतिष्ठानों का नियमित और गहन निरीक्षण किए जाने पर बल दिया। ऐसे प्रतिष्ठानों में किचन में कॉकरोच, चूहा आदि घूमते मिलने पर मानक के अनुरूप कार्य न करने वाले प्रतिष्ठानों को सीज़ करने तथा पुनः गलती पाए जाने पर स्थायी रूप से बंद करने के निर्देश दिए। साथ ही कैफे,रेस्टोरेंट व ढाबों में बंद केबिन, कमरे न बनाए जाने तथा पर्दे भी लगाए जाने के सख्त निर्देश दिए। डीएम ने निर्देश दिए कि जो दुकानदार ऑर्गेनिक खाद्य पदार्थ बाताकर बेचने वालो की सैंपलिंग कराई जाए।

उन्होंने नगर में टीम के साथ रेस्टोरेंट एवं कैफे की हाइजीन कंडीशन, किचन स्वच्छता मानक की जांच करने तथा निरीक्षण के दौरान फोटोग्राफ प्रस्तुत करने के निर्देश दिए। किचन में गंदगी पाए जाने पर प्रतिष्ठान सीज़ करने तथा दोबारा गलती पाए जाने पर कड़ी कार्रवाई के निर्देश दिए। डीएम ने खाद्य सुरक्षा अधिकारियों द्वारा बॉडीवार्न कैमरों का नियमित उपयोग न करने पर नाराजगी व्यक्त की तथा सभी निरीक्षण में बॉडीवार्न कैमरों की निगरानी करने के सख्त निर्देश दिए। अनुपालन न होने पर सख्त कार्रवाई की चेतावनी दी गई। प्रयोगशाला से प्राप्त नमूनों की जांच रिपोर्ट का नियमानुसार समय से निस्तारण करने के निर्देश दिए गए। साथ ही मसालों की खुली बिक्री प्रतिबंधित होने के कारण व्यापारियों को जागरूक करने एवं विशेष निरीक्षण करने पर जोर दिया। ऐसे खाद्य नमूनों के मामलों में, जिनका परिणाम मानव स्वास्थ्य के लिए हानिकारक हो, विशेष सतर्कता बरतते हुए प्रभावी कार्रवाई के निर्देश दिए गए।

खाद्य लाइसेंस एवं पंजीकरण के संबंध में जिलाधिकारी ने निर्देश दिए कि व्यापारियों के टर्नओवर के आधार पर उचित श्रेणी में लाइसेंस व पंजीकरण किया जाए। आवश्यकता पड़ने पर व्यापारियों के सहयोग से तहसील स्तर पर कैंप आयोजित कर लाइसेंस एवं रजिस्ट्रेशन की कार्यवाही सुनिश्चित की जाए। औषधि निरीक्षक को निर्देश दिया गया कि औषधि लाइसेंस की ऑनलाइन व्यवस्था विकसित की जाए, जिससे व्यापारियों का शोषण रोका जा सके। साथ ही उन्हें बॉडीवार्न कैमरा उपलब्ध कराते हुए निरीक्षण के दौरान उसका अनिवार्य उपयोग करने तथा फोटोग्राफ प्रस्तुत करने के निर्देश दिए। नारकोटिक औषधियों की जांच तेज करने, 15 जनवरी तक सभी दुकानों पर अनिवार्य रूप से सीसीटीवी कैमरे लगाने तथा लगभग 15 दिन का बैकअप रखने के निर्देश दिए। ऐसे दवा व्यापारियों के विरुद्ध सघन कार्रवाई के भी निर्देश दिए गए, जिनके पारिवारिक सदस्य अवैध रूप से नारकोटिक औषधियों के व्यापार में संलिप्त पाए जाते हैं।

# ई-रिक्शा में छह से अधिक स्कूली बच्चे मिलने पर होगा सीज : जिलाधिकारी



- डीएम की अध्यक्षता में जिला सड़क सुरक्षा समिति की बैठक सम्पन्न

**शाहजहांपुर, समृद्धि न्यूज।** डीएम धर्मेंद्र प्रताप सिंह की अध्यक्षता व एसपी राजेश द्विवेदी की उपस्थिति में कलक्ट्रेट बिस्मिल सभागार में जिला सड़क सुरक्षा समिति बैठक की गई। बैठक में पिछले एक वर्ष के दौरान हुई 418 सड़क दुर्घटनाओं पर गहन समीक्षा की गई। डीएम ने लोक निर्माण विभाग, ट्रैफिक पुलिस, टीएसआई एवं एआरटीओ को निर्देश दिए कि सभी दुर्घटनाओं का एक सप्ताह के भीतर ऑडिट कराया जाए तथा भविष्य में ऐसी घटनाओं की पुनरावृत्ति रोकने हेतु प्रभावी उपाय सुनिश्चित किए जाएं। उन्होंने कहा कि किसी विभाग की लापरवाही से दुर्घटना होने पर संबंधित अधिकारी के विरुद्ध कड़ी कार्रवाई की जाएगी। स्कूली बच्चों को ले जाने वाले ई-रिक्शा में छह से अधिक बच्चों के पाए जाने पर रिक्शा को तत्काल सीज किया जाए। साथ ही मुख्य विकास अधिकारी एवं मुख्य पशु चिकित्सा अधिकारी को राष्ट्रीय राजमार्ग, राज्य मार्ग तथा प्रमुख सड़कों की लिस्टिंग कराने के निर्देश दिए। राष्ट्रीय एवं राज्य मार्गों पर निराश्रित पशु पाए जाने पर संबंधित खंड विकास अधिकारी एवं नगर निकायों के अधिशासी अधिकारियों के विरुद्ध कार्रवाई सुनिश्चित की जाएगी। जहां-जहां निराश्रित पशु पकड़े जाएं, वहाँ चूने का छिड़काव कराया जाए, ताकि पशु पुनः वहां न लौटें। आबकारी विभाग को निर्देशित किया गया कि एनएच एवं एसएच मार्गों से 200 मीटर परिधि के बाहर ही शराब की दुकानों का संचालन हो। प्रत्येक दुकान पर केवल छोटा बोर्ड लगाया जाए, अनधिकृत प्रचार-प्रसार न किया जाए तथा सभी दुकानों में सीसीटीवी कैमरे अनिवार्य रूप से लगाए जाएं। एआरटीओ को बसों एवं डबल डेकर बसों की फिटनेस की जांच स्वयं करने के निर्देश दिए। गैस सिलेंडर एवं अन्य ज्वलनशील पदार्थ लेकर किसी भी वाहन को न चलने दिया जाए। सभी वाहन एवं रिक्शा चालकों का पुलिस सत्यापन कराया जाए तथा सत्यापन रिपोर्ट वाहनों पर चस्पा की जाए। नगर निगम एवं निकायों को बस तथा ई-रिक्शा स्टैंड के लिए उपयुक्त स्थान चिन्हित करने के निर्देश दिए गए। साथ ही सड़कों से निर्धारित दूरी पर वेडिंग जोन बनाए जाने की बात कही गई। उन्होंने कहा कि सड़कों पर आवश्यकता अनुसार सफेद पट्टियां, संकेतक, रिफलेक्टर, साइन बोर्ड और स्पीड ब्रेकर आदि सभी सुरक्षात्मक कार्य पूर्ण होने चाहिए। नेशनल हाईवे पर टोल प्लाजा से सड़क सुरक्षा संबंधी लगातार एनाउंसमेंट कराने तथा रात्रि के समय सभी लाइटें जलती रहने के निर्देश दिए गए। साथ ही मार्गों पर बने गड्ढों को तत्काल भरवाए जाने पर बल दिया गया। खानन अधिकारी को बिना नंबर प्लेट वाले डंपरों के संचालन पर प्रतिबंध लगाने और सभी वाहनों में रिफ्लेक्टर अनिवार्य रूप से लगाने के निर्देश दिए गए। प्रमुख मार्गों के अस्पतालों में ट्रॉमा सेंटर संचालन हेतु अस्पतालों का चिन्हांकन करने को कहा गया।

जिला गन्ना अधिकारी को निर्देशित किया कि गन्ना लदे वाहनों के पीछे लाल कपड़ा अवश्य लगा हो तथा बिना सुरक्षा मानक के ऐसे वाहनों को चीनी मिलों में प्रवेश न दिया जाए। उन्होंने बताया कि 1 जनवरी से 31 जनवरी तक संचालित होने वाले यातायात माह में जागरूकता कार्यक्रमों में आपदा मित्र और एनसीसी के छात्रों को शामिल किया जाएगा। नगर पालिका एवं नगर पंचायत क्षेत्रों में जागरूकता संबंधी होर्डिंग प्रतियोगिता आयोजित कराने के भी निर्देश दिए गए। जिला पूर्ति अधिकारी को नो हेलमेट नो फ्यूल नियम का कड़ाई से पालन कराने के निर्देश दिए गए। प्रत्येक पेट्रोल पंप पर सीसीटीवी कैमरों में कम से कम एक सप्ताह का बैकअप सुरक्षित रहे, साथ ही निःशुल्क शौचालय और पेयजल की उपलब्धता सुनिश्चित करने को कहा गया।

यातायात माह के दौरान सभी उप-जिलाधिकारी अपने-अपने क्षेत्रों में भ्रमण कर नियमों के पालन की निगरानी करेंगे। इमरजेंसी केयर से संबंधित क्रेन, एंबुलेंस, कटर मशीन आदि उपकरणों की उपलब्धता सुनिश्चित करने के भी निर्देश दिए गए। बैठक में नगर आयुक्त डा. विपिन कुमार मिश्र, सीडीओ डा. अपराजिता सिंह, सीएमओ डा. विवेक कुमार मिश्रा, एडीएम प्रशासन रजनीश कुमार मिश्र, एसपी सिटी देवेंद्र कुमार, एआरटीओ सर्वेश कुमार सिंह सहित लोक निर्माण विभाग एवं अन्य संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे।

## खबरें एक नजर में

### कांग्रेसियों ने एसडीएम को सौंपा ज्ञापन



**समृद्धि न्यूज, जलालाबाद-शाहजहांपुर।** कांग्रेस जिलाध्यक्ष रजनीश गुप्ता के नेतृत्व में जलालाबाद विधानसभा की जनहित की विभिन्न समस्याओं को लेकर जोरदार धरना प्रदर्शन कर एक ज्ञापन एसडीएम जलालाबाद को सौंपा। जिसमें नगर पंचायत आल्हागंज को नगर पालिका का दर्जा दिए जाने व रोड़वेज बस अड्डे का सौंदर्यकरण करवाने,जलालाबाद नगर में गंदे पानी की निकासी,मिर्ज़ापुर में बंद पड़े आईटीआई कॉलेज को शिक्षकों की नियुक्ति कर संबंधित कोर्स तत्काल चालू किए जाने, जलालाबाद प्रेमकिशन खन्ना डिग्री कॉलेज में बीएससी, एलएलबी आदि कोर्स की कक्षाएं प्रारंभ किए जाने, कैमूआ चीनी मिल का निर्माण कराकर उसको संचालित किए जाने जिससे क्षेत्र के युवाओं को रोजगार मिल सके, वार्ड निजामनगर, नवीनगर में पानी सप्लाई बंद कर रिबोरिंग कराए जाने, सीएचसी पर ट्रामा सेंटर व ब्लड बैंक की स्थापना, मां टिकोला देवी पुल पर पत्थर लगाए जाने जिससे कि रोड का अस्तित्व बना रहे एवं पुल के आगे की पुलिया ऊंची बनाई जाए, मंदिर के पास पुलिस चौकी, जलालाबाद चौराहे पर ट्रैफिक लाइट,ग्राम डूडी जदीद की सरकारी जमीन कब्जा मुक्त कराए जाने की मांग की तथा शीघ्र निस्तारण की मांग की जिस पर एसडीएम ने शीघ्र कार्यवाही की आश्वासन दिया। इस मौके पर प्रमुख रूप से प्रेम प्रकाश बाल्मीकि, बी एन सिंह यादव, आलोक शर्मा, सय्यद तनवीर रामजी शुक्ला, नक्षत्रपाल सिंह कुशवाहा, आशीष सिंह सोमवंशी, सलमान भारतीय, फुरकान अहमद कुरैशी, अनिल श्रीवास्तव, गौरव त्रिपाठी, उन्नत मिश्रा, सईद अंसारी, फैजान शेख सहित दर्जनों कांग्रेस कार्यकर्ता मौजूद रहे।

### गोआश्रय स्थल दहेलिया में ठंड व भूख से गोवंश बीमार, व्यवस्थाएं चौपट



**मिर्जापुर, शाहजहांपुर, समृद्धि न्यूज।** ब्लॉक की ग्राम पंचायत दहेलिया के गोआश्रय स्थल में गोवंश को शीत लहर से बचाने के कोई पुख्ता इंतजाम नही हैं। कड़ाके की सर्दी में कमजोर गोवंश को सूखा चारा दिया जा रहा है। जिससे अधिकांश गोवंश मरने के के कगार पर पहुंच गए हैं। पशु चिकित्सकों की टीम ने गोआश्रय स्थल के प्रबंधकों को सभी पशुओं को हरे चारे के साथ ही पौष्टिक आहार देने के निर्देश दिए। किंतु गोआश्रय स्थल के प्रबंधकों ने पशु चिकितकों के निर्देशों को नजरंदाज किया जा रहा है। जिससे निराश्रित गोवंश मरने के कगार पर पहुंच गए हैं। पशु चिकित्सा टीम के मुखिया पशुधन प्रसार अधिकारी अमित कुमार सिंह ने बताया कि वे बीते दिवस विभागीय सहयोगियों के साथ गोआश्रय स्थल दहेलिया में बीमार पशुओं की इलाज करने गए थे। तब देखा कि इस कड़ाके की ठंड में गोवंश को ठंड बचाने के लिए समुचित व्यवस्था नहीं की गई है। बीमार और कमजोर पशुओं सूखे पुआल और बाजरे की कुट्टी खिलाई जा रही है। उन्होंने गोपालकों को सलाह दी कि ठंड में कमजोर पशुओं को ताजा पानी पिलाए और हरे चारे के साथ पौष्टिक आहार खिलाएं खिलाकर ही इन्हें सुरक्षित रखा जा सकता है। उन्होंने यह भी बताया कि गोआश्रय स्थल के अभिलेखों में 70 गोवंश दर्ज हैं। जबकि मौके पर बहुत कम गोवंश मिले। ''गोआश्रय स्थल दहेलिया में अव्यवस्थाओं की जानकारी मिली है। संबंधित ग्राम पंचायत के ग्राम विकास अधिकारी को गोआश्रय स्थल भेजकर सभी व्यवस्थाएं दुरुस्त करवाई जाएंगी।'' रवि कुमार सिंह खंड विकास अधिकारी मिर्जापुर।

### सीडीओ ने शिकायतों के निस्तारण के दिये निर्देश



**समृद्धि न्यूज, शाहजहांपुर।** सीडीओ डा.अपराजिता सिंह ने ग्राम पंचायत ऊनकला निगोही में ग्राम चौपाल का आयोजन किया। उन्होंने ग्राम चौपाल के दौरान ग्रामीणों की समस्याओं को गंभीरता से सुना तथा संबंधित अधिकारियों को त्वरित एवं गुणवत्तापूर्ण निस्तारण के निर्देश दिए। सीडीओ ने शासन की जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी देते हुए अधिक से अधिक पात्र लाभार्थियों को लाभान्वित करने पर जोर दिया। इस दौरान बीडीओ पुनीत पाठक, ग्राम प्रधान, सचिव आदि मौजूद रहे।

### कच्ची देसी शराब के साथ महिला गिरफ्तार

**सिंधौली-शाहजहांपुर, समृद्धि न्यूज़।** मुखबिर खास की सूचना पर पुलिस ने महिला को थाना क्षेत्र के गांव दुल्हापुर करेली जाने वाले रास्ते पर मियांपुर मोड से कच्ची देसी शराब के साथ पकड़ा। पकड़ी गई महिला की जामा तलाशी लेने पर उसके पास लगभग 10 लीटर कच्ची देसी शराब एक जारी केन से बरामद की। मुखबिर खास ने बताया कि गांव दुल्हापुर से करेली राजवाह की तरफ एक महिला पैदल चलकर आ रही है पुलिस ने सतर्कता दिखाते हुए मियांपुर मोड़ से महिला को पकड़ लिया। पुलिस ने मामले की रिपोर्ट दर्ज कर ली पुलिस टीम में उप निरीक्षक नरगेस कुमार का. गौरव चौधरी, महिला आरक्षी निशा सिंह ,मौजूद रही।

### घर में कुत्ता चला जाने पर मारपीट, रिपोर्ट दर्ज

**सिंधौली, शाहजहांपुर समृद्धि न्यूज़।** थाना क्षेत्र के गांव आलमपुर निवासी रमाकांत पुत्र पातीराम ने पुलिस को तहरीर देकर बताया कि बीते 11 दिसंबर 2025 को उसके ही गांव के निवासी रामपाल पुत्र हरदयाल, संजय पुत्र रामपाल, राजेश्वरी पत्नी रामपाल व उसके परिवार के लोगों ने घर में कुत्ता चला जाने के कारण गंदी-गंदी गालियां दी। जब उसने गालियों का विरोध किया तो उक्त लोगों ने उसके साथ मारपीट की और जान से मारने की धमकी दी। मारपीट में उसके शरीर में बंद खुली चोटें आईं पुलिस ने तहरीर के आधार पर रामपाल, संजय, राजेश्वरी, अज्ञात परिजनों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की।

### राजस्थान से भटकी युवती को परिजनों से मिलवाया

**सिंधौली-शाहजहांपुर, समृद्धि न्यूज।** बृहस्पतिवार को कटौल गाँव में घूमती मिली राजस्थान की युवती को कोतवाली की मिशन शक्ति टीम ने उसके स्वजन से मिलवाने में मदद की। 25 दिसम्बर को दोपहर बाद कटौल के ग्रामीणों ने एक मानसिक अक्षम युवती को गाँव में घूमते देखा। जिसकी सूचना गाँव के राहुल ने डायल 112 को दी। जिसके बाद कोतवाली की महिला शक्ति टीम प्रभारी महिला उपनिरीक्षक शिवानी चौधरी के नेतृत्व में गाँव पहुँची तथा टीम युवती को अपने साथ कोतवाली लिवा लाई। युवती अपने बारे में जानकारी देने में असमर्थ थी। युवती के दाहिने हाथ पर गुदे मोबाइल नम्बर पर संपर्क किया गया। युवती के पिता कुलवीर सिंह मूल निवासी ग्राम पूनाय थाना सिकरी जिला भरतपुर राजस्थान ने बताया कि उक्त युवती उनकी पुत्री है जिसका नाम गगनकौर है। उनका परिवार वर्तमान में दिल्ली के चंद्रविहार निलोठी एक्सटेंशन के समीप रह रहा। युवती 21 दिसम्बर को दिल्ली से लापता हो गयी थी। जिसकी गुमशुदगी सम्बंधित थाने में दर्ज करायी गयी थी।युवती को महिला शक्ति टीम की सूचना पर कोतवाली पहुँची माता जसपाल कौर तथा भाई लकी सिंह के सुपुर्द कर दिया गया।

# निराश्रित गोवंश की समस्या को लेकर किसानों ने एसडीएम को सौंपा ज्ञापन

जलालाबाद-शाहजहांपुर, समृद्धि न्यूज



क्षेत्र में निराश्रित/छुट्टा गोवंश से उत्पन्न हो रही गंभीर समस्याओं के समाधान की मांग को लेकर ग्रामीणों एवं किसानों ने उप जिलाधिकारी जलालाबाद को ज्ञापन सौंपा। किसानों ने बताया कि विगत कई वर्षों से निराश्रित गोवंश के कारण अन्नदाता किसान अत्यधिक परेशान हैं। फसलों की सुरक्षा के लिए किसानों को पूरी-पूरी रात खेतों में जागकर रखवाली करनी पड़ रही है। ज्ञापन में बताया गया कि सड़कों पर निराश्रित गोवंश के विचरण से आए दिन सड़क दुर्घटनाएं हो रही हैं, जिनमें कई बार लोगों की जान तक चली जाती है। इसके अलावा गोवंश के विद्युत तारों में उलझकर घायल होने, बीमार पड़ने और समय पर उपचार न मिलने से मृत्यु की घटनाएं भी सामने आ रही हैं। इससे एक ओर किसानों की फसलें नष्ट हो रही हैं, वहीं दूसरी ओर गौवंश की दुर्दशा भी हो रही है। किसानों ने मांग की कि निराश्रित/छुट्टा गोवंश को पकड़कर नजदीकी गौशालाओं में संरक्षित किया जाए तथा वहां चारा, पानी और नियमित पशु चिकित्सा व्यवस्था सुनिश्चित की जाए। साथ ही सड़कों पर गोवंश की वजह से होने वाली दुर्घटनाओं को रोकने के लिए ठोस और प्रभावी कार्रवाई की जाए। गौ माता को दुर्घटनाओं, बीमारी और अकाल मृत्यु से बचाने के लिए स्थायी समाधान किए जाने की भी मांग रखी गई। ज्ञापन में सरकार द्वारा संचालित गोपालन एवं गौ संरक्षण योजनाओं का ग्रामीण स्तर पर व्यापक प्रचार-प्रसार कराने तथा क्षेत्र की गोचर व अन्य सरकारी भूमि को चिन्हित कर अवैध कब्जों से मुक्त कराए जाने की मांग की गई, जिससे गोवंश के लिए स्थायी चरागाह उपलब्ध हो सके। इस मौके पर मुनिराज सिंह, सचिन पांडे, अजय चंदेल, विपिन सिंह, छोटू, शक्ति सिंह, शोभित वर्मा, अभिषेक वर्मा, पीयूष यादव, राम तिवारी, लोकेश सिंह, अभिषेक प्रताप, अनिरुद्ध चौहान, अमित, अवनीश वर्मा, अर्जुन राजपूत, आकाश राज, रजत वर्मा, दीपक सिंह, आलोक सिंह, सूर्यांश पाठक, श्यामू कुमार, अजय मिश्रा, आशीष त्रिपाठी, जितिन सिंह, लकी चंदेल, शोभित कुमार, सोम प्रताप सिंह सहित बड़ी संख्या में ग्रामीण व किसान उपस्थित रहे।

### अलग-अलग दुर्घटनाओं में मासूम समेत तीन घायल

**तीनों गंभीरावस्था में जिला मेडिकल कॉलेज रेफर**

**तिलहर-शाहजहांपुर, समृद्धि न्यूज।** हाइवे पर अलग अलग हुए हादसों में एक युवक व एक अधेड़ गम्भीर रूप से घायल हो गए । वहीं छत से गिरने से एक बालक गंभीर रूप से घायल हो गया । सीएचसी से तीनों घायलों को गंभीरावस्था में जिला मेडिकल कॉलेज रेफर कर दिया गया। शुक्रवार को अपरान्ह साढ़े चार बजे नगर की मधुवन कॉलोनी निवासी मुनीश कुमार पुत्र जगदीश मिश्रा 25 बाइक से कटरा जा रहा था । सरऊ पुलिया के समीप एक चार पहिया वाहन ने बाइक को जोरदार टक्कर मार दी । जिससे मुनीश गंभीर रूप से घायल हो गया। उधर से गुजर रहे पालिका सभासद के पुत्र परविंदर यादव ने एंबुलेंस 108 से सीएचसी पहुंचाया। इसी क्रम में नगर के मोहल्ला निजामगंज निवासी पूर्ण लाल राठौर पुत्र रामलाल 45 स्कूटी से हाइवे पर आ रहे थे। इसी दौरान लाल पंप के समीप स्कूटी गिर जाने से वह गंभीर रूप से घायल हो गए। उधर गांव पुरायूं निवासी राजीव कुमार का चार वर्षीय बेटा दिव्यांश छत से गिर कर गम्भीर रूप से घायल हो गया । जिसे परिजन सीएचसी ले गए । सभी तीनों घायलों को डॉक्टर ने गंभीरावस्था में जिला मेडिकल कॉलेज रेफर कर दिया गया।

# नवागत मुख्य महाप्रबंधक अमित सिंह ने संभाला कार्यभार

- ओसीएफ के मुख्य महाप्रबंधक को दी भावभीनी विदाई

शाहजहांपुर, समृद्धि न्यूज।



ओसीएफ के मुख्य महाप्रबन्धक राजेश कुमार वर्मा का आयुध वस्त्र निर्माणी से आरएण्डडी यूनिट, टीसीएल मुख्यालय कानपुर स्थानान्तरण हो जाने के बाद उन्हें भावभीनी विदाई दी गई, उनके स्थान पर ओईएफ हजरतपुर से स्थानान्तरित होकर आए मुख्य महाप्रबन्धक अमित सिंह आईओएफएस ने अपना विधिवत कार्यभार ग्रहण कर लिया। ओसीएफ़ में हुये भव्य विदाई समारोह में निर्माणी के अधिकारियों एवं कर्मचारियों ने मुख्य महाप्रबन्धक राजेश कुमार वर्मा के व्यक्तित्व व कृतित्व की सराहना करते हुये भावभीनी विदाई दी।

यहीं वर्ष 1998 बैच के आईओएफएस अधिकारी अमित सिंह ने मुख्य महाप्रबन्धक पद का कार्यभार ग्रहण किया। मुख्य महाप्रबन्धक अमित सिंह की तकनीकी योग्यता बीई मेकैनिकल है, आपने सरकारी सेवा की शुरुआत वर्ष 2000 में आर्डनेन्स फ़ैक्टरी भण्डारा महाराष्ट्र से की मुख्य महाप्रबन्धक अमित सिंह विभिन्न आयुध निर्माणियों में महत्वपूर्ण पर्दा पर कार्यरत रहे हैं।

इस अवसर पर निर्माणी के महाप्रबन्धक चन्द्र शेखर के साथ-साथ अन्य अधिकारियों ने मुख्य महाप्रबन्धक अमित सिंह को पौधा देकर उनका स्वागत किया। अधिकारियों एवं कर्मचारियों के साथ अपनी प्रथम बैठक में नवागत मुख्य महाप्रबन्धक ने कहा कि निर्माणी की उन्नति व प्रगति के लिये हम सबको मिले हुये टारगेट को समयानुसार पूरा करना है।

### राशनकार्डों में शत-प्रतिशत ई-केवाईसी कराई जाए

**डीएम की अध्यक्षता में जिला सतर्कता समिति की बैठक संपन्न**

**शाहजहांपुर, समृद्धि न्यूज।** डीएम की अध्यक्षता में जिला सतर्कता समिति बैठक की गई। बैठक में जिला पूर्ति अधिकारी ने बताया कि जनपद में विभागीय बजट से 18 अन्नपूर्णा भवनों की मांग के सापेक्ष 13 अन्नपूर्णा भवन के निर्माण के लिए बजट आवंटित किया गया है। डीएम ने निर्देश दिए गए कि शासन द्वारा दिए गये समय के अनुरूप 15 जनवरी 2026 तक निर्माण करा लिया जाए। इसके अतिरिक्त जनपद में निरस्त उचित दर दुकानों में नियुक्ति को सम्बन्धित खण्ड विकास अधिकारियों को पत्र प्रेषित किया जाए तथा निलम्बित उचित दर दुकानों में पूर्ति निरीक्षक सम्बन्धित एसडीएम से समन्वय स्थापित कर एक सप्ताह के अन्दर अन्तिम निर्णय लेकर निलम्बन की स्थिति को 5 जनवरी तक समाप्त कराना सुनिश्चित करें। जनपद में प्रचलित राशनकार्डों में शत-प्रतिशत ई-केवाईसी कराई जाए।

# विनोबा सेवा आश्रम में निःशुल्क स्वास्थ्य शिविर, सैकड़ों मरीजों को मिला लाभ

शाहजहांपुर, समृद्धि न्यूज।




वरुण अर्जुन मेडिकल कॉलेज एवं रोहिलखंड अस्पताल, बंथरा शाहजहांपुर द्वारा समाज सेवा और जनकल्याण की भावना के तहत बिनोबा सेवा आश्रम, बरतारा, शाहजहांपुर में एक भव्य और सुव्यवस्थित निःशुल्क स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में अतिथियों के रूप में कई गणमान्य व्यक्ति उपस्थित रहे। मुख्य अतिथि के रूप में शाहजहांपुर के एडीएम. वित्त एवं राजस्व अरविन्द कुमार ने अपनी धर्मपत्नी सौम्या के साथ कार्यक्रम की शोभा बढ़ाई। साथ ही विनोबा सेवा आश्रम के प्रबंधक रमेश, मोहित सक्सेना, मुदित सक्सेना सहित अन्य गणमान्य लोग भी उपस्थित थे। कार्यक्रम का संचालन वरुण अर्जुन मेडिकल कॉलेज एवं रोहिलखंड अस्पताल के डॉ. अमित कुमार सिंह (उप-चिकित्सा अधीक्षक) एवं ललित कुमार चौहान (प्रशासनिक अधिकारी) द्वारा किया गया जिन्होंने सभी अतिथियों का शॉल ओढ़ाकर एवं पौधा भेंट कर स्वागत किया। यह पौधा सम्मान के प्रतीक के साथ-साथ हरियाली और स्वास्थ्य के संदेश का भी प्रतीक रहा।स्वास्थ्य शिविर का शुभारंभ ए.डी.एम. वित्त एवं राजस्व अरविन्द कुमार ने फीता काटकर किया।

उन्होंने अपने संबोधन में कहा कि यह शिविर केवल एक आयोजन नहीं बल्कि जन सेवा का सच्चा स्वरूप है। उन्होंने कहा कि वरुण अर्जुन मेडिकल कॉलेज एवं रोहिलखंड अस्पताल द्वारा इस तरह के निःशुल्क शिविर समाज के हर वर्ग को गुणवत्तापूर्ण चिकित्सा सुविधा देने में सहायक हैं। इस तरह की पहल ग्रामीण और अर्धशहरी इलाकों में रह रहे उन गरीब और जरूरतमंद लोगों तक स्वास्थ्य सुविधाएँ पहुँचाने का माध्यम हैं, जो सामान्यतः इलाज के अभाव में छोटे-छोटे रोगों को भी झेलते रहते हैं। उन्होंने आगे कहा कि वे भविष्य में भी ऐसे निःशुल्क स्वास्थ्य शिविरों के आयोजन को प्रोत्साहित करते रहेंगे ताकि समाज का हर वर्ग, विशेषकर ग्रामीण पृष्ठभूमि के लोग, समय पर स्वास्थ्य लाभ प्राप्त कर सकें। उन्होंने कहा कि ÷नर सेवा ही नारायण सेवा है। जब कोई संस्था, चिकित्सक या समाजसेवी पीड़ित मानवता की सेवा के लिए आगे आता है तो वह ईश्वर की सबसे बड़ी उपासना होती है। अरविन्द कुमार ने कहा कि सरकार की भी यही प्राथमिकता है कि स्वास्थ्य सुविधाएँ हर व्यक्ति तक सुलभ हों और इस दिशा में सरकारी तंत्र एवं निजी संस्थानों का सहयोग समाज सुधार का नया अध्याय लिख सकता है। उन्होंने कॉलेज प्रबंधन की सराहना करते हुए कहा कि वरुण अर्जुन मेडिकल कॉलेज एवं रोहिलखंड अस्पताल जैसी संस्थाएँ समाज में चिकित्सा के साथ-साथ जागरूकता का भी दीप प्रज्वलित कर रही हैं।इस अवसर पर विनोबा सेवा आश्रम के प्रबंधक रमेश ने भी उपस्थित लोगों को संबोधित किया। उन्होंने अपने भावपूर्ण वक्तव्य में कहा कि विनोबा सेवा आश्रम सदैव समाज के कल्याण के लिए कार्यरत रहा है। आज वरुण अर्जुन मेडिकल कॉलेज एवं रोहिलखंड अस्पताल के सहयोग से जो निःशुल्क स्वास्थ्य शिविर आयोजित किया गया है, यह हमारे शहर तथा गांवों के लिए एक प्रेरणादायी प्रयास है। मरीजों की ब्लड प्रेशर जांच निःशुल्क की गई। जांच के पश्चात सभी मरीजों को आवश्यक दवाइयाँ भी निःशुल्क प्रदान की गईं। इसके साथ ही अस्पताल की ओर से उपस्थित टीम ने एम.आर.आई. एवं सी.टी. स्कैन जैसी महंगी जांचों के लिए विशेष छूट कूपन वितरित किए।

# सांसद ने शिक्षकों की समस्याओं के निस्तारण के लिए दिया था पत्र, शिक्षा मंत्री ने लिया संज्ञान

शाहजहांपुर, समृद्धि न्यूज।



भाजपा सांसद अरुण सागर ने कुछ दिन पहले दिल्ली में केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान से मुलाकात कर उत्तर प्रदेशीय प्राथमिक शिक्षक संघ की मांगों को गंभीरता से लेते हुए एक पत्र सौंपा था, जिसमें शिक्षकों की समस्याओं का विस्तृत उल्लेख था। सांसद अरुण सागर ने शिक्षा मंत्री से शिक्षकों की समस्याओं पर विचार करने और संबंधित विभाग को दिशा-निर्देश जारी करने का आग्रह किया, ताकि इन मुद्दों का समाधान हो सके। शिक्षा मंत्री ने सांसद को इस संबंध में आश्वासन दिया था।

अब शिक्षामंत्री ने सांसद के पत्र का संज्ञान लेते हुए संबंधित विभाग को समस्याओं का निस्तारण कराने के लिए पत्र लिखकर दिशा-निर्देश दिए हैं। सांसद ने शिक्षामंत्री का आभार जताया है। सांसद ने बताया कि कुछ दिन पहले जब उत्तर प्रदेशीय प्राथमिक शिक्षक संघ के पदाधिकारियों ने आवास पर आकर मुलाकात कर ज्ञापन दिया था। तब उनकी समस्याओं को विस्तृत रूप से जाना था। पदाधिकारियों ने मांग की थी कि उनकी बात को मेरे द्वारा शिक्षामंत्री और शीर्ष नेतृत्व तक पहुंचाया जाए। सांसद ने कहा कि शाहजहांपुर का जनप्रतिनिधि होने के नाते मेरा फर्ज बनता है कि उनकी समस्याओं का जल्द से जल्द निस्तारण कराया जाए और उनको राहत मिल सके। उन्होंने शिक्षामंत्री धर्मेंद्र प्रधान का आभार जताया है। सांसद ने कहा कि भाजपा सरकार में जनता की समस्याओं का निस्तारण कराना ही पहली प्राथमिकता होती है। ये एक उदाहरण है। उन्होंने कहा कि शिक्षामंत्री ने सम्बन्धित विभाग को पत्र लिखकर दर्शाया है कि शिक्षकों की समस्याएं उनके लिए भी महत्वपूर्ण हैं जिसको निस्तारण कराने के लिए ही सम्बन्धित विभाग को लिखा है। उन्होंने कहा कि इससे पहले भी तमाम समस्याओं को उन्होंने सदन से लेकर संबंधित विभाग के मंत्रियों तक पहुंचाया है और उसका निस्तारण भी हुआ है। उन्होंने कहा कि आगे भी वह इसी तरह से जनपदवासियों की समस्याओं का समाधान कराते रहेंगे।

दरअसल यह मुद्दा 8 दिसंबर को उत्तर प्रदेशीय प्राथमिक शिक्षक संघ के पदाधिकारियों द्वारा सांसद अरुण सागर को सौंपे गए एक ज्ञापन से जुड़ा है। ज्ञापन में बताया गया था कि 29 जुलाई 2011 से पहले उत्तर प्रदेश में बड़ी संख्या में शिक्षकों की नियुक्ति हुई थी। उस समय टीईटी (शिक्षक पात्रता परीक्षा) की कोई शर्त लागू नहीं थी, लेकिन अब इन शिक्षकों के लिए टीईटी पास करना अनिवार्य कर दिया गया है। टीईटी पास न करने पर उनके वेतन और भत्ते रोक दिए जाते हैं, जिससे उनकी आर्थिक स्थिति खराब होती है और पदोन्नति के अवसर भी नहीं मिलते। सांसद ने शिक्षा मंत्री को दिए पत्र में तर्क दिया कि ये शिक्षक पुरानी भर्ती प्रक्रिया के तहत चुने गए थे और उस समय टीईटी की शर्त लागू नहीं थी। उन्होंने इन शिक्षकों को परीक्षा से छूट देकर उनकी सेवा को सम्मान देने का अनुरोध किया था।

### अवैध शराब साथ एक गिरफ्तार

**सिंधौली, शाहजहांपुर समृद्धि न्यूज़।** मुखबिर द्वारा दी गई सूचना पर पहुंची पुलिस ने सिंधौली क्षेत्र के गांव दिवाली की तरफ से कोरोंकुईया शारदा नहर की पटरी पर पैदल आ रहे संदिग्ध को मुखबिर के इशारे से बताने पर पुलिस ने रात्रि में टार्च की रोशनी में पकड़ा जामा तलाशी लेने पर उसके पास जारी केन में लगभग 10 लीटर कच्ची देसी शराब बरामद हुई। पूछने पर उस व्यक्ति ने अपना नाम रामनाथ पुत्र बनवारी निवासी गांव दुल्हापुर थाना सिधौली जनपद शाहजहांपुर बताया पुलिस ने पकड़े गए व्यक्ति के खिलाफ उत्तर प्रदेश उत्पाद शुल्क/ आबकारी अधिनियम के अंतर्गत मामला दर्ज कर लिया।

**सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि श्री राम निवास कैथवार के द्वारा यदि आदर्श नगर कॉलोनी, शाहजहांपुर का मकान विक्रय किया जाता है तो वह अवैध होगा तथा उसके जिम्मेदार वह स्वयं होंगे।

**श्रीमती शान्ती पुत्री हरिद्वारी लाल**
**पत्नी राजकुमार**
**निवासी- मो. ख्वाजा फिरोज,**
**शाहजहांपुर, आदर्श नगर कॉलोनी,**
**रोजा, शाहजहांपुर।**

**किसान सहकारी चीनी मिल्स लि.पुवायां शाहजहांपुर**

**निविदा सूचना**

संख्या-624/GM/2025-26 दिनांक-26.12.2025

पेराई सत्र 2025-26 हेतु इस मिल समिति में विभिन्न प्रकार के सामानों की आपूर्ति, सिविल कार्य एवं अन्य कार्य कराये जाने हेतु मूल उत्पादकों अधिकृत विक्रेताओं एवं अनुभवी पंजीकृत ठेकेदारों से ई-निविदायें आमंत्रित की जाती है। ई-निविदायें समय-समय पर चीनी मिल एवं संघ की वेबसाइट www.etender.up.nic.in/ www.upsugarfed.org पर 29.12.2025 से 10.01.2026 तक देखा एवं अपलोड किया जा सकता है। अधोहस्ताक्षरी को बिना कारण बताये एक अथवा समस्त निविदाओं को निरस्त करने का अधिकार सुरक्षित होगा।

**प्रधान प्रबन्धक**

## सरसों का संकट

एक समय था जब पंजाब के ग्रामीण अंचलों में खिले हुए सरसों के खेत मौसमी बयार में बदलाव के प्रतीक हुआ करते थे। तमाम सांस्कृतिक प्रतिमानों में पीले सरसों के खेतों को मौसम के गौरव के रूप में चित्रित किया जाता रहा है। लेकिन वक्त की विडंबना है कि यह अब यह सुनहरी फसल सिमटती नजर आ रही है। जिसके परिणाम स्वरूप आज देश में हम खाद्य तेलों की पर्याप्त आपूर्ति नहीं कर पा रहे हैं। यही वजह है कि भारत लगातार आयातित खाद्य तेलों पर अत्यधिक निर्भर होता जा रहा है। निश्चय ही यह स्थिति व्यवस्था के कई विरोधाभासों को भी उजागर कर रही है। यह तथ्य चौंकाता है कि पंजाब में सरसों के उत्पादन में इसलिए गिरावट नहीं आ रही है कि फसल उत्पादन क्षमता में किसी तरह की कोई कमी आई है। बल्कि यह स्थिति इसलिए है कि सरकारों की नीतियां प्रोत्साहन देने वाली साबित नहीं हो रही हैं। वहीं बाजार के रुझान इसे आर्थिक रूप से किसानों के हितों के प्रतिकूल बना रहे हैं। कहने को तो अकसर दलील दी जाती है कि पंजाब के किसानी से जुड़े संकटों का समाधान फसलों के विविधीकरण में निहित है। लेकिन विडंबना यह है कि विविधीकरण के दावों के बावजूद, सरसों के उत्पादक किसान प्रोत्साहन न मिल पाने से निराश हैं। दरअसल, किसान कम और अनिश्चित मुनाफे के चलते सरसों की फसल उगाने से गुरेज करता है। उसके सामने बड़ी चुनौती यह भी है कि सरसों की फसल की सरकारी खरीद सीमित मात्रा में होती है। जिसके चलते किसानों को खून–पसीने की उपज को बेचने के लिये व्यापारियों के रहमोकरम पर निर्भर रहना पड़ता है। वे अपने मोटे मुनाफे के लिये किसान के हितों की अनदेखी करने से नहीं चूकते। यही वजह है कि गेहूं और धान के विपरीत, जिनकी खरीद सुनिश्चित है और उनके लिये मजबूत विपणन प्रणाली मौजूद है, सरसों की फसल किसानों को बाजार की अस्थिरता के प्रति संवेदनशील बना देती है। फलतः किसानों को आर्थिक नुकसान उठाना पड़ता है। दरअसल, इस संकट का दूसरा पहलू यह भी है कि पंजाब आज अपनी खाद्य तेल आवश्यकताओं का एक मामूली हिस्सा ही स्थानीय उत्पादन से पूरा करता है। इससे हमारी महंगे आयात पर निर्भरता और भी बढ़ जाती है। तिलहन की खेती को बढ़ावा देना अक्सर राष्ट्रीय प्राथमिकता के रूप में प्रस्तुत किया जाता है। सही मायनों में सरकारी तंत्र द्वारा सरसों की उपज की खरीद में सहायता और न्यायसंगत मूल्य दिलाने के वायदे खोखले साबित होने के कारण सरसों की पैदावार का रकबा बढ़ता नहीं है। जिस दिन किसानों को तंत्र की नीतियों पर भरोसा पैदा हो जाएगा, उस दिन निश्चय ही किसान प्रोत्साहन के चलते तर्कसंगत प्रतिक्रिया देंगे। निर्विवाद रूप से पंजाब की धरती में सरसों उत्पादन की स्थितियों से जुड़ी संभावनाएं पर्याप्त हैं। यकीनी तौर पर यह धान की तुलना में कम पानी की खपत करती है। साथ ही भूजल संकट को कम करने के उद्देश्य से फसल विविधीकरण से जुड़ी रणनीतियों में स्वाभाविक रूप से फिट बैठती है। लेकिन हमें इस हकीकत को स्वीकार करना चाहिए कि पंजाब में विविधीकरण के लक्ष्य केवल नैतिक प्रोत्साहन से हासिल नहीं किए जा सकते। निश्चित रूप से इसके लिए अनिवार्य शर्त है कि बाजार की संरचना में जरूरत के अनुरूप बदलाव प्राथमिकता के आधार पर किए जाएं। सही मायनों में सरसों के लिये एमएसपी समर्थित खरीद और स्थानीय प्रसंस्करण, भंडारण और मूल्य श्रृंखलाओं में निवेश किसानों को सरसों की खेती अपनाने के लिये प्रोत्साहित कर सकता है।

# दुनिया भर के लिए बड़ी चुनौती बना पर्यावरण संकट

**कुलभूषण उपमन्यु**

पिछली डेढ़ शताब्दी, जब से औद्योगिक क्रांति ने विकास की गति तेज की और प्रकृति को जीतने की होड़ मच गई, मशीनों ने बंधक-निर्माण-शक्ति मानव के हाथ में दे दी तब से विकास की परिभाषा भी धीरे-धीरे बदल गई। गुणात्मक जीवन के बजाय बाहुल्य को विकास माना जाने लगा। प्रकृति के साथ दुर्व्यवहार का अंतहीन सिलसिला आरंभ हो गया। प्रकृति के दोहन से ही बाहुल्य के लिए सामान बनाए जा सकते थे इसलिए प्राकृतिक संसाधनों के असीमित दोहन की शुरुआत हो गई। उपनिवेशवाद के दौर में कम मशीनी शक्ति वाले देशों पर तथाकथित विकसित देशों द्वारा कब्जे किये गए और उनके संसाधनों को बेदर्दी से नष्ट किया गया।

सभ्य कहलाने वाले देशों द्वारा कमजोर देशों के मूल निवासियों को किस तरह प्रताड़ित किया, उनकी सभ्यताओं को असभ्य घोषित करके नष्ट करने का कार्य किया गया, वह अपने आप में घिनौना इतिहास है। इसके अवशेष अमेरिका और ऑस्ट्रेलिया के मूल निवासियों के रूप में देखे जा सकते हैं। किन्तु यह आधुनिक सभ्यता अब अपने ही भार से भस्मासुर की तरह नष्ट होने की दिशा में बढ़ती प्रतीत हो रही है। इस सभ्यता ने अपने ही मूल पर आघात करना शुरू कर दिया है। वैज्ञानिक समझ के विकास के चलते सब गलत दिशा को समझ भी रहे हैं किन्तु विज्ञान का दुरूपयोग प्रकृति विनाशक शक्ति के रूप में किया जा रहा है। दुनिया के सबसे विद्वान् वैज्ञानिकों की बहुसंख्या युद्ध विज्ञान के विकास में संलग्न कर दी गई है क्योंकि निर्णय लेने वाले लोग आदिम क्रूर मानसिकता के ही वाहक बने हुए हैं जिनके हाथ में मशीन और विज्ञान, प्रकृति एवं प्राणी समाज के साथ मनमानी करने का हथियार बन गया है। ज्ञान, सुख और शांति का वाहक बनने के बजाय युद्ध और क्रूरता का वाहक बन गया है। इस स्थिति में संयुक्त राष्ट्र पर्यावरण कार्यक्रम के सातवें अधिवेषण में नैरोबी में प्रस्तुत की गई ग्लोबल आउटलुक 2025 रिपोर्ट पर्यावरण के साथ किये जा रहे दुर्व्यवहार को सरेखित करती है और अपने तौर-तरीकों पर मानव समाज को पुनर्विचार करके संशोधित करने की दिशा दिखलाती है। जलवायु परिवर्तन, प्रकृति के साथ किये जा रहे दुर्व्यवहार की प्रतिक्रिया के रूप में एक बड़े खतरे के रूप में चुनौती पेश कर रहा है। मशीनीकरण को चलाए रखने के लिए जिस उर्जा की बड़े पैमाने पर जरूरत है, वह जीवाश्म ईंधन से पैदा की जा रही है। इस उत्पादन प्रक्रिया में बड़े पैमाने पर धुआं और जहरीली गैसें उत्सर्जित होती हैं जो हरित प्रभाव पैदा करके वायुमंडल के तापमान में अप्रत्याशित वृद्धि कर रही हैं। तापमान वृद्धि से पूरा जलवायु का संतुलन हिल गया है। कहीं अतिवृष्टि हो रही है तो कहीं अनावृष्टि हो रही है। ग्लेशियर पिघल कर समाप्त होने की ओर अग्रसर हैं जो आसन्न जल संकट का कारण बनेंगे। रिपोर्ट के अनुसार हरित प्रभाव गैसों के उत्सर्जन से अभी 1.5 डिग्री सेंटीग्रेड तक तापमान में वृद्धि हुई है जो साल 2024 में 1.55 डिग्री सेंटीग्रेड हो गई है। इस गति से वृद्धि होने पर जलवायु पर बहुत बुरा प्रभाव पड़ रहा है जो आगे बढ़ता जाएगा। यदि तापमान वृद्धि को रोका नहीं गया तो इसके कारण जैव विविधता पर भी बुरा असर पड़ने वाला है। जिससे 10 लाख प्रजातियों के विलुप्त होने का खतरा पैदा हो गया है। 20 से 40त्र प्रतिशत भू-भाग वैश्विक स्तर पर अनुपजाऊ होने के कगार पर है, जिससे 300 करोड़ लोग प्रभावित होंगे। जलवायु से जुड़ी भीषण घटनाओं के कारण जनधन की भारी हानि हो रही है। आर्थिक रूप में वार्षिक 14300 करोड़ डॉलर की हानि पिछले दो दशकों से हो रही है। वायु प्रदूषण के कारण साल 2019 में स्वास्थ्य संबंधी आर्थिक नुकसान 8.1 ट्रिलियन डॉलर आंका गया, जो वैश्विक अर्थ व्यवस्था का 6.1 प्रतिशत है। 90 लाख मौतें प्रदूषण संबंधी कारणों से हुईं। 80 हजार लाख टन प्लास्टिक कचरा फैला हुआ है, जिससे गंभीर रासायनिक तत्वों से संपर्क हो रहा है और इससे 1.5 ट्रिलियन डॉलर की आर्थिक हानि प्रति वर्ष हो रही है। नैनो प्लास्टिक तत्व मानव शरीर तक पहुंच कर स्वास्थ्य संबंधी समस्याएं पैदा कर रहे हैं। अनुमान है कि यदि साल 2040 तक तापमान वृद्धि 2 डिग्री सेंटीग्रेड तक पंहुच गई तो जलवायु परिवर्तन के कारण पारिस्थितिक-व्यवस्था का अपूरणीय विनाश हो सकता है जिससे बड़े पैमाने पर विस्थापन होगा। अर्थव्यवस्थाएँ चौपट हो सकती हैं और बेरोजगारी, गरीबी और अस्थिरता बढ़ेगी। उपजाऊ जमीनों के नष्ट होने से भूख, विविधता विनाश, पौष्टिक आहार की कमी, अकाल और सामाजिक असंतोष के हालात बनेंगे। इस स्थिति से निपटने के लिए तत्काल गंभीर प्रयास करने की जरूरत है।

किन्तु जलवायु नियंत्रण समझौतों के विषय में बहुत से देश विमुखता दिखा रहे हैं। जो मान भी रहे हैं वे भी हरित प्रभाव गैसों के उत्सर्जन में कटौती के लिए स्व घोषित लक्ष्य ही मानने तक सीमित रहना चाहते हैं। इस स्थिति से बाहर निकल कर कुछ आवश्यक कदम उठाने होंगे। ख़ासकर हरित प्रभाव गैसों के उत्सर्जन में भारी कटौती करनी होगी। जिसके लिए कार्बन मुक्त उर्जा विकल्पों की ओर मुड़ना होगा। सौर उर्जा, पवन उर्जा, हाइड्रो काइनेटिक उर्जा आदि विकल्प उपलब्ध और विकसित करने होंगे। पेट्रोल, डीज़ल पर दी जा रही सब्सिडी को हरित उर्जा की ओर मोड़ना पड़ेगा। अत्यधिक संसाधन दोहन और दुरूपयोग को नियंत्रित करने के लिए यूज़ एंड थ्रो उत्पाद पद्धति को बदल कर टिकाऊ और मरम्मत किये जा सकने योग्य उत्पाद बनाने होंगे। बेकार पदार्थों और कचरे के पुनः चक्रीकरण की व्यवस्थाओं को प्रोत्साहित करना संसाधनों के अत्यधिक दोहन को रोकने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम साबित होगा। वायु प्रदूषण को रोकना, पारिस्थितिक तंत्र को बचाना और पुनर्जीवित करने पर जोर देना पड़ेगा।



**जलवायु परिवर्तन, प्रकृति के साथ किये जा रहे दुर्व्यवहार की प्रतिक्रिया के रूप में एक बड़े खतरे के रूप में चुनौती पेश कर रहा है। मशीनीकरण को चलाए रखने के लिए जिस उर्जा की बड़े पैमाने पर जरूरत है, वह जीवाश्म ईंधन से पैदा की जा रही है। इस उत्पादन प्रक्रिया में बड़े पैमाने पर धुआं और जहरीली गैसें उत्सर्जित होती हैं जो हरित प्रभाव पैदा करके वायुमंडल के तापमान में अप्रत्याशित वृद्धि कर रही हैं। तापमान वृद्धि से पूरा जलवायु का संतुलन हिल गया है। कहीं अतिवृष्टि हो रही है तो कहीं अनावृष्टि हो रही है। ग्लेशियर पिघल कर समाप्त होने की ओर अग्रसर हैं जो आसन्न जल संकट का कारण बनेंगे। रिपोर्ट के अनुसार हरित प्रभाव गैसों के उत्सर्जन से अभी 1.5 डिग्री सेंटीग्रेड तक तापमान में वृद्धि हुई है जो साल 2024 में 1.55 डिग्री सेंटीग्रेड हो गई है।**

## विचार

# राज्यों के हालिया निकाय चुनाव नतीजों के संदेश

**मृत्युंजय दीक्षित**



राजधानी दिल्ली के नगर निगम चुनाव से आरम्भ हुआ भाजपा गठबंधन का विजय रथ अब केरल, महाराष्ट्र, अरुणाचल और गोवा तक पहुंच गया है। हाल में महाराष्ट्र, अरुणाचल प्रदेश और गोवा में निकाय चुनावों के परिणाम भाजपा के पक्ष में आए। इससे पहले केरल के चुनाव परिणाम आए, जिसमें केरल की राजधानी तिरुअनंतपुरम में पहली बार भाजपा का मेयर बना, जिसकी चर्चा पूरे भारत में हो रही है। महाराष्ट्र और अरुणाचल के नतीजे कई मायने में महत्वपूर्ण हैं।

महाराष्ट्र में 288 नगर परिषद् और नगर पंचायतों के चुनाव में महायुति ने जबर्दस्त प्रदर्शन किया। भाजपा ने कुल 3325 सीटों पर विजय प्राप्त करके कुल पार्षदों का 48 प्रतिशत अपने नाम किया है। नगर परिषद् अध्यक्षों में से करीब 75 प्रतिशत महायुति के हैं। जिनमें सबसे बड़ा योगदान भाजपा का है। भाजपा ने साल 2017 के निकाय चुनाव में 1602 सीटों पर विजय प्राप्त की थी जबकि अबकी बार दोगुनी से भी अधिक 3,325 सीटें जीतने में सफलता प्राप्त की। भाजपा को महाराष्ट्र के ग्रामीण क्षेत्रों में भी भारी सफलता मिली है। महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस का कहना हे कि साल 2014 से लेकर अभी तक भाजपा शहरी पार्टी मानी जाती थी किंतु अब भाजपा महाराष्ट्र के ग्रामीण क्षेत्रों में भी अपना दबदबा बढ़ा रही है। आज महाराष्ट्र में विपक्षी गठबंधन अपनी अंतिम सांसें गिनता दिखाई पड़ रहा है। मुंबई नगर निगम के लिए उद्धव और राज हाथ मिला चुके हैं। अगर कुछ अन्य शेष बड़े नगर निगमों में भी विपक्षी गठबंधन जीत नहीं पाता तो वह बुरी तरह से बिखर सकता है। महाराष्ट्र में भाजपा की सफलता का सबसे अधिक श्रेय मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस को जाता है जबकि शिवसेना (उद्धव गुट) अपनी दुर्गति के लिए स्वयं दोषी है। शिवसेना के संस्थापक बाला साहेब ठाकरे ने जिन उद्देश्यों के लिए शिवसेना का गठन किया था उससे वह पूरी तरह से भटक चुकी हैं। बांग्लादेश में हिंदुओं के साथ हो रहे अमानवीय अत्याचारों पर शिवसेना (उद्धव गुट) के मुंह में ताला लगा है। वो बांग्लादेश की घटनाओं की निंदा तक नहीं कर पा रही है। महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस ने राज्यभर में 30 से अधिक रैलियां कीं जबकि ठाकरे बंधु अपने महल से बाहर ही नहीं निकले।

भाजपा की अरुणाचल विजयः सुदूर सीमावर्ती राज्य अरुणाचल प्रदेश के निकाय चुनावों में भी भाजपा ने जिला परिषद् और ग्राम पंचायत की अधिकांश सीटों पर जीत प्राप्त की और अपना दबदबा कायम रखा। भाजपा ने 245 सीटों में से 170 सीटों पर जीत दर्ज की जिनमें से 59 सीटों पर निर्विरोध विजय हुई। यहां के ग्रामीण इलाकों में भी भाजपा ने मजबूत उपस्थिति दर्ज की, जिसमें ग्राम पंचायत की 8,208 सीटों में से 6,085 सीटों पर जीत दर्ज की है। राजधानी ईटानगर के नगर निगम में भी भाजपा ने 20 मे से 14 सीटों पर विजय प्राप्त करने में सफलता प्राप्त की है यहां नगर परिषद की 59 सीटों पर भाजपा विजयी रही। चुनाव परिणामों से गदगद भाजपा के मुख्यमंत्री पेमा खांडू ने कहा कि राज्य में एनडीए के मजबूत प्रदर्शन से प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के विकसित भारत और विकसित अरुणाचल के दृष्टिकोण के प्रति जनता का दृढ़ समर्थन झलकता है। गोवा में भी भाजपा की विजयः गोवा में भी जिला पंचायत चुनाव 2025 के सभी परिणाम सामने आ चुके हैं। ये चुनाव बैलेट बाक्स के माध्यम से हुए थे किंतु यहां भी भाजपा को विजय प्राप्त हुई और कांग्रेस व सहयोगी दलों को करारी पराजय का सामना करना पड़ा।

गोवा की 50 सीटों के लिए हुए जिला पंचायत चुनाव में भाजपा गठबंधन 30 से अधिक सीटें जितने में सफल रहा। यह विजय भाजपा के लिए शुभ संकेत है। गोवा में विधानसभा चुनाव होने वाले हैं।

आम आदमी पार्टी के नेता अरविंद केरजीवाल यहां पूरा दम लगा रहे हैं और जनता से कह रहे हैं कि कांग्रेस को वोट मत देना क्योंकि उनके विधायक भाजपा में शामिल हो जाते हैं। शेष अन्य दल गोवा में सुस्त पड़े हैं। भाजपा की जीत का यह दौर जारी रहने वाला है क्योंकि कांग्रेस का रेडियो वोट चोरी पर रुक गया है। देश का जनमानस कांग्रेस व राहुल गांधी को चुनाव परिणामों के जरिये बार-बार संदेश दे रहा है किंतु ये अपनी राजनीतिक रणनीति सुधारने को तैयार नहीं हैं। विदेशों में जाकर भारत की आलोचना कर रहे हैं। उन्हें अभी भी यह अंदाजा नहीं है कि देश के जनमानस को यह अब हरगिज रास नहीं आता। भारतीय जनता की आकांक्षाएं और अपेक्षाएं बदल चुकी हैं।

**महाराष्ट्र में 288 नगर परिषद् और नगर पंचायतों के चुनाव में महायुति ने जबर्दस्त प्रदर्शन किया। भाजपा ने कुल 3325 सीटों पर विजय प्राप्त करके कुल पार्षदों का 48 प्रतिशत अपने नाम किया है। नगर परिषद् अध्यक्षों में से करीब 75 प्रतिशत महायुति के हैं। जिनमें सबसे बड़ा योगदान भाजपा का है। भाजपा ने साल 2017 के निकाय चुनाव में 1602 सीटों पर विजय प्राप्त की थी जबकि अबकी बार दोगुनी से भी अधिक 3,325 सीटें जीतने में सफलता प्राप्त की। भाजपा को महाराष्ट्र के ग्रामीण क्षेत्रों में भी भारी सफलता मिली है। महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस का कहना हे कि साल 2014 से लेकर अभी तक भाजपा शहरी पार्टी मानी जाती थी किंतु अब भाजपा महाराष्ट्र के ग्रामीण क्षेत्रों में भी अपना दबदबा बढ़ा रही है।**

# लक्ष्य ऐसा बनाओ कि गूगल पर आपका नाम प्रकट होने लगे

**एन. रघुरामन**

कल तक इस गांव की पहचान 225206 थी। उत्तर प्रदेश के बाराबंकी जिले के सआदतगंज पोस्टल हेड ऑफिस के तहत यह पिन कोड अगेहरा गांव के लिए इस्तेमाल होता था। और 24 दिसंबर को गांव आए एक पोस्टमैन ने अपने साथियों से कहा कि 'आज मैं इसे डिलीवर करने पूजा के गांव जा रहा हूं।' सोच रहे हैं कि एक नंबर को यह नाम कैसे मिला? 2011 की जनगणना के मुताबिक करीब 1100 की आबादी वाले इस गांव को 17 साल की पूजा पाल ने गूगल पर पहचान दिला दी। यह गांव पहले खेती और संबंधित ग्रामीण गतिविधियों से जुड़ा था। तो पूजा ने ऐसा क्या किया? पूजा भी दूसरे बच्चों की तरह स्कूल जाती थी।

कई सालों तक वह भी अपने स्कूल में गेहूं कटाई के मौसम में उड़ने वाली धूल की शिकार बनी। स्कूलों और घरों के आसपास चलने वाले थ्रेशरों के कारण समूचे इलाके में यह लोगों के लिए, खासकर श्वास रोगों से जुड़ी गंभीर स्वास्थ्य समस्या बन चुकी थी। उसके स्कूल के समीप के थ्रेशर से रोजाना धूल कक्षा तक पहुंचती थी। बच्चों का पढ़ना, लिखना और यहां तक कि सांस लेना भी मुश्किल हो जाता था। दूसरों की तरह कक्षा-दर-कक्षा पास होती गई पूजा सातवीं में पहुंच गई, जहां बच्चे विज्ञान जैसे विषयों से परिचित होते हैं। उन्हें बताया जाता है कि विज्ञान और तकनीक से आप कई समस्याएं हल कर सकते हो। उसकी समस्या यह थी कि वह स्कूल में पढ़ाई पर ध्यान नहीं लगा पा रही थी। उसे यह भी बताया गया कि गेहूं कटाई और थ्रेशिंग रोके नहीं जा सकते, क्योंकि इसी से गांव की रोजी-रोटी चलती है। कुछ दिन बाद उसने मां को घर पर आटा छानते देखा तो उसे आइडिया आया कि अगर रसोई में किसी जाली से महीन कणों को छाना जा सकता है तो वैसी ही प्रक्रिया थ्रेसिंग के दौरान उड़ने वाली धूल को भी रोक सकती है। अपने विज्ञान शिक्षक राजीव श्रीवास्तव के साथ उसने एक ऐसे समाधान पर काम शुरू किया, जो व्यावहारिक व किफायती हो और व्यापक पैमाने पर इस्तेमाल किया जा सके। पूजा से अपना कॉन्सेप्ट चार्ट पेपर पर स्केच करने को कहा गया। कागज और लकड़ी से बने शुरुआती प्रोटोटाइप ठोस नतीजा नहीं दे पाए। लेकिन वह अपनी डिजाइन को सुधारने में जुटी रही। आखिरकार टिन शीट और वेल्डिंग मशीन की मदद से एक कारगर मॉडल बन कर तैयार हो गया। इस नवाचार को 'भूसा-धूल पृथक्करण यंत्र' नाम दिया गया।

इसने अनाज अलग करने के दौरान उड़ने वाले ऐसे धूल और सूक्ष्म कणों को प्रभावी तरीके से कम कर दिया, जो फेफड़ों को नुकसान पहुंचाते हैं और श्वास संबंधी बीमारियां बढ़ाते हैं। इसने किसानों और ग्रामीणों का बचाव किया। मॉडल ने गांव के बाहर के लोगों का ध्यान खींचा और पूरे जिले में इसकी चर्चा फैलने लगी। केंद्रीय विज्ञान और प्रौद्योगिकी मंत्रालय ने मूल्यांकन और मंजूरी के बाद इंस्पायर अवार्ड के तहत इस मॉडल का चयन किया और पूजा को अंतरराष्ट्रीय एक्सपोजर विजिट का मौका मिला।

2025 में उसे जापान साइंस एंड टेक्नोलॉजी एजेंसी की महत्वपूर्ण पहल 'साकुरा साइंस हाई स्कूल प्रोग्राम' के लिए चुना गया। वह देशभर से चुने गए 54 भारतीय छात्रों में उत्तर प्रदेश की इकलौती छात्रा थी। इस कार्यक्रम में विज्ञान के गहन सत्र और टोक्यो का स्टडी टूर शामिल था। इससे पहले, उत्तर प्रदेश सरकार ने उसे बाल वैज्ञानिक के रूप में एक लाख रुपए का पुरस्कार प्रदान किया। आज यानी 26 दिसंबर 2025 को घास-फूस के झोंपड़े में पली-बढ़ी 17 साल की पूजा अपने महत्वपूर्ण नवाचार के लिए प्रधानमंत्री बाल पुरस्कार ग्रहण करने जा रही है। पूजा उन 20 बच्चों में शामिल है, जिन्हें देशभर से इस सम्मान के लिए चुना गया है। गुरुवार को जब हम लंच कर रहे होंगे तो पूजा यह पुरस्कार ग्रहण कर रही होगी। योग्यता और जरूरत को देखते हुए जिला प्रशासन ने उसके परिवार को प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत स्थायी मकान भी मंजूर किया है।



## राशिफल

**मेषः-** आज कुछ अच्छे आसारों से मन प्रफुल्लित रहेगा। रोजगार संबंधी यात्रा में अवरोध संभव। शिक्षार्थियों के लिए विशेष लाभ के आसार है। शिक्षा क्षेत्र में जुड़े सभी छात्रों को परिश्रम करने की आवश्यकता है।

**बृषभ :-** स्वयं पर भरोसा कर योजनाओं को सुचारु रूप से क्रियान्वित करें। संबंधों में सरल व व्यवहारिक बनने की कोशिश करें। आर्थिक चिंता संभव। शिक्षार्थियों के लिए विशेष लाभ के आसार हैं।

**मिथुनः-** किसी महत्वपूर्ण कार्य में अवरोध मन को हतोत्साहित करेगा। संबंधों के प्रति नयी शिकायतें संभव। किसी विद्वान के विचारों से प्रभावित मन मे उत्साह का संचार होगा। क्रोध पर नियंत्रण रखें।

**कर्क :-** कोई नई जिज्ञासा मन को आकर्षित करेगी। भौतिक सुख-साधनों की लालसा बढ़ेगी। शिक्षा-प्रतियोगिता के दिशा में प्ररिश्रम तीव्र होगा।

**सिंह :-** किसी महत्वपूर्ण निर्णय लेने में मन दुविधाग्रस्त होगा। मित्रवत संबंधों का लाभ प्राप्त होगा। आवेश में लिये गये निर्णय से पश्चाताप संभव।

**कन्या :-** समस्याओं के समाधान हेतु मन नए युक्तियों पर केन्द्रित होगा। महत्वपूर्ण कायरे के प्रति आलस्य न करें। छोटी-छोटी बातों पर क्रोधित न हो।

**तुला :-** मन सकारात्मक विचारों से प्रभावित होगा। नाजुक संबंधों में सन्तुलित व मधुर वाणी का प्रयोग करें। कोई आपका अपना बिगड़े हुए सम्बन्धों मे सुधार कराएगा।

**वृश्चिक :-** सभी प्रकार के दायित्वों की पूर्ति हेतु सन्तुलित योजना पर चलें। किसी महत्वपूर्ण निर्णय में संबंधों का सहयोग प्राप्त होगा। विरोधियों की प्रबलता से कठिनाइयां संभव।

**धनु :-** नए समीकरण लाभकारी कार्य क्षमता के परिचायक होंगे। प्रणय सम्बनध मे प्रगाढ़ता बढ़ेगी। आय-व्यय मे सन्तुलन बनने का प्रयत्न करें। आलस्य का त्याग करें। रोजगार के अवसर सुलभ होंगे।

**मकर :-** कोई नई जिज्ञासा मन को आकर्षित करेगी। भौतिक सुख-साधनों की लालसा बढ़ेगी। शिक्षा-प्रतियोगिता के दिशा में प्ररिश्रम तीव्र होगा। रोजगार में प्रगति संभव। कटु शब्दों का प्रयोग न करें।

**कुंभ :-** पुरानी समस्याओं पर विजय प्राप्त कर आप उत्साहित होंगे। नियोजित कार्यकुशलता प्रगति के लिए आशान्वित होंगे। सुखद कायरे की व्यस्तता रहेगी।

**मीन :-** क्षमता से परे किसी कार्य की जिम्मेदारी लेना हानिकार हो सकती है। विद्यार्थी शिक्षा मे लापरवाही ना करें। रोजगार में नए लाभ के अवसर प्राप्त होंगे।

# गुरू गोबिंद सिंह जी : त्याग व बलिदान के सच्चे प्रतीक

**योगेश कुमार गोयल**

**गुरु गोबिंद सिंह जी की जयंती (27 दिसंबर) पर विशेष**

**शौर्य, साहस, त्याग और बलिदान के सच्चे प्रतीक तथा इतिहास को नई धारा देने वाले अद्वितीय, विलक्षण और अनुपम व्यक्तित्व के स्वामी गुरु गोबिंद सिंह जी को इतिहास में एक विलक्षण क्रांतिकारी संत व्यक्तित्व का दर्जा प्राप्त है। वे कहते थे कि किसी भी व्यक्ति को न किसी से डरना चाहिए और न ही दूसरों को डराना चाहिए। उन्होंने समाज में फैले भेदभाव को समाप्त कर समानता स्थापित की थी और लोगों में आत्मसम्मान तथा निडर रहने की भावना पैदा की। एक आध्यात्मिक गुरु होने के साथ-साथ वे एक निर्भयी योद्धा, कवि, दार्शनिक और उच्च कोटि के लेखक भी थे। उन्हें विद्वानों का संरक्षक भी माना जाता था। 52 कवियों और लेखकों की उपस्थिति सदैव उनके दरबार में बनी रहती थी और इसीलिए उन्हें 'संत सिपाही' भी कहा जाता था।**

सिखों के 10वें गुरु गोबिंद सिंह जी का प्रकाश पर्व इस वर्ष 27 दिसंबर को मनाया जा रहा है। हिन्दू कैलेंडर के अनुसार गुरु गोबिंद सिंह का जन्म 1667 ई. में पौष माह की शुक्ल पक्ष की सप्तमी तिथि को 1723 विक्रम संवत् को पटना साहिब में हुआ था। प्रतिवर्ष इसी दिन गुरु गोबिंद सिंह का प्रकाशोत्सव मनाया जाता है। गुरु गोबिंद सिंह जी को बचपन में गोबिंद राय के नाम से जाना जाता था। उनके पिता गुरु तेग बहादुर सिखों के 9वें गुरु थे। पटना में रहते हुए गुरू जी तीर-कमान चलाना, बनावटी युद्ध करना इत्यादि खेल खेला करते थे, जिस कारण बच्चे उन्हें अपना सरदार मानने लगे थे।

पटना में वे केवल 6 वर्ष की आयु तक रहे और सन् 1673 में सपरिवार आनंदपुर साहिब आ गए। यहीं पर उन्होंने पंजाबी, हिन्दी, संस्कृत, बृज, फारसी भाषाएं सीखने के साथ घुड़सवारी, तीरंदाजी, नेजेबाजी इत्यादि युद्धकलाओं में भी महारत हासिल की। कश्मीरी पंडितों के धार्मिक अधिकारों की रक्षा के लिए उनके पिता और सिखों के 9वें गुरु तेग बहादुर जी द्वारा नवम्बर 1975 में दिल्ली के चांदनी चौक में शीश कटाकर शहादत दिए जाने के बाद मात्र 9 वर्ष की आयु में गुरु गोबिंद सिंह जी ने सिखों के 10वें गुरू पद की महत्वपूर्ण जिम्मेदारी संभाली और खालसा पंथ के संस्थापक बने।

शौर्य, साहस, त्याग और बलिदान के सच्चे प्रतीक तथा इतिहास को नई धारा देने वाले अद्वितीय, विलक्षण और अनुपम व्यक्तित्व के स्वामी गुरु गोबिंद सिंह जी को इतिहास में एक विलक्षण क्रांतिकारी संत व्यक्तित्व का दर्जा प्राप्त है। वे कहते थे कि किसी भी व्यक्ति को न किसी से डरना चाहिए और न ही दूसरों को डराना चाहिए। उन्होंने समाज में फैले भेदभाव को समाप्त कर समानता स्थापित की थी और लोगों में आत्मसम्मान तथा निडर रहने की भावना पैदा की। एक आध्यात्मिक गुरु होने के साथ-साथ वे एक निर्भयी योद्धा, कवि, दार्शनिक और उच्च कोटि के लेखक भी थे। उन्हें विद्वानों का संरक्षक भी माना जाता था। कहा जाता है कि 52 कवियों और लेखकों की उपस्थिति सदैव उनके दरबार में बनी रहती थी और इसीलिए उन्हें 'संत सिपाही' भी कहा जाता था। उन्होंने स्वयं कई ग्रंथों की रचना की थी। 'बिचित्र नाटक' को गुरु गोबिंद सिंह की आत्मकथा माना जाता है, जो उनके जीवन के विषय में जानकारी का सबसे महत्वपूर्ण स्रोत है। यह 'दशम ग्रंथ' का एक भाग है, जो गुरु गोबिंद सिंह की कृतियों के संकलन का नाम है। इस दशम ग्रंथ की रचना गुरू जी ने हिमाचल के पोंटा साहिब में की थी। कहा जाता है कि एक बार गुरु गोबिंद सिंह अपने घोड़े पर सवार होकर हिमाचल प्रदेश से गुजर रहे थे और एक स्थान पर उनका घोड़ा अपने आप आकर रुक गया। उसी के बाद से उस जगह को पवित्र माना जाने लगा और उस जगह को पोंटा साहिब के नाम से जाना जाने लगा। दरअसल 'पोंटा' शब्द का अर्थ होता है 'पांव' और जिस जगह पर घोड़े के पांव अपने आप थम गए, उसी जगह को पोंटा साहिब नाम दिया गया।

गुरु जी ने अपने जीवन के चार वर्ष पोंटा साहिब में ही बिताए, जहां अभी भी उनके हथियार और कलम रखे हैं। 1699 में बैसाखी के दिन तख्त श्री केसगढ़ साहिब में कड़ी परीक्षा के बाद पांच सिखों को 'पंज प्यारे' चुनकर गुरु गोबिंद सिंह ने खालसा पंथ की स्थापना की थी, जिसके बाद प्रत्येक सिख के लिए कृपाण या श्रीसाहिब धारण करना अनिवार्य कर दिया गया। वहीं पर उन्होंने 'खालसा वाणी' भी दी, जिसे 'वाहे गुरु जी का खालसा, वाहेगुरु जी की फतेह' कहा जाता है। उन्होंने जीवन जीने के पांच सिद्धांत दिए थे, जिन्हें 'पंच ककार' (केश, कड़ा, कृपाण, कंघा और कच्छा) कहा जाता है। गुरु गोबिंद सिंह ने ही 'गुरु ग्रंथ साहिब' को सिखों के स्थायी गुरु का दर्जा दिया था। सन् 1708 में गुरु गोबिंद सिंह ने महाराष्ट्र के नांदेड़ में शिविर लगाया था। वहां जब उन्हें लगा कि अब उनका अंतिम समय आ गया है, तब उन्होंने संगतों को आदेश दिया कि अब गुरु ग्रंथ साहिब ही आपके गुरु हैं। गुरु जी का जीवन दर्शन था कि धर्म का मार्ग ही सत्य का मार्ग है और सत्य की हमेशा जीत होती है। वे कहा करते थे कि मनुष्य का मनुष्य से प्रेम ही ईश्वर की भक्ति है, अतः जरूरतमंदों की मदद करो। अपने उपदेशों में उनका कहना था कि ईश्वर ने मनुष्यों को इसलिए जन्म दिया है ताकि वे संसार में अच्छे कर्म करें और बुराई से दूर रहें। उन्होंने कई बार मुगलों को परास्त किया। आनंदपुर साहिब में तो मुगलों से उनके संघर्ष और उनकी वीरता का स्वर्णिम इतिहास बिखरा पड़ा है। सन् 1700 में दस हजार से भी ज्यादा मुगल सैनिकों को सिख जांबाजों के सामने मैदान छोड़ कर भागना पड़ा था और गुरु जी की सेना ने 1704 में मुगलों के अलावा उनका साथ दे रहे पहाड़ी हिन्दू शासकों को भी करारी शिकस्त दी थी। मुगल शासक औरंगजेब की भारी-भरकम सेना को भी आनंदपुर साहिब में दो-दो बार धूल चाटनी पड़ी थी।


**स्वामी, मुद्रक व प्रकाशकः** जितेन्द्र सिंह द्वारा एवीबी रिप्रोग्राफिक्स ए-59 इण्डस्ट्रियल एरिया तालकटोरा लखनऊ से मुद्रित एवं कार्यालय 2/353, विशाल खण्ड-2 गोमती नगर लखनऊ (उ.प्र.) से प्रकाशित। **सम्पादक जितेन्द्र सिंह***
(इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादन हेतु पी.आर.बी. एक्ट के तहत उत्तरदायी) समाचार से संबंधित सभी प्रकरण लखनऊ न्यायालय के अधीन ही मान्य होंगे। आरएनआई UPHIN/2013/55887
**संपादकीय एवं व्यवसायिक कार्यालय : 201-202 द्वितीय तल, रीजेन्सी प्लाजा, 5-पार्क रोड, सिविल अस्पताल के सामने, हजरतगंज, लखनऊ-226001, मो. 9305748833, 7985738649, 9451244788, 9554964672**
**For News :** samradhinewslko@gmail.com/samradhinews@gmail.com **For Official :** chiefeditorsamriddhinews@gmail.com

## खबरें एक नजर में

### सरस्वती विद्या मंदिर इंटर कालेज में मनाया वीर बाल दिवस



हमीरपुर सरस्वती, समृद्धि न्यूज़। विद्या मंदिर इण्टर कालेज हमीरपुर में वीर बाल दिवस मनाया गया। इस अवसर पर विद्यालय के प्रधानाचार्य श्री रामप्रकाश गुप्ता ने बोलते हुए कहा 09 जनवरी 2022 को श्री गुरुगोविंद सिंह जी के प्रकाश पर्व के अवसर पर मा0 प्रधानमंत्री ने 26 दिसम्बर का दिन वीर बाल दिवस के रूप में मनाये जाने की घोषणा की थी। ताकि साहिबजादों की शहादत को सदा स्मरण रखा जा सके। जिनका अद्वितीय बलिदान पीढ़ियों को प्रेरित कर रहा है। इस अवसर पर कार्यक्रम प्रमुख आचार्य घनश्यामदास राठौर ने कहा कि इतनी कम उम्र में ही इन साहिबजादो ने अपने प्राणो का बलिदान दे दिया। इनका ये बलिदान इतिहास के स्वर्णिम पन्नो में दर्ज हो चुका है। यह हमे प्रेरित करता है कि हम भी अपने जीवन मे कठिनाईयो का सामना करते हुए धैय और दृढ़ता बनाये रखे। वीर बाल दिवस हमे राष्ट्रीय एकता और भाईचारे का सन्देश देता है। कार्यक्रम का संचालन संगीताचार्य ज्ञानेश जड़िया ने किया। इस अवसर पर विद्यालय का समस्त स्टाफ और छात्र-छात्राये मौजूद रहे। यह जानकारी विद्यालय के मीडिया प्रभारी आचार्य वेदप्रकाश शुक्ल ने दी।

### क्रांतिकारी ऊधम सिंह की जयंती पर वर्णिता ने किये श्रद्धा सुमन अर्पित



भरूआ सुमेरपुर, समृद्धि न्यूज़। देशभक्तों की देश के प्रति भूमिका के मद्देनजर वर्णिता संस्था के तत्वावधान में विमर्श विविधा के अन्तर्गत जिनका देश ऋणी है के तहत संस्था के अध्यक्ष डा. भवानीदीन ने महान क्रांतिकारी ऊधम सिंह की जयंती पर श्रद्धासुमन अर्पित करते हुए कहा कि ऊधम सिंह वास्तव में मातृभूमि के सच्चे सपूत थे। इनके योगदान को भुलाया नहीं जा सकता है। इनका जन्म 26 दिसम्बर 1899 को पंजाब के संगरूर जिले के सुनाम गांव में टेहल सिंह और नारायण कौर के घर हुआ था। बताते हैं कि देश की आजादी के अभियान में एकत्र हुये देशवासियों पर गवर्नर जनरल माइकल ओ डायर ने 13 अप्रैल 1919 जलियांवाला बाग में नर संहार कराया था, जिसमें हजारों निरपराध लोग मारे गए थे। फलतः कम उम्र के ऊधम सिंह ने वहां की मिट्टी को माथे पर लगाकर संकल्प लिया था कि मैं इस कत्लेआम का लंदन जाकर बदला अवश्य लूंगा। ये ब्रिटेन गये, वहां मौका देखकर एक दिन एक कार्यक्रम में जब ओडायर कैक्सटन हाल में पहुंचा तो ऊधम सिंह ने उसे मौत के घाट उतार दिया। ये पकड़े गए, इन्हें 31 जुलाई 1940 को लंदन की पिन्टनविले जेल में फांसी दे दी गई। कम उम्र में ही क्रातिकारी ऊधम सिंह देश के लिये कुर्बान हो गये। इस कार्यक्रम में सिद्धा, प्रेम, सागर, प्रिन्स, रिया, दयाराम सोनकर, रामनारायन सोनकर, रामबाबू, फूलचंद, विकास, सतेन्द्र, राहुल प्रजापति आदि शामिल रहे।

### विद्युत पोल के सपोर्ट वायर में उतरे करंट से बालक झुलसा

भरूआ सुमेरपुर, समृद्धि न्यूज़। बांदा मार्ग किनारे रेलवे गेट संख्या 31 के बाहर लगे विद्युत पोल की सपोर्ट वायर में उतरे करंट की चपेट में आकर दुकान जा रहा बालक झुलस गया।उपचार के बाद बालक की हालत सुधार है। कस्बे के धर्मेश्वर बाबा मुहाल निवासी राजू कुशवाहा का पुत्र आकाश 5 वर्ष अपने बड़े भाई विकास 7 वर्ष के साथ दुकान जा रहा था। रेलवे गेट संख्या 31 के बाहर बांदा मार्ग किनारे लगे विद्युत पोल के सपोर्ट वायर में उतरे करंट की चपेट में आकर झुलस गया। बड़े भाई के शोर मचाने पर राहगीरों ने बालक को उठाकर परिजनों को सूचित किया परिजनों ने उसे कस्बे के एक निजी अस्पताल में भर्ती कराया। उपचार के बाद बालक की हालत में सुधार है।

### सर्दी से बचाव के लिए जलाए जा रहे अलाव, स्थलों व रैनबसेरों का एसडीएम ने लिया जायजा



समृद्धि न्यूज, महोबा। जनपद में शीतलहर के दृष्टिगत शासन के मनसा के अनुरूप जिलाधिकारी गजल भारद्वाज के आदेशानुसार जनपद के सभी तहसीलों में सार्वजनिक स्थलों पर कुल 85 अलाव जलाए जा रहे हैं। प्रतिदिन अलाव स्थलों का निरीक्षण उपजिलाधिकारी/ तहसीलदार/अधिशासी अधिकारी/नायब तहसीलदार द्वारा किया जा रहा है। जनपद में कुल 07 रैन बसेरा नवीन प्राइवेट बस स्टैंड छतरपुर रोड,अंबेडकर पार्क आल्हा चौक महोबा,बस स्टैंड चरखारी, महामुनि गेट के पास नगर पंचायत खरेला, कम्युनिटी हॉल गोंदी चौराहा कुलपहाड़,रोडवेज बस स्टैंड महोबा,रेलवे स्टेशन महोबा में संचालित हैं। कोई व्यक्ति खुले में ना सोए इसलिए सभी अधिकारी फील्ड में रात में 8 :00 बजे से 10 :00 बजे तक भ्रमण कर रहे हैं। कोई व्यक्ति बाहर सोता हुआ मिलने पर उन्हें रैन बसेरा में पहुंचाया जा रहा है। सभी रैन बसेरे के बाहर प्रतिदिन अलाव एवं साफ सफाई, पीने के पीने के पानी आदि के साथ साथ महिला/पुरुष के अलग अलग रहने की व्यवस्था की जा रही है। जिन व्यक्तियों के पास कंबल नहीं है उन्हें रात्रि भ्रमण के समय कंबल भी उपलब्ध कराया जा रहा है।

# पूर्व पीएम अटल बिहारी वाजपेई को किया नमन

- वाजपेई जी की जीवनी पर लगाई गई प्रदर्शनी
- कवि सम्मेलन हुआ आयोजन

हमीरपुर, समृद्धि न्यूज।



भाजपा कार्यालय, हमीरपुर में हम सभी के प्रेरणास्त्रोत, पूर्व प्रधानमंत्री, भारत रत्न, श्रद्धेय अटल बिहारी वाजपेयी जी की जन्म जयंती शताब्दी समारोह नवनियुक्त जिला अध्यक्ष शकुंतला निषाद की उपस्थिति में मनाई गई इस कार्यक्रम के मुख्य अतिथि प्रदेश उपाध्यक्ष एवं जिला प्रभारी देवेश कुमार उपस्थित रहे जन्म जयंती के उपलक्ष्य पर आयोजित सभा में जिला अध्यक्ष शकुंतला निषाद जिला प्रभारी देवेश कुमार राठ विधायक मनीषा अनुरागी हमीरपुर सदर विधायक डॉ मनोज प्रजापति जिला पंचायत अध्यक्ष जयंती राजपूत एवं समस्त पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता उनके स्मृति चित्र पर माल्यार्पण कर नमन किया जिला मीडिया प्रभारी अरविंद श्रीवास्तव ने जानकारी दी कि

इस अवसर पर श्रद्धेय अटल जी के जीवन पर आधारित प्रदर्शनी का मुख्य अतिथि देवेश कुमार ने फीता काट कर उद्घाटन एवं अवलोकन किया तथा जिला स्तरीय भाषण व काव्य पाठ प्रतियोगिता में अव्वल प्रतिभागियों को पुरस्कृत कर उनका उत्साह वर्धन किया

आज के इस भव्य कार्यक्रम में पूर्व जिला अध्यक्ष बृज किशोर गुप्ता गणेश यादव नरवेंद्र सिंह रोहित शिवहरे किशन व्यास लक्ष्मी रतन साहू पुष्पराज सोनी संतराम गुप्ता स्वामी प्रताप सिंह महेंद्र सिंह जिला मीडिया प्रभारी अरविंद श्रीवास्तव धीरेंद्र शिवहरे आशीष पालीवाल आशा रानी कबीर रामदेव सिंह लाला राम निषाद जगत प्रजापति हिमांशु श्रीवास्तव साधना सिंह रेखा सिंह गीता ओमर रणवीर सिंह अंकित गुप्ता मोहन कुशवाहा जितेंद्र पाल विनय मिश्रा निशांत द्विवेदी राजकुमार शुक्ला आकाश त्रिपाठी प्रमोद वर्मा सीमा वर्मा रोशनी साहू योगेंद्र दीक्षित मनोज धुरिया कृष्ण कुमार विश्वकर्मा पदाधिकारीगण व कार्यकर्ता बंधु उपस्थित रहे।

# सब्जी बेचकर बेटे को बनाया सैनिक, अग्निवीर हिमांशु के स्वागत में उमड़ा पूरा कस्बा

खड़ेही लोधन (हमीरपुर), समृद्धि न्यूज।

भारतीय सेना में अग्निवीर के रूप में ट्रेनिंग पूरी कर लौटे हिमांशु कुशवाहा के आगमन पर सोमवार को मुस्करा कस्बा गर्व और उल्लास से भर उठा 20 वर्षीय हिमांशु जो कस्बा मुस्करा के निवासी चन्द्रकरण कुशवाहा के पुत्र हैं जैसे ही अपने गांव लौटे उनका स्वागत अभूत पूर्व सम्मान के साथ किया गया। डीजे की धुनों और बैंड-बाजों की थाप पर युवा झूमते नजर आए, वहीं जगह-जगह लोगों ने फूल-मालाओं और जयकारों के साथ हिमांशु का अभिनंदन किया।

कस्बा मुस्करा के मुख्य चौराहों से लेकर गलियों तक हर ओर भारत माता की जय वंदे मातरम और सेना के सम्मान में नारों की गूंज सुनाई दी ग्रामीणों ने कहा कि हिमांशु ने न केवल अपने माता-पिता का बल्कि पूरे मुस्करा कस्बे और जिले का नाम रोशन किया है।



### पिता की मेहनत से मिली कामयाबी

इस गौरवपूर्ण अवसर पर हिमांशु के पिता चन्द्रकरण कुशवाहा भावुक हो उठे उन्होंने बताया कि आर्थिक स्थिति मजबूत न होने के बावजूद उन्होंने अपने बेटे के सपनों को टूटने नहीं दिया सब्जी बेचकर उन्होंने बेटे की पढ़ाई और तैयारी में सहयोग किया चन्द्रकरण ने गर्व भरी आवाज में कहा – मेरी मेहनत सफल हो गई। मेरा बेटा देश की सेवा करेगा, इससे बड़ी खुशी मेरे लिए और क्या हो सकती है। कस्बे के बुजुर्गों और युवाओं ने एकस्वर में कहा कि हिमांशु की सफलता उन युवाओं के लिए प्रेरणा है जो कठिन हालात में भी बड़े सपने देखते हैं। उनके अनुसार, हिमांशु की उपलब्धि से मुस्करा का मान और ऊंचा हुआ है।

# तपोभूमि में बार बालाओं के डांस पर हिंदू संगठनों ने जताया ऐतराज, पुलिस को दी तहरीर

भरूआ सुमेरपुर, समृद्धि न्यूज।



गुरुवार को देर शाम श्री गायत्री तपोभूमि प्रांगण में कथा स्थल पर बार बालाओ का डांस कराने पर हिंदू संगठनों ने जोरदार विरोध जताकर पुलिस को बुलाकर कार्यक्रम बंद कराया दिया और शनिवार को सुबह थाने पहुंचकर आयोजक के खिलाफ पुलिस को तहरीर सौंपकर कार्यवाही की मांग की है।

कस्बा निवासी सेवा निर्वत्त शिक्षक बद्री प्रसाद गुप्ता ने अपने नाती के जन्मदिन पर श्री गायत्री तपोभूमि के कथा प्रांगण पर विशाल कार्यक्रम का आयोजन किया था। इस कार्यक्रम में नाते रिश्तेदार के साथ इष्ट मित्रों को आमंत्रित किया गया था। जन्मदिन का केक काटने के बाद करीब ८ः०० बजे यहां आर्केस्ट्रा की आड़ में बार-बालाओ का अश्लील डांस शुरू कर दिया गया। इसकी भनक बजरंग दल सहित अन्य हिंदू संगठनों को लग गई और मौके पर पहुंच गए। फूहडता का नंगा नाच देखकर तपोस्थली प्रांगण की पवित्रता को मद्देनजर रखकर हिंदू संगठनों ने कड़ा एतराज जताते हुए पुलिस को बुला लिया सूचना पाकर फैक्ट्री एरिया पुलिस चौकी इंचार्ज राजवीर सिंह, दीवान दिलीप कुमार के साथ मौके पर पहुंचे और हिंदू संगठनों के विरोध को देखते हुए डांस को बंद करा दिया। इससे आयोजको में हड़कंप मच गया। शुक्रवार को सुबह बजरंग दल के नैतिक सोनी, आदर्श तिवारी, बादल बजरंगी, भोलू ठाकुर, अभिषेक, अमन धुरिया, आशीष सिंह, ललित शर्मा, अंशु पंडित, अमर सिंह, उत्कर्ष सैनी, आदर्श अवस्थी, राम जी आदि ने कड़ा एतराज जताते हुए कार्यक्रम के आयोजक बद्री प्रसाद गुप्ता, केदारनाथ गुप्ता, कृष्ण कुमार गुप्ता, दीपू गुप्ता, प्रवीण गुप्ता आदि के खिलाफ तपोभूमि के पुजारी मोनू द्विवेदी से तहरीर दिलवाकर तहरीर पुलिस को सौंपी है। थानाध्यक्ष अनूप सिंह ने जांच के बाद कार्यवाही का आश्वासन दिया है

### नाले का पानी बहने से खराब हो रहा बांदा मार्ग

भरुआ सुमेरपुर, समृद्धि न्यूज। कस्बे के धर्मेश्वर बाबा मुहाल में नगर पंचायत द्वारा निर्मित कराए गए नाले को पुराने लाने से नहीं जोड़ने से नाले का पानी बांदा मार्ग की सड़क पर बह रहा है। इससे सड़क खराब हो रही है।सपा व्यापार सभा के जिलाध्यक्ष अजय पाल साहू ने बताया कि नगर पंचायत ने बांदा मार्ग किनारे धर्मेश्वर बाबा मुहाल में नाला का निर्माण कराया गया है। लेकिन नए नाले को पुराने नाले से नहीं जोड़ा गया है।

इस वजह से नाले का पानी सड़क पर बह रहा है।इससे सड़क में भारी भरकम गड्ढा हो गया है। जिससे आए दिन हादसे हो रहे। सपा नेता ने नाले को पुराने नाले से जोड़ने की मांग की है। नगर पंचायत के अधिशाषी अधिकारी दिनेश आर्य ने बताया कि ठेकेदार को नोटिस भेजा गया है। अगर तीन दिन के अंदर कार्य पूर्ण नहीं किया गया, तो ठेकेदार को ब्लैक लिस्ट कर दिया जाएगा।



### वीर बाल दिवस पर मनाया गया शहीदी दिवस

हमीरपुर, समृद्धि न्यूज। भारतीय जनता पार्टी जिला अध्यक्ष शकुंतला निषाद की अध्यक्षता में आज गुरुद्वारा गुरु सिंह सभा राठ में अल्पसंख्यक मोर्चा जिला अध्यक्ष अमरजीत अरोड़ा की उपस्थिति में वीर बाल दिवस शहीदी दिवस के रूप में मनाया गया इस कार्यक्रम के मुख्य अतिथि प्रदेश उपाध्यक्ष जिला प्रभारी देवेश कुमार जी रहे विशिष्ट अतिथि राठ विधायक मनीषा अनुरागी जिला पंचायत अध्यक्ष जयंती राजपूत नगर पालिका अध्यक्ष श्री निवास बुधौलिया अम्बरेस कुमारी मौजूद रहे मुख्य अतिथि ने कहा की शौर्य किसी उम्र का मोहताज नहीं होता देश के लिए कैसे जिए और इन बलदानियों को हमेशा याद करते हुए उनके प्रेरणा के अनुसार देश हित का कार्य करना चाहिए आज के इस कार्यक्रम में युवा मोर्चा क्षेत्रीय उपाध्यक्ष शिवेंद्र सिंह अनुसूचित मोर्चा प्रमोद वर्मा किशन व्यास जिला मीडिया प्रभारी अरविंद श्रीवास्तव महेंद्र शुक्ला निशा भटनागर नीतू भटनागर अनीता राजपूत आराधना राजपूत रोहित निषाद उपस्थित रहे।

# सीज की गई अवैध खनन करते पकड़ी गई जेसीबी

समृद्धि न्यूज अजनर/महोबा।



अवैध खनन के खिलाफ चलाए जा रहे एंटी माइनिंग अभियान के तहत प्रशासन ने बड़ी कार्रवाई सामने आई है। औचक निरीक्षण के दौरान नायब तहसीलदार कुलपहाड़ पंकज कुमार गौतम एवं थानाध्यक्ष अजनर सुभाषचंद्र के संयुक्त नेतृत्व में टीम ने थुरट गांव के पास नदी क्षेत्र में अवैध खनन करते एक जेसीबी को मौके पर पकड़ लिया। कार्रवाई के दौरान नदी में खनन कर रही जेसीबी संख्या UP95-AT-3233 को सीज़ कर दिया गया है। आवश्यक कानूनी प्रक्रिया पूरी करते हुए वाहन को कब्जे में लेकर संबंधित प्रकरण की रिपोर्ट खनन विभाग को अग्रिम कार्रवाई हेतु भेजी गई है। प्रशासन की इस कार्रवाई से अवैध खनन में संलिप्त लोगों में हड़कंप मच गया है। अधिकारियों ने स्पष्ट किया है कि क्षेत्र में अवैध खनन किसी भी सूरत में बर्दाश्त नहीं किया जाएगा और ऐसे मामलों में कठोर कार्रवाई जारी रहेगी।

# ऊँ हरि हर के बच्चों ने सदर विधायक के घर पहुंच कर किया सम्मानित

हमीरपुर, समृद्धि न्यूज।



डी0एल0एड0 के छात्रों ने सदर विधायक से की गयी मांगों के पूरे होने पर उनके आवास में पहुँच कर उन्हे सम्मानित करते हुये आभार व्यक्त किया

ज्ञातव्य है संचालित डी0एल0एड0 (बी0टी0सी0) की कक्षाओं में अध्ययन कर रहें प्रशिक्षुओं की सेमेस्टर परीक्षाओं का परीक्षा केन्द्र विगत कई वर्षो से महोबा जनपद में बनाया जाता था जिससे प्रशिक्षुओं को परीक्षा देने हेतु लम्बी दूरी तय करनी होती थी तथा अनेका अनेक समस्याओं का सामना करना पडता था। इस सम्बन्ध में ऊँ हरिहर स्नातकोत्तर महाविद्यालय के प्रशिक्षुओं के साथ अन्य महाविद्यालय के प्रशिक्षुओ ने सदर विधायक डॉ मनोज कुमार प्रजापति से मिलकर डी0एल0एड0 की परीक्षाओं का परीक्षा केन्द्र जनपद में ही बनाये जाने की मांग की थी जिसके लिये सदर विधायक ने परीक्षा नियामक प्राधिकारी एवं जिला प्रशासन से मिलकर वर्तमान परीक्षाओं का परीक्षा केन्द्र जनपद में ही रखें जाने का प्रयास किया था जिस क्रम में विगत सेमेस्टर की परीक्षाओं का परीक्षा केन्द्र जनपद हमीरपुर को ही बना दिया गया साथ ही सुमेरपुर स्थित डायट में मूल्यांकन का कार्य इसी सेमेस्टर से प्रारम्भ कराया गया।

प्रशिक्षुओं द्वारा सादर विधायक से की गयी मांगो के पूरा होने पर ऊँ हरिहर स्नातकोत्तर महाविद्यालय के प्रशिक्षु सूर्य प्रताप सिंह, ध्रुव सिंह, प्रद्युम्न यादव, राहुल निषाद, मंयक राजपूत, चेतन , भूपेन्द्र सिंह, रितुराज सहित आधा दर्जन प्रशिक्षुओं ने विधायक आवास पर जा कर डॉ0 मनोज कुमार प्रजापति को शाल व बुके दे कर सम्मानित करते हुये आभार व्यक्त किया। विधायक द्वारा प्रशिक्षुओ को पारितोषिक प्रदान किया गया।

इस अवसर पर ऊँ हरिहर स्नातकोत्तर महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ0 स्वामी प्रसाद ने सादर विधायक को अपनी पुस्तक 21वीं सदी में वृद्धजन भेंट की प्राचार्य के साथ डॉ0 मनोज कुमार सन्दीप सिंह आदि उपस्थित रहें।

# पनवाड़ी में भारत रत्न अटल बिहारी वाजपेई की प्रतिमा का भव्य अनावरण

- ब्लॉक प्रमुख अंजना अनुरागी ने किया लोकार्पण

पनवाड़ी (महोबा), समृद्धि न्यूज।



पनवाड़ी विकासखंड के राठ रोड स्थित प्राथमिक विद्यालय के बगल में देश के पूर्व प्रधानमंत्री एवं भारत रत्न स्वर्गीय अटल बिहारी वाजपेई की प्रतिमा का भव्य अनावरण समारोहपूर्वक संपन्न हुआ। कार्यक्रम का शुभारंभ पनवाड़ी ब्लॉक प्रमुख श्रीमती अंजना श्री प्रकाश अनुरागी के करकमलों द्वारा विधि-विधान के साथ किया गया। इस अवसर पर उन्होंने प्रतिमा पर पुष्पमाला अर्पित कर श्रद्धासुमन अर्पित किए और अटल जी को नमन किया।

प्रतिमा स्थापना एवं अनावरण का आयोजन अटल बिहारी वाजपेई की जन्म जयंती के अवसर पर किया गया, जिसे कस्बा पनवाड़ी सहित आसपास के ग्रामीण क्षेत्रों के लोगों ने हर्षोल्लास के साथ मनाया। प्राथमिक विद्यालय परिसर में स्थित मैदान में आयोजित इस कार्यक्रम में बड़ी संख्या में ग्रामीण, जनप्रतिनिधि, गणमान्य नागरिक एवं संभ्रांत लोग उपस्थित रहे। अटल पार्क पनवाड़ी में आयोजित इस समारोह ने पूरे क्षेत्र में उत्साह और गौरव का वातावरण बना दिया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए ब्लॉक प्रमुख श्रीमती अंजना श्री प्रकाश अनुरागी ने कहा कि अटल बिहारी वाजपेई केवल एक राजनेता नहीं, बल्कि विचार, संस्कार और सुशासन के प्रतीक थे। उन्होंने अपने जीवन में राष्ट्रहित को सर्वोपरि रखा और लोकतंत्र को मजबूती प्रदान की। उन्होंने युवाओं से अटल जी के आदर्शों, विचारों और राष्ट्र निर्माण की भावना पर चलने का आह्वान किया। इस अवसर पर ब्लॉक प्रमुख प्रतिनिधि श्री प्रकाश अनुरागी ने भी अटल बिहारी वाजपेई के जीवन पर प्रकाश डालते हुए कहा कि वे सादगी, शुचिता और स्वच्छ छवि के प्रधानमंत्री रहे। उनके नेतृत्व में देश ने विकास और वैश्विक पहचान की नई ऊंचाइयों को छुआ। कार्यक्रम में डॉ. दृग्विजय दुबे, ग्राम प्रधान संजय द्विवेदी, पनवाड़ी के पूर्व प्रधान आसाराम यादव, अलीपुरा प्रधान प्रतिनिधि बबलू रावत, श्री प्रकाश मिश्रा, मंगल महान, संतोष विश्वकर्मा, लालदिमान यादव, राजू नगायच, सागर अग्रवाल, संतोष अग्निहोत्री, उपेंद्र दुबे, सीताराम अग्निहोत्री, उमंग सुलेरे, प्रेम सक्सेना, अमन शर्मा, देवगनपुरा प्रधान संतोष राजपूत, सहित अनेक गणमान्य लोग उपस्थित रहे। समारोह का समापन राष्ट्र निर्माण के संकल्प और अटल जी के आदर्शों को आत्मसात करने के संदेश के साथ हुआ।

### कब्जा करने की नियत से सरकारी जमीन में चलवाई जेसीबी

- भू-माफियाओं पर लगाया राजस्वकर्मियों से मिलीभगत कर कब्जा करने का आरोप
- समाजसेवियों ने डीएम को शिकायती पत्र देकर की कार्रवाई की मांग

समृद्धि न्यूज, महोबा। जनपद में एंटी भूमाफिया सेल की निष्क्रियता के चलते भूमाफिया सरकारी बेशकीमती जमीनों में कब्जा कर अवैध प्लाटिंग का खेल खेलने में मस्त नजर आ रहे हैं। सदर तहसील क्षेत्र के रहेलिया मौजा की गाटा संख्या 484 की सरकारी बेशकीमती जमीन को अपनी बता बेखौफ भूमाफियाओं ने प्लाटिंग के लिए जमीन को समतल कराने की नियत से दिनदहाड़े जेसीबी चला गोरखगिरी पर्वत का स्वरूप बिगाड़ने का प्रयास किया है। जागरूक समाजसेवी राजेश महाराज एवं जयप्रकाश द्विवेदी ने मामले की शिकायत जिलाधिकारी को दर्ज करा भूमाफियाओं के खिलाफ कड़ी कार्रवाई करने की मांग की है। समाजसेवियों ने जिलाधिकारी को दिए शिकायती पत्र में बताया है कि रहेलिया मौजा स्थित गाटा संख्या 484 जो की ग्राम समाज में दर्ज है जिस पर जनपद के भूमाफियाओं द्वारा कब्जा करने की नीयत से जेसीबी चला कर जमीन को समतल कर लिया गया है। आरोप है कि भूमाफियाओं द्वारा राजस्व कर्मियों से मिलीभगत कर वन विभाग एवं ग्राम समाज की जमीन को अपनी बताकर कब्जा करने की नीयत से जेसीबी चलाई गई है। समाजसेवियों ने जिलाधिकारी से मामले की निष्पक्ष जांच करा दोषियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई करने की मांग की है।

# पुलिस ने मुठभेड़ के बाद 25 हजार के इनामिया गैंगस्टर अपराधी को किया गिरफ्तार

समृद्धि न्यूज कबरई/महोबा।



- पुलिस की गोली से घायल बदमाश को अस्पताल में कराया गया भर्ती
- गिरफ्तार बदमाश के कब्जे से तमंचा व कारतूस बरामद

पुलिस ने मुठभेड़ के बाद 25 हजार के इनामिया गैंगस्टर एक्ट के वांछित शातिर अपराधी को गिरफ्तार करने में सफलता हासिल की है। गिरफ्तार किए गए शातिर बदमाश के पास से पुलिस ने अवैध तमंचा जिंदा और खोखा कारतूस बरामद कर उसे इलाज के लिए जिला अस्पताल में भर्ती कराया है। प्राप्त विवरण के अनुसार थानाक्षेत्र अन्तर्गत ग्राम धरौन स्थित गौशाला के पास मुखबिर की सूचना के बाद थानाध्यक्ष कबरई सत्यवेन्द्र सिंह भदोरिया के नेतृत्व में जनपदीय एसओजी और थाना पुलिस की संयुक्त टीम चेकिंग कर रही थी।

इसी दौरान शातिर बदमाश की चहलकदमी के बाद सक्रिय हुई पुलिस टीम ने घेराबंदी कर उसे पकड़ने की कोशिश की। पुलिस टीम को अपनी ओर आता देख बदमाश ने जान से मारने की नीयत से फायरिंग शुरू कर दी। पुलिस की जबाबी फायरिंग में बदमाश पैर में गोली लगने से घायल हो गया।

पुलिस ने घायल बदमाश को गिरफ्तार कर उसके कब्जे से अवैध तमंचा जिंदा और खोखा कारतूस बरामद किए हैं। गिरफ्तार बदमाश घनश्याम उर्फ़ घंसू पुत्र धनीराम श्रीनगर थाना क्षेत्र के सलारपुर गांव का निवासी बताया जा रहा है। मुठभेड़ में घायल बदमाश शहर कोतवाली में दर्ज गैंगस्टर एक्ट के मुकदमे में वांछित चल रहा था और उसके ऊपर 25 हजार रुपये का इनाम घोषित था। पुलिस ने मुठभेड़ के दौरान गोली लगने से घायल हुए बदमाश को इलाज के लिए जिला अस्पताल में भर्ती कराया जहां उसका इलाज चल रहा है। मामले को लेकर सीओ सदर अरुण कुमार सिंह का कहना है कि 25 और 26 दिसंबर की रात में करीब साढ़े बारह बजे मुखबिर की सूचना पर थानाध्यक्ष कबरई सत्यवेन्द्र सिंह भदोरिया पुलिस टीम के साथ चेकिंग कर रहे थे तभी धरौन गांव की गौशाला के पास शातिर बदमाश ने पुलिस पर जान से मारने की नीयत से फायरिंग कर दी जवाबी फायरिंग में बदमाश के पैर में गोली लग गई और वह घायल हो गया।

पुलिस ने घायल बदमाश को गिरफ्तार कर उसके कब्जे से अवैध तमंचा जिंदा और दो खोखा कारतूस बरामद किए हैं।गिरफ्तार अभियुक्त घनश्याम उर्फ़ घंसु श्रीनगर थाना क्षेत्र के सलारपुर गांव का रहने वाला है जो शहर कोतवाली में दर्ज गैंगस्टर एक्ट का मुकदमें में वांछित चल रहा था। घायल बदमाश आशु उर्फ़ अस्सू गैंग का सक्रिय सदस्य है, फिलहाल उसे अस्पताल में भर्ती कराया गया है। मामले में अग्रिम विधिक कार्यवाही प्रचलित है।

### तमंचा व जिन्दा कारतूस के साथ अभियुक्त गिरफ्तार



समृद्धि न्यूज, पनवाड़ी/महोबा। पुलिस अधीक्षक प्रबल प्रताप सिंह के निर्देशन में जनपद में अवैध शस्त्र व कारतूस की बिक्री एवं परिवहन की रोकथाम तथा ऐसे अपराधों में संलिप्त अभियुक्तों की गिरफ्तारी हेतु चलाये जा रहे अभियान के क्रम में आज अपर पुलिस अधीक्षक वन्दना सिंह व क्षेत्राधिकारी कुलपहाड़ रविकांत गोंड के पर्यवेक्षण में प्रभारी निरीक्षक थाना पनवाड़ी बीरेन्द्र प्रताप सिंह द्वारा गठित उपनिरीक्षक हार्दिक सिंह व उपनिरीक्षक पवन गौड़, हमराह हेड कांस्टेबल शीलेन्द्र कुमार व कांस्टेबल इन्द्रपाल चौहान के नेतृत्व में पुलिस टीम द्वारा अभियुक्त रामेश्वर पुत्र लक्ष्मीप्रसाद उम्र करीब 30 वर्ष निवासी ग्राम नौगांव थाना पनवाडी के कब्जे से एक तमंचा 315 बोर व एक जिंदा कारतूस 315 बोर बरामद करते हुए कस्बा पनवाडी के पास से गिरफ्तार किया गया।

# अज्ञात वाहन की टक्कर से बाइक सवार रेलवे टीटीई सहित दो दोस्तों की दर्दनाक मौत, एक अन्य दोस्त घायल

- जन्मदिन पार्टी में शामिल होकर वापस गांव लौट रहे थे तीनों दोस्त

समृद्धि न्यूज खन्ना/महोबा।

बर्थ-डे पार्टी में शामिल होकर वापस घर लौट रहे बाइक सवार रेलवे टीटीई सहित दो दोस्तों की सड़क हादसे की चपेट में आकर दर्दनाक मौत हो गई जबकि एक अन्य दोस्त गंभीर रूप से घायल हो गया।

घटना की सूचना पर पहुँची पुलिस ने एम्बुलेंस की मदद से तीनों दोस्तों को इलाज के लिए अस्पताल पहुंचाया जहाँ तैनात डॉक्टर ने एक घायल को देखते ही मृत घोषित कर दिया जबकि प्राथमिक उपचार के बाद दूसरे घायल ने हायर सेंटर रेफर के दौरान रास्ते में दम तोड़ दिया। तीसरे घायल का इलाज सीएचसी मौदहा में चल रहा है। सड़क हादसे में हुई एकसाथ दो दोस्तों की मौत से परिजनों में कोहराम मचा हुआ है। बताते चलें कि खन्ना थानाक्षेत्र अन्तर्गत कानपुर सागर राजमार्ग स्थित खन्ना विद्युत सब स्टेशन और बरभौली चौकी के पास सीमावर्ती हमीरपुर जिले के मौदहा कस्बा निवासी 27 वर्षीय राजेंद्र अनुरागी जो वर्तमान में रेलवे विभाग में एमपी के सतना में टीटीई के पद पर तैनात थे अपने साथी 32 वर्षीय फोटोग्राफर प्रदीप और 26 वर्षीय गौरव के साथ महोबा में आयोजित बर्थडे पार्टी में शामिल होकर वापस मौदहा लौट रहे थे। जैसे ही बाइक कानपुर सागर राजमार्ग स्थित खन्ना विद्युत सब स्टेशन और बरभौली चौकी के पास पहुँची तभी रफ्तार अज्ञात वाहन ने अनियंत्रित होकर बाइक को टक्कर मार दी और मौके से फरार हो गया।



हादसे की सूचना मिलते ही मौके पर पहुँची पुलिस ने एम्बुलेंस की मदद से तीनों घायलों को उपचार के लिए सीमावर्ती हमीरपुर जिले के नजदीकी सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र मौदहा पहुँचाया। जहां ड्यूटी पर तैनात डॉक्टर ने रेलवे टीटीई राजेन्द्र को देखते ही मृत घोषित कर दिया जबकि प्राथमिक उपचार के बाद प्रदीप की हालत में सुधार न होने पर हायर सेंटर रेफर कर दिया जिसकी रेफर के दौरान रास्ते में मौत हो गई। हादसे में घायल गौरव को भी प्राथमिक उपचार के बाद मेडिकल कॉलेज रेफर कर दिया गया है। एकसाथ हुई दो दोस्तों की मौत से परिजनों में कोहराम मच गया है। फिलहाल पुलिस ने मृतकों के शवों का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम को भेज हादसे को अंजाम देने वाले वाहन की तलाश के लिए टोल प्लाजा में लगे सीसीटीवी कैमरे खंगालने में जुटी हुई है।

कोतवाली पुलिस का गुड वर्क

# पुलिस की सक्रियता हमारी सुरक्षा की गारंटी है

- ...जब सेनापति सजग होता है तो अपराध अपने आप कम होते हैं
- बुजुर्ग महिला को बंधक बनाकर लूटने वाले लुटेरे चढ़े पुलिस के हत्थे



**रायबरेली समृद्धि न्यूज़।**

कहते हैं कि जब कोई अपराधी अपराध करता है तो कहीं ना कहीं उसके द्वारा कोई ना कोई सुराग छोड़ दिया जाता है या ये कह कहते हैं कि अपराधी चाहे जितना भी शातिर हो अगर उसने अपराध किया है तो उसके गिरेबान तक पुलिस का पहुंचना तय होता है। मामला सदर कोतवाली क्षेत्र के गांधीनगर मोहल्ले का है जहां पर रहने वाली एक बुजुर्ग महिला को बंधक बनाकर उसके घर से आभूषण लूट लिए जाते है। घटना 21 दिसंबर की रात लगभग 9 बजे की है शिकायतकर्ता रामकृष्ण पांडे ने बताया कि 21 तारीख को मेरी पत्नी घर पर अकेली थी। तीन लोग मेरे घर के अंदर घुस आए और मेरी पत्नी को कुछ सुंघा दिया और धमकाया कि अगर आवाज निकालेगी तो जान से मार देंगे तीन में से एक व्यक्ति ने महिला को पकड़ लिया और दो लोग घर के अंदर रखे हुए आभूषण और पैसे की खोजबीन करने लगे और उनके हाथ जो भी लगा उन्होंने लूट लिया।

### पहले की रेकी फिर बनाया घर को निशाना

पुलिस की पूछताछ में पकड़े गए व्यक्तियों ने बताया कि हम लोगों के द्वारा पहले इस घर की रेकी की गई और देखा गया कि यहां पर एक व्यक्ति अपनी पत्नी के साथ अकेले रहता है और उनके यहां काफी धन दौलत है इसके बाद हम लोगों ने इस पूरे घटनाक्रम को अंजाम देने के उद्देश्य से एक प्लान बनाया उसी के तहत घर में घुसकर महिला को बंधक बनाकर कीमती सामान लूट लिया।

### कोतवाली पुलिस की टीम ने घटना से उठाया पर्दा

पुलिस अधीक्षक डॉक्टर यशवीर सिंह की दिशा निर्देशन में अपर पुलिस अधीक्षक संजीव सिंह ने आज क्षेत्राधिकारी अरुण कुमार नौहार कोतवाली प्रभारी शिव शंकर सिंह सिविल लाइन चौकी इंचार्ज कपिल चौहान त्रिपुला चौकी इंचार्ज अंकुर दुबे के साथ किरण हाल मैं मीडिया को ब्रीफ करते हुए पूरे घटनाक्रम को बताया और लूट गए सामान के साथ अपराधियों को पकड़ कर न्यायिक अभिरक्षा में जेल भेज दिया गया ये जानकारी उनके द्वारा दी गई।

## पुलिस व फायर ब्रिगेड की सक्रियता से आग पर पाया गया काबू

**महराजगंज समृद्धि न्यूज़।**



गुप्ता मार्केट में स्थित बैंक ऑफ़ बड़ौदा में शार्ट सर्किट से सुबह 3:00 बजे आग लग गई जिसकी वजह से फर्नीचर व उपकरण जलकर खाक हो गए एवं बैंकिंग का कार्य प्रभावित हो गया। सुबह 3:00 बजे गस्त कर रहे पुलिस कर्मियों ने जब बैंक से धुएं का गुब्बार उठता दिखा तो सक्रियता दिखाते हुए फायर ब्रिगेड को सूचना दी एवं बैंक के शाखा प्रबंधक को सूचना दी पुलिस व फायर ब्रिगेड की सक्रियता से समय रहते आग पर काबू पा लिया गया वहीं बैंक में रखे दस्तावेज व अन्य उपकरण सुरक्षित है।शाखा प्रबंधक ने बताया की सुबह 3:15 पर मुझे सूचना मिली फायर ब्रिगेड को सूचना दी गई पुलिस व फायर ब्रिगेड की वजह से आग पर काबू पा लिया गया है फर्नीचर का नुकसान हुआ है बाकी अन्य नुकसान नहीं हुआ है बैंकिंग कार्य 2 दिन तक प्रभावित रहेंगे सोमवार से बैंकिंग कार्य शुरू किए जाएंगे।

## खबरें एक नजर में

### खबर का दिखा असर : पटरी पर लौटी नगर पंचायत की व्यवस्थाएं



- नगरवासियों को मिली अलाव की आंच, रैन बसेरा पहुंचा अपने पुराने स्थान

**बछरावां, समृद्धि न्यूज़।** 19 दिसंबर को दैनिक समाचार पत्र समृद्धि न्यूज़ के माध्यम से नगर पंचायत की अलाव व्यवस्था की जमीनी पड़ताल में ढोल का पोल देखने को मिला था। साथ ही साथ रैन बसेरे के स्थान परिवर्तन पर भी सवालिया निशान खड़े कर खबर प्रकाशित की गई थी। खबर प्रशासन के पश्चात आखिरकार नगर पंचायत बछरावां का शासन एवं प्रशासन जागा और अधिशासी अधिकारी राम आशीष वर्मा ने अपने कथनानुसार केवल जिन स्थानों पर बाहरी लोग आते हैं, वहां पर अभी अलाव जलाने की व्यवस्था की गई है। इसको दरकिनार करते हुए खबर के माध्यम से इंगित किए गए स्थानों पर अलाव जलाने की व्यवस्था शुरू कराई गई। साथ ही साथ अलाव में गीली लकड़ियों की भी जो समस्या थी, उसको नगर पंचायत प्रशासन के द्वारा खबर प्रकाशन के पश्चात काफी हद तक दूर किया गया और पूर्व के समय में नगर पंचायत द्वारा कस्बे के मुख्य चौराहे पर पुराने नगर पंचायत कार्यालय में चलने वाले रैन बसेरे को हटाकर जो मुख्य चौराहे से 700 से 800 मीटर दूर महाराजगंज रोड पर लवली गुड सेंटर में पहुंचाया गया था, वह अब खबर प्रकाशन के पश्चात अपने पुराने स्थान पर बुधवार से शुरू हो गया है। स्थानीय लोग दैनिक समाचार पत्र फ्रसमृद्धि न्यूज़फ्र के द्वारा नगर वासियों की समस्या को लेकर प्रकाशित की गई इस खबर के पश्चात हुए बदलाव की स्थिति को देखते हुए खबर एवं समाचार पत्र की सराहना करते हुए नजर आ रहे हैं।

### माँ गायत्री शक्तिपीठ में आयोजित हुआ हिन्दू सम्मेलन सनातन धर्म की एकता पर दिया जोर



**अमेठी, समृद्धि न्यूज़।** तहसील व कस्बा क्षेत्र अमेठी के गायत्री नगर स्थित माँ गायत्री शक्तिपीठ में गुरुवार को हिन्दू सम्मेलन का आयोजन किया गया। सम्मेलन में सनातन धर्म की एकता, अखंडता और सामाजिक समरसता पर विस्तार से चर्चा की गई। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में श्रद्धालु, समाजसेवी और प्रबुद्धजन उपस्थित रहे। सम्मेलन के मुख्य अतिथि अयोध्या धाम से पधारे महन्त विमल दास जी महाराज ने शास्त्रीय प्रमाणों के माध्यम से जाति–प्रथा का खंडन किया। उन्होंने कहा कि सनातन धर्म में ऊंच–नीच का कोई स्थान नहीं है और भारत अनादिकाल से हिन्दू राष्ट्र रहा है। उन्होंने समाज से आह्वान किया कि सभी वर्ग एकजुट होकर सनातन संस्कृति की मूल भावना को आत्मसात करें। मुख्य वक्ता राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के सह प्रांत ग्राम विकास प्रमुख रजनीश ने कहा कि समाज के सभी महापुरुषों का सम्मान करना और उनके आदर्शों से सीख लेना ही सशक्त समाज की पहचान है।कार्यक्रम के संरक्षक एवं समाजसेवी दिनेश तिवारी ने कहा कि जो व्यक्ति हीन–भावना से मुक्त होकर समाज के हित में कार्य करता है, वही सच्चे अर्थों में हिन्दू है। कार्यक्रम के संयोजक डॉ. त्रिवेणी सिंह ने भी अपने विचार रखते हुए हिन्दू समाज को संगठित रहने का संदेश दिया। सम्मेलन का संचालन आरएसएस के नगर कार्यवाह डॉ. दिलीप सिंह ने किया। इस अवसर पर साहित्यकार अभिजित त्रिपाठी, अनिरुद्ध मिश्र, दिलीप जायसवाल, सुनील श्रीवास्तव, महेंद्र प्रताप, मनोज तिवारी, अशोक बरनवाल सहित अनेक गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे।

### पुरानी रंजिश के चलते हुई थी रत्नेश की हत्या, तीन गिरफ्तार

**अमेठी, समृद्धि न्यूज़।** बीते 23 दिसंबर की रात शौच को निकले युवक की हत्या का पुलिस ने खुलासा किया है। मृतक रत्नेश मिश्रा के पिता संतोष मिश्रा ग्राम पिण्डारा ठाकुर थाना मुसाफिरखाना की तहरीर पर मुकदमा पंजीकृत कर जांच शुरू कर दी गयी थी। उनका कहना था कि उनका पुत्र रत्नेश उर्फ शिवा शाम को शौच के लिए नहर पटरी पर गया था तभी उनके गांव के ही विपक्षी अंकित यादव, पंकज यादव, शिवपूजन यादव आदि मिलकर एक राय होकर धारदार हथियार से मारकर भाग गये थे। घटना से संबन्धित अभियुक्तों की शीघ्र गिरफ्तारी हेतु पुलिस अधीक्षक द्वारा आवश्यक निर्देश दिये गये थे। मुसाफिरखाना पुलिस द्वारा वांछित अभियुक्तों की तलाश के दौरान मुखबिर की सूचना पर अंकित उर्फ लालू, पंकज पुत्रगण शिवपूजन व शिवपूजन पुत्र रामेश्वर यादव निवासीगण ग्राम पिण्डारा ठाकुर को गिरफ्तार किया गया व दो बाल अपचारियों को नियमानुसार निगरानी में लिया गया है। अभियुक्त अंकित व पंकज की निशानदेही पर गांव के पास से घटना में प्रयुक्त आलाकत्ल एक बांस का डण्डा बरामद किया गया है। पूछताछ में अभियुक्तों ने बताया कि उनकी मृतक से पुरानी रंजिश को लेकर कसीदगी रहती थी उस दिन अकेला पाकर मारकर भाग गये थे। पुलिस द्वारा विधिक कार्यवाही की जा रही है।

### ताला तोड़कर अज्ञात चोरों ने चुराए चार बकरे, पीड़ित ने थाने में दी तहरीर

**अमेठी, समृद्धि न्यूज़।** थाना क्षेत्र भाले सुल्तान शहीद स्मारक के अंतर्गत दौलतपुर लोनहट गांव में बीती रात्रि अज्ञात चोरों ने ताला तोड़कर चार बकरे चोरी कर लिए। पीड़ित ने थाने में तहरीर देकर अज्ञात चोरों के विरुद्ध सख्त कार्यवाही की मांग की है। गांव निवासी कुर्बान अली पुत्र स्व. गेंदा बंजारा ने पुलिस को दी गई तहरीर में बताया कि उन्होंने अपने घर में लोहे के बने जंगले के भीतर चार बकरे रखे थे, जिनकी अनुमानित कीमत करीब 60 हजार रुपये है। रोज की तरह उन्होंने रात में जंगले पर ताला लगाकर बकरों को सुरक्षित किया था। रात करीब दो बजे तक जंगले पर ताला लगा हुआ था। सुबह करीब छह बजे उठने पर देखा कि जंगले का ताला टूटा हुआ है और चारों बकरे गायब हैं। चोरी की जानकारी मिलते ही पीड़ित ने आसपास के लोगों को घटना से अवगत कराया और गांव तथा आसपास के इलाकों में बकरों की तलाश की, लेकिन कोई सुराग नहीं लग सका। पीड़ित ने थाने पहुंचकर अज्ञात चोरों के खिलाफ तहरीर दी है। पुलिस ने तहरीर के आधार पर मामले की जांच शुरू कर दी है। थाना प्रभारी का कहना है कि आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगाली जा रही है और संदिग्धों से पूछताछ की जा रही है। जल्द ही चोरी का खुलासा कर आरोपियों के विरुद्ध विधिक कार्रवाई की जाएगी।

### पूर्व मंत्री स्व. राजीव कुमार सिंह की श्रद्धापूर्वक मनाई गई जयन्ती



**सिरौलीगौसपुर, बाराबंकी, समृद्धि न्यूज।** दरियाबाद विधानसभा क्षेत्र से कई बार विधायक रहे पूर्व मंत्री स्वर्गीय राजा राजीव कुमार सिंह की जयंती मनाई गई। तहसील सिरौलीगौसपुर क्षेत्र के हड़हा गांव में पूर्व मंत्री स्वर्गीय राजा राजीव कुमार सिंह का जन्मदिवस मनाया गया। इस अवसर पर उनके पुत्र और सपा नेता राजा रितेश कुमार सिंह उर्फ रिंकू भैया ने प्राथमिक विद्यालय में बच्चों को फल वितरित किए।कार्यक्रम की शुरुआत में राजा रिंकू सिंह अपने समर्थकों के साथ स्वर्गीय राजा राजीव कुमार सिंह के समाधि स्थल पर पहुंचे। उन्होंने वहां श्रद्धा सुमन अर्पित किए। इसके उपरांत, वे गांव के प्राथमिक विद्यालय गए और वहां मौजूद छात्र–छात्राओं में फल वितरित किया।इस अवसर पर राजा रिंकू सिंह ने बताया कि उनके पिता दरियाबाद विधानसभा क्षेत्र से छह बार विधायक रहे थे और मंत्री पद पर भी कार्य किया था। उन्होंने अपने कार्यकाल में क्षेत्र में अनेक विकास कार्य कराए, जिनमें स्कूल, कॉलेज और सड़कों का निर्माण प्रमुख है। उन्होंने कहा कि उनके जन्मदिवस पर उन्हें याद किया जा रहा है।इस कार्यक्रम में प्रधान राधेश्याम यादव, सचिन सिंह सहजनी और संतोष कुमार साजन सहित सैकड़ों कार्यकर्ता उपस्थित थे।

## डीएम की अध्यक्षता में जिला स्तरीय उद्योग बंधु की बैठक संपन्न



**समृद्धि न्यूज़ रायबरेली, समृद्धि न्यूज़।** जिलाधिकारी हर्षिता माथुर की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट स्थित बचत भवन सभागार में जिला स्तरीय उद्योग बन्धु की समीक्षा बैठक संपन्न हुई। बैठक में जिलाधिकारी ने उद्यमियों द्वारा औद्योगिक क्षेत्रों में सड़कों की मरम्मत एवं नालियों की साफ-सफाई, जल निकासी, सफाई, विद्युत कार्य को दुरुस्त कराने आदि के संज्ञान में लाए गए कार्यों की बिंदुवार समीक्षा की। जिलाधिकारी ने औद्योगिक क्षेत्रों में साफ सफाई, विद्युत विभाग से सम्बन्धित समस्याओं एवं औद्योगिक क्षेत्र के ड्रेनेज सिस्टम आदि जैसी समस्याओं के सम्बन्ध में संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया कि उद्यमियों द्वारा अवगत कराई गई समस्याओं का प्राथमिकता के साथ समयबद्ध गुणवत्तापूर्ण निस्तारण सुनिश्चित कराया जाए, जो बड़े कार्य है, उनके लिए प्रयास कर निस्तारण कराने का प्रयास किया जाए। बैठक में अपर जिलाधिकारी (प्रशासन) सिद्धार्थ, उपायुक्त उद्योग परमहंस मौर्य, अधिशाषी अधिकारी नगर पालिका स्वर्ण सिंह सहित संबंधित विभागों के अधिकारी व उद्यमीगण उपस्थित रहे।

## सरेनी : जनसमस्याओं को लेकर सत्याग्रह शुरू

- प्रशासन से की तत्काल कार्रवाई की मांग




**सरेनी, समृद्धि न्यूज़।** सरेनी कस्बे में वर्षों से लंबित बुनियादी जनसमस्याओं को लेकर आज सरेनी सत्याग्रह की शुरुआत हुई। सत्याग्रह में बड़ी संख्या में स्थानीय नागरिक, सामाजिक कार्यकर्ता और युवाओं ने भाग लिया। प्रदर्शनकारियों ने शांतिपूर्ण तरीके से प्रशासन का ध्यान सरेनी की ज्वलंत समस्याओं की ओर आकर्षित किया। सत्याग्रह के दौरान प्रमुख रूप से पांडे मार्ग पर पानी की टंकी की बदहाल स्थिति, सरेनी सरकारी अस्पताल में स्वास्थ्य सुविधाओं की कमी, सरेनी बाजार में सार्वजनिक शौचालय न होने से महिलाओं और व्यापारियों को हो रही परेशानी, तथा सरेनी शहीद स्मारक के मरम्मत एवं सौंदर्यीकरण की मांग उठाई गई। प्रदर्शनकारियों का कहना है कि बार-बार ज्ञापन देने और अधिकारियों को अवगत कराने के बावजूद समस्याओं का समाधान नहीं किया गया, जिससे जनता में गहरा रोष है।

सत्याग्रह स्थल पर सरेनी मांगे हिसाब, विकास हमारा अधिकार है जैसे नारों से माहौल गूंज उठा। इस सरेनी सत्याग्रह कार्यक्रम का समर्थन देने लालगंज के पूर्व अध्यक्ष अनूप बाजपेई, सिद्धार्थ त्रिवेदी, अतुल शर्मा, जितेंद्र द्विवेदी, शिवम, सुजल, अंकित, सुमित, सुहैल हाशमी, मो नईम, लाला, पिंटू निर्मल, सर्वेश कुमार राजकुमार बाजपेई, विनीता गुप्ता, आशीष गुप्ता आदि उपस्थित रहे।

## ककरी माइनर कटी, कई गांवों के किसानों की फसल डूबी

**हैदरगढ़ बाराबंकी समृद्धि न्यूज़।**



शारदा सहायक खण्ड 28 के अंतर्गत आने वाली ककरी माइनर में खांदी कट जाने से बसंतपुर व बद्दापुर के तमाम किसानों की सैकड़ों बीघा गेहूं की फसल जल मग्न हो गईं हैं। गुरुवार को सूचना दिए जाने के बाद भी पानी बन्द नहीं हो सका है।

बारा रजवाहा से त्रिवेदीगंज के निकट से निकली इस माइनर में बीती रात किसी समय तेजवापुर व बसन्तपुर गाँव के बीच माइनर में खांदी कट गई। ग्रामीणों के मुताबिक पर्याप्त सफाई नहीं होने व ज्यादा मात्रा में पानी छोड़ देने से खांदी कटी है जिससे किसानों द्वारा बोई गई फसल जल मग्न हो गई हैं। खांदी कटने से किसान अर्जुन प्रसाद, सुखमीलाल, संदीप कुमार, रामसागर, देशराज, सहजराम, संतराम, राजू, कमलेश, दिलासारा वर्मा, हरिप्रसाद वर्मा, संतोष वर्मा, रामशंकर, प्रेम शर्मा, बाबूलाल शर्मा, वासुदेव शर्मा, सियाराम वर्मा, राम शंकर वर्मा, जगदीश वर्मा, बिट्टन वर्मा, महेश वर्मा, उत्तम वर्मा की फसले जलमग्न है। ग्रामीणों ने बताया कि आज सुबहअवर अभियंता रवि प्रकाश श्रीवास्तव को माइनर के ओवरफ्लो होने एवं दोनों ओर पटरिया कट जाने की सूचना देने के बाद भी कोई विभागीय कर्मी मौके पर नहीं पहुंचा और किसानों ने स्वयं ही किसी तरह खांदी पाटी लेकिन पानी ओवरफ्लो होने की वजह से अभी भी पानी बह रहा है और किसान पानी में जलमग्न फसल को बर्बाद होते हुए देख रहे हैं।

## अटल जन्म शताब्दी पर एनआईसी में आयोजित हुआ कार्यक्रम



**अमेठी समृद्धि न्यूज़।**

भारत रत्न श्रद्धेय अटल बिहारी बाजपेई की जन्म शताब्दी के अवसर पर लखनऊ के राष्ट्र प्रेरणा स्थल में 65 एकड़ में विकसित राष्ट्र प्रेरणा स्थल का लोकार्पण बृहस्पतिवार को प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी एवं मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ द्वारा किया गया। इस ऐतिहासिक कार्यक्रम का सजीव प्रसारण एनआईसी में किया गया, इस अवसर पर जिला पंचायत अध्यक्ष राजेश अग्रहरी, जिलाधिकारी संजय चौहान सहित उपस्थित सभी अधिकारियों कर्मचारियों ने देखा एवं सुना। इस अवसर पर जिला पंचायत अध्यक्ष एवं जिलाधिकारी ने भारत रत्न बाजपेई जी के चित्र पर माल्यार्पण कर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की। तत्पश्चात सुशासन सप्ताह के अंतर्गत राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय मुसाफिरखाना में जनपद स्तरीय भाषण, काव्य पाठ, निबंध लेखन प्रतियोगिता में प्रथम, द्वितीय व तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले छात्र-छात्राओं को सम्मानित किया गया। जिनमें भाषण में प्रथम स्थान पर प्रिंस कुमार को रु 10000 का प्रतीकात्मक चेक एवं प्रमाण पत्र, द्वितीय स्थान पर शताक्षी तिवारी को रु 5000 का प्रतीकात्मक चेक एवं प्रमाण पत्र तथा तृतीय स्थान पर आकृति तिवारी को रु 2500 का प्रतीकात्मक चेक एवं प्रमाण पत्र दिया गया, इसी प्रकार काव्य पाठ में प्रथम साधना यादव को रु 10000 का प्रतीकात्मक चेक एवं प्रमाण पत्र, द्वितीय स्थान पर स्वास्तिक सिंह को रु 5000 का प्रतीकात्मक चेक एवं प्रमाण पत्र, तृतीय स्थान पर दिशा सिंह को रु 2500 का प्रतीकात्मक चेक एवं प्रमाण पत्र दिया गया तथा निबंध लेखन में प्रथम प्रियाशी यादव को रु 10000 का प्रतीकात्मक चेक एवं प्रमाण पत्र, द्वितीय स्थान पर तनिषका को रु 5000 का प्रतीकात्मक चेक एवं प्रमाण पत्र तथा तृतीय स्थान पर वंशिका पाण्डेय को रु 2500 का प्रतीकात्मक चेक एवं प्रमाण पत्र दिया गया। इस अवसर पर जिला पंचायत अध्यक्ष ने छात्र-छात्राओं को बधाई व शुभकामनाएं दी तथा उनके उज्जवल भविष्य की कामना किया। जिलाधिकारी ने भारत रत्न श्रद्धेय अटल बिहारी बाजपेई जी को नमन करते हुए उनके व्यक्तित्व पर प्रकाश डाला तथा सभी को उनके व्यक्तित्व से प्रेरणा लेते हुए देश के विकास में अपनी भूमिका निभाने हेतु मार्गदर्शित किया।

इस अवसर जिला विकास अधिकारी वीरभानु सिंह, डीआईओएस डॉ राजेश द्विवेदी, बीएसए सहित अन्य अधिकारी कर्मचारी, शिक्षकगण, छात्र-छात्राएं एवं उनके अभिभावक उपस्थित रहे।

## दिशा विकास केंद्र के विशेष बच्चों ने मनाया क्रिसमस पर्व

**हैदरगढ़ बाराबंकी समृद्धि न्यूज़।**



राष्ट्रीय न्यास (नेशनल ट्रस्ट), सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्रालय, दिव्यांगजन सशक्तिकरण विभाग भारत सरकार से पंजीकृत ग्रामोदय विकास संस्थान फतेहगंज, दिशा सह विकास में बौद्धिक दिव्यांग विशेष बच्चों द्वारा क्रिसमस पर्व बड़े हर्षोल्लास एवं उत्साह के साथ मनाया गया।

पर्व के तहत बच्चों ने एक साथ मिलकर क्रिसमस ट्री सजाया तथा एक-दूसरे को उपहार भेंट किए। इस अवसर पर बच्चों को क्रिसमस डे के महत्व के बारे में जानकारी दी गई। बताया गया कि क्रिसमस का पर्व आपसी प्रेम, सौहार्द और खुशियों का प्रतीक है, जो समाज में प्रेमभाव एवं भाईचारे की भावना को मजबूत करता है। कार्यक्रम के अंत में उपहार प्राप्त कर दिव्यांग बच्चों के चेहरे खुशी से खिल उठे, जिससे पूरे संस्थान परिसर में उत्सव का माहौल बन गया। इस अवसर पर देवी प्रसाद यादव, कुंवार बहादुर यादव, डॉ विजय कुमार मो0नसीर, संदीप, अर्चना गुप्ता, रोली मौजूद रहे।

### कुंडी तोड़कर चोरों ने जेवर सहित तीस हजार की नकदी चुराई

**मसौली, बाराबंकी, समृद्धि न्यूज।** थाना क्षेत्र के ग्राम किन्हौली मे बीती रात्रि अज्ञात चोरो ने दरवाजे की कुंडी तोड़कर सोने चांदी के जेवरात सहित तीस हजार की नकदी उठा ले गये। पीड़िता की तहरीर पर मसौली पुलिस ने जाँच शुरु कर दी है। बीती रात्रि ग्राम किन्हौली निवासी विनीता पत्नी उदय प्रताप सिंह खाना खाने के बाद अपने कमरे मे सोने चली गयी इसी बींच चोरो ने घर की कुंडी तोड़कर घर से 100 ग्राम चांदी की पायल,150 ग्राम की पेटी, 5 अंगूठी, 3 सोने के बूंदे, 10 चांदी के सिक्के सहित अन्य करीब तीस हजार की नकदी एवं जरूरी कागजात उठा ले गये। पीड़िता ने संदेह के आधार पर दी गयी तहरीर मे बताया गुरूवार की देर शाम दरवाजे के सामने गाँव रमेश पुत्र महेश व मुकेश पुत्र रमेश टहल रहे थे। पीड़िता की तहरीर पर मसौली पुलिस जांच पड़ताल कर रही है।

## न्यायालय के आदेश पर ससुराल में अपना हक लेने आई विवाहिता पर सास-ससुर ने बोला हमला

**हैदरगढ़ बाराबंकी समृद्धि न्यूज़।**

न्यायालय के आदेश पर ससुराल में अपना हक लेने आयी विवाहिता पर सास ससुर ने हमला बोल दिया। इस मामले में पुलिस ने विवाहिता की शिकायत पर मुकदमा दर्ज कर लिया हैं।

प्रयागराज जनपद के थाना फाफामऊ के लक्ष्मीपुरम फाफामऊ मकान नंबर 67/7बी/2 की रहने वाली अंशू त्रिपाठी ने बताया कि उसका विवाह कोतवाली हैदरगढ़ के गौरा गांव निवासी राहुल तिवारी पुत्र राम निरंजन तिवारी के साथ 2 फरवरी 2021 को हिंदू रीति रिवाज के साथ हुआ था इसके बाद शादी में ही वह विदा होकर ससुराल आई थी। बताया की शादी के बाद पड़े होली त्यौहार में मायके भेज दिया। परंतु 4 वर्ष बीतने के बाद भी दहेज के कारण ले नहीं जिसका मुकदमा न्यायालय में चल रहा है। इसी मुकदमे में 12 दिसंबर को न्यायालय द्वारा राहुल तिवारी को उसे संयुक्त निवास गृह में एक पृथक कमरा उपलब्ध कराने तथा उसे परेशान न करने तथा जिला प्रोबेशन अधिकारी से आदेश का अनुपालन कराने का आदेश पारित किया गया था। इसी आदेश के अनुपालन में जिला प्रोबेशन अधिकारी प्रयागराज के कर्मचारी राम शरन पाल व कोतवाली हैदरगढ हल्का पुलिस प्रशासन को साथ ले कर वह गुरुवार 5.30 बजे शाम ससुराल पहुंची। आरोप लगाया कि उसे देखते ही ससुर राम निरजंन व सास मिथिलेश तिवारी मुझे गाली देने लगे कहा कि घर में किसी का दम नही है कि रहने दे सास मिथलेश तिवारी द्वारा डडे से मुझे मारना शुरू कर दिया व ससुर राम निरजंन तिवारी ने मुक्के से मेरे मुहँ पर मारा जिससे मेरा ओठ फट गया और खून बहने लगा ।जान से मार डालने की नियत से गला दबाये रखा ।साथ गयी पुलिस ने छुड़ाया। जान बचने पर 112 को तत्काल अपने फोन से सूचना दी। बताया कि ससुर द्वारा भविष्य में घर आने पर जान से मार डालने की धमकी दिया।

## जमीनी विवाद में भाई ने भाई को सोते वक्त जिंदा जलाया

- मृतक की भाभी ने तहरीर देकर की कार्रवाई की मांग

**अमेठी, समृद्धि न्यूज़।**



कोतवाली क्षेत्र अमेठी के अंतर्गत जमीन विवाद को लेकर एक चौंकाने वाली घटना प्रकाश में आई है। दरखा सुंदरपुर गांव में बुधवार देर रात छोटे भाई ने अपने बड़े भाई को जिंदा जला दिया। गंभीर रूप से झुलसे बड़े भाई की रायबरेली में इलाज के दौरान मौत हो गई। मिली जानकारी के अनुसार, दरखा गांव निवासी राम संजीवन गुप्ता का अपने छोटे भाई जगन्नाथ से जमीन को लेकर लंबे समय से विवाद चल रहा था। परिजनों ने बताया कि यह विवाद पिछले लगभग दस दिनों से लगातार बढ़ रहा था, जिसके कारण आए दिन दोनों भाइयों के बीच कहासुनी और झगड़े होते रहते थे। बताया जाता है कि रात को राम संजीवन गुप्ता खाना खाने के बाद घर के बाहर छप्पर में सो रहे थे। देर रात जगन्नाथ कुछ अन्य लोगों के साथ मौके पर पहुंचा और राम संजीवन पर ज्वलनशील पदार्थ डालकर आग लगा दी। राम संजीवन के चीखने-चिल्लाने की आवाज सुनकर परिजन और आसपास के ग्रामीण मौके पर पहुंचे। परिजनों ने उन्हें तुरंत स्थानीय अस्पताल पहुंचाया, जहां हालत नाजुक देखते हुए डॉक्टरों ने उन्हें ट्रॉमा सेंटर रायबरेली रेफर कर दिया। जहां इलाज के दौरान राम संजीवन ने दम तोड़ दिया। इस मामले में घटना के बाद का एक महत्वपूर्ण वीडियो भी सामने आया है जिसमें झुलसा हुआ युवक दर्द में कराहते हुए कथित आरोपियों के नाम लेते हुए पूरी घटना का जिक्र करता नजर आ रहा है। बताया जाता है यह वीडियो मृतक के परिजनों द्वारा बनाया गया था हालांकि समृद्धि न्यूज़ इसकी पुष्टि नहीं करता। थाना प्रभारी रवि सिंह ने इस संबंध में बताया कि आगे की विधिक कार्रवाई की जा रही है।

### शेम्फोर्ड फ्यूचरिस्टिक स्कूल में विज्ञान प्रदर्शनी आयोजित



**बिसवां, समृद्धि न्यूज।** सीतापुर बिसवां स्थित शेम्फोर्ड फ्यूचरिस्टिक स्कूल में विज्ञान प्रदर्शनी आयोजित की गई। विद्यार्थियों ने विज्ञान, नवाचार व रचनात्मकता का उत्कृष्ट प्रदर्शन किया। मुख्य अतिथि डायरेक्टर पारुल चौहान एवं प्रिंसिपल नेहा सक्सेना ने दीप प्रज्वलित कर प्रदर्शनी का शुभारंभ किया। उन्होंने सभी मॉडल का अवलोकन किया और विद्यार्थियों से उनके प्रोजेक्ट्स के बारे में जानकारी ली। प्रदर्शनी में पर्यावरण संरक्षण, नवीकरणीय ऊर्जा, जल प्रबंधन, स्मार्ट तकनीक, अंतरिक्ष विज्ञान, स्वास्थ्य विज्ञान व कृषि नवाचार पर आधारित मॉडल विशेष आकर्षण के केंद्र बने। प्रिंसिपल नेहा सक्सेना ने कहा कि विद्यालय ने विद्यार्थियों के मनोबल को नई ऊंचाइयां दी हैं।

## निबंध लेखन में शिवानी को मिला जिले में तीसरा स्थान

**सीतापुर, समृद्धि न्यूज।**



विकास भवन में आयोजित निबंध लेखन प्रतियोगिता में अग्रवाल पब्लिक स्कूल की 12वीं की छात्रा शिवानी को जिले में तीसरा स्थान प्राप्त करने पर प्रमाण पत्र और दो हजार रुपये का नकद पुरस्कार मिला। यह निबंध प्रतियोगिता पूर्व प्रधानमंत्री और भारत रत्न से सम्मानित अटल बिहारी वाजपेयी की 101वीं जयंती के उपलक्ष्य में आयोजित की गई थी। इस उपलक्ष्य में

शिवानी और उनके माता-पिता को लोगों ने बधाई दी। इसअवसर पर डॉ. आर. के. वर्मा और तन्मय शुक्ला को शिवानी को सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन के लिए तैयार करने हेतु सराहा गया। शिवानी के शानदार प्रदर्शन पर उनके गुरु जनों ने सराहना की।

### किसान गोष्ठी आयोजित

**बिसवां/सीतापुर, समृद्धि न्यूज।** सेकसरिया चीनी मिल बिसवां के सांडा जोन के बेल्हौरा गांव में किसान राजेंद्र वर्मा के खेत पर आयोजित किसान गोष्ठी में गन्ने के साथ दलहनी फसलों की सह-फसली खेती के लाभ बताए गए। चीनी मिल के प्रमुख सलाहकार डॉ. राम कुशल सिंह ने कहा कि गन्ने के साथ मटर, चना, मूंग, उड़द आदि की खेती से अतिरिक्त आय होती है और मिट्टी की उर्वरता बढ़ती है। उन्होंने गौ आधारित खेती, जैविक खाद व जीवामृत के उपयोग पर जोर दिया। अपर प्रबंधक विमल मिश्रा ने किसानों से सह-फसली खेती अपनाकर आय बढ़ाने का आह्वान किया। गोष्ठी में बड़ी संख्या में किसान उपस्थित रहे।

## किडजी में बच्चों ने मनाया क्रिसमस उत्सव



**सीतापुर, समृद्धि न्यूज।**

किडज़ी में क्रिसमस का पर्व नन्हे बच्चों की मुस्कान और उल्लास के साथ मनाया गया। रंग-बिरंगे परिधानों में सजे बच्चों ने पूरे परिसर को उत्सवमय बना दिया। इस अवसर पर

बच्चों के लिए मज़ेदार व शिक्षाप्रद गतिविधियाँ आयोजित की गईं, जिनमें जिंगी स्नोबॉल्स, फीड सांता, शेप मैच जिंजरब्रेड और पिन द नोज ऑन रूडॉल्फ शामिल रहीं, जिनसे उनकी एकाग्रता, समन्वय और आत्मविश्वास को बढ़ावा मिला। क्रिसमस राइम्स और क्रिसमस डांस ने बच्चों की खुशी को दोगुना कर दिया। साथ ही सांता क्लॉज़ के आगमन और मिठाइयों के वितरण ने बच्चों के चेहरों पर खास चमक ला दी। यह दिन हँसी, सीख और ढेर सारी खुशियों से भरा रहा।

# आलू की फसल में झुलसा रोग की बढ़ी आशंका

**जलालाबाद, समृद्धि न्यूज़।**



किसानों को जानकारी देते वैज्ञानिक डॉ. वी.के. कनौजिया व डॉ. अमर सिंह

क्षेत्र के अनौगी स्थित कृषि विज्ञान केंद्र कन्नौज के वरिष्ठ वैज्ञानिक एवं अध्यक्ष डॉ. वी.के. कनौजिया तथा उद्यान वैज्ञानिक डॉ. अमर सिंह ने बताया कि वर्तमान मौसम में आलू की फसल में झुलसा रोग लगने की संभावना बढ़ गई है। आलू में मुख्य रूप से अगेती झुलसा, पछेती झुलसा और फोमा झुलसा रोग फसल को भारी नुकसान पहुंचाते हैं। यदि समय रहते रोकथाम न की जाए तो उपज पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ सकता है।

डॉ. अमर सिंह ने बताया कि अगेती झुलसा रोग प्रायः फसल की निचली और पुरानी पत्तियों पर दिखाई देता है। इस रोग में 1 से 2 मिलीमीटर आकार के गोल या अंडाकार, हल्के भूरे रंग के धब्बे बनते हैं। यह रोग 17 से 20 डिग्री सेल्सियस तापमान और लगभग 75 प्रतिशत आर्द्रता में तेजी से फैलता है। इसके नियंत्रण के लिए प्रति लीटर पानी में 2 से 2.5 ग्राम मैंकोजेब का छिड़काव करना प्रभावी रहता है।

वहीं पछेती झुलसा रोग तब फैलता है जब लगातार 2 से 3 दिन कोहरा छाया रहे, हल्की बारिश हो या वर्षा का मौसम बने। इस दौरान तापमान 10 से 12 डिग्री सेल्सियस तथा सापेक्षिक आर्द्रता 80 प्रतिशत से अधिक होने पर रोग की संभावना बढ़ जाती है। इस रोग में आलू की पत्तियों के किनारों पर छोटे, हल्के भूरे रंग के धब्बे बनते हैं, जो शीघ्र ही बढ़कर बड़े और गीले दिखाई देने लगते हैं। बाद में यह रोग डंठलों के चारों ओर फैल जाता है। उन्होंने बताया कि जब मौसम रोग के अनुकूल हो जाए, तब सुरक्षात्मक उपाय के रूप में प्रति लीटर पानी में 2 से 2.5 ग्राम मैंकोजेब का छिड़काव करना चाहिए। यदि फसल में रोग लग चुका हो, तो मैंकोजेब के साथ मेटालेक्सिल 2.5 से 3 ग्राम प्रति लीटर पानी में मिलाकर छिड़काव करें। इसके विकल्प के रूप में साइमोक्सानिल एवं मैंकोजेब का मिश्रण 2.5 से 3 ग्राम प्रति लीटर पानी में घोलकर छिड़काव किया जा सकता है। वैज्ञानिकों ने किसानों से अपील की है कि वे मौसम पर नजर रखें और समय पर उचित दवाओं का छिड़काव कर आलू की फसल को झुलसा रोग से बचाएं।

## मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण का डिजिटाइजेशन पूरा

**कन्नौज, समृद्धि न्यूज़।** जिला निर्वाचन अधिकारी आशुतोष मोहन अग्निहोत्री ने बताया कि भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार 1 जनवरी 2026 की अर्हता तिथि के आधार पर विधानसभा क्षेत्रों की निर्वाचक नामावली के विशेष गहन पुनरीक्षण के अंतर्गत गणना प्रपत्रों का डिजिटाइजेशन 26 दिसंबर 2025 को समय- सीमा में पूर्ण कर लिया गया है। जनपद की तीन विधानसभा सीटों में कुल 12.89 लाख मतदाताओं के सापेक्ष 10.09 लाख मतदाताओं के गणना प्रपत्र डिजिटाइज किए गए हैं। शेष 2.79 लाख मतदाताओं को बीएलओ द्वारा मृतक, अनुपस्थित, शिफ्टेड व डुप्लीकेट श्रेणी में चिन्हित किया गया है। विधानसभावार स्थिति के अनुसार छिबरामऊ में 1.23 लाख, तिर्वा में 74,027 और कन्नौज (अजा) में 82,163 मतदाता श्रेणी में पाए गए हैं। इनमें से कुल 7,229 मतदाताओं का रोल बैक कर पुनः डिजिटाइजेशन कराया गया है।

# अटल जी ने देश में रखी सुशासन की नींव : रूपेश

**छिबरामऊ, कन्नौज समृद्धि न्यूज।**




सिद्ध पीठ मां कालिका देवी मंदिर के पास स्थित अटल भवन में आयोजित अटल स्मृति सम्मेलन में मुख्य अतिथि फर्रूखाबाद भाजपा के पूर्व जिलाध्यक्ष रूपेश गुप्ता ने कहा कि भारत रत्न अटल बिहारी वाजपेयी ने ही देश में सुशासन की मजबूत नींव रखी थी। उन्होंने जोर देकर कहा कि कुछ लोगों से पद की पहचान होती है, लेकिन अटल जी से पद की पहचान हुई, यही कारण है कि उन्हें अजातशत्रु कहा गया।

अटल जी ने प्रधानमंत्री ग्रामीण सड़क योजना शुरू कर गांवों तक सड़कों का जाल बिछाया, जिससे आज गांवों में शहरों जैसी सुविधाएं उपलब्ध हैं। विशिष्ट अतिथि विधायक एवं पूर्व राज्य मंत्री अर्चना पांडेय ने कहा कि अटल जी की राजनीतिक सुचिता के सिद्धांतों और आदर्शों पर ही प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ कार्य कर रहे हैं। उनके बताए रास्ते पर चलना ही सच्ची श्रद्धांजलि होगी। पूर्व जिलाध्यक्ष योगेंद्र भदौरिया ने सुझाव दिया कि यहां के कार्यकर्ताओं को प्रेरणा स्थल लखनऊ का भ्रमण कराया जाए। वहीं, पूर्व जिलाध्यक्ष नरेंद्र राजपूत ने कहा कि अटल जी की स्वर्णिम चतुर्भुज योजना ने पूरे देश को जोड़ा। नगर पालिका अध्यक्ष मनोज दुबे के संयोजन एवं मुनीश मिश्रा के संचालन में हुए इस कार्यक्रम में सुमन पाराशर, संध्या त्रिपाठी, पुष्पा अवस्थी, मोहनी दूबे, सावित्री शाक्य, गौरव द्विवेदी, दिलीप गुप्ता, अरवेश पाल, शिवकुमार, पंकज दुबे, आदित्य राजपूत तथा डॉ. सरित द्विवेदी सहित बड़ी संख्या में भाजपा कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# आरबीएस एकेडमी में वार्षिक खेलकूद प्रतियोगिता संपन्न



**छिबरामऊ, कन्नौज समृद्धि न्यूज।**

बहवलपुर स्थित आरबीएस एकेडमी में वार्षिक खेलकूद प्रतियोगिता बड़े उत्साह, स्वस्थ प्रतिस्पर्धा और खेल भावना के साथ संपन्न हुई। कार्यक्रम में कबड्डी, खो-खो, रस्साकशी, दौड़, म्यूजिकल चेयर, बोरा रेस सहित कई पारंपरिक और एथलेटिक खेलों का आयोजन किया गया।

मुख्य अतिथि एडवोकेट गौरव त्रिपाठी (अमर) ने कहा कि कबड्डी, रस्साकशी, खो-खो और दौड़ जैसे खेल मिट्टी से जुड़े हैं, जिनमें हार-जीत पूरी तरह खिलाड़ियों के हौसले और आत्मविश्वास पर निर्भर करती है। उन्होंने बच्चों को प्रेरित करते हुए कहा कि जीवन में हार-जीत दोनों आती हैं, लेकिन खिलाड़ी या तो जीतते हैं या सीखते हैं। कबड्डी फाइनल में ग्रीन हाउस की टीम (अनिकेत, अभिषेक, प्रभाकर, शादाब एवं गुलशन) ने शानदार प्रदर्शन कर रेड हाउस को हराया। खो-खो में भी ग्रीन हाउस बालिका की टीम (प्रिया, नंदनी, सौम्या, रुचि, आंशिक, सोनाक्षी, निहारिका, अनुष्का एवं प्रियांशी) विजयी रही। विभिन्न आयु वर्गों में पीजी एवं एलकेजी की म्यूजिकल चेयर में जानवी व प्रभाकर, बोतल भरने की दौड़ में हर्षित, सार्थक व संचिता, कक्षा 1-2 की लूडो में आधिका, तान्या भदौरिया व अदिति, कक्षा 3 की रस्साकशी में राहुल, आयस, अराव, अभिमु, सूर्यांश व गालू, कक्षा 1 की बोरा रेस में वैष्णवी, यश व दिव्यांक तथा कक्षा 4-5 की दौड़ में तानवी, यश व सिद्धार्थ ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। निर्देशक राजीव द्विवेदी, प्रबंधक मृदुला दुबे एवं दीपक दुबे ने मुख्य अतिथि का सम्मान किया। कोऑर्डिनेटर मोहित दुबे के संचालन में शिक्षकों का सहयोग सराहनीय रहा। अंत में विजेताओं को पुरस्कार वितरित किए गए और राष्ट्रगान के साथ कार्यक्रम समाप्त हुआ।



समधन में कम्बल बांटते लेखपाल अनुराग मिश्रा

## गरीब बेसहारा लोगों को समधन में बांटे गये कम्बल

**समधन, समृद्धि न्यूज।** शासन के निर्देश पर राजस्व निरीक्षक के मौजूदगी में लेखपाल ने गरीब बेसहारा लोगों को कम्बलो का वितरण किया गया गुरुवार को समधन नगर के ठाकुर द्वारा स्थित एक कम्बल वितरण कार्यक्रम का आयोजन किया गया जिसमें राजस्व निरीक्षक आशुतोष चौहान की मौजूदगी में लेखपाल अनुराग मिश्रा ने नगर के गरीब बेसहारा पात्र लोगों को शासन की ओर से मुहैया कराये गये करीब 25 कम्बलो को अपने हाथों से वितरण किया गया। इस दौरान लेखपाल अनुराग मिश्रा ने कहा सर्दी के मौसम को देखते हुए नगर के जनप्रतिनिधि व समाजसेवियों से अपील करते हुऐ कहा कि वह आगे आकर ग़रीब बेसहारा लोगों को इस प्रकोप से बचाने के उन्हें हर सम्भव मदद के लिये हाथ बढ़ाना चाहिए इस अवसर पर मोहम्मद आकिब हुसैन, मोहम्मद कासिम हुसैन, साजिद (कल्लू), अवधेश सक्सेना, रामस्नेही आदि मौजूद रहे।

## गौशालाओं की सफाई और स्वास्थ्य जांच से पशुपालन को मिलेगा बल

**छिबरामऊ, कन्नौज।** शासन के निर्देशों पर पशुपालन विभाग ने सुशासन सप्ताह और प्रशासन गांव की ओर अभियान के तहत गौशालाओं में व्यापक सफाई व स्वास्थ्य सुधार कार्यक्रम शुरू किया है। इन गतिविधियों में साफ-सफाई, सामूहिक दवा पान, स्वास्थ्य परीक्षण तथा अलाव व्यवस्था प्रमुख हैं, जिससे पशुओं की देखभाल में नई गति आएगी। राजकीय पशु चिकित्सालय के उप मुख्य पशु चिकित्साधिकारी डॉ. नेम कुमार ने बताया कि इस कार्यक्रम के अंतर्गत गौशालाओं में स्वच्छता अभियान, सहभागिता योजना का लाभ वितरण, कृमिनाशक दवाओं का सामूहिक पान तथा विस्तृत स्वास्थ्य जांच का आयोजन किया जा रहा है। इन प्रयासों से पशुपालकों को राहत मिलेगी और गौवंश की उत्पादकता बढ़ेगी।

## पूर्व सभासद चंद्रपाल गौतम का निधन



**छिबरामऊ, कन्नौज।** वार्ड नंबर 3 आर्य नगर के पूर्व सभासद चंद्रपाल गौतम का निधन हो गया। वे लंबे समय से मुंह के कैंसर से पीड़ित थे। मूल रूप से खुबरियापुर गांव के निवासी चंद्रपाल पश्चिमी बाईपास हाईवे किनारे तथा फर्रुखाबाद रोड पर गिट्टी, मोरम व सीमेंट का कारोबार संचालित करते थे। वर्ष 2017 से 2022 तक अपने कार्यकाल में उन्होंने वार्ड के विकास कार्यों पर सजगता बरती तथा निर्धन परिवारों की स्वयं सहायता की। नगर पालिका सभागार में सभी कर्मचारियों ने दो मिनट मौन रखकर उन्हें श्रद्धांजलि दी। पालिकाध्यक्ष मनोज दुबे ने शोकाकुल परिवार को संवेदना पत्र भेजने की घोषणा की। अधिशासी अधिकारी सुनील कुमार सिंह ने कहा, उनके निधन से नगर को अपूरणीय क्षति हुई है। अंतर्राष्ट्रीय हिंदू शक्ति सेवा गौ रक्षा प्रकल्प के राष्ट्रीय संयोजक रंजीत पांडेय ने उन्हें दयालु हृदय का बताया। वे मछलियों को कटने से बचाने के लिए मछली बाजार से मछलियां खरीदकर मेरे साथ जाकर काली नदी में मुक्त करते थे।

## खबरें एक नजर में

### धूमधाम से मनाया वीर बालक दिवस व गुरु गोविंद सिंह जयंती



**छिबरामऊ, कन्नौज।** सरस्वती विद्या मंदिर इंटर कालेज में वीर बालक बलिदान दिवस एवं गुरु गोविंद सिंह जयंती का कार्यक्रम धूमधाम से आयोजित किया गया। मुख्य अतिथि कवि सुरेश चंद्र दुबे धक्कड़ ने कहा कि साहिबजादे फतेह सिंह और जोरावर सिंह को सरहिंद के मुगल वजीर खान ने इस्लाम धर्म कबूल न करने पर 26 दिसंबर 1704 को दीवार में जिंदा चुनवा दिया था। इस वीरता की स्मृति में भारत सरकार ने 9 जनवरी 2022 को हर वर्ष 26 दिसंबर को वीर बालक दिवस घोषित किया। अवसर पर गुरु गोविंद सिंह जयंती भी हर्षोल्लास से मनाई गई। भैया बहनों ने कविताओं व भजनों से समारोह को सजाया। कार्यक्रम का संचालन आचार्य संजीव ने किया, जिन्होंने अंत में अतिथियों का आभार व्यक्त किया। इस अवसर पर आचार्य अरुण प्रकाश चतुर्वेदी, संजीव, संजय, विशाल, विपिन, सपना, सौम्या, सीमा, प्रिया, अंशिका, रिंकी आदि उपस्थित रहे।

### राष्ट्रीय आविष्कार अभियान परीक्षा में 10 होनहार बच्चों का चयन

**छिबरामऊ, कन्नौज।** ग्लोबल एजुकेशन सेंटर में आयोजित राष्ट्रीय आविष्कार अभियान परीक्षा में समस्त उच्च प्राथमिक एवं कंपोजिट विद्यालयों के छात्र-छात्राओं ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। इस प्रतिष्ठित परीक्षा में कुल 10 मेधावी बच्चों का चयन हुआ, जो अब उच्च स्तर पर अपनी प्रतिभा का लोहा मनवाएंगे। चयनित बच्चों में उच्च प्राथमिक विद्यालय पैंथरा से आरती व अनुष्का, रामखेड़ा से अंशुल व आज, तथा नंदलालपुर से आस्था शामिल हैं। वहीं, महमूदपुर खास से गुनगुन, बधाई नगला से तृप्ति, रामखेड़ा से तृप्ति, कंपोजिट कन्या सिकंदरपुर से शीला, तथा यूपीएस नंदलालपुर से संयुक्त रूप से सभ्य व आदर्श दसवें स्थान पर चयनित हुए। इन सभी बच्चों को सम्मानित करते हुए प्रमाण पत्र व शील्ड प्रदान की गई। यह पुरस्कार खंड शिक्षा अधिकारी आनंद द्विवेदी व डायट प्रवक्ता शरद यादव ने दिए। कार्यक्रम में एआरपी अच्युत त्रिपाठी, सुशील कुमार दुबे, अर्चना चतुर्वेदी, राजेश गौतम, योगेश यादव, अरविंद चौहान, महेंद्र सिंह यादव, विनोद मिश्रा, राजेश पाठक सहित बड़ी संख्या में अध्यापक उपस्थित रहे।

### केक काटकर मनाई अटल जी की जन्म जयंती




**छिबरामऊ, कन्नौज।** मोहल्ला इंद्रा नगर स्थित आरबी पब्लिक स्कूल में भारत रत्न पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी की 100वीं जन्म जयंती केक काटकर और मिष्ठान बांटकर धूमधाम से मनाई गई। मुख्य अतिथि चेयरमैन मनोज दुबे ने अटल जी के जीवन पर प्रकाश डालते हुए कहा अटल जी एक ऐसे महान सपूत थे जिन्होंने कविता की कोमलता और राजनीति की कठोरता को एक साथ संभाला। उनका इंसानियत, जम्हूरियत और कश्मीरियत का मंत्र आज भी प्रासंगिक है। उन्होंने भारत को परमाणु शक्ति संपन्न राष्ट्र बनाया और युवाओं को सशक्तिकरण का संदेश दिया। हम सबको उनके आदर्शों पर चलना चाहिए। कार्यक्रम में छात्रों ने कविताएं और गीत प्रस्तुत कर वातावरण को भावुक बना दिया। इस अवसर पर सभासद हिमांक त्रिपाठी, स्कूल के प्रबंधक राजीव शुक्ला, प्रधानाचार्य माधवी सिंह, अजय मिश्रा, आशू दीक्षित, संजीव शुक्ला, अखिलेश शुक्ला, गुंजन, भावना, सायमा, ऋषिकांत शुक्ला सहित समस्त स्टाफ एवं बच्चे उपस्थित रहे।

### बस में यात्रा कर रहे युवक को बेहोशी की हालत में सड़क पर छोड़ा

**जालौन (उरई)।** दिल्ली से स्लीपर बस में आ रहे युवक को किसी ने रास्ते में कोई नशीला पदार्थ खिला दिया। बस का स्टॉफयुवक को गल्ला मंडी गेट पर बेहोशी की हालत में उतारकर चला गया। युवक का पर्स और बैग भी नहीं मिला। राहगीरों ने युवक को सीएचसी में भर्ती कराया। जहां युवक की गंभीर हालत को देखते हुए उसे उच्च संस्थान रेफर किया गया। कोंच क्षेत्र के गुरावती निवासी आकाश कुमार (22) गुरुवार की रात दिल्ली से स्लीपर बस द्वारा अपने गांव के लिए आ रहा था। रास्ते में कहीं किसी व्यक्ति ने युवक को कोई नशीला पदार्थ खिला दिया। जिससे युवक बेहोश हो गया। सुबह जब बस जालौन पहुंची तो स्टॉफने युवक को जगाने का प्रयास किया। लेकिन वह उसके बेहोशी के हालत में होने के चलते स्टॉफने युवक को गल्ला मंडी पर सड़क किनारे उतार दिया और उसे जमीन पर लिटाकर बस चली गई। वहां से निकल रहे राहगीरों ने जब युवक को बेहोशी की हालत में पड़ा देखा तो उसे सीएचसी पहुंचाया। जहां डॉक्टरों ने प्राथमिक उपचार के बाद उसकी गंभीर हालत को देखते हुए उसे उच्च संस्थान रेफ़र कर दिया। युवक के पास उसका बैग और पर्स आदि भी नहीं मिला।

### महिलाओं की नसबंदी कर सुरक्षित उनको घरों तक पहुंचाया

**जालौन (उरई)।** सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में परिवार नियोजन कार्यक्रम के तहत नसबंदी शिविर का आयोजन किया गया। जिसमें 24 महिलाओं की नसबंदी की गई। सभी महिलाओं को सुरक्षित घरों तक भी पहुंचाया गया। परिवार नियोजन के लिए चलाए जा रहे अभियान के तहत को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में नसबंदी शिविर का आयोजन किया गया। चिकित्सा अधीक्षक डॉ. केडी गुप्ता के नेतृत्व मे डाक्टरो की टीम द्वारा नसबंदी शिविर आयोजित हुआ। डॉ. विनोद राजपूत, चीफ फार्मासिस्ट डॉ. पीएन शर्मा, ओटी टैक्नीशियन डॉ. छवि कुशवाहा, स्टाफनर्स मणींद्र, सायना आदि ने सभी 24 महिलाओं सुरक्षित नसबंदी कराई। इसके बाद सभी को सुरक्षित उनके घरों पर एम्बुलेंस द्वारा पहुचाया गया।

# दूसरों को खुशियाँ बांटने की अपनाएं आदत: प्रधानाचार्य

- केक काटकर मनाया गया प्रभू यीशू का जन्मदिन
- हर्षोल्ललास के साथ मन 'क्रिसमस'

**समधन , समृद्धि न्यूज।**



प्रेम स्नेह व परोपकार का संदेश देने वाले प्रभू ईशू के जन्मदिन हम सभी आज मना रहे हैं। उनके बताए मार्ग पर चलकर हम सभी समाज में प्रेमस्नेह का वातावरण बनाएं। इस त्यौहार का असल मकसद आपस में भाईचारा स्थापित करना और किसी के साथ धर्म, जाति या रंग को लेकर भेदभाव न करना है।

यह बात प्रधानाचार्य अमित कुमार यादव ने कही। बुधवार को जीटी रोड तेराजाकेट स्थित बाबू जागेश्वर प्रसाद मेमोरियल इण्टर कॉलेज में क्रिसमस का त्यौहार बड़े ही हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। नन्हे मुन्ने बच्चों ने सांता क्लास की पोशाक पहनकर जिंगल बेल्स पर नृत्य किया और जब सांता क्लॉज ने मंच पर प्रवेश किया तब बच्चों ने तालियों के साथ स्वागत किया। दूसरी ओर क्रिसमस कैरल सॉन्ग, जिंगल बेल जिंगल बेल जिंगल ऑल द वे तथा वी विश यू अ मैरी क्रिसमस एंड ए हैप्पी न्यू ईअर आदि गीतों के साथ समाँ बाँध दिया। इसके साथ विद्यालय के प्रधानाचार्य ने सांता क्लॉज के भेष में नन्हें मुन्ने बच्चों के साथ केक काटकर प्रभू यीशू का जन्मदिवस मनाया। इस अवसर पर प्रधानाचार्य ने कहा कि देश व समाज में शान्ति के लिए प्रभू यीशू के बताए मार्ग पर चलना होगा। उन्होंने समाज को प्रेमस्नेह व परोपकार करने का संदेश दिया है। सांता क्लॉज की दूसरों को खुशियाँ बाँटने की आदत हमें अपने जीवन में भी अपनानी चाहिए और हमें भी दूसरों के दुख - सुख में साथ देना चाहिए। छात्रों ने सांता क्लॉज बनकर नन्हे मुन्ने बच्चों को टॉफियाँ वितरित कीं।

इस मौके पर ओमेन्द्र सिंह, फूल मोहम्मद, सरनाम सिंह, विकास कुमार, वीरेन्द्र सिंह, मनीष कुमार शर्मा, आशीष कुमार, दुर्गेश कुमार, रंजीत कुमार, अमन एजाज सिद्दीकी, यादव, सचिन कुमार, रागिनी, प्रेमा राजपूत, मुस्कान इदरीसी, इशा नाज, फराह खान, सौम्या, श्रुति, श्रीमती अल्का दुबे, आरती राजपूत, सीमा राजपूत, दीपिका तिवारी, स्वाती अवस्थी, सहित अन्य शिक्षक व शिक्षिकाएँ मौजूद रहीं।

## एसपी ने सार्वजनिक स्थानों पर पैदल भ्रमण कर सुरक्षा व्यवस्था देखी

**कालपी,जालौन।** बीती देर शाम को पुलिस अधीक्षक डॉ दुर्गेश कुमार के नेतृत्व में नगर में पुलिस जवानों ने सार्वजनिक स्थानों तथा सड़कों में फ्लैग मार्च करके जनता को सुरक्षा का अहसास कराया।

इस दौरान एसपी ने मातहतों को सुरक्षा व्यवस्था को पुख्ता करने के निर्देश दिये। शाम करीब सात बजे पुलिस अधीक्षक डॉ. दुर्गेश कुमार की अगुवाई में क्षेत्राधिकारी अवधेश कुमार सिंह, कोतवाली प्रभारी निरीक्षक अजय वृम्ह तिवारी, रामगंज चौकी इंचार्ज विशाल भड़ाना, महमूदपुरा चौकी इंचार्ज जितेंद्र सिंह चंदेल समेत पुलिस जवानों ने कालपी नगर के फुल पावर चौराहा ,बाईपास, हाईवे सर्विस लेन आदि स्थानों में घूम घूम कर पैदल मार्च किया।

# प्रशासनिक अधिकारियों ने रैन बसेरों की परखी हकीकत

**कालपी,जालौन समृद्धि न्यूज।**

भीषण ठंडक के सितम से यात्रियों, राहगीरों तथा निराश्रित लोगों को बचाव करने के लिए स्थानीय प्रशासन के द्वारा तीन अलग-अलग स्थानों में ठहराव की व्यवस्था की गई है। उप जिलाधिकारी मनोज कुमार सिंह ने रेन बसेरो की व्यवस्थाओं का घूम घूम कर जायजा लिया है। तहसीलदार अभिनव कुमार तिवारी, नायब तहसीलदार चंद्र मोहन शुक्ला, मुकेश कुमार के द्वारा घूम-घूम कर रैन बसेरों का निरीक्षण किया गया। प्राप्त जानकारी के मुताबिक कि दिनों दिन सर्दी का सितम बढ़ता जारहा है। इसी को दृष्टिगत रखते हुए स्थानीय प्रशासन के द्वारा तहसील परिसर में स्थापित रैम बसेरा में रजाई, गद्दे, कंबल, पानी रोशनी की व्यवस्था की जा चुकी है। इसी प्रकार राजेपुरा में स्थित रेन बसेरे में भी नगर पालिका के द्वारा व्यवस्था की गई है। नगर के मोहल्ला आलमपुर में मां वनखंडी देवी मंदिर के बगल में स्थित शेल्टर होम में एनजीओ के संचालको के द्वारा उचित व्यवस्था की गई है। जिला प्रशासन के निर्देश पर उपजिलाधिकारी मनोज कुमार सिंह, तहसीलदार अभिनव कुमार तिवारी, नायब तहसीलदार चंद्र मोहन शुक्ला, मुकेश कुमार के द्वारा प्रतिदिन शाम 7 बजे से रात साढ़े आठ बजे तक रैन बसेरो का निरीक्षण किया जा रहा है।

## मकटौरा में आयुष आपके द्वार होम्योपैथिक चिकित्सा शिविर आयोजित

**माधौगढ़ (जालौन)।** मकटौरा स्थित राजकीय होम्योपैथिक चिकित्सालय द्वारा आयुष आपके द्वार अभियान के अंतर्गत एक होम्योपैथिक चिकित्सा शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में ग्रामीणों को निःशुल्क होम्योपैथिक परामर्श एवं दवाइयाँ वितरित की गईं। शिविर में चिकित्सा अधिकारी डॉ. मोनिका वर्मा नावर द्वारा मरीजों की जांच कर उपचार किया गया। कार्यक्रम में ग्राम प्रधान लक्ष्मी देवी, प्रधान प्रतिनिधि शिवराज वर्मा, महेंद्र कुमार (वार्ड बॉय) सहित चिकित्सालय का अन्य स्टाफउपस्थित रहा। शिविर में बड़ी संख्या में ग्रामीणों ने भाग लेकर स्वास्थ्य सेवाओं का लाभ उठाया। इस अवसर पर ग्रामीणों ने चिकित्सा शिविर की सराहना करते हुए इसे स्वास्थ्य के प्रति जागरूकता बढ़ाने बाला बताया।

# पुराने मुकदमों की विवेचनाओं को पूरा करने में न बरते लापरवाही: एसपी



**कालपी,जालौन समृद्धि न्यूज।**

अपराधों पर नियंत्रण करने तथा अपराधियों पर नकेल कसने के उद्देश्य से पुलिस अधीक्षक डॉ. दुर्गेश कुमार की अध्यक्षता में कोतवाली में सर्किल के थानेदारों की मौजूदगी में अर्दली रूम में बैठक आयोजित की गई। इस मौके पर उन्होंने दर्ज मुकदमों की विवेचनाओं की समीक्षा करके आवश्यक निर्देश दिए। कोतवाली के सभागार में सीओ अवधेश कुमार सिंह की मौजूदगी में अर्दली रूम में एसपी डॉक्टर दुर्गेश कुमार ने कालपी कोतवाली, कदौरा, चुरखी एवं आटा थानों के दर्ज मुकदमों की समीक्षा की। कालपी कोतवाली में 45 कदौरा थाना में 10 व आटा थाना में 12 तथा चुर्खी थाना में लंबित 6 मुकदमों की हकीकत जानी। थानेदारों तथा विवेचकों को हिदायत दी कि पुराने मुकदमा की विवेचनाओं में गंभीरता बरती जाए। उन्होंने निर्देश दिया कि लंबित विवेचनाओं का जल्द से जल्द निस्तारण करके वांछित अभियुक्त को शीघ्र जेल भेजा जाए। उन्होंने तहसील समाधान दिवस थाना दिवस तथा आइ जी आर एस के प्रार्थना पत्रों के निस्तारण की हकीकत जानी तथा एसपी ने निर्देश दिया कि मौके पर पहुंचकर गुणवत्ता पूर्वक निदान किया जाए। इसमें किसी भी प्रकार की शिथिलता नहीं होनी चाहिए। कोतवाली कालपी प्रभारी निरीक्षक अजय ब्रह्म तिवारी, अतिरिक्त निरीक्षक अवनीश कुमार, एस एस आई उदय प्रताप सिंह, कदौरा थाना अध्यक्ष प्रभात सिंह, आटा थाना अध्यक्ष अजय कुमार सिंह, चुर्खी थाना अध्यक्ष शिव शंकर सिंह के अलावा सर्कल के थानों के थानेदार तथा विवेचक शामिल रहे।

## खाटू श्याम धाम तक सीधी बस सेवा के लिए लिखा पत्र

**छिबरामऊ, कन्नौज समृद्धि न्यूज।** श्याम बाबा के भक्तों की लंबे समय से चली आ रही मांग को ध्यान में रखते हुए विधायक अर्चना पांडेय ने राजस्थान के रिंगस स्थित खाटू श्याम धाम के लिए उत्तर प्रदेश रोडवेज बस सेवा शुरू कराने हेतु एआरएम सुभाष को पत्र लिखा है। इस पत्र को भाजपा चिकित्सा प्रकोष्ठ के जिला संयोजक डॉ. प्रत्यूष द्विवेदी ने डिपो इंचार्ज रामखिलावन को सौंप दिया। श्री खाटू श्याम सेवा समिति के अध्यक्ष विवेक गुप्ता समेत स्थानीय श्याम प्रेमियों ने विधायक से यह मांग की थी। नगर से हर माह बड़ी संख्या में भक्त धाम जाते हैं, लेकिन वर्तमान में कोई सीधी बस सुविधा न होने से उन्हें गुरसहायगंज से जयपुर तक ट्रेन (सप्ताह में दो दिन) पकड़नी पड़ती है या कई बसें बदलकर सफर करना पड़ता है। एआरएम सुभाष ने बताया कि डिपो स्तर पर कार्रवाई पूरी हो चुकी है। अब क्षेत्रीय प्रबंधक लखनऊ से अनुमति और राजस्थान सरकार की हरी झंडी मिलते ही बस सेवा संचालित कर दी जाएगी। इस पहल से भक्तों को आसानी होगी और धार्मिक यात्रा सरल बनेगी।


## कार्यालय ग्रा0पं0 हरकमपुर वि0ख0 मोहम्मदाबाद, फर्रु0

पत्रांकः ग्रा0पं0/राज्य वित्त/15वां वित्त योजनान्तर्गत/ वितीय वर्ष 2025-2026 दिनांक 26/12/2025

**निविदा सूचना**

राज्य वित्त/15वा वित्त योजना के अंतर्गतग्राम पंचायत हरकमपुर द्वारा कराये जाने वाले निर्माण कार्यों पर सामग्री आपूर्ति हेतु निम्नलिखित विवरण के अनुसार रजिस्टर्ड निविदादाताओं से सीलबंद लिफाफे में निविदा आमंत्रित की जाती है। निविदा दिनांक 27/12/2025 से 02/01/2026 तक अपरान्ह 03 बजे तक आमंत्रित की जाती है, जो दिनांक 02/01/2026 को अपरान्ह 04 बजे प्रधान/सचिव व निविदादाताओं की मौजूदगी में खोली जाएगी। निविदा प्रपत्र ग्रा0 पं0 कार्यालय से रू 500 नगद जमा कर प्राप्त किये जा सकते है।

| क्र. स | कार्य का नाम | सामग्री लागत (लाख रु0 में) | जमानत धनराशि | टेण्डर मूल्य |
|---|---|---|---|---|
| 1- | शैलेन्द्र के घर से पप्पू खां के घर तक नाली व इंटरलाकिंग निर्माण कार्य | 1.17 लाख | 2 प्रतिशत | 500 |

नियम व शर्ते- निविदा ग्राम पंचायत कार्यालय में अवकाश को छोड़कर किसी भी कार्य दिवस में देखी जा सकती है।

प्रधान (मीनू देवी) ग्रा0पं0 हरकमपुर, वि0ख0, मोहम्मदाबाद सचिव (मनी कुमार सोनी)

## कार्यालय ग्रा0पं0 कुबेरपुर जुन्नारदार वि0ख0 मोहम्मदाबाद, फर्रु0

पत्रांकः ग्रा0पं0/राज्य वित्त/15वां वित्त योजनान्तर्गत/ वितीय वर्ष 2025-2026 दिनांक 26/12/2025

**निविदा सूचना**

राज्य वित्त/15वा वित्त योजना के अंतर्गतग्राम पंचायत कुबेरपुर जुन्नारदार द्वारा कराये जाने वाले निर्माण कार्यों पर सामग्री आपूर्ति हेतु निम्नलिखित विवरण के अनुसार रजिस्टर्ड निविदादाताओं से सीलबंद लिफाफे में निविदा आमंत्रित की जाती है। निविदा दिनांक 27/12/2025 से 02/01/2026 तक अपरान्ह 03 बजे तक आमंत्रित की जाती है, जो दिनांक 02/01/2026 को अपरान्ह 04 बजे प्रधान/सचिव व निविदादाताओं की मौजूदगी में खोली जाएगी। निविदा प्रपत्र ग्रा0 पं0 कार्यालय से रू 500 नगद जमा कर प्राप्त किये जा सकते है।

| क्र. स | कार्य का नाम | सामग्री लागत (लाख रु0 में) | जमानत धनराशि | टेण्डर मूल्य |
|---|---|---|---|---|
| 1- | अनोद राठौर के घर से मिजाजी कठेरिया के घर तक नाली व मिट्टी कार्य | 1.50 लाख | 2 प्रतिशत | 500 |
| 2- | राजेश राठौर के घर से श्रीप्रकाश के घर तक नाली व इंटरलाकिंग निर्माण कार्य | 3.49 लाख | 2 प्रतिशत | 500 |

नियम व शर्ते- निविदा ग्राम पंचायत कार्यालय में अवकाश को छोड़कर किसी भी कार्य दिवस में देखी जा सकती है।

प्रधान (आशुतोष मिश्रा) ग्रा0पं0 कुबेरपुर जुन्नारदार, वि0ख0, मोहम्मदाबाद सचिव (रामवीर शाक्य)

## कार्यालय ग्रा0पं0 सोना जानकीपुर वि0ख0 शमशाबाद, फर्रु0

पत्रांकः मीमो/मनरेगा योजना के अन्तर्गत वित्तीय वर्ष 2025-26 दिनांक 26/12/2025

**निर्माण सामग्री आपूर्ति हेतु अल्पकालीन निविदा सूचना**

राज्य वित्त/15वा वित्त योजना के अंतर्गतग्राम पंचायत सोना जानकीपुर द्वारा कराये जाने वाले निर्माण कार्यों पर सामग्री आपूर्ति हेतु निम्नलिखित विवरण के अनुसार रजिस्टर्ड निविदादाताओं से सीलबंद लिफाफे में निविदा आमंत्रित की जाती है। निविदा दिनांक 27/12/2025 से 02/01/2026 तक अपरान्ह 03 बजे तक आमंत्रित की जाती है, जो दिनांक 02/01/2026 को अपरान्ह 04 बजे प्रधान/सचिव व निविदादाताओं की मौजूदगी में खोली जाएगी। निविदा प्रपत्र ग्रा0 पं0 कार्यालय से रू 500 नगद जमा कर प्राप्त किये जा सकते है।

| क्र. स | कार्य का नाम | सामग्री लागत (लाख रु0 में) | जमानत धनराशि | टेण्डर मूल्य |
|---|---|---|---|---|
| 1- | धनपाल के घर से ईश्वर दयाल के घर तक सी0सी0 निर्माण कार्य | 2,63,962 | 2 प्रतिशत | 500 |
| 2- | धनपाल के घर से जयपाल के मकान तक नाली निर्माण कार्य | 1,47,071 | 2 प्रतिशत | 500 |

नियम व शर्ते- निविदा ग्राम पंचायत कार्यालय में अवकाश को छोड़कर किसी भी कार्य दिवस में देखी जा सकती है।

प्रधान (विमला यादव) ग्रा0पं0 सोना जानकीपुर, वि0ख0 शमशाबाद सचिव ( अरुण कुमार)

## कार्यालय नगर पंचायत शमसाबाद जनपद-फर्रुखाबाद

पत्रांकः-767/न0पं0 टेण्डर नोटिस/2025-26/शमसाबाद दिनांक 24 दिसम्बर, 2025

**अति अल्पकालीन ई-निविदा (निविदा सूचना)**

नगर पंचायत शमसाबाद के अधिकृत संविदाकारों को सूचित किया जाता है कि वित्तीय वर्ष 2025-26 में राज्य सेक्टर के "सीवरेज एवं जल निकासी" योजना के अन्तर्गत प्राप्त धनराशि से निकाय में निम्नांकित कार्य ई टेण्डरिंग के माध्यम से कराया जाना हैं जिसके डाक्यूमेंट बेबसाइड www.etender.up.nic.in पर दिनांक 26/12/2025 से 15/01/2026 को अपरान्ह 2:00 बजे तक उपलब्ध है जो कि वेबसाइड से डाउनलोड व अपलोड किये जा सकते हैं तथा दिनांक 15/01/2026 को अपरान्ह 4:00 बजे ऑनलाइन खोली जायेगी। आगणन धनराशि के सापेक्ष 2 प्रतिशत धरोहर धनराशि अधिशासी अधिकारी नगर पंचायत शमसाबाद के नाम बन्धक कर जमां करना अनिवार्य होगा।

| क्र0सं0 | नगर पंचायत | प्रारम्भ दिनांक एवं समय | |
|---|---|---|---|
| 1 | Tender Release | 26.12.2025 12:00 बजे | |
| 2 | Tender Close Date | 15.01.2026 2:00 बजे | |

श्रीकिशन<br>अवर अभियंता सिविल<br>न0पं0 शमसाबाद (फर्रुखाबाद)

अधिशासी अधिकारी<br>नगर पंचायत शमसाबाद<br>जनपद फर्रुखाबाद

जोया शाह<br>अध्यक्ष<br>नगर पंचायत शमसाबाद<br>जनपद फर्रुखाबाद





# बांग्लादेश में हिन्दुओं पर हो रहे अत्याचार से आक्रोश

▸ प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से कड़ा एक्शन लेने की उठायी मांग फूंका पुतला

**नवाबगंज, समृद्धि न्यूज।**



बांग्लादेश के प्रधानमंत्री का पुतला फूंकते कार्यकर्ता

भाकियू स्वराज के जिलाध्यक्ष प्रमोद मिश्रा अपने कार्यकर्ताओं के साथ बांग्लादेश में हो रही हिन्दुओं की निर्मम हत्या के विरोध में शुक्रवार शाम को नवाबगंज चौराहे पर एकत्रित हुए। जिलाध्यक्ष ने कार्यकर्ताओं के साथ बांग्लादेश के प्रधानमंत्री का पुतला जलाया। बांग्लादेश में शेख हसीना के बाद जब से मोहम्मद यूनुस की सरकार बनी है तब से हमारे हिंदू भाई बहनों की निर्मम हत्याएं की जा रही है। हिंदुओं को प्रताड़ित किया जा रहा है। दीपू दास को पेड़ से बांध कर जिंदा जला दिया गया। उसके बाद कल एक हिन्दू युवक सम्राट को पुलिस ने जनता के हवाले करके उसकी हत्या करवा दी गई। वहां पर छोटी-छोटी बच्चियों को जिंदा जला दिया गया है। बांग्लादेश में दो प्रतिशत ही हिन्दू रह गया है। जिस तरह से ये हिंदुओं पर अत्याचार कर रहे हैं उस हिसाब से बंगलादेश में हिन्दू का अस्तित्व ही खत्म हो जाएगा। हमारी ये आवाज दिल्ली तक जानी चाहिए और मैं अपने देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से आग्रह करूंगा कि हमारा इतना बड़ा देश है। प्रधानमंत्री हमारी आर्मी को आदेश करें कि वह बांग्लादेश पर आक्रमण कर उस पर अपना कब्जा जमाए और योगी आदित्यनाथ को बांग्लादेश का प्रधानमंत्री घोषित करें, ताकि हमारी हिन्दू सभ्यता बरकार बनी रहे। इसी दौरान जिलाध्यक्ष ने संगठन में चार नए सदस्य शामिल करने का ऐलान किया है। इस मौके पर भाकियू जिलाध्यक्ष प्रमोद मिश्रा, जिला महामंत्री राहुल राय, नगर अध्यक्ष पप्पू राठौर, प्रदीप राठौर, शंकर कश्यप, राहुल राय, लालू गंगवार, अमित ठाकुर, अभय मिश्रा, मनोज कश्यप, अर्जित सिंह, प्रवीन राजपूत, मानेंद्र सिंह, सौरभ दीक्षित, मोहन राठौर, जितेंद दीक्षित, मोहर सिंह, आदेश यादव, राजीव राठौर, आंशु राठौर, अमित राठौर, कुलदीप सक्सेना, अखिलेश शर्मा, महावीर राठौर, अभय मिश्रा आदि मौजूद रहे।

# मानकों की अनदेखी कर बनाई जा रही सड़क



मौके पर मौजूद ग्रामीण व बनायी जा रही सड़क

**नवाबगंज, समृद्धि न्यूज।**

मानकों की अनदेखी कर बनवाई जा रही सड़क के निर्माण कार्य को ग्रामीणों के विरोध के चलते सभासद ने रुकवा दिया है। नगर पंचायत नवाबगंज के वार्ड नंबर 7 रानी अवंती बाई नगर नगला हीरा सिंह में चल रहे सड़क निर्माण कार्य में भारी अनियमितता का मामला सामने आया है। ग्रामीणों की शिकायत पर मौके पर पहुंचे सभासद ने जब निर्माण कार्य की जांच की, तो मानक के विपरीत कार्य होता पाया गया। मामले की गंभीरता को देखते हुए अधिशासी अधिकारी ने तत्काल प्रभाव से काम रुकवा दिया है और जांच के आदेश दिए हैं।

### क्या है पूरा मामला

नगर पंचायत द्वारा नगला हीरा सिंह में लगभग 120 मीटर लंबी सीसी रोड का निर्माण कराया जा रहा है। निर्माण कार्य शुरू होते ही स्थानीय ग्रामीणों ने सड़क की गुणवत्ता पर सवाल उठाने शुरू कर दिए। ग्रामीणों का आरोप था कि ठेकेदार द्वारा बेहद घटिया सामग्री का इस्तेमाल किया जा रहा है और मानकों की धज्जियां उड़ाई जा रही हैं। इसकी शिकायत उन्होंने तुरंत वार्ड के सभासद कुलदीप कुमार राजपूत से की। शिकायत मिलते ही सभासद कुलदीप कुमार राजपूत मौके पर पहुंचे और निर्माण कार्य का निरीक्षण किया। उन्होंने जब एस्टीमेट के मुताबिक सड़क की मोटाई जांची, तो भ्रष्टाचार की पोल खुल गई। सभासद ने बताया कि एस्टीमेट के अनुसार सीसी रोड की ढलाई (मोटाई) 5 इंच होनी चाहिए थी, लेकिन मौके पर नापजोख करने पर यह महज ढाई से तीन इंच ही पाई गई। सभासद राजपूत ने कड़े शब्दों में आरोप लगाया कि ठेकेदार द्वारा मिलीभगत करके लगातार घटिया निर्माण कार्य कराया जा रहा है। जिससे सरकारी धन का दुरुपयोग हो रहा है और जनता को खराब गुणवत्ता वाली सड़क मिल रही है। इस संबंध में जब अधिशासी अधिकारी प्रमोद कुमार से बात की गई, तो उन्होंने मामले की पुष्टि की। उन्होंने बताया कि खराब गुणवत्ता की शिकायत संज्ञान में आई है। संबंधित जेई को मौके पर भेजकर सड़क की गुणवत्ता और मोटाई की तकनीकी जांच कराई जाएगी। जांच रिपोर्ट आने के बाद ही आगे का कार्य होगा और दोषियों के खिलाफ नियमानुसार कार्यवाही की जाएगी।

# भीषण सर्दी में खेत में पानी लगा रहे किसान की मौत

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** खेत में पानी लगाते समय किसान की हालत बिगड़ गयी। परिजन उसे बेहोशी की हालत में अस्पताल लेकर पहुंचे। जहां चिकित्सक ने उसे मृत घोषित कर दिया। जिससे परिजनों में कोहराम मच गया।

जानकारी के अनुसार कादरीगेट थाना क्षेत्र के नगला कलार निवासी 52 वर्षीय हरनाथ सिंह अपने खेत में पानी लगा रहे थे। काफी देर तक घर न लौटने पर परिजन खेत पर पहुंचे। वहां हरनाथ सिंह बेहोशी की हालत में मिले। जिसके बाद उन्हें तत्काल अस्पताल ले जाया गया। लोहिया अस्पताल की इमरजेंसी में चिकित्सकों ने हरनाथ सिंह को मृत घोषित कर दिया। इस सूचना के बाद परिजनों में चीत्कार मच गया। अस्पताल प्रशासन ने शव को मोर्चरी में रखवाया और स्थानीय पुलिस को घटना की जानकारी दी। सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची और शव का पंचनामा कर पोस्टमार्टम के लिए भेजा। मृतक हरनाथ सिंह के परिवार में उनकी छह बेटियां और एक बेटा है। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

# हमें अपने बच्चों को संस्कारवान बनाने की जरुरत: सतीश महाना

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**



कार्यक्रम के दौरान मौजूद विधानसभा अध्यक्ष सतीश महाना

जनपद में एक निजी कार्यक्रम में शामिल होने आये विधानसभा अध्यक्ष सतीश महाना ने अपने संबोधन के दौरान कहा कि व्यक्ति के संस्कार ही उसके व्यवहार को प्रदर्शित करते है हमें अपने बच्चों के संस्कार मजबूत बनाने की जरूरत है।

फतेहगढ़ के एक विद्यालय में शुभारम्भ के अवसर पर पहुंचे सतीश महाना नें बच्चों के संस्कारों पर बल दिया। उन्होंने कहा की वर्तमान समय के बच्चों में किसी भी बात को सुनने की क्षमता कम हो गयी। हमारा व्यवहार ही हमें दिये गये संस्कारों को प्रगट करते हैं। वर्तमान समय में महज कुछ ही सालों टेक्नोलॉजी बदलती जा रही है। जिसको सीखने के लिए सारी उम्र लग जाती है। टेक्नोलॉजी किसी का इंतजार नहीं करती है, लेकिन बचपन में दिये गये संस्कार पूरे जीवन काम आते हैं। हमारे पास सेवा, संस्कार व समर्पण का भाव होना चाहिए। उन्होंने कहा की फर्रुखाबाद से उनका विशेष रिश्ता है। वह तीन बार फर्रुखाबाद की जेल में बंद रह चुके हैं। उन्होंने सांसद मुकेश राजपूत की प्रशंसा की तथा स्वर्गीय ब्रह्मदत्त द्विवेदी को अपना दत्तक पिता बताया। उन्होंने कहा लोकतन्त्र में कोई राजा नहीं होता। जनता जिसको चुनती है वह पांच साल के लिए जनता की सेवा करता है। इस मौके पर सांसद मुकेश राजपूत, विधायक सुशील शाक्य, मेजर सुनील दत्त द्विवेदी, डॉ0 सुरभि, नागेन्द्र सिंह राठौर, दुर्वाषा आश्रम के महंत ईश्वर दास महाराज, जनपद औरैया के विधायक राहुल बच्चा सोनकर, वीरेंद्र सिंह राठौर, जिलाधिकारी आशुतोष कुमार द्विवेदी आदि रहे।

# खेत में जबरन फसल बोने का विरोध करने पर पिता-पुत्र को पीटा



सीएचसी में मेडिकल परीक्षन कराने आये पिता-पुत्र

**कायमगंज, समृद्धि न्यूज।** तहसील क्षेत्र के गाँव पुन्थर देहामाफी निवासी पूरन कश्यप उम्र 55 वर्षीय पुत्र धारा कश्यप ने पुलिस को शिकायती पत्र देकर मे कहा है कि वह अपने बेटे भवरपाल व वीरेन्द्र के साथ सपने खेत में गेहूं की फसल बोने गए थे। वहाँ पहुँचकर देखा की गाँव के नवाव, बहोरन, विपिन, रिशव, फकीरे आदि लोगों ने पहले से ही रात्रि में उनका खेत जोतकर गेहूँ की फसल बोने लगे। पूछने पूरन ने जब इसका विरोध किया, तो उक्त लोग पूरन के साथ मारपीट करने लगे। पूरन को पिटता देख बीच बचाव के लिए भँवरपाल पहुंचा, तो उक्त लोगो ने लाठी–डन्डों से मारपीट कर घायल कर दिया। पुलिस ने पीड़ित की शिकायत पर पिता पूरन और पुत्र भँवरपाल का मेडीकल परीक्षण करवाया।

# एएसपी ने मिशन शक्ति संवाद कौशल कार्यशाला में दिये दिशा-निर्देश

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**



कार्यशाला के दौरान मौजूद पुलिसकर्मी

पुलिस लाइन सभागार में अपर पुलिस अधीक्षक द्वारा मिशन शक्ति केन्द्र के प्रभावी क्रियान्वयन हेतु मिशन शक्ति संवाद कौशल कार्यशाला का आयोजन किया। उपरोक्त कार्यशाला में जनपद के थानों के मिशन शक्ति केन्द्र, प्रभारी व पुलिस कर्मियों को महिला सम्बन्धी प्रकरणों में संवेदनशील व्यवहार, संवाद व काउंसलिंग सम्बन्धी दिशा-निर्देश दिये गये। इसमें मिशन शक्ति अभियान को प्रभावी बनाने के सम्बन्ध में वीडियो के माध्यम से भी जानकारी दी गई तथा महिलाओं की सुरक्षा से जुड़े मामलों में त्वरित व संवेदनशील कार्यवाही हेतु दिशा-निर्देश दिए गए। अपर पुलिस अधीक्षक ने कहा कि मिशन शक्ति मुख्यमंत्री की प्रमुख योजनाओं में से एक है। इसलिए मिशन शक्ति योजना पर पूरी कर्तव्यनिष्ठा, मेहनत और लगन के साथ कार्य करें। उन्होंने कहा कि महिलाओं की सुरक्षा हमारी पहली प्राथमिकता है। इसलिए सभी पुलिसकर्मी अपने-अपने थाना क्षेत्रों में मिशन शक्ति योजना पर पूरी ईमानदारी से कार्यकरें। साथ ही थाने आने वाले फरियादियों की समस्याओं को प्राथमिकता के आधार पर सुनकर उनका निस्तारण करें। साथ ही अपराधों को रोकने के लिए ग्रामीणों से सामंजस्य बनायें। सर्दी के मौसम में चोरी की घटनायें अधिक होती हैं। इसलिए पुलिसकर्मी अपने-अपने थाना क्षेत्रों में रात्रि गश्त बढ़ायें।

# नो हेलमेट नो पेट्रोल अभियान में 25 वाहनों का चालान

**कायमगंज, समृद्धि न्यूज।**



पेट्रोल पम्प पर अभियान चलाती पुलिस

जिलाधिकारी आशुतोष कुमार द्विवेदी के निर्देशानुसार 19 दिसंबर 2025 से 17 जनवरी 2026 तक नो हेल्मेट नो पेट्रोल अभियान चलाया जा रहा है ताकि जनपद में बढ़ती सड़क दुर्घटनाओं को रोका जा सके।

जानकारी के अनुसार कायमगंज क्षेत्राधिकारी राजेश कुमार द्विवेदी तथा ए0आर0टी0ओ0 सुभाष राजपूत द्वारा कायमगंज कोतवाली प्रभारी निरीक्षक मदन मोहन चतुर्वेदी, कस्बा चौकी इन्चार्ज सोमवीर सिंह, कांस्टेबिल विजय गुर्जर के साथ कायमगंज नगर में अभियान चलाया गया। टीम के द्वारा खान ऑटोमोबाइल्स तथा आर0पी0 फिलिंग स्टेशन पर बिना हेलमेट लगाए पेट्रोल लेने वाले 25 वाहनों के चालान किए गए। टीम द्वारा पेट्रोल पंप संचालकों को निर्देश दिये गए कि बिना हेलमेट किसी को भी पेट्रोल ना दिया जाए। टीम द्वारा मदिरा पान कर दो पहिया वाहन चलाते समय एक बाइक सवार को पकड़ा और उसका 8000 का चालान किया गया। यह अभियान आगे भी जारी रहेगा।

# अज्ञात वाहन की टक्कर से युवक की मौत, शव की शिनाख्त नहीं

▸ शव की पहचान के लिए पुलिस करवायेगी डीएनए की सैम्पलिंग

**मोहम्मदाबाद, समृद्धि न्यूज।**



घटनास्थल पर मौजूद पुलिस

इटावा-बरेली हाईवे पर स्थित संतोषपुर गांव के निकट गुप्ता ईट भट्ठा के निकट बीती रात अज्ञात युवक को किसी अज्ञात वाहन ने टक्कर मार दी। जिससे युवक की मौके पर ही कुचलकर कर दर्दनाक मौत हो गई।

घना कोहरा होने के कारण मृत पड़े युवक के ऊपर से कई वाहन निकल जाने के कारण वह बुरी तरह कुचल गया। मृतक के पास से पुलिस को उसकी काली पैंट आसमानी स्वेटर तथा काली बेल्ट मिली। 26 दिसंबर को सुबह 4:00 बजे मदनपुर निवासी कश्मीर के पुत्र बब्लू ने मृतक को बेहद खराब स्थिति में सड़क पर पड़े देखा, तो घटना की सूचना मदनपुर चौकी को दी। जानकारी मिलते ही कोतवाली प्रभारी निरीक्षक विनोद कुमार शुक्ला पुलिस बल के साथ घटनास्थल पर पहुंचे। सड़क पर क्षतविक्षित पड़े शव को ग्लब्स पहनकर उसे इकट्ठा किया गया। उप निरीक्षक बलवीर सिंह ने शव का पंचायतनामा भरकर शव पोस्टमार्टम के लिए भेजा है। प्रभारी निरीक्षक ने बताया शव के पहचान के लिए प्रयास किया जा रहे हैं। पहचान करने के लिए डीएनए सैंपलिंग भी कराई जाएगी। जिससे मृतक युवक की पहचान हो सके।

# ग्रामीण की भूमि पर दबंग कर रहे कब्जा



**कायमगंज, समृद्धि न्यूज।** कोतवाली क्षेत्र के गांव च्योलारा के मजरा इजौर निवासी राजन पत्नी संतोष कुमार ने शुक्रवार को तहसील कायमगंज में पहुंचकर उपजिलाधिकारी अतुल कुमार को शिकायती पत्र सौंपकर कहा है कि गाटा संख्या 562 लगभग 5 वर्ष पूर्व जमीन खरीदी थी। इस जमीन पर गांव के ही राजेंद्र, तेज सिंह, सुनील, पुरुषोत्तम पुत्रगण गंगा सहाय निवासी इंजौर निहास खोदने लगे। जब इस बात पर उसने मना किया, तो मारपीट को आमादा हो गए। पीड़ित ने बताया उसने डायल 112 पर फोन कर शिकायत की। जिस पर पुलिस ने पहुंचकर निहास खोदने से उक्त लोगों को मना किया, लेकिन पुलिस के जाते ही वह पुनः निहास खोदने लगे। एसडीएम अतुल कुमार सिंह ने बताया कि उक्त मामले की जांच करवाकर आवश्यक कार्रवाई की जाएगी।

# भीषण सर्दी में जनमानस बेहाल कोहरे में रेंगते हुए चले वाहन

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**



कोहरे में धीमी गति से चल रहे वाहन

पहाड़ी इलाकों में हो रही बर्फबारी का सीधा असर मैदानी क्षेत्रों में दिख रहा है। पिछले 12 दिनों से घना कोहरा छाया हुआ है और सूर्य के दर्शन कम होने से गलन लगातार बढ़ रही है। शुक्रवार को दृश्यता घटकर महज 15 मीटर तक पहुंच गई। जिससे जनजीवन प्रभावित हुआ।

शहर के मुख्य मार्गो और हाईवे पर वाहन फॉग लाइट जलाकर बेहद धीमी गति से चलते नजर आए। कड़ाके की सर्दी और शीतलहर ने सामान्य जनजीवन को अस्त-व्यस्त कर दिया है। बाजारों में भी कोहरे का असर साफ दिखा। जहां सामान्य दिनों की तुलना में चहल.पहल काफी कम रही। मौसम विभाग के आंकड़ों के अनुसार 18 से 25 दिसंबर के बीच अधिकतम तापमान 20 से 23 डिग्री सेल्सियस और न्यूनतम तापमान 8 से 12 डिग्री सेल्सियस के बीच दर्ज किया गया। शुक्रवार को अधिकतम तापमान 19 डिग्री सेल्सियस और न्यूनतम तापमान 9 डिग्री सेल्सियस रहा। मौसम विभाग के अनुसार 31 दिसंबर तक मौसम में बदलाव के आसार नहीं हैं।

# बाइक डंपर में घुसी, युवक की इलाज के दौरान मौत, साथी भर्ती

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**

बाइक सवार युवक सड़क के किनारे खड़े डंपर में जा घुसे। जिससे चालक व उसका साथी गंभीर रुप से घायल हो गये। दोनों को मोहम्मदाबाद सीएचसी ले जाया गया। जहां से हालत गंभीर होने पर एक को लोहिया अस्पताल के लिए रेफर कर दिया गया। लोहिया से रेफर कराकर परिजन आवास विकास स्थित एक निजी अस्पताल में ले गये। जहां गंभीर रुप से घायल युवक की उपचार के दौरान मौत हो गयी। बताते चलें कि मजदूरी कर घर लौट रहे बाइक सवार युवक को एक डंपर ने टक्कर मार दी थी। जिससे वह गम्भीर रुप से घायल हो गया था। इस घटना में एक अन्य युवक भी घायल हो गया था। जिन्हें पहले सीएचसी में भर्ती कराया गया था। से हालत गंभीर होने पर लोहिया अस्पताल के लिए रेफर कर दिया गया था। जहां इलाज के दौरान एक युवक की मौत हो गयी।



जानकारी के अनुसार उपरोक्त घटना मेरापुर थाना क्षेत्र के नगला वाले के पास हुई। जहां उनकी बाइक सड़क पर खड़े एक डंपर से टकरा गई। हादसे में एक एक युवक की मौत हो गयी, जबकि एक अन्य युवक घायल हो गया। मृतक की पहचान ग्राम भमरसा निवासी 26 वर्षीय सुमित कुमार जाटव के रूप में हुई है। सुमित मोहम्मदाबाद में एक पानी की टंकी पर मजदूर के तौर पर काम करता था। शाम को काम खत्म होने के बाद वह अपने साथी विपिन कुमार के साथ बाइक से अपने गांव भमरसा लौट रहा था। नगला वाले के पास सड़क पर खड़े एक डंपर से उनकी बाइक टकरा गई। टक्कर इतनी भीषण थी कि सुमित और विपिन कुमार गंभीर रूप से घायल हो गए थे। सूचना मिलने पर पुलिस ने घायलों को तुरंत सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र मोहम्मदाबाद पहुंचाया। सीएचसी मोहम्मदाबाद से दोनों को लोहिया अस्पताल रेफर किया गया। जहां से उन्हें फर्रुखाबाद के एक निजी हॉस्पिटल भेजा गया। इलाज के दौरान सुमित की मौत हो गई। सुमित के परिजन रात करीब 11 बजे शव को अपने गांव भमरसा ले आए। जहां चीख.पुकार मच गई। अगले दिन सुबह 9 बजे परिजन शव को पंचनामा की कार्यवाही के लिए नीमकरोरी चौकी ले गए। जहां पुलिस ने शव का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा।

# खाते से रूपये कटने पर शिक्षिका भड़की, दी तहरीर

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**

भारतीय स्टेट बैंक की फतेहगढ़ शाखा में खाताधारक शिक्षिका के खाते से कथित रूप से बिना अनुमति धनराशि काटे जाने पर शिक्षिका भड़क गई और रूपये वापस की मांग को लेकर लिखित शिकायत कर दी। फतेहगढ़ कोतवाली क्षेत्र के मोहल्ला ग्रानगंज निवासी शिक्षिका पायल चौहान ने शाखा प्रबंधक को लिखित शिकायत देकर आरोप लगाया है कि जब भी वह बैंक में किसी कार्य से जाती हैं तो बीमा या क्रेडिट कार्ड प्रक्रिया के नाम पर उनके खाते से रुपये काट लिए जाते हैं। शिक्षिका ने कहा कुछ दिन पूर्व उनके खाते से बिना सूचना एक हजार रुपये काट लिए गए थे। जिसकी शिकायत करने पर बैंक द्वारा वह रूपये वापस कर दिए गए थे। इसके बावजूद आरोप है कि 228 रुपये की धनराशि कई बार में खाते से काटी गई। जब उन्होंने इसकी जानकारी लेनी चाही, तो बैंक कर्मचारियों ने उनके साथ अभद्र व्यवहार किया और खाता बंद करने की धमकी दी। पायल चौहान ने शाखा प्रबंधक से काटी गई धनराशि वापस करने की मांग करते हुए बैंकिंग सिस्टम में सुधार की बात कही है। उन्होंने चेतावनी दी है कि यदि समस्या का समाधान नहीं हुआ तो वह मामले की शिकायत उच्च अधिकारियों से करेंगी। शाखा प्रबंधक ने कहा कि खाते से रूपये कटने की जानकारी की जा रही है।

# पेड़ पर चढ़कर पत्ते तोड़ रहे वृद्ध की एचटी लाइन की चपेट में आने से मौत

**कमालगंज, समृद्धि न्यूज।**



मौके पर मौजूद परिजन व ग्रामीण

बकरियों के लिए पीपल के पेड़ पर चढ़कर पत्ते तोड़ रहे वृद्ध की 11000 की लाइन की चपेट में आने से मौत हो गयी। जाकारी होते ही परिजनों में कोहराम मच गया। जानकारी के अनुसार कमालगंज थाना क्षेत्र के ग्राम देवरान गढ़िया निवासी घुरई उर्फबालक राम कठेरिया उम्र करीब 62 साल पुत्र आंझेलाल जो की बकरी पालन का काम बहुत सालों से करता आ रहे है। शुक्रवार दोपहर 2 बजे लगभग कान्हा गौशाला के नजदीक पीपल के पेड़ पर चढ़कर पत्ते तोड़ रहा था। ऊपर से गुजर रही 11000 की लाइन के तार अचानक हाथ में छू जाने से वह चीखने चिल्लाने लगा। पास में ही खेतों में काम कर रहे परिजन एवं ग्रामीणों ने शोर मचाया एवं विद्युत उपकेंद्र में फोन करके विद्युत आपूर्ति बंद करवाई गई, लेकिन तब तक बालकराम की मौत हो चुकी थी। परिजनों ने पुलिस को सूचना दी। पुलिस ने मौके पर पहुंचकर शव को नीचे उतरवाया। बालक राम की पत्नी रेशमा एवं पुत्रों का रो-रोकर बुरा हाल है। बालक राम की तीन पुत्र हैं। बड़े पुत्र का नाम सुरेंद्र कठेरिया, उससे छोटा पुत्र अरविंद एवं सबसे छोटा पुत्र संजीव है।

# घने कोहरे में कई वाहन टकराये, दो घायल

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**



मौके पर खड़े क्षतिग्रस्त वाहन

घने कोहरे के चलते दो अलग-अलग वाहन जिसमें ट्रक-पिकअप व ई-रिक्शा टकरा गये। जिसमें दो लोग घायल हो गये। जिन्हें सीएचसी में भर्ती कराया गया। जानकारी के अनुसार शुक्रवार को घने कोहरे के कारण दो अलग-अलग सड़क हादसे हुए। इन दुर्घटनाओं में दो लोग घायल हो गए। जिन्हें अस्पताल में भर्ती कराया गया है। एक घटना में ट्रक और पिकअप की टक्कर हुई, जबकि दूसरी में पिकअप और ई-रिक्शा आपस में भिड़ गए। पहली घटना फर्रुखाबाद-बदायूं स्टेट हाईवे पर राजपुर कस्बे के पास हुई। यहां पंजाब राज्य के एक ट्रक ने सामने से आ रही एक पिकअप को टक्कर मार दी। पिकअप चालक शाहजहांपुर के मिर्जापुर थाना क्षेत्र के गुलाल नगरा गांव निवासी 22 वर्षीय हरिओम गंभीर रूप से घायल हो गए। हरिओम कई वर्षो से दूध डेयरी की पिकअप चला रहा है और शुक्रवार सुबह अमृतपुर क्षेत्र के गांवों से दूध इकट्ठा कर रहा था। टक्कर इतनी भीषण थी कि पिकअप का अगला हिस्सा पूरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया और हरिओम उसमें फंस गया। हादसे के बाद ट्रक चालक और हेल्पर ट्रक को सड़क पर छोड़कर मौके से फरार हो गए। ग्रामीणों ने कड़ी मशक्कत के बाद घायल हरिओम को पिकअप से बाहर निकाला। तब तक स्टेट हाईवे पर वाहनों की लंबी कतार लग चुकी थी। जिससे कई रोडवेज बसें, डंपर, ट्रक और कारें फंस गई। पुलिस ने घायल हरिओम को एम्बुलेंस से सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र भिजवाया। थाना अध्यक्ष मोनू शाक्या ने बताया कि घायल पिकअप चालक को अस्पताल भिजवाया गया है। ट्रक चालक अपने वाहन को छोड़कर भाग गया था। मामले में अन्य आवश्यक कार्रवाई की जा रही है।

दूसरी घटना मऊदरवाजा थाना क्षेत्र के अंतर्गत अर्रा पहाड़पुर में सब्जी मंडी के पास हुई। जहां एक तेज रफ्तार पिकअप ने ई-रिक्शा को टक्कर मार दी। बताया गया कोहरे के चलते सामने से आ रहा ई-रिक्शा को बचाने के चक्कर में मंडी में से निकले ई-रिक्शा में टक्कर लग गई। इससे ई-रिक्शा सवार चालक श्यामवीर पुत्र अवधेश निवासी गड़रियन नगला घायल हो गया। उसे उपचार के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र ले जाया गया। वहां से उसे लोहिया अस्पताल रेफर किया गया। मामले की जानकारी पर बीबीगंज चौकी इंचार्ज नितिन कुमार घटना स्थल पर पहुंचे और जानकारी की।

# प्रभु यीशु मसीह का जन्म मानव जाति के उद्धार के लिए हुआ

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**



पादरी मनोज कुमार, पादरी स्टीफन मसीह



प्रार्थना सभा में मौजूद मसीह समाज के लोग

क्रिसमस पर चर्चों में विशेष प्रार्थना सभा का आयोजन किया गया। सीएनआई बढ़पुर चर्च, सीएनआई सिटी चर्च, सीएनआई रखा चर्च, ऑल सोल्स चर्च फतेहगढ़ में क्रिसमस पर प्रार्थना सभा आयोजित हुई। मसीह समाज के लोगों ने बढ़-चढ़कर भाग लिया। पादरी मनोज कुमार ने कहा कि प्रभु यीशु मसीह का जन्म मानव जाति के उद्धार के लिए हुआ है। वह दुनिया में प्रेम व शांति का संदेश लेकर आये। उन्होंने लोगों से मिलजुलकर त्यौहार मनाने एवं गरीब व जरुरतमंदों की सहायता करने के लिए कहा। उन्होंने बाइबिल का संदेश पढ़ते हुए कहा कि यीशु का जन्म पवित्र आत्मा की ओर से हुआ है। परमेश्वर हमारे साथ है, जो प्रेम और विश्वास व आशा का संदेश देता है। साथ ही बढ़पुर चर्च में दो वपतिस्मा कराये गये। सभी ने मसीह गीतों पर प्रभु यीशु मसीह के जन्मदिन पर गीत गाये। सिटी चर्च में पादरी स्टीफन ने प्रार्थना सभा कर क्रिसमस पर संदेश दिया। पादरी मनोज कुमार ने रखा चर्च पहुंचकर क्रिसमस पर प्रार्थना सभा की। पादरी स्टीफन मसीह ने ऑल सोल्स चर्च फतेहगढ़ में यीशु मसीह के जन्मदिवस पर आराधना आयोजित की। इस मौके पर अमन मनीला मैसी, भावना लाल, राजीव के लाल, अरुण लाल, जार्डन राज, डायमंड इंद्रियाज, प्रियंका लाल, प्रियंका मैसी, सुजीत सहाय, वीना साइमन, शालिनी सिंह, अजय लाल, गौरव एविल, नितिन जूलियस, पारुल सहाय, अनुराग मल्ल, सीवी मल्ल, अंजू मल्ल, चार्ल्स डेविड, विशाल दास, राहुल अवरार, अवधेश प्रभु खोजी, अतुल दास, अमित सिंह, डोरकस अवरार, बबलू पीटर, प्रशांत एडसन, अमर साइमन, सुरेन्द्र मसीह, अरुण चन्द्र, मुकेश डेविड, विजय आर्यन, जयवंत सनी, राहुल मैसी, संतोष मसीह, रोजीशन विश्वासी, अमित मसीह, विशाल धनी, देवेन्द्र जायसवाल आदि मसीह समाज के लोग बड़ी संख्या में मौजूद रहे। दोपहर बाद चर्च कम्पाउंड मैदान पर क्रिसमस मेले का आयोजन हुआ। बच्चों ने लजीज व्यंजन, झूले आदि का लुफ्त उठाया और एक दूसरे को क्रिसमस की बधाई दी।

# वीर बाल दिवस पर कलेक्ट्रेट में बच्चों को किया गया सम्मानित

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**

सिखों के दसवें गुरु गुरु गोविन्द सिंह के वीर साहिबजादों-जोरावर सिंह एवं फतेह सिंह की शहादत की स्मृति में 26 दिसम्बर को वीर बाल दिवस कार्यक्रम का आयोजन कलेक्ट्रेट सभागार में किया गया।

मुख्य अतिथि सांसद मुकेश राजपूत, जिलाधिकारी आशुतोष कुमार द्विवेदी, पुलिस अधीक्षक आरती सिंह, मुख्य विकास अधिकारी अरविंद कुमार गौड़, अपर पुलिस अधीक्षक अरुण कुमार सिंह तथा जिला विकास अधिकारी सुनील कुमार तिवारी ने वीर साहिबजादों के चित्र पर पुष्प अर्पित कर श्रद्धांजलि अर्पित की गई। कार्यक्रम का शुभारंभ जिला प्रोबेशन अधिकारी अनिल चंद्र ने अतिथियों के स्वागत एवं कार्यक्रम की संक्षिप्त रूपरेखा प्रस्तुत कर किया। सांसद मुकेश राजपूत ने गुरु गोविंद सिंह के वीर सपूतों के जीवन पर प्रकाश डालते हुए बताया कि किस प्रकार उन्होंने धर्म की रक्षा हेतु अल्पायु में ही अपने प्राणों का बलिदान दे दिया तथा धर्मांतरण को अस्वीकार किया।

उन्होंने कहा कि ऐसे असंख्य वीरों, माताओं, बहनों और बुजुर्गों के बलिदान से ही भारत राष्ट्र का निर्माण हुआ है। जिलाधिकारी आशुतोष कुमार द्विवेदी ने साहिबजादों के चमकौर युद्ध एवं उनके अद्वितीय साहस का उल्लेख करते हुए कहा कि देश और धर्म के प्रति समर्पण की भावना से प्रेरित होकर उन्होंने अपने प्राणों की आहुति दी। उन्होंने कहा कि यह बलिदान सदैव देशवासियों के हृदय में स्मरणीय रहेगा।



बच्चों को सम्मानित करते सांसद, डीएम, एसपी

कार्यक्रम के दौरान प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा भारत मंडपम नई दिल्ली में आयोजित वीर बाल दिवस कार्यक्रम का सजीव प्रसारण भी देखा गया। सभी उपस्थितजनों द्वारा सामूहिक रूप से वंदे मातरम् का गायन किया गया। कक्षा 8 की छात्रा मानसी, मन्नत सिंह तथा कक्षा 12 की छात्रा आज्ञा मैविश, निहारिका दीक्षित, तान्या, स्नेहा गंगवार एवं किरण दुबे द्वारा वीर बाल दिवस के अवसर पर भाषण एवं गीत प्रस्तुत किए गए। वीर बाल दिवस सप्ताह के अंतर्गत माध्यमिक एवं बेसिक शिक्षा विभाग द्वारा आयोजित विभिन्न प्रतियोगिताओं में विजयी छात्र-छात्राओं, खेल प्रतियोगिताओं में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले प्रतिभागियों तथा ताइक्कांडो में गोल्ड व सिल्वर पदक प्राप्त करने वाली बेटियों को उपहार देकर सम्मानित किया गया। संचालन संरक्षण अधिकारी सचिन सिंह ने किया।

इस अवसर पर परियोजना निदेशक कपिल कुमार, जिला विद्यालय निरीक्षक नरेन्द्र पाल सिंह, जिला कार्यक्रम अधिकारी सुनील कुमार श्रीवास्तव सहित जिला प्रोबेशन कार्यालय के समस्त कार्मिक उपस्थित रहे।

# अटल बिहारी की जन्म शताब्दी पर बही काव्य की धारा

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**

पूर्व प्रधानमंत्री भारत रत्न स्व0 अटल बिहारी बाजपेई के कवि स्वरूप नमन करते हुए सांस्कृतिक मंत्रालय भारत सरकार द्वारा प्रायोजित जन्म शताब्दी समारोह के अंतर्गत कमला ग्रामोद्योग संस्थान के बैनर तले हुए कवि सम्मेलन में श्री राम वंदना व राष्ट्र वंदना के स्वर गूंजते रहे। मुख्य अतिथि व्यापार मंडल जिलाध्यक्ष सदानंद शुक्ला एवं कमला ग्रामोद्योग संस्थान के मंत्री राजू गौतम ने कवियों का अभिनंदन किया। कार्यक्रम का शुभारंभ प्रीती पवन तिवारी की वाणी वंदना से हुआ। स्मृति अग्निहोत्री ने भगवान श्री राम की वंदना प्रस्तुत की। वरिष्ठ गज़लकार नलिन श्रीवास्तव ने स्व0 अटल को राष्ट्र से जोड़ते हुए पढ़ा-बहुत मुश्किल है कि कोई किसी की जान बन जाये, तेरी गर रखा फैला दूं तो हिंदुस्तान बन जाये। उपकार मणि उपकार ने अटल के मनोभावों को युग से कुछ इस तरह जोड़ा-धधकते युग की व्यथा की आग ठंडी हो न जाए, इसलिए इस आग से फिर हवन करना चाहता हूं। वरिष्ठ गीतकार रामशंकर अवस्थी अबोध ने शहीदों को नमन किया- गेह से जो गये घर न लौटे कभी, उन शहीदों को मन से नमन कीजिए। इसके अलावा महेश पाल सिंह उपकारी, डॉ. गरिमा पांडेय,



काव्य पाठ करती गरिमा पाण्डेय

प्रीति पवन तिवारी, स्मृति अग्निहोत्री, निमिष टंडन, वैभव सोमवंशी सुभग, कृष्णकांत त्रिपाठी अक्षर ने काव्यपाठ किया। अध्यक्षता अक्षर ने की तथा संचालन वैभव सोमवंशी ने किया। सभी कवियों को स्मृतिचिन्ह व शाल ओढ़ाकर सम्मानित किया गया।

इस मौके पर इंद्रा पाण्डेय, समाज सेवी संजय गर्ग, विजय मिश्रा, पुरुषोत्तम शुक्ला, सोनी शुक्ला, बाबी गौतम, सुनीता अग्निहोत्री, मंजू तोमर, नारायण दत्त द्विवेदी, युवा कवि विशाल श्रीवास्तव, जगमोहन गौतम, कृष्णा मिश्रा, किशन सक्सेना, कृष्णा, राज गौरव पांडेय आदि लोग मौजूद रहे। राजू गौतम ने सभी का आभार जताया।



शिविर में मौजूद मरीज के साथ हनी यादव

## नेत्र शिविर में मोतियाबिंद आपरेशन के लिए 40 मरीज चिन्हित

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** मोतियाबिंद आपरेशन हेतु नि:शुल्क नेत्र शिविर का आयोजन हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी शुभम हनी यादव ने पिता के जन्म दिवस पर अपने शिक्षण संस्थान में नि:शुल्क मोतियाबिंद का ऑपरेशन का शिविर लगाया। डॉ. जवाहर लाल रोहतगी स्मारक नेत्र चिकित्सालय कानपुर से आयी टीम में डॉ. आशुतोष दीक्षित, डॉ. गौरव सिंह ने मरीजों का स्वास्थ्य परीक्षण किया। शिविर में लगभग 40 परिवार के लोगों ने अपना चेकअप कराया। चिकित्सकों ने मोतियाबिंद के आपरेशन हेतु मरीजों को चिन्हित किया। महिलाओं की देखरेख में चारु यादव पत्नी शुभम यादव ने अहम भूमिका निभाई। शुभम यादव हनी ने बताया कि पिता पंकज यादव के जन्मदिन पर हर साल शिविर लगाया जाता है। शिविर में आने वाले लोगों को इसका लाभ मिलता है। जिन मरीजों को आपरेशन हेतु चिन्हित किया गया। उन मरीजों ने पंकज यादव को बधाई ।साथ ही मरीजों को चश्में दिलवाये गये। इस मौके पर डॉ. आशुतोष दीक्षित, डॉ0 गौरव सिंह, शुभम यादव हनी, चारु यादव, पंकज यादव आदि मौजूद रहे।

# भाजपा कार्यालय पर मनाया गया वीर बाल दिवस

**गुरु गोविंद के साहबजादों का बलिदान इतिहास का स्वर्णिम अध्याय: देवेन्द्र देव गुप्ता**

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**

वीर बाल दिवस पर भाजपा के आवास विकास स्थित जिला कार्यालय पर संगोष्ठी का आयोजन हुआ। कानपुर बुंदेलखंड क्षेत्र के मंत्री देवेंद्र देव गुप्ता ने उपस्थित जनों को संबोधित किया।

देवेंद्र देव गुप्ता ने कहा केंद्र की सरकार ने सिख धर्म सिख इतिहास और गुरु साहिबान की अद्वितीय कुर्बानियों को न केवल देश में बल्कि पूरी दुनिया में सम्मान और गौरव दिलाने के लिए ऐतिहासिक पहल की है, यह बलिदान दिवस वीर बाल



कार्यक्रम को सम्बोधित करते देवेन्द्र देव गुप्ता

दिवस के रूप में मनाया जाता है। गुरु गोविंद सिंह के साहिबजादों का बलिदान भारतीय इतिहास का स्वर्ण अध्याय है, जिसने राष्ट्र धर्म के लिए सर्वोच्च त्याग का अर्थ सिखा, साहिबज़ादे जोरावर सिंह एवं फतेह सिंह का साहस शौर्य और आत्म बलिदान आज की पीढ़ी के लिए राष्ट्रभक्ति की अमिट प्रेरणा है। यह दिन हमें राष्ट्र प्रेम धर्म रक्षा और आत्मसम्मान की सीख देता है।

सांसद मुकेश राजपूत ने कहा देश में एक लंबे समय तक कांग्रेस के नेतृत्व की सरकार रही, लेकिन जो सम्मान वीर शहीदों को कांग्रेस की सरकार में मिलना चाहिए था। वह सम्मान प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व वाली भाजपा सरकार ने दिलाने का कार्य किया। कांग्रेस की सरकार में साहबजादों के बलिदान की संपूर्ण जानकारी को वर्षों तक उपेक्षित रखा गया। जिलाध्यक्ष फतेहचंद वर्मा ने कहा कई वर्ष से वीरबल दिवस मनाया जा रहा है।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के आवाह्न पर कार्यक्रम को देशभर में आयोजित किया जाता है। कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य गुरु गोविंद सिंह के साहबजादों की शहादत की जानकारी जन-जन तक पहुंचे यही यही है। कार्यक्रम संयोजक सरदार तोषित प्रीत सिंह ने विचार व्यक्त किये। संचालन अभिषेक बाथम ने किया। इस अवसर पर ज्ञानी मंगल सिंह, सरदार हरविंदर सिंह ने विचार व्यक्त किया। डॉ0 भूदेव सिंह राजपूत, रूपेश गुप्ता आदि लोग मौजूद रहे।

# दबंगों ने नाली की बंद, सड़क बह रहा गंदा पानी, निकलना मुश्किल

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**

दबंगों द्वारा नाली बंद कर देने से सड़क पर गंदे पानी का कीचड़ बह रहा है।

कमालगंज के क्षेत्र गदनपुर देवराजपुर में दबंगो द्वारा नाली बंद करने से गांव जाने वाली सड़क पर पानी बह रहा है। जिससे गांव जाने वाले लोगों को नाली के गंदे पानी से निकलना पड़ता है, जबकि इसी सड़क पर पापाठशाला तथा सचिवालय भी है। ग्राम प्रधान द्वारा आज तक कोई कायवाही नहीं की गई। जिससे ग्रामवासियों का निकलना भी दूबर हो गया है।

ग्रामीणों ने आमिल के प्रधान रघुनन्दन पाल व गदनपुर देवराजपुर के प्रधान दिलीप कुमार यादव को कई बार लिखित शिकायत की, लेकिन



सड़क पर बह रहा नाली का पानी

आज तक कोई कार्यवाही नहीं की गई। वहीं भाजपा के जिला मंत्री गुरुचरन आजाद ने मांग की है कि सड़क के दोनों तरफ नालियां खुलवायी जाये, जिससे कमालगंज दरियागंज मेन रोड से गांव तक सुरक्षित पहुंचा जा सके।

## खबरें एक नजर में

### फर्रुखाबाद युवा महोत्सव ने खाकी को किया सम्मानित



क्षेत्राधिकारी को सम्मानित करते हर्ष दुबे

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** फर्रुखाबाद युवा महोत्सव समिति द्वारा खाकी का सम्मान किया गया। जनपद में उत्कृष्ट कार्य करने वाले पुलिस अधिकारियों को जन सेवा सम्मान से सम्मानित किया गया। पिछले 6 सालों से मिस्टर फर्रुखाबाद एवं प्रतिनिधि हर्ष दुबे द्वारा आयोजन होता है। उत्तर प्रदेश पुलिस सम्मान में कायमगंज क्षेत्राधिकारी, मोहम्मदाबाद क्षेत्राधिकारी व अन्य पुलिस कर्मी फर्रुखाबाद युवा महोत्सव समिति सभागार में उपस्थित रहे। समिति के अध्यक्ष संदीप शर्मा ने पुलिस अधिकारियों का आभार व्यक्त किया।

### प्रभु यीशु मसीह का जन्म देता है प्रेम और शांति का संदेश: पादरी स्टीफन मसीह



केक काटकर क्रिसमस मनाते पादरी व अन्य

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** सीएनआई सिटी चर्च में क्रिसमस का पावन पर्व बड़े ही खुशी के साथ मनाया गया। चर्च परिसर में गीतों, प्रार्थना और प्रेम का वातावरण बना रहा। बड़ी संख्या में लोग इसमें शामिल हुए। पादरी स्टीफन मसीह ने संदेश देते हुए कहा कि प्रभु यीशु मसीह का जन्म शांति, प्रेम और आनन्द का संदेश देता है। उन्होंने सभी लोगों से आपस में प्रेम, शांति और भाईचारे को बनाए रखने को कहा। कार्यक्रम के दौरान बच्चों और युवाओं ने एक दूसरे को उपहार देकर सम्मानित किया और खुश नजर आये। साथ ही चर्च में केक काटकर क्रिसमस मनाया गया। एक दूसरे को केक खिलायी गई और खुशी के वातावरण में समाज के लोग आनंदित हुए। व्यवस्था कोषाध्यक्ष रंजीत मैसी ने देखी। इस मौके पर राजेश मसीह, सुरेन्द्र मसीह, अरुणचंद, मुकेश डेविड, विजय, आर्यन राज सहित कई अन्य लोग उपस्थित रहे। सभी ने मिलकर प्रभु यीशु के जन्मोत्सव को खुशी और उत्साह के साथ मनाया।

### जनतंत्र क्रांतिकारी मोर्चा ने मनाया क्रांतिकारी उधम सिंह का जन्मदिन

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** जनतंत्र क्रांतिकारी मोर्चा ने महादेवी वर्मा मूर्ति के सामने रोड पर वीर क्रांतिकारी उधम सिंह का जन्मोत्सव मनाया। उनके चित्र पर सभी ने पुष्प अर्पित कर उन्हें याद किया। संचालन राजेश मिश्रा ने किया। अध्यक्षता राजनारायन मिश्रा ने की। संस्थापक/ अध्यक्ष उत्तम कुमार मिश्रा ने कहा कि 13 अप्रैल 1919 को जलियावाला बाग में हजारों लोग शांति पूर्ण विरोध प्रदर्शन कर रहे थे। ब्रिटिश अधिकारी रेजिनॉड डायर ने निहत्थे लोगों पर अंधाधुंध गोलीबारी करने का आदेश दिया। इस घटना के बाद बदला लेने की कसम खाई गयी। पंजाब के गर्वनर ने कृत्यों का समर्थन किया। 13 मार्च 1940 को इंग्लैंड में जाकर वीर उधम सिंह ने जरनल डायर को गोली मारकर 21 साल बाद नरसंहार का बदला लिया। इस मौके पर सभी ने उनके चित्र पर पुष्प अर्पित किये। इस दौरान नरेन्द्र कुमार शर्मा, रामनारायन मिश्रा, शेर सिंह यादव, संजीव कुमार, डॉ. मेंहदी हसन, पृथ्वीनारायन, विवेक कुमार सक्सेना, राधेश्याम, ठा0 मुन्ना सिंह, शिवाजी कटियार आदि लोग मौजूद रहे।

### सेवा धर्म समिति का नेत्र शिविर आज

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** सेवा धर्म समिति द्वारा शनिवार को रामा अस्पताल कानपुर के चिकित्सकों द्वारा नि:शुल्क नेत्र शिविर का आयोजन सलावत खां स्थित बेस्ट केयर फार्मा पर आयोजित होगा। जानकारी देते हुए सचिव अविनाश सारस्वत ने बताया कि चयनित मरीजों का मोतियाबिंद आपरेशन हेतु परीक्षण होगा और नि:शुल्क आपरेशन होगा।

# निर्दोष बने उत्थान राष्ट्रीय विकास पार्टी के जिलाध्यक्ष



राष्ट्रीय अध्यक्ष से मनोनयन प्राप्त करते निर्दोष यादव

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**

उत्थान राष्ट्रीय विकास पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष रामखिलाड़ी यादव ने निर्दोष यादव को फर्रुखाबाद का जिलाध्यक्ष मनोनीत किया है। राष्ट्रीय अध्यक्ष ने फर्रुखाबाद के जिलाध्यक्ष निर्दोष यादव को निर्देश दिया है कि पार्टी के सिद्धांतों को आगे बढ़ायेंगे और प्रचार-प्रसार कर उत्थान राष्ट्रीय विकास पार्टी के सपनों के साकार करेंगे और जनपद में शीघ्र कमेटी घोषित करेंगे। निर्दोष यादव को राष्ट्रीय अध्यक्ष ने मनोनयन पत्र सौंपकर उन्हें बधाई दी। निर्दोष यादव ने कहा कि पार्टी के निर्देशों पर खरा उतरुंगा। उनके जिलाध्यक्ष बनने पर समर्थकों ने फूल मालाओं से स्वागत किया।

## शीतग्रह स्वामी लाइसेंस नवीनीकरण हेतु कार्यालय में दस्तावेज करें जमा

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** जनपद में संचालित सभी शीतग्रह स्वामी अपने शीतग्रहों का लाइसेंस नवीनीकरण हेतु आवश्यक दस्तावेज समय रहते आलू एवं शाकभाजी विकास अधिकारी कार्यालय में उपलब्ध कराये। जानकारी के अनुसार, जनपद फर्रुखाबाद में कुल 109 शीतग्रह संचालित है। जिसमें वर्ष 2025 में 779685.65 मी.टन आलू भण्डारित था। जिसकी निकासी हो चुकी, तथा शीतग्रह स्वामियों द्वारा नये सत्र वर्ष 2026 में आलू के भण्डार हेतु शीतग्रहों की साफ-सफाई आदि करायी जा रही है। शीतग्रह स्वामियों से अनुरोध किया गया कि वर्ष 2026 के लिए अपने शीतग्रहों का लाइसेंस नवीनीकरण हेतु आवश्यक दस्तावेजों को पूर्ण कर कार्यालय आलू एवं शाकभाजी विकास अधिकारी फर्रुखाबाद में उपलब्ध कराना सुनिश्चित करें। 26 दिसम्बर शुक्रवार को सातनपुर मण्डी में सामान्य आलू 600 प्रति कुंतल व कट-फट आलू 450 रुपये प्रति कुंतल की दर से बिक्री हुई तथा फुटकर भाव 13 स 15 रुपये प्रति किलो रहा। इस संदर्भ में जानकारी आलू शाकभाजी विकास अधिकारी द्वारा दी गई।

# बिना जीएसटी के सुपारी लेकर जा रहा ट्रक एआरटीओ ने पकड़ा

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**

जिलाधिकारी आशुतोष कुमार द्विवेदी के निर्देशन में एआरटीओ-प्रवर्तन सुभाष राजपूत ने माल वाहनों के विरूद्ध सघन चेकिंग अभियान चलाया। चेकिंग के दौरान बिना राज्य कर प्रपत्र सुपारी ढोते हुये 01 ट्रक संचालित पाया गया। जिसमें रू0 28.98 लाख मूल्य की सुपारी लदी थी। एआरटीओ ने दूरभाष पर अमित त्यागी सहायक आयुक्त (राज्य कर) सचल दल फतेहगढ़ से इस ट्रक के राज्य कर भुगतान का सत्यापन कराया गया तो उनके द्वारा अवगत कराया गया कि वाहन में लदी सुपारी का जीएसटी जमा नहीं है। प्रस्तुत किये गये बिल के अनुसार वाहन में लदा माल दिल्ली से असम जा रहा था, परन्तु यह सेन्ट्रल जेल से अल्लगंज की ओर जाते हुये एआरटीओ आफिस के पास पकड़ा गया। ट्रक को अमित त्यागी सहायक आयुक्त (राज्य कर) सचल दल फतेहगढ़ को सुपुर्द कर दिया गया तथा उनके द्वारा इस ट्रक को सातनपुर मण्डी में सीज कर दिया गया है। इसके अतिरिक्त 1 ओवरलोड व 02 ओवर



पकड़े गये ट्रक की जांच करते अधिकारी

हाईट ट्रक भी सीज किया गये। ओवरलोड ट्रक पर रू0 50 हजार तथा ओवर हाईट ट्रकों पर रू0 16 हजार जुर्माना लगाया गया। परिवहन विभाग द्वारा की कार्यवाही में 04 वाहनों के विरूद्ध कार्यवाही करते हुये रू0 66 हजार का जुर्माना लगाया गया। यह अभियान आगे भी जारी रहेगा।

# सर्दी में भट्‌टे पर जरुरतमंद लोगों को वितरित किये कपड़े

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**

कड़ाके की ठंड से जूझ रहे जरूरतमंदों के लिए फतेहगढ़ में एक नन्ही सी टीम वरदान बनकर सामने आई है। समाजसेवी अंकित माथुर के नेतृत्व में युवाओं की इस टीम ने सर्द मौसम में गरीब और असहाय लोगों की मदद का बीड़ा उठाया है। टीम ने विशेष रूप से ईंट-भट्ठों पर काम करने वाले मजदूरों को ठंड से बचाने के लिए गर्म कपड़े वितरित किए।

शुक्रवार सुबह टीम के सभी सदस्य एकत्र होकर एक भट्टे पर पहुंचे, जहां दिन-रात मेहनत करने वाले मजदूरों और उनके परिवारों को गर्म कपड़े बांटे गए। ठंड के इस कठिन समय में जब तापमान लगातार गिर रहा है, ऐसे में यह पहल मजदूरों के लिए बड़ी राहत साबित हुई। कपड़े पाकर मजदूरों के



जरुरतमंदों को कपड़े वितरण करते समाजसेवी

चेहरों पर खुशी और संतोष साफ दिखाई दिया। अंकित माथुर ने बताया कि इस टीम का उद्देश्य सिर्फएक दिन की मदद नहीं, बल्कि आगे भी जरूरतमंदों के लिए लगातार कार्य करना है। उन्होंने कहा कि समाज के सक्षम लोगों को आगे आकर गरीब, मजदूर और बेसहारा लोगों की मदद करनी चाहिए, ताकि कोई भी व्यक्ति ठंड, भूख या अभाव के कारण परेशान न हो। इस दौरान अंकित माथुर, राहुल यादव उर्फ बंगाली, विजय माथुर, साहिल दिवाकर, अहमद मसूरी, हर्ष वर्मा, कुंवर सूर्यांश वर्मा मौजूद रहे। स्थानीय लोगों ने भी टीम की इस पहल की सराहना की।

# बेसिक कोर्स स्काउट मास्टर और गाइड कैप्टन प्रशिक्षण शिविर का शुभारंभ

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**

भारतीय पाठशाला इंटर कालेज में भारत स्काउट और गाइड प्रादेशिक कार्यालय के निर्देशानुसार सहायक प्रादेशिक संगठन आयुक्त कानपुर मंडल कानपुर मयंक शर्मा के निर्देशन में बेसिक कोर्स स्काउट मास्टर और गाइड कैप्टन का शुभारंभ किया गया। जिसमें स्काउट और गाइड के पदाधिकारी तथा प्रतिभागी उपस्थित हुए। जिला मुख्य आयुक्त दिनेश वर्मा और सहायक प्रादेशिक संगठन आयुक्त मयंक शर्मा के द्वारा मां सरस्वती की प्रतिमा पर दीप प्रज्वलन और लार्ड बेड़ेन पॉवेल की प्रतिमा पर पुष्पार्पण किया गया। समस्त प्रतिभागियों एवं अतिथियों का परिचय कराया गया। ध्वज शिष्टाचार कार्यक्रम के आयोजन मुख्य अतिथि के रूप में शशिप्रभा लीडर का कोर्स गाइड, मनोज कुमार रावत लीडर का कोर्स स्काउट, जिला सचिव डॉ0 महेश चंद्र राजपूत और जिला आयुक्त रामदास रहे। इस अवसर पर प्रशिक्षक गाइड जिला संगठन आयुक्त गाइड चमन शुक्ला, जिला प्रशिक्षण आयुक्त योगेश कुमार, जिला संगठन आयुक्त स्काउट गजेंद्र सिंह, पुष्पेंद्र शर्मा, पुष्कर मिश्रा उपस्थित रहे। प्रथम दिवस पर सभी प्रतिभागियों के द्वारा टीम बनाकर विभिन्न कार्य विभाजन करते हुए ड्यूटी कार्ड भी दिए गए, जिनके द्वारा प्रति दिन सभी टीमों को अपने-अपने दायित्वों का नियमित रूप से करना होगा।



कार्यक्रम को संबोधित करते मयंक शर्मा

मयंक शर्मा ने बताया कि प्रतिदिन सभी अध्यापकों को बालक बनकर सभी एक्टिविटी सीखना आवश्यक होगा तथा मनो योग से स्काउटिंग गतिविधियों को सीखे और अपने विद्यालय में बच्चों को सिखाए। डॉ0 महेश चंद्र राजपूत ने कहा कि यह कोर्स वास्तव में जनपद में होने वाले प्रशिक्षण शिविरों में अपनी महत्वपूर्ण भूमिका अदा करेगा तथा जनपद में निश्चित रूप से प्रशिक्षकों की कमी को दूर करेगा तथा आगामी समय में सभी प्रतिभागी इससे आगे वाला कोर्स भी मनोयोग से करते हुए स्काउटिंग विचारधारा को आगे बढ़ने का कार्य करेंगे। जिला आयुक्त रामदास ने कहा जितनी सर्दी में भी सभी प्रतिभागी अपने-अपने क्षेत्र से आकर स्काउटिंग की गतिविधियों को आगे बढ़ाने के लिए इसमें प्रतिभा करने आए हैं, सभी बधाई के पात्र हैं।

## अटल बिहारी जन्म शताब्दी समारोह में विजेताओं को किया गया सम्मानित



छात्र को सम्मानित करते सांसद व डीएम

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** भारत रत्न अटल बिहारी बाजपेयी के जन्म शताब्दी समारोह कलेक्ट्रेट सभागार में हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। मुख्य अथिति सांसद मुकेश राजपूत रहे। अध्यक्षता जिलाधिकारी आशुतोष कुमार द्विवेदी ने की। कार्यक्रम के नोडल अधिकारी उच्च शिक्षा डॉ. कल्पना सिंह प्राचार्य-मान्यवर कांशीराम राजकीय महाविद्यालय, जिला विद्यालय निरीक्षक नरेन्द्र पाल, मुख्य विकास अधिकारी विनोद कुमार गौड़, पुलिस अधीक्षक आरती सिंह के साथ ही सभी प्रशानिक अधिकारी, विभिन्न विद्यालयों व महाविद्यालयों के शिक्षक व विद्यार्थी उपस्थित रहे। डीएम ने भारत रत्न अटल बिहारी बाजपेयी के व्यक्तित्व व कृतित्व पर विस्तृत रूप से प्रकाश डाला, साथ ही छात्राओं द्वारा बाजपेयी की कविताओं का पाठन किया गया। विभिन्न जनपद स्तरीय प्रतियोगिताओं में स्थान प्राप्त करने वाले छात्र- छात्राओं को पुरस्कार वितरण भी किया गया। भाषण प्रतियोगिता में निवेदिता अवस्थी प्रथम, शिवम कुमार द्वितीय व आदित्य रत्न शाक्य तृतीय रहे। एकल काव्य पाठ में निवेदिता अवस्थी प्रथम, पल्लवी अग्निहोत्री द्वितीय व कु0 मंजू तृतीय स्थान पर रही। निबंध प्रतियोगिता में दिव्यांशी प्रथम, दिव्या श्रीवास्तव द्वितीय व कामिनी तृतीय स्थान पर रही।

## सरस्वती शिशु विद्या में मनाया गया वीर बाल दिवस

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** सरस्वती शिशु विद्या मंदिर सेनापति में वीर बाल दिवस पर कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ प्रधानाचार्य धर्मवीर सिंह ने दीप प्रज्वलन एवं गुरु गोविंद सिंह एवं उनके वीर पुत्रों के चित्र पर माल्यार्पण एवं पुर्षाचन कर किया। प्रधानाचार्य धर्म सिंह ने कहा कि वीरबाल दिवस हमे साहस, त्याग और धर्म की रक्षा के लिए अपने प्राणों का बलिदान देने वाले साहबजादो के अद्वितीय बलिदान की स्मृति कराता है। आचार्य ने वीर बालकों के जीवन पर आधारित भाषण कविता पाठ एवं विचार प्रस्तुत किए गए। इस अवसर पर आचार्य प्रदीप अवस्थी, कृष्ण कुमार कटियार, रामानंद पांडे, वीरेश परमार, शिवकुमार यादव, संजीव, गोविंद प्रसाद, आर्तिका शुक्ला, बृजपाल सिंह, आर्तिका शुक्ला, सीमा मिश्र, पूनम शुक्ला, रश्मि परिहार आदि लोग उपस्थित रहे। वहीं फतेहगढ़ जयनारायन वर्मा रोड स्थित सरस्वती विद्या मंदिर में भी वीर बाल दिवस बड़े ही धूमधाम से मनाया गया। वीर बाल दिवस पर विद्यालय के छात्र-छात्राओं ने लजीज व्यंजनों के अलग-अलग काउंटर लगाये। तो कई छात्रों ने विभिन्न कलाकृतियों के पोस्टर लगाकर सजाया। छात्र-छात्राओं के अलावा अभिभावक व शिक्षकों ने भी बढ़-चढ़कर भाग लिया और लजीज व्यंजनों का स्वाद चाखा।

# चौपाल लगाकर किसानों की सुनी गई समस्यायें



मौजूद किसान नेता

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**

भारतीय किसान यूनियन टिकैत के जिलाध्यक्ष अजय कटियार ने ग्राम पंचायत रामपुर डफरपुर में किसानों की समस्यायें सुनी। जनसुनवाई में किसानों ने अपनी अपनी शिकायतों से संबंधित प्रार्थना पत्र जिलाध्यक्ष को दिए। अजय कटियार ने सदर तहसीलदार सनी कन्नौजिया को दी गई शिकायतों का निस्तारण करने की मांग की। अजय कटियार ने बताया कि इस समय पूरे जनपद का किसान परेशान है लेखपाल, बिजली विभाग और पुलिस विभाग अपनी मनमानी पर उतारू है। उन्होंने कहा इस ग्राम पंचायत रामपुर डफरपुर, अमिलपुर, भोपतनागला और आसपास के किसानों के पास जो थोड़ी थोड़ी जमीन है उनको भी ये नगर पालिका परिषद द्वारा छोड़े जाने वाले गंदे नाले के पानी से बर्बाद किए हुए हैं, यदि इस सबको नहीं रोक गया तो किसान यूनियन तहसीलदार का घेराव करेगी। उन्होंने कहा कि जिन किसानों के मकान बाढ़ के समय या बरसात में गिर गए है निस्तारण किया जाये। अरविंद शाक्य एवं लक्ष्मी शंकर जोशी ने भी विचार रखे। इस अवसर पर छविनाथ शाक्य, कृष्ण गोपाल मिश्रा, ब्रजेश गंगवार, गोपी शाक्य, अभय यादव, मुकेश शर्मा, अरविंद गंगवार, बिजनेस यादव, सुशील दीक्षित, पुजारी कटियार, सुग्रीव पाल, निरोत्तम राजपूत, श्याम शाक्य, रविन्द्र शाक्य, देवेन्द्र शाक्य, राजेश गंगवार, गुड्डू यादव, रामप्रकाश पाल, कश्मीर गंगवार, अनुज राजपूत, रजत गंगवार, शिवराम शाक्य, सतीश कठेरिया, अंकेश गंगवार, टिंकू यादव, पवन जोशी, अजीत सोमवंशी, बबलू खटीक आदि किसान उपस्थित रहे।

## से.शि.क. परिषद कायमगंज व नवाबगंज के पदाधिकारी घोषित



नवीन पदाधिकारियों के साथ जिलाध्यक्ष

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** उत्तर प्रदेशीय सेवानिवृत्त शिक्षक कल्याण परिषद की बैठक सम्पन्न हुई। बैठक में समस्याओं का निस्तारण व निष्क्रिय पदाधिकारियों को बदलने हेतु गठन किया गया। प्रदेश अध्यक्ष व प्रदेश महामंत्री के आदेशानुसार कार्य समिति के निर्णय हेतु विकास खण्ड क्षेत्र कायमगंज के पदाधिकारियों का सर्वसम्मति से गठन हुआ। जिलाध्यक्ष विजय बहादुर यादव व महामंत्री मगनानंद अग्निहोत्री ने राजेन्द्र सिंह को कायमगंज का संयोजक व बसंत लाल को सह संयोजक बनाया है। सदस्य प्रभु दयाल तिवारी, जयराम, श्रवण कुमार, लक्ष्मीदेवी को बनाया गया है। वहीं विकास खण्ड नवाबगंज में सर्वसम्मति से नवीन पदाधिकारियों की तैनाती की गई है, साथ ही सदस्यता अभियान चलाने के लिए आदेशित किया गया है। नवाबगंज में हरकिशोर सिंह संयोजक, किशोल लाल सहसंयोजक बनाये गये है। सदस्य देशराज सिंह पाल, राकेश सिंह यादव, राजाराम, अनिल कुमार झा, धर्मपाल आदि को जिम्मेदारी दी गई है।

# सीएचसी में आशा बहुओं का धरना 12वें दिन भी जारी

## मानदेय वृद्धि व कर्मचारी का दर्जा देने की मांग पर अड़ीं, आंदोलन तेज करने की चेतावनी



**गोला गोकर्णनाथ,(लखीमपुर) समृद्धि न्यूज।**

लंबित मांगों को लेकर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र (सीएचसी) में आशा बहुओं का धरना शुक्रवार को 12वें दिन भी जारी रहा, लेकिन अब तक कोई भी जिम्मेदार अधिकारी मौके पर उनकी सुध लेने नहीं पहुंचा। इससे आशा बहुओं में नाराजगी और आक्रोश बढ़ता जा रहा है। धरने पर बैठी आशा बहुओं ने मानदेय में वृद्धि और सरकारी कर्मचारी का दर्जा देने की मांग को लेकर सरकार और प्रशासन के खिलाफ रोष जताया। आशा बहुओं का कहना है कि उनसे लगातार अतिरिक्त कार्य कराया जा रहा है, लेकिन उसके अनुरूप न तो मानदेय बढ़ाया जा रहा है और न ही कार्य की कोई स्पष्ट सीमा तय है। इससे उनका शोषण हो रहा है।

आशा बहुओं ने बताया कि सीमित मानदेय और बढ़ते कार्यभार के चलते उन्हें आर्थिक ही नहीं, बल्कि मानसिक परेशानियों का भी सामना करना पड़ रहा है। कई बार संबंधित अधिकारियों से शिकायत करने के बावजूद उनकी मांगों पर कोई ठोस सुनवाई नहीं हुई, जिससे मजबूर होकर उन्हें धरने का रास्ता अपनाना पड़ा है। धरने में चित्रा मिश्रा, किरण अवस्थी, स्नेहलता, रोली सिंह, विनीता देवी, सीमा देवी, उषा देवी, आसिया बानो, ज्ञानवती, सोनी, निधि सहित दर्जनों आशा बहुएं शामिल रहीं।

आशा बहुओं ने चेतावनी दी कि जब तक उनकी मांगों पर गंभीरता से विचार कर ठोस निर्णय नहीं लिया जाएगा, तब तक उनका आंदोलन जारी रहेगा और जरूरत पड़ी तो इसे और तेज किया जाएगा।

### श्री धनुष यज्ञ का शुभारंभ भव्य शिव निकली बारात

**मितौली खीरी।** मितौली महोत्सव के अंतर्गत पौराणिक मेला श्री धनुष यज्ञ का शुभारंभ रविवार को विधि-विधान के साथ किया गया। इस अवसर पर भूमि पूजन, ध्वज पूजन के उपरांत भव्य शिव बारात निकाली गई। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि भाजपा प्रदेश प्रवक्ता, पूर्व राज्यसभा सांसद एवं राष्ट्रीय परिषद सदस्य जुगल किशोर तथा विशिष्ट अतिथि भाजपा नेता प्रदीप शुक्ला रहे। मेला आयोजक मास्टर दिनेश कुमार, ग्राम प्रधान मितौली नीरज कश्यप एवं आयोजन समिति के सदस्यों की उपस्थिति रही। शिव बारात की अगुवाई जुगल किशोर ने की। हजारों की संख्या में शिव भक्त, माताएं-बहनें एवं क्षेत्र के सम्मानित नागरिक बैंड-बाजे व डीजे की धुन पर तांडव नृत्य करते हुए जयकारों के साथ मितौली कस्बे में शामिल हुए। मेला आयोजक मास्टर दिनेश कुमार ने बताया कि 9 जनवरी से 19 जनवरी 2026 तक श्री राधा सर्वेश्वरी लीला संस्थान, मथुरा-वृंदावन द्वारा दिन में रामचरितमानस तथा रात्रि में कृष्ण चरित्र का मंचन किया जाएगा।

# एसडीएम ने किया शराब की दुकानों का निरीक्षण, मिली खामियां

▸ सीसीटीवी बंद मिले, रेट लिस्ट नहीं लगी, नियमों के पालन के दिए सख्त निर्देश



**गोला गोकर्णनाथ,(लखीमपुर) समृद्धि न्यूज।**

शुक्रवार को गोला तहसील क्षेत्र की विभिन्न देशी एवं कंपोजिट मदिरा दुकानों पर पुलिस प्रशासन और आबकारी विभाग की संयुक्त टीम ने सघन जांच अभियान चलाया। अभियान का नेतृत्व उपजिलाधिकारी प्रतीक्षा त्रिपाठी एवं क्षेत्राधिकारी रमेश कुमार तिवारी ने किया। उनके साथ आबकारी निरीक्षक अविनाश रावत तथा थाना प्रभारी निरीक्षक गोला अंबर सिंह सहित पुलिस बल मौजूद रहा। जांच के दौरान कई दुकानों पर अनियमितताएं सामने आईं। कुछ दुकानों पर लगे सीसीटीवी कैमरे सुचारू रूप से संचालित नहीं पाए गए, जबकि कई जगह निर्धारित रेट लिस्ट भी चस्पा नहीं थी। इस पर अधिकारियों ने नाराजगी जताते हुए संबंधित दुकानदारों को तत्काल सुधार करने के निर्देश दिए। अधिकारियों ने स्पष्ट किया कि मदिरा बिक्री से जुड़े सभी नियमों का कड़ाई से पालन अनिवार्य है। दुकानों पर सीसीटीवी कैमरों का चालू रहना, रेट लिस्ट का स्पष्ट रूप से प्रदर्शित होना और अन्य आवश्यक व्यवस्थाओं का पालन हर हाल में सुनिश्चित किया जाए। निरीक्षण दल ने चेतावनी दी कि भविष्य में यदि किसी भी दुकान पर खामियां पाई गईं तो संबंधित के खिलाफ आबकारी अधिनियम के तहत सख्त कार्रवाई की जाएगी। प्रशासन ने इस तरह के औचक निरीक्षण आगे भी जारी रखने की बात कही, ताकि अवैध गतिविधियों पर अंकुश लगाया जा सके।

### ओयल वृद्धाश्रम में वृद्धजनों को कंबल व गर्म वस्त्र वितरित



**ओयल खीरी।** कस्बे से सटे ओयल देहात स्थित उदासीन आश्रम (महंत 108 अर्जुनदास/अर्जुन सिंह, ग्राम साड़ीनामा) में सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्रालय, भारत सरकार (नई दिल्ली) के तत्वावधान में संचालित वृद्धाश्रम में शीतलहर को देखते हुए वृद्धजनों को कंबल एवं गर्म वस्त्र वितरित किए गए। कार्यक्रम में समाज कल्याण अधिकारी वंदना सिंह, ओयल नगर पंचायत चेयरमैन प्रतिभा, ओयल देहात प्रधान प्रतिनिधि राकेश सोमवंशी, वृद्धाश्रम संचालक अतुल कुमार पांडेय की विशेष उपस्थिति रही। इस अवसर पर 25 वृद्धजनों को कंबल (गर्म वस्त्र) प्रदान किए गए। समाज कल्याण अधिकारी वंदना सिंह ने स्वयं वृद्धजनों को गर्म वस्त्र वितरित किए तथा वृद्धाश्रम का निरीक्षण भी किया।

# नहीं हुई गिरफ्तारी, गन्ना भुगतान न मिलने से किसान नाराज

**गोला गोकर्णनाथ,(लखीमपुर) समृद्धि न्यूज।**

बजाज हिन्दुस्थान शुगर लिमिटेड गोला के अधिकारियों के खिलाफ गन्ना भुगतान न करने के मामले में चार माह पूर्व दर्ज मुकदमे में अब तक कोई ठोस कार्रवाई नहीं हो सकी है। गिरफ्तारी तो दूर, पुलिस पर पीड़ित किसानों को ही बयान के लिए थाने बुलाने का आरोप लग रहा है, जिससे किसानों में भारी आक्रोश व्याप्त है। 29 अगस्त को सहकारी गन्ना विकास समिति के सचिव बलवंत चौधरी की तहरीर पर मिल के प्रबंध निदेशक अजय कुमार शर्मा, तत्कालीन यूनिट हेड नीरज बंसल, मुख्य वित्त अधिकारी सुनील ओझा व अन्य के खिलाफ किसानों के आर्थिक शोषण, विश्वासघात व धोखाधड़ी के आरोप में कोतवाली में मुकदमा दर्ज किया गया था। पुलिस ने मामले में केस दर्ज किया, लेकिन इसके बाद कोई प्रभावी कार्रवाई नहीं की गई। राष्ट्रीय किसान शक्ति संगठन से जुड़े सात किसानों-राजेश कुमार मूडा, अर्जुन, अनिल कुमार नौगवां, शिवदयाल वर्मा, रूपेंद्र कुमार ढखवा, तिलकराम व रामनिवास-ने एसपी को प्रार्थना पत्र देकर अपने नोटेरियल शपथ पत्र सौंपे थे, जिसमें उन्हें ही अपना लिखित बयान मानकर केस डायरी में दर्ज करने की मांग की गई थी। इसके साथ संबंधित कानूनों व सुप्रीम कोर्ट के आदेशों की प्रतियां भी संलग्न की गई थीं। किसानों का आरोप है कि शपथ पत्र देने के बावजूद पुलिस अब उन्हें फोन कर थाने बुला रही है।

### धर्म परिवर्तन का प्रयास, सूचना पर पुलिस पहुंची, प्रचारक फरार

**मितौली खीरी।** थाना क्षेत्र के ग्राम मित्रापुर में कथित रूप से ईसाई धर्म के प्रचारकों द्वारा एक कार्यक्रम आयोजित कर धर्म परिवर्तन कराए जाने की सूचना से क्षेत्र में हड़कंप मच गया। जानकारी मिलते ही सनातन धर्म कस्ता समिति के अध्यक्ष शरद अवस्थी, रिंकू वर्मा तथा विश्व हिंदू परिषद के कमलेश मिश्रा अपने साथियों के साथ मौके पर पहुंचे। उनके पहुंचने के बाद कथित प्रचारकों को वहां से हटाया गया। बताया जा रहा है कि यह कार्यक्रम सेल कुमारी (निवासी मित्रापुर) एवं अशोक कुमार (निवासी मित्रापुर) द्वारा आयोजित किया गया था, जिसमें लखनऊ क्षेत्र से आई कई महिलाएं भी शामिल थीं। मामले की सूचना मिलते ही मितौली प्रभारी निरीक्षक महेश पाठक पुलिस बल के साथ घटनास्थल पर पहुंचे। पुलिस के पहुंचते ही कथित ईसाई धर्म प्रचारक मौके से फरार हो गए। धर्म परिवर्तन की आशंका की जानकारी मिलते ही विश्व हिंदू परिषद एवं सनातन धर्म समिति से जुड़े नागरिकों ने तत्काल मौके पर पहुंचकर स्थानीय लोगों से बातचीत की और स्थिति को शांत कराया।

# बांग्लादेश में हिंदुओं पर अत्याचार के विरोध में सौंपा ज्ञापन

## अंतर्राष्ट्रीय हिंदू परिषद व राष्ट्रीय बजरंग दल ने राष्ट्रपति को भेजी मांग, कड़ा रुख अपनाने की अपील

**गोला गोकर्णनाथ,(लखीमपुर) समृद्धि न्यूज।**



अंतर्राष्ट्रीय हिंदू परिषद एवं राष्ट्रीय बजरंग दल के पदाधिकारियों ने बांग्लादेश में हिंदू समाज पर हो रहे कथित अत्याचारों के विरोध में राष्ट्रपति को संबोधित ज्ञापन उपजिलाधिकारी (एसडीएम) के माध्यम से भेजा।

संगठन के कार्यकर्ताओं ने भारत सरकार से इस मामले में कड़ा रुख अपनाने की मांग की। ज्ञापन में कहा गया कि बांग्लादेश में लगातार हिंदुओं को निशाना बनाया जा रहा है। वर्ष 2024 में हिंदुओं के घर जलाने, दुकानों को नुकसान पहुंचाने और मठ-मंदिरों को तोड़ने जैसी घटनाएं सामने आई हैं। संगठन का आरोप है कि हाल ही में एक हिंदू युवक दीपू बंदास के साथ पहले मारपीट की गई और बाद में उसे जिंदा जला दिया गया, जो अत्यंत निंदनीय और अमानवीय कृत्य है। राष्ट्रीय बजरंग दल के पदाधिकारियों ने कहा कि बांग्लादेश में मुस्लिम कट्टरपंथियों द्वारा हिंदुओं पर अत्याचार की घटनाएं लगातार बढ़ रही हैं, जबकि वहां की सरकार मूकदर्शक बनी हुई है। ऐसे में भारत सरकार को हिंदू समाज की सुरक्षा के लिए ठोस और प्रभावी कदम उठाने चाहिए। ज्ञापन में प्रमुख मांगें रखते हुए संगठन ने कहा कि बांग्लादेश से कूटनीतिक और व्यापारिक संबंध समाप्त किए जाएं, भारत स्थित बांग्लादेशी दूतावास को हटाया जाए, भारत से बांग्लादेश जाने वाले व्यापार पर रोक लगे, बांग्लादेशी वीजा जारी करना बंद किया जाए और राजनीतिक व कूटनीतिक स्तर पर सख्त कार्रवाई की जाए। संगठन ने चेतावनी दी कि यदि बांग्लादेश में हिंदुओं पर हो रहे अत्याचार नहीं रुके तो भारत सरकार को उनकी सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए हर संभव कदम उठाना चाहिए।

इस अवसर पर जिला उपाध्यक्ष राकेश कनौजिया, जिला महामंत्री प्रदीप जायसवाल, जिला मंत्री अखिलेश जायसवाल सहित संगठन के कई पदाधिकारी व कार्यकर्ता मौजूद रहे। ज्ञापन सौंपने वालों में अंकित, विशाल वर्मा, विकास कनौजिया, विक्रम सिंह, विनय कुमार, मोहित सहित अन्य कार्यकर्ता शामिल रहे।

# सीएम ने 251 कुंडी विराट गायत्री महायज्ञ को दी बधाई

▸ महायज्ञ समाज में सद्भाव, अनुशासन और आत्मिक शुद्धि को करेगा सुदृढ़

**सिंगाही खीरी समृद्धि न्यूज।**

निघासन क्षेत्र में 1 से 5 जनवरी 2026 तक आयोजित होने वाले राष्ट्रीय शौर्य समृद्धि 251 कुंडीय विराट गायत्री महायज्ञ को लेकर उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री ने शुभकामना संदेश जारी किया है। उन्होंने इस आयोजन को समाज में नैतिक मूल्यों, सांस्कृतिक चेतना और आध्यात्मिक ऊर्जा के विस्तार का प्रभावी माध्यम बताया। मुख्यमंत्री ने कहा कि अखिल विश्व गायत्री परिवार द्वारा युगऋषि पं. श्रीराम शर्मा आचार्य के विचारों को जन-जन तक पहुँचाकर सामाजिक एवं नैतिक उत्थान का कार्य किया जा रहा है। निघासन की पुण्यभूमि पर होने वाला यह महायज्ञ समाज में सद्भाव, अनुशासन और आत्मिक शुद्धि को सुदृढ़ करेगा।

उन्होंने बताया कि महायज्ञ के दौरान प्रज्ञा योग, देव पूजन, सामूहिक यज्ञ साधना, संस्कार कार्यक्रम, विचार गोष्ठियाँ एवं सांस्कृतिक आयोजन होंगे। मुख्यमंत्री ने आयोजन में डॉ. चिन्मय पंड्या की गरिमामयी उपस्थिति को विशेष प्रेरणादायी बताया तथा आयोजन समिति व श्रद्धालुओं को हार्दिक शुभकामनाएं दीं।

# गोला के जनहित मुद्दों पर सीएम से मिले विधायक

▸ पुनर्वास और पीडब्ल्यूडी कार्यों में तेजी का आग्रह, सीएम ने दिया कार्रवाई का आश्वासन



**गोला गोकर्णनाथ,(लखीमपुर) समृद्धि न्यूज।**

गोला विधानसभा क्षेत्र से जुड़े महत्वपूर्ण जनहित मुद्दों को लेकर विधायक अमन गिरि ने लखनऊ में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से मुलाकात कर विस्तार से चर्चा की। इस दौरान विधायक ने क्षेत्र की जमीनी समस्याओं से मुख्यमंत्री को अवगत कराते हुए उनके शीघ्र समाधान की मांग की। विधायक अमन गिरि ने क्षेत्र की आशा वर्कर्स की समस्याओं को प्रमुखता से उठाया। उन्होंने बताया कि आशा वर्कर्स स्वास्थ्य सेवाओं की रीढ़ हैं, लेकिन लंबे समय से मानदेय, सुविधाओं और कार्य से जुड़ी दिक्कतों से जूझ रही हैं। विधायक ने उनके हित में ठोस निर्णय लेने और समस्याओं के त्वरित निस्तारण की मांग की।

इसके साथ ही उन्होंने निर्माणाधीन छोटी काशी कॉरिडोर की धीमी प्रगति और कार्य में आ रही बाधाओं की ओर मुख्यमंत्री का ध्यान आकृष्ट कराया। विधायक ने कहा कि यह परियोजना गोला क्षेत्र की धार्मिक और सांस्कृतिक पहचान से जुड़ी है तथा इसके पूर्ण होने से श्रद्धालुओं और स्थानीय लोगों को बड़ी सुविधा मिलेगी। उन्होंने निर्माण कार्य में तेजी लाने और आ रही अड़चनों को दूर कराने का अनुरोध किया, ताकि निर्धारित समय में इसका लाभ जनता को मिल सके। बैठक में वनटांगिया गांवों के पुनर्वास से जुड़े मामलों पर भी विस्तार से चर्चा हुई। विधायक ने कहा कि वर्षों से पुनर्वास की प्रतीक्षा कर रहे परिवारों को शीघ्र न्याय मिलना चाहिए। साथ ही लोक निर्माण विभाग द्वारा कराए जा रहे विभिन्न विकास कार्यों की प्रगति की समीक्षा करते हुए उन्होंने सड़कों और अन्य निर्माण कार्यों को समयबद्ध व गुणवत्तापूर्ण ढंग से पूरा कराने की मांग रखी। विधायक अमन गिरि ने बताया कि मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने सभी मुद्दों को गंभीरता से सुना और आशा वर्कर्स की समस्याओं, छोटी काशी कॉरिडोर निर्माण, वनटांगिया पुनर्वास तथा पीडब्ल्यूडी से संबंधित कार्यों पर सकारात्मक व समुचित कार्रवाई का आश्वासन दिया।

मुख्यमंत्री ने संबंधित अधिकारियों को आवश्यक निर्देश देने की बात भी कही। मुलाकात के बाद विधायक ने कहा कि क्षेत्र के विकास और जनहित से जुड़े मुद्दों को लेकर वे निरंतर प्रयासरत हैं और मुख्यमंत्री से मिले आश्वासन के बाद लोगों को शीघ्र राहत मिलने की उम्मीद है।

# अटल बिहारी वाजपेयी की मनाई गई 101वीं जयंती



**ओयल खीरी समृद्धि न्यूज।**

पूर्व प्रधानमंत्री भारत रत्न अटल बिहारी वाजपेयी की 101वीं जयंती के अवसर पर कन्या पूर्व माध्यमिक विद्यालय ओयल में श्रद्धा एवं सम्मान के साथ कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

इस दौरान विद्यालय परिसर में अटल बिहारी वाजपेयी के चित्र पर पुष्प अर्पित कर उन्हें श्रद्धांजलि दी गई। कार्यक्रम में नगर पंचायत ओयल की चेयरमैन प्रतिभा, लिपिक अमरीश कुमार, विद्यालय की प्रधानाचार्या रीता शुक्ला, सुनीता श्रीवास्तव एवं चंद्रकांता ताम्रकार ने अटल जी के चित्र पर पुष्प अर्पित कर नमन किया। विद्यालय में अध्ययनरत छात्र-छात्राओं ने अटल बिहारी वाजपेयी के जीवन, व्यक्तित्व एवं देशहित में किए गए योगदान पर अपने विचार प्रस्तुत किए। कार्यक्रम में प्रतिभाग करने वाले छात्र-छात्राओं को चेयरमैन प्रतिभा द्वारा पुरस्कृत भी किया गया।

# बीडीए के ठेकेदार ने जरूरतमंदों को बांटे कंबल



**बाँदा, समृद्धि न्यूज।**

विकास प्राधिकरण, बाँदा के सचिव मदन मोहन वर्मा की अध्यक्षता में नरैनी रोड स्थित पंडित दीनदयाल पुरम आवासीय योजना परिसर के भीतर चल रहे सुंदरीकरण कार्य के दौरान ठेकेदार कौशलेंद्र शुक्ला ने सामाजिक दायित्व का निर्वहन करते हुए जरूरतमंदों को कंबल वितरित किए। सुंदरीकरण कार्य में लगे मजदूरों के साथ-साथ आस-पास के गांवों के किसानों और गरीबी में जीवन यापन कर रहे लोगों को कई दर्जन के करीब कंबल वितरण किये गए।

कड़ाके की ठंड में कंबल पाकर जरूरतमंदों के चेहरों पर राहत और संतोष साफ नजर आया। स्थानीय लोगों ने इस पहल को समय की जरूरत बताते हुए इसकी जमकर सराहना की। इस मौके पर बीडीए सचिव मदन मोहन वर्मा ने कहा कि शीतकाल में असहाय और जरूरतमंदों की मदद करना समाज का सामूहिक दायित्व है। विकास कार्यों के साथ-साथ मानवीय सरोकारों को भी प्राथमिकता दी जानी चाहिए। उन्होंने ठेकेदार की इस पहल को अनुकरणीय बताते हुए अन्य लोगों से भी आगे आने की अपील की। कंबल वितरण कार्यक्रम के दौरान ज्ञानू शुक्ला सहित बाँदा विकास प्राधिकरण के अन्य अधिकारी व कर्मचारी भी मौजूद रहे। अधिकारियों ने व्यवस्था संभालते हुए यह सुनिश्चित किया कि कंबल सही और वास्तविक जरूरतमंदों तक पहुंचें। कार्यक्रम शांतिपूर्ण और सुव्यवस्थित तरीके से संपन्न हुआ।

# पंडित जवाहरलाल नेहरू महाविद्यालय की जमीन पर अवैध कब्जे की कोशिश बर्दाश्त नहीं: छात्र नेता

**बाँदा, समृद्धि न्यूज।**



पंडित जवाहरलाल नेहरू बी.एड. महाविद्यालय के प्रांगण पर किसी सरकारी संस्थान द्वारा अवैध कब्जे की खबरों ने तूल पकड़ लिया है। इस मामले की गंभीरता को देखते हुए छात्र नेताओं के एक प्रतिनिधिमंडल ने आज महाविद्यालय के प्राचार्य से मुलाकात कर वस्तुस्थिति जानी और कड़ा विरोध दर्ज कराया।

प्राचार्य ने छात्र नेताओं को बताया कि पूर्व में भी जिला पंचायत, बांदा द्वारा इस परिसर को खाली कराने का प्रयास किया गया था, जिसे छात्र आंदोलन के चलते विफल कर दिया गया था। उन्होंने स्पष्ट किया कि सन 1964 से महाविद्यालय की नींव इसी प्रांगण से पड़ी थी और तब से निरंतर यहाँ बी.एड. की कक्षाएं संचालित हो रही हैं। प्राचार्य ने आश्वासन दिया कि वे जमीन के संरक्षण हेतु पत्राचार कर रहे हैं। मुलाकात के दौरान छात्र नेताओं ने दो टूक शब्दों में अपना पक्ष रखा। अभय प्रताप सिंह ने कहा कि यदि महाविद्यालय की जमीन पर कब्जा हुआ, तो वर्तमान और पूर्व छात्र पदाधिकारी उग्र आंदोलन के लिए बाध्य होंगे।लव सिन्हा (छात्र नेता, बुंदेलखंड विश्वविद्यालय) ने महाविद्यालय प्रशासन से इस मामले में कड़ी विधिक कार्रवाई की मांग की दान दे के लेना कही का न्याय नहीं है। शैलेंद्र कुमार वर्मा ने संकल्प दोहराया कि महाविद्यालय की जमीन को किसी भी कीमत पर कब्जा नहीं होने दिया जाएगा और आखिरी सांस तक संघर्ष जारी रहेगा। छात्रों को शिक्षा से अनाथ नहीं होने देंगे। दीपक गुप्ता ने मांग की कि यदि इस साजिश में महाविद्यालय का कोई कर्मचारी संलिप्त पाया जाता है, तो उसे तत्काल निलंबित किया जाए। इस अवसर पर वरिष्ठ छात्र नेता सभाजीत यादव भी मौजूद रहे। सभी छात्र नेताओं ने सामूहिक रूप से चेतावनी दी कि यदि कब्जे की कोशिशें बंद नहीं हुईं, तो वे अनशन शुरू करेंगे।

### कांग्रेसियों ने पूर्व पीएम डॉ.मनमोहन सिंह की पुण्यतिथि पर दी श्रद्धांजलि

**बांदा।** शहर कांग्रेस कमेटी, बांदा द्वारा देश के दो बार प्रधानमंत्री रहे, पूर्व वित्त मंत्री एवं अर्थशास्त्री 'श्रद्धेय डॉ. मनमोहन सिंह' की पुण्यतिथि के अवसर पर एक श्रद्धांजलि कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में उनके व्यक्तित्व, सादगी, सरलता, उदारता और देश के प्रति उनके अतुलनीय योगदान को याद किया गया। इस अवसर पर शहर कांग्रेस कमेटी की अध्यक्ष 'अफसाना शाह' ने कहा कि डॉ. मनमोहन सिंह सादगी और ईमानदारी की मिसाल थे। उन्होंने अपने पूरे जीवन में देशहित को सर्वोपरि रखा और कठिन परिस्थितियों में भी देश को मजबूत आर्थिक दिशा प्रदान की। आज ऐसे व्यक्तित्व की कमी देश ही नहीं, बल्कि विश्व स्तर पर महसूस की जा रही है। अफसाना शाह ने कहा कि डॉ. मनमोहन सिंह ने बिना किसी दिखावे के राष्ट्रसेवा की और आमजन, गरीब, मजदूर तथा वंचित वर्ग के उत्थान के लिए नीतियां बनाईं।

# उद्यमियों की समस्याओं का प्राथमिकता पर किया जाये निस्तारण: आयुक्त

▸ मण्डलीय समीक्षा बैठक का हुआ आयोजन

**बाँदा, समृद्धि न्यूज।**



आयुक्त चित्रकूटधाम मण्डल बॉदा अजीत कुमार की अध्यक्षता में आयुक्त कार्यालय सभागार में मण्डलीय उद्योग बन्धु की बैठक सम्पन्न हुई। बैठक में आयुक्त ने अधिकारियों को उद्यमियों की समस्याओं का प्राथमिकता पर निस्तारण करने के निर्देश दिये। उन्होंने औद्योगिक क्षेत्र भूरागढ में पानी की उपलब्धता कराने के सम्बन्ध में क्षेत्रीय प्रबन्धक यूपीसीडा को पानी की समस्या हेतु तैयार किये गये आगणन रू0 258 लाख को संशोधित कर शीघ्र स्वीकृत कराये जाने हेतु निर्देशित किया। उन्होंने औद्योगिक क्षेत्र में अतिरिक्त प्रवेश द्वार का निर्माण कार्य दो माह के अन्दर गुणवत्ता के साथ पूर्ण कराये जाने के निर्देश यूपीसीडा के क्षेत्रीय प्रबन्धक को दिये। औद्योगिक क्षेत्र भूरागढ में स्वतंत्र विद्युत फीडर से विद्युत आपूर्ति किये जाने का कार्य 15 जनवरी, 2026 तक पूर्ण करने के निर्देश विद्युत विभाग के अधिकारियों को दिये। राष्ट्रीय राजमार्ग कबरई से महोबा एवं कबरई से बॉदा की सड़क में बडे-बडे गड्ढों की शीघ्र मरम्मत कराये जाने हेतु परियोजना निदेशक एनएचएआई छतरपुर को निर्देश दिये। उन्होंने निर्देशित किया कि रोड की मरम्मत का कार्य गुणवत्तापूर्ण कराया जाए, इसकी जांच भी करायी जायेगी। उन्होंने शीघ्र राजमार्ग की टूटी लाइटों को ठीक कराये जाने के निर्देश दिये। उन्होंने औद्योगिक क्षेत्र भूरागढ में रिक्त पडी भूमि पर कॉम्पलेक्स/मॉल सृजित करने के सम्बन्ध में यूपीसीडा कार्यालय से शीघ्र अनुमोदन प्राप्त करने के निर्देश दिये। उन्होंने ग्राम पिपरहरी तहसील बॉदा में पुलिया निर्माण का कार्य प्रारम्भ हो गया है, जिसे आरईएस को शीघ्र पूर्ण करने के निर्देश दिये। उन्होंने मे0गुड लाइफ मार्केटिंग मऊ की वेयरहाउस निर्माण हेतु भूमि चिन्हित किये जाने के सम्बन्ध में उप जिलाधिकारी मऊ को भूमि चिन्हित करने के निर्देश दिये।

उन्होंने नन्दराज हास्पिटल हेतु फॉयर की एनओसी शीघ्र प्रदान किये जाने हेतु निर्देशित किया। बैठक में उन्होंने निवेष मित्र पोर्टल प्रकरणों में लम्बित प्रकरणों का शीघ्र निस्तारण किये जाने के निर्देश सम्बन्धित अधिकारियों को दिये।

### रोटरी क्लब लखीमपुर सेंट्रल को मिला नया नेतृत्व

**लखीमपुर खीरी।** रोटरी क्लब लखीमपुर सेंट्रल की वार्षिक साधारण सभा (एजीएम) का आयोजन नगर में किया गया, जिसमें सत्र 2026-27 के लिए नए पदाधिकारियों का चयन किया गया। सभा में क्लब सदस्यों ने सर्वसम्मति से सीए अमित गुप्ता को अध्यक्ष चुना। इस अवसर पर हर्षित बेरी को क्लब का सचिव तथा सचिन धवन को कोषाध्यक्ष पद की जिम्मेदारी सौंपी गई। चुनाव प्रक्रिया पूरी तरह शांतिपूर्ण एवं सहमति के साथ संपन्न हुई, जिसे सभी सदस्यों ने समर्थन प्रदान किया। नवनिर्वाचित अध्यक्ष सीए अमित गुप्ता ने क्लब सदस्यों का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि रोटरी क्लब लखीमपुर सेंट्रल समाजसेवा, शिक्षा, स्वास्थ्य एवं जनकल्याण के क्षेत्रों में निरंतर सक्रिय भूमिका निभाता रहा है। आगामी सत्र में क्लब द्वारा सेवा परियोजनाओं को और अधिक प्रभावी व जनहितकारी बनाया जाएगा।

# बदमाशों की मौजूदगी में नदी की जलधारा में हो रहा अवैध खनन

**बाँदा, समृद्धि न्यूज।**



बुन्देलखण्ड की सबसे महत्वपूर्ण खनिज सम्पदा लाल सोने की लूट का मजा जमकर खनन माफिया द्वारा लिया जा रहा है। पैलानी तहसील क्षेत्र के अन्तर्गत खप्टिहा में संचालित हुई 356/2 की खदान इसका जीता जागता उदाहरण है। जिसमें खनन माफिया तिवारी की दबंगई कानूनों को धता बताते हुए असलहा धारी बदमाशों की मौजूदगी में रात के अंधेरे में नदी की जलधारा में अवैध खनन कार्य किया जाता है। इतना ही नहीं क्षेत्रीय किसानों को धमका कर उनको शांत करा दिया जाता है कि अवैध खनन का विरोध न हो सके। इस खदान का पट्टा लक्षिता इण्टर प्राईजेज के प्रो. सुभाष सिंह के नाम पर है। कहने को पट्टा धारक कोई और लेकिन उसका खास गुर्गा तिवारी का आतंक खप्टिहा 356/2 के खदान में साफ तौर पर देखा जा सकता है। सीमा क्षेत्र से बाहर खनन होना इस खदान में आम बात है। यही कारण है कि तिवारी की दबंगई और सेलटमेंट के कारण ही अधिकारियों की निगाह इस खदान के अवैध खनन पर कभी नहीं पड़ती। अवैध खनन का आंखो देखा हाल जानने जब हमारी टीम खप्टिहा पहुंची तो खदान के काले कारनामों की कारगुजारी साफ तौर पर नजर आयी। इतना ही किसानों ने भी कैमरे के सामने बताया कि रात के अंधेरे में खदान संचालक के गुर्गे तिवारी द्वारा खनिज नियमों की अनदेखी करते हुए नदी की जलधारा में अवैध खनन कार्य किया जाता है। जिससे नदी की बीच में बड़े-बड़े गढ्ढे हो गये हैं। जब इस बात का विरोध करें तो तिवारी नामक व्यक्ति जो खदान में हमेशा मौजूद रहता है।